# राजस्थान सेवा नियम

## खण्ड द्वितीय

अनुवादकर्ता —

माथुर एवं जैन

प्रकाशक —

**करेन्ट लॉ पब्लिशर्स**

चौड़ा रास्ता—जयपुर

संस्करण १६६६

मूल्य १८)

# राजस्थान सेवा नियम

## भाग २

### अनुक्रमणिका

# राजस्थान सेवा नियम

## भाग २

### परिशिष्ठ १

#### सेवा नियमों के सम्बन्ध में प्राशासनिक निर्देश

इस पारशिष्ट मे वे प्राशासनिक निर्देश हिदायतें है जो राज्य सरकार के प्राधिकारियो द्वारा पद के प्रभार फौजदारी कार्यवाहियो के दरमियान निलम्बन राज्य कर्मचारी द्वारा राज्य के भीतर या भारत में या विदेशी सेवा मे रहते हुए अपने मुख्यालय से बाहर जाने स्वीकृति योग्य आकस्मिक अवकाश जिसमे विशेष आकस्मिक अवकाश सम्मिलित है, स्पर्श वर्जन अवकाश आदि के उपयोग से सम्बन्धित मामलों पर कार्यवाही करने के विषय में अनुसरणीय हैं।

सेवा नियमो के सम्बन्ध मे राज्य सरकार प्रसन्न होकर निम्नलिखित नियम बनाती है —

#### I पद का भार

१ जब तक कि किसी विशेष कारणो से (जो सावजनिक प्रकृति का होना चाहिये) जिसके आदेश के अधीन स्थानान्तर हुई है वह अनुमति प्रदान नही करदे अथवा कोई विशिष्ट अन्य स्थान अपेक्षित न करदे या कोई अन्य आदेश नहीं देदे, तब तक किसी पद का भार उसके मुख्यालय पर हस्तान्तरित करना चाहिये, जहा पद भार से मुक्त करने वाला तथा पद सम्हालने वाला दोनों राज्य कर्मचारी उपस्थित हो।

२ नियम की यह शर्त कि पद भार ग्रहण करने वाला तथा पद भार से मुक्त होने वाला राज्य कर्मचारी दोनो उपस्थित होने चाहिये, उन राज्यकर्मचारियों के मामले में लागू करना आवश्यक नही है जिनको दीर्घावकाश ( वेकेशन ) के साथ अवकाश जोडने की अनुमति दी गई हो। ऐसे मामलो में निम्नलिखित प्रणाली का अनुसरण होना चाहिये —

(क) जब कि दीर्घावकाश ( वेकेशन ) अवकाश से पहले जोडा गया हो, तो बाहुगमन करने वाला राज्य कर्मचारी मुख्यालय छोडने से पहले रिपोर्ट करेगा, अथवा, यदि अत्यावश्यक कारणो से अवकाश वेकेशन मे स्वीकृत हुआ हो तो, अवकाश स्वीकृत होते ही वह अपना पद भार, वेकेशन के अन्त से प्रभावशील, हस्तांतरित करेगा। तत्पश्चात पद मुक्त करने वाला राज्य कर्मचारी वेकेशन का अन्त होने पर पद भार सामान्य तरीके से सभाल लेगा।

(ख) जब कि वेकेशन अवकाश के साथ जोडी गई हो, पद भार से मुक्त होने वाला राज्य कर्मचारी वेकेशन से पूर्व सामान्य तरीके से पद भार सुपुर्द कर देगा, आने

वाला राज्य कर्मचारी वेकेशन की समाप्ती पर वापस लौटने पर वकेशन के प्रारम्भ से पद भार ग्रहण कर लेगा।

## राजस्थान सरकार का निर्णय

१ एक प्रश्न यह उठाया गया कि क्या राजपत्रित अधिकारी के पद ग्रहण करने। हस्तातरित करने की चार्ज रिपोर्ट पर उच्चतर प्राधिकारी द्वारा प्रति हस्ताक्षर करना अनिवार्य है। इस प्रश्न पर जाच की गई है और यह तय किया गया है कि निकटतम उच्च अधिकारी का प्रति हस्ताक्षर केवल तभी आवश्यक होता है जब कि कोई अधिकारी पद हस्ता तरित करता हो या ग्रहण करता हो और ऐसा कोई अधिकारी नही हो जिसको वह हस्तान्तरित करे या जिससे वह ग्रहण करें।

३ सामान्यतया तथा किसी विशेष मामलो मे किसी विशेष प्रतिकूल आदेश के अधिनस्थ, सरकार के कर्मचारी वर्ग में सरकारी कर्मचारियो, उदाहरणार्थ राज्य सचिव या राजकीय सचिवालय के लेखक का मुख्यालय, जिस सरकार से वह सलग्न है उसका तत्समय मुख्यालय जहा स्थित हो, उसी स्थान पर होगा। किसी अन्य राजकीय कर्मचारी का मुख्यालय वह स्थान होगा जो उसको नियुक्त करने वाला प्राधिकारी मुख्यालय ना घोषित करे अथवा ऐसी घोषणा के अभाव मे वह स्थान जहा उसके कार्यालय के अभिलेख रखे जाते हो।

४ **क्षेत्राधिकार से बाहर जाना**—सिवाय पुलिस अधिकारी के जो अपनी विधिवत शक्तियो के अन्तर्गत कार्य कर रहा हो, कोई अन्य राज्य कर्मचारी उस काल के लिये वेतन या भत्ता पाने का हकदार नही होगा जो समय उसने बिना उचित प्राधिकार के अपने पद की सीमा से बाहर व्यतीत किया हो।

५ कोई सक्षम प्राधिकारी अपने नियन्त्रण मे कार्य कर रहे किसी राज्य कर्मचारी को कर्त्तव्य-पालन के अन्तर्गत चाहे उसके क्षेत्राधिकार मे हो या उससे बाहर भारत के किसी भाग मे या भारत मे स्थित किसी विदेशी उपनिवेश मे जाने के लिये प्राधिकृत कर सकेगा।

६ इस नियम के अधीन जिस राज्य कर्मचारी को किसी स्थान पर जाने की अनुमति दी गई हो, वह इतना कर्मचारी वर्ग एव अभिलेख अपने साथ ले जा सकेगा जो उसके दक्षता पूर्ण कर्त्तव्य पालन हेतु नितान्त आवश्यक हो।

७ कोई नियन्त्रण अधिकारी (कन्ट्रोलिंग आफिसर) अपने अधीनस्थ कार्य करने वाले किसी राज्य कर्मचारी को कर्त्तव्य पालन मे राजस्थान क्षेत्र के किसी भी भाग मे अथवा नियन्त्रण अधिकारी के क्षेत्रधिकार से जुडते हुए किसी विदशी उपनिवेश में जाने को तथा यात्रा भत्ता उठाने की अनुमति दे सकेगा।

---

१. पी यू सी स २४८७ एफ ७ ए (४४) एफ डी एक्स्प/५७ दिनाक २० ५ १९५८ हुआ।

## I. फौजदारी कार्यवाहियों के चालू रहते, या ऋण के लिये गिरफ्तार होने पर (या किसी कानून के अधीन निरोधक नजरबन्दी के दौरान) निलम्बन

[1](क) कोई राज्य कर्मचारी जिस किसी निरोधक नजरबन्दी कानून के अधीन हिरासत में लिया गया हो, अथवा किसी फौजदारी अभियोग पर कार्यवाही के फलस्वरूप अथवा ऋण के लिये गिरफ्तार किये जाने पर यदि हिरासत की अवधी ४८ घंटों से अधिक हो और यदि वह पहले से ही निलम्बित न हो, तो वह गिरफ्तार किये जाने की तारीख से राजस्थान असैनिक सेवायें (वर्गीकरण, नियन्त्रण तथा अपील) नियम, १९५८ के नियम १३ (२) के विचारानुसार अग्रिम आदेशों तक निलम्बित होना समझा जावेगा। कोई राज्य कर्मचारी जो कैद की सजा भुगत रहा हो, उसके साथ भी उसके विरुद्ध अनुशासन कार्यवाही विचाराधीन रहते, इसी प्रकार का व्यवहार किया जायगा।

(ख) कोई राज्य कर्मचारी जिसके विरुद्ध किसी फौजदारी अभियोग पर कार्यवाही की गई हो परन्तु जो वास्तव में हिरासत में लिया हुआ न हो (उदाहरणार्थ जमानत पर रिहा व्यक्ति) राजस्थान असैनिक सेवायें (वर्गीकरण, नियन्त्रण तथा अपील) नियम, १९५८ के नियम १३ के उप-खंड (ख) के अधीन सक्षम प्राधिकारी के आदेश द्वारा निलम्बित किया जा सकेगा। यदि चार्ज राज्य के कर्मचारी के राजकीय पद से सम्बधित हो या उसके नैतिक पतन का हो तो उसे इस नियम के अधीन निलम्बित किये जाने का आदेश दिया जायगा जब तक कि ऐसा पथ नहीं अपनाने के कोई विशेष (अपवाद स्वरूप) कारण हों।

(ग) कोई राज्य कर्मचारी, जिसके विरुद्ध ऋण के लिये गिरफ्तार करने की कोई कार्यवाही की गई हो, परन्तु जिसे वास्तव में हिरासत में नहीं लिया गया हो राजस्थान असैनिक सेवायें (वर्गीकरण नियन्त्रण तथा अपील) नियम १९५८ के नियम १३ उप-खंड (क) के अधीन निलम्बित किया जा सकेगा, अर्थात केवल उस दशा में जब तक उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही विचाराधीन हो।

(घ) जब कि कोई राज्य कर्मचारी उप-खण्ड (क) में उल्लेखित परिस्थितियों में निलम्बित किया जाना समझा गया हो अथवा जो उप खन्ड (ख) में उल्लेखित परीस्थितियों में निलम्बित किया गया हो उसका पुन स्थापन उसके विरुद्ध अनुशासन कार्यवाही किये बिना किया गया हो तो निलम्बन की अवधि में उसके वेतन तथा भत्ते का नियमन नियम ५४ के अधीन होगा अर्थात कलंक से मुक्त हो जाने की दशा में या (उसके विरुद्ध कार्यवाही ऋण के लिये गिरफ्तार हो जाने के कारण की गयी थी) अथवा ये साबित हो जाये कि उसका दायित्व ऐसी परिस्थितियों में उत्पन्न हुआ जो उसके नियन्त्रण से परे थी अथवा जब कि किसी सक्षम प्राधिकारी ने निर्णय दिया हो कि उसका

---

1 वित्त विभाग के ज्ञापन न० ,२४६७/५९ एफ ७ (क) (१) एफ डी /रूल्स/५८ I दिनांक १० अगस्त ५९ द्वारा स्थानापन्न और तुरन्त प्रभावशील होगा।

प्रार्थना पत्र में सम्बन्धित कर्मचारी अपने निवास स्थान का पता जहाँ आकस्मिक अवकाश पर हैडक्वार्टर के बाहर रहना चाहते हैं अंकित करेंगे।

इसी प्रकार और कई कर्मचारी हैडक्वार्टर के बाहर राजपत्रित अवकाश में जाना चाहेंगे तो वे भी अपने निवास स्थान का पता आकस्मिक अवकाश के प्रार्थना पत्र में अंकित करेंगे।

[१]६ परिशिष्ट १, शाखा ३ "आकस्मिक अवकाश" के अनुच्छेद १ की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है जिसमें अन्य चीजों के साथ यह प्रावधान किया गया है कि आकस्मिक अवकाश इस प्रकार का नहीं दिया जाना चाहिये जिससे अवकाश के प्रारम्भ तथा अन्त के विषय में नियमों से बचाव हो सके। आर ए सी के जवानों को इन प्रावधानों से क्लेश हुआ है क्योंकि मौजूदा नियमों के अधीन वेरियायती (प्रिविलेज) अवकाश पर अपने घरों को प्रस्थान करते हुए रियायती अवकाश से पहले आकस्मिक अवकाश नहीं जोड़ सकते।

इस विषय पर विचार किया गया है और यह आदेश दिया गया है कि आर ए सी के जवानों को सारी अथवा अनुपयोग किया गया शेष आकस्मिक अवकाश को यथा स्थिति रियायती अवकाश में पहले जोड़ने की अनुमति दी जा सकती है, बशर्ते कि इस प्रकार पहले जोड़ा गया आकस्मिक अवकाश किसी भी एक अवसर पर १५ दिन से अधिक नहीं होगा।

नये प्रवेश पाने वालों को आकस्मिक अवकाश प्रदान किये जाने के लिये निर्देशन

[२]सामान्यतया किसी राज्य कर्मचारी को एक वर्ष में १५ दिन का आकस्मिक अवकाश प्रदान किया जाता है परन्तु यदि कोई व्यक्ति वर्ष के मध्य में कार्यग्रहण करता है तो उसे पूरे १५ दिन का आकस्मिक अवकाश स्वीकृत नहीं किया जा सकता। राज्य कर्मचारियों को सामान्य नियमों के अधीन रहते निम्न लिखित तरीके से आकस्मिक अवकाश स्वीकृत किया जाना चाहिये —

(क) ५ दिन तक जिसकी सेवा तीन माह या उससे कम की हो,

(ख) १० दिन तक जिसकी सेवा तीन माह से अधिक हो परन्तु छः माह से कम हो, और

(ग) १५ दिन तक जिसकी सेवा छः माह से अधिक हो,

## ज्ञापन

[२]ऐसे अवसर आते हैं जब कि राज्य कर्मचारी बिना आकस्मिक अवकाश की पूर्व स्वीकृति प्राप्त किये काम पर यह सोचते हुए नहीं आते कि उनका अवकाश यथा समय स्वीकृत कर दिया जावेगा। किन्तु समस्त राज्य कर्मचारियों का ध्यान राजस्थान सेवा नियम खण्ड २ के परिशिष्ट १ के भाग ३ की ओर आकर्षित किया जाता है जिसके अनुसार आकस्मिक अवकाश पर कोई व्यक्ति सेवा में कार्य करता हुआ माना जायेगा और इसलिये आकस्मिक अवकाश प्रदान करना एक ऐसा

१ वित्त विभाग ज्ञापन सं एफ १ (७४) एफ डी (ई-आर)/६४ दिनांक ४ ६ ६४ तथा ० ७ ६४।

२ वित्त विभाग (ई एण्ड पी रूल्स) ज्ञापन स एफ १ (४४) एफ. डी/ई एण्ड पी रूल्स/ दिनांक २७ ५ ६६ द्वारा जोड़ा गया।

विषय है जो मञ्जूर करने वाले प्राधिकारी के स्व विवेक पर पूर्णतया निर्भर हैं। अतः यह पहले से ही नहीं मान सकते कि मांगा गया आकस्मिक अवकाश सदैव स्वीकृत कर दिया जायेगा। यदि स्वीकृत करने वाले प्राधिकारी की यह धारणा हो कि राज्यकीय कार्य में हानी होगी, तो वह आकस्मिक अवकाश अस्वीकार कर सकता है। जिस राज्य कर्मचारी का आकस्मिक अवकाश का आवेदन-पत्र अस्वीकार कर दिया गया हो और जो नौकरी पर उपस्थित नहीं हो वह जान बूझ कर सेवा से अनुपस्थित होने का दोषी होगा। जान बूझ कर ऐसी अनुपस्थिति सेवा में रुकावट मानी जायेगी जिसमें पूर्व सेवाओं की जब्ती तथा दुर्व्यवहार सम्मलित है।

## राजस्थान राज्य का निर्णय

## विशेष आकस्मिक अवकाश

प्रादेशिक सेना मे भर्ती होने के लिये अनुमति प्राप्त राजकार्य कर्मचारियों को विशेष आकस्मिक अवकाश।

उक्त विषय पर भारत सरकार गृह मन्त्रालय के ज्ञापन सं, २५/४२/५१ एम के दिनांक अगस्त १, १९५१ की प्रतिलिपि नीचे दी जाती है। दूसरी वस्तुओं के साथ भारत सरकार ने तय किया है कि उन राज्य कर्मचारियों को जिन्हे प्रादेशिक सेना (टेरिटोरियल आर्मी) में कार्य ग्रहण करने की अनुमति दी गई हो उनके द्वारा कैम्प में व्यतीत की गई अवधि सम्बधित कर्मचारियों के आकस्मिक अवकाश में से नहीं काटी जावे परन्तु सब मामलों में विशेष आकस्मिक अवकाश शुमार की जावे और प्रादेशिक सेना में भर्ती होने वाले असैनिक राज्य कर्मचारियों द्वारा प्रशिक्षण में व्यतीत किया गया समय कार्य (ड्यूटी) पर उपस्थिति समझा जावे।

सरकार ने प्रसन्न होकर आदेश प्रदान किया है कि इस राज्य के ऐसे सरकारी कर्मचारियों के साथ भी इसी प्रकार का व्यवहार किया जावे जो प्रादेशिक सेना में भर्ती हों।

**प्रतिलिपि गृह मन्त्रालय का ज्ञापन सं २५/४२/५१ एसेटदे दिनांक १ अगस्त १९५१, भारत सरकार के सब मन्त्रालयों आदि को सम्बोधित।**

विषय—प्रादेशिक सेना मे भर्ती होने के लिये अनुमति प्राप्त असैनिक राज्य कर्मचारियों द्वारा कैम्प मे या पाठ्य क्रम मे या प्रशिक्षण में व्यतीत किये गये समय का शुमार।

(१) निम्न हस्ताक्षर कर्त्ता को आदेश हुआ है कि असैनिक राज्य कर्मचारियों को प्रादेशिक सेना मे भर्ती होने के लिये अनुमति प्रदान करने के विषय में इस मन्त्रालय के ज्ञापन सं २५/१६/४०–एसटबे, दि ७ जुलाई, १९५० का निर्दिष्ट करूं और यह व्यक्त करूं कि एक सुझाव यह प्रस्तुत हुआ है कि चूंकि आकस्मिक अवकाश की मात्रा एक वर्ष मे २० दिन से कम करके १५ दिन करदी गई है, इसलिये प्रादेशिक सेना मे भर्ती होने के लिये अनुमति प्राप्त राज्य कर्मचारियों द्वारा कैम्प मे व्यतीत किया गया समय सम्बधित कर्मचारियों के आकस्मिक अवकाश मे से नहीं काटा जावे, परन्तु सब मामलों में विशेष आकस्मिक अवकाश शुमार किया जावे। सावधानी पूर्वक विचार करने के पश्चात भारत सरकार ने यह सुझाव स्वीकार कर लिया है। निम्न हस्ताक्षर कर्त्ता को यह निवेदन करना है कि यह निर्णय नोट किया जावे और समस्त सम्बधितों

को सूचित किया जावे । ऊपर सदभ दिये गये इस मन्त्रालय के कार्यालय ज्ञापन मे सार भूत प्रावधान तदनुसार सशोधित समझे जावग ।

(२) भारत सरकार ने यह भो निश्चय किया है कि प्रादेशिक सना में भर्ती होने वाले असैनिक राज्य कमचारी जो किसी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम मे उपस्थिति का समय जो पाठ्यक्रम की प्रकृतिनुसार बदल सकता है परन्तु जो किसी एक मामले में तीन मास की अवधि से अधिक नही होगा उसको उसी प्रकार काय पर उपस्थित रहना शुमार किया जावे जैसे कि राज्य कमचारियो को नियमित सेना के पुष्टिकरण मे या पूरक रूप मे समावेश करन के लिये बुलाये जाने पर किया जाता है । किसी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में भेजे जाने वाले व्यक्ति भी समावेशित' (embodied)होगें और इसलिये सब प्रकार से इस मन्त्रालय के उपरोक्त सदभ के कार्यालय ज्ञापन के अनुच्छेद ४ मे दी गई शर्तों से शासित होगें ।

(३) प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में उपस्थित होने के लिये भेजे जाने वाले कमचारियों के सम्बन्ध में निम्नलिखित मुद्दे नोट किये जावे —

(i) यह सम्बधित व्यक्ति के पूव स्वेच्छा पर निभर होगा कि आया कोई पाठ्यक्रम में सम्मिलित होवे अथवा नही और

(ii) किसी पाठ्यक्रम के लिये अग्रसर होने की सम्मति देने से पूव कार्यालयाध्यक्ष की पूव अनमति आवश्यक होगी और सेवा की आवश्यकताओ को देखते हुए यदि आवश्यक समझे तो ऐसी अनुमति अस्वीकार करने के लिये सम्बधित कार्यालयाध्यक्ष पूर्ण स्वतत्र होगा किन्तु सामान्यतया, ऐसी अनुमति प्रदान कर देनी चाहिये ।

## विश्वविद्यालय सम्बन्धी काय करने के लिये शिक्षा विभाग के अधिकारियों को विशेष आकस्मिक अवकाश ।

[१] १२ हिजहाइनेस राजप्रमुख ने प्रसन्न होकर आदेश फरमाया है कि शिक्षा विभाग के कमचारियो को आकस्मिक अवकाश प्रदान करने मे सक्षम पदाधिकारी विश्व विद्यालय का काय ग्रहण करने के लिये अनुमति दे सकेगा जसे राजपूताना विश्वविद्यालय की विभिन्न सभाओ की बठको मे उपस्थित होना तथा विश्वविद्यालय के निरिक्षको के रूप मे जाना आदि और वे काय पर उपस्थित होने समझे जायेगें, जो एक सत्र में अधिक से अधिक राजस्थान मे १५ दिन और बाहर ६ दिन की सीमा के अधीन रहेगें परन्तु शत यह है कि ऐसी उपस्थिति के लिये कोई पारिश्रमिक निर्दिष्ट अथवा एक मुश्त राशि मे समस्त काय क लिये प्राप्त नही करेगें सिवाय सामान्य यात्रा भत्ते के (जिसमें दैनिक भत्ता भी सम्मिलित है ) ।

जो मामले इस नियम के अन्तगत नही आते हों उनके लिये आकस्मिक अवकाश अथवा कोई ऐसा अन्य अवकाश जो नियमानुसार उनको स्वीकृत हो सकता हो उसकी स्वीकृति क लिये अधिकारीगण सक्षम प्राधिकारी को निवेदन करेगें ।

---

१ शिक्षा विभाग आदेश स एफ १३ (१२) एजू /५२ दिनाक १३ अक्तूबर, १९५२ द्वारा जोड़ा गया ।

सम्बंधित अधिकारियों को उसी श्रेणी मे यात्रा करनी चाहिये जिसके लिये विश्वविद्यालय ने उनको पैसा दिया है और ड्यूटी-अवकाश (ड्यूटी लीव) की प्रत्येक दशा मे उनको प्रमाणित करना पडेगा कि उन्होंने उस श्रेणी मे यात्रा की है जिसके लिये विश्वविद्यालय ने उनको पैसा दिया है।

ऐसे अधिकारियो द्वारा ऊपर बताये गये विश्वविद्यालय के काय से सम्बंधित यात्रा के लिये यात्रा भत्ता तथा दैनिक भत्ता देने के लिये सरकार का कोई उत्तरदायित्व नही है।

यह आदेश इस विषय पर पहले के सब आदेशो का अधिक्रमण करता है।

[1]राजपाल ने प्रसन्न होकर आदेश फरमाया है कि शिक्षा विभाग के जिन अधिकारियो को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा सचालित परिक्षाओ के सम्बन्ध में केन्द्र अधिक्षक/मुख्य पर्यवेक्षक नियुक्ति किये गये हो उनको आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करने के लिये सक्षम प्राधिकारी द्वारा विशेष आकस्मिक अवकाश प्रदान किया जा सकेगा जो एक विद्याध्ययन सत्र मे २१ दिन से अधिक नही होगा।

इन आदेशो के अतर्गत विशेष आकस्मिक अवकाश की स्वीकृति राजस्थान सरकार के निर्णय स २ द्वारा राजस्थान सेवा नियम के परिशिष्ट १—पृष्ठ ७ में उल्लिखित शर्तों के अधीन रहगी।

**विधोचित काय करने के लिये चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को विशेष आकस्मिक अवकाश**

[2], हिजहाइनेस राजप्रमुख ने प्रसन्न होकर फरमाया है कि चिकित्सा विभाग के कर्मचारियो को आकस्मिक अवकाश प्रदान करने मे सक्षम पदाधिकारी विधोचित काय ग्रहण करने के लिये अनुमति दे सकेगा जैसे कि परिक्षाओ का सचालन अथवा विद्या परिषद की सभाओ तथा चिकित्सा सभा की कार्यकारिणी समितियो की बठको मे प्रतिनिधि के रूप मे उपस्थित होना आदि/ऐसे कार्य पर अनुपस्थिति के समय में वे ड्यूटी पर होना शुमार किये जावगे जिसकी अधिकाधिक मात्रा एक विश्वविद्यालय सत्र मे, राजस्थान मे १५ दिन और बाहर ६ दिन हो सकेगी, परन्तु शत यह है कि ऐसी उपस्थिति के लिये वे कोई पारिश्रमिक निर्दिष्ट अथवा एक मुश्त राशि मे समस्त काय के लिये प्राप्त नहीं कर सकेंगे सिवाय यात्रा भत्ते के जिसकी दर सरकार द्वारा स्वीकृत दर से अधिक नही होगी।

— जो मामले इस नियम के अन्तगत नही आते हो उनके लिये आकस्मिक अवकाश अथवा कोई ऐसा अन्य अवकाश जो नियमानुसार उनको स्वीकृत हो सकता हो उसकी स्वीकृति के लिये अधिकारी गण सक्षम प्राधिकारी को निवेदन करेगें।

---

१ वित्त विभाग आदेश स एफ १ (७८) एफ डी (ई-एक्स पी रूल्स) ६७ दिनाक १३ दिसम्बर १९६७ द्वारा जोड़ा गया।

२ चिकित्सा तथ सावजनिक स्वाध्य विभाग आदेश स ७७३२/एम एच/५४ एफ २३ (१५०) एम एच /५४ दिनाक २ नवम्बर, १९५४ द्वारा जोडा गया।

ऐसे अधिकारियो द्वारा ऊपर बताये गये विश्व विद्यालय से काय से सम्बधित यात्रा के लिये यात्रा भत्ता तथा दैनिक भत्ते के लिये सरकार का कोई उत्तरदायित्व नही है।

यह आदेश इस विषय पर पहले के सब आदेशो का अधिक्रमण करता है।

**खनिज तथा भूगर्भ विभाग के अधिकारियों को विशेष आकस्मिक अवकाश**

१ हिजहाईनेस राजप्रमुख ने प्रसन्न होकर आदेश फरमाया है कि खनिज तथा भूगर्भ विभाग के अधिकारियो का आकस्मिक अवकाश प्रदान करने मे सक्षम पदाधिकारी भारतीय विज्ञान कांग्रेस सघ के वार्षिक सत्र मे उपस्थित रहने के लिये अनुमति दे सकेगा और वे काम पर उपस्थित होवे समझे जायेग जो राजस्थान मे १५ दिन और राजस्थान से बाहर ६ दिन की अधिकतम सीमा के अधीन रहेग परन्तु शर्त यह है कि ऐसा उपस्थिति के लिये वे कोई पारिश्रमिक निर्दिष्ट अथवा एक मुश्त राशि मे समस्त काय के लिये प्राप्त नही करेग सिवाय सामान्य यात्रा तथा दैनिक भत्ते के जिसकी दर इनको मिलने वाली राजस्थान सरकार की दर से अधिक नही होगी।

जो मामले इस नियम के अन्तगत नही आते हों उसके लिये आकस्मिक अवकाश अथवा कोई अन्य अवकाश जो नियमानुसार उनको स्वीकृत हो सकता हो उसको स्वीकृति के लिये अधिकारी गए सक्षम प्राधिकारी को निवेदन करेगें।

ऊपर बताये गये विद्याचित काय सम्बन्धी यात्राओ के लिये यात्रा तथा दैनिक भत्ता देने की जिम्मेदारी सरकार पर किसी दशा मे नही होगी।

**२बन्ध्याकरण ओपरेशन कराने वाले राजकीय कर्मचारियों को विशेष आकस्मिक अवकाश**

यह आदेश दिया जाता है कि उन राज्य कर्मचारियो को जो बन्ध्याकरण आपरेशन करावें उनको निम्न लिखित आकस्मिक अवकाश प्रदान किया जावे —

| | |
|---|---|
| पुरुष | ४ दिन |
| महिलाएं | १० दिन |

**३ परिवार नियोजन योजना के अन्तगत बन्ध्याकरण आपरेशन कराने वाले राजकीय कर्मचारियों को विशेष आकस्मिक अवकाश**

निम्न हस्ताक्षर कर्ता को इस कार्यालय के इसी सख्या के आदेश दिनाक ६ ५-१९६४ का सदभ देते हुए यह व्यक्त करने का आदेश हुआ है कि उन महिला राजकीय कर्मचारियो को साल्पिगटोमी के आपरेशन (बन्ध्याकरण) बच्चा उत्पन्न होने के बाद अथवा किसी अन्य समय पर कराने पर विशेष आकस्मिक अवकाश के हक के विषय मे फिर से विचार किया गया है।

---

१ उद्योग विभाग स एफ ८ ( III ) ( २७ ) उद्योग ( बी ) ५७ दिनाक २ ५८ द्वारा जोडा गया।

२ वित्त विभाग आदेश स एफ १ ( १९ ) एफ डी (ई आर )/६४ दिनाक ६ ५ ६४ द्वारा जोडा गया।

३ वित्त विभाग स एफ १ ( १९ ) एफ डी (ई आर )/६४ दिनांक २८ १०-६६ द्वारा जोडा गया।

स्थिति यह है कि महिला का वन्ध्याकरण करने का आपरेशन किसी भी समय किया जा सकता है। जब यह बच्चा उत्पन्न होने के पांच दिन पश्चात किया जाता है तब वह पुरपेरल वन्ध्याकरण कहलाता है। जब यह किसी अन्य समय पर किया जाता है तब इसे नोन पुरपेरल अथवा गाईनेकोलाजिकल (गाइनेन्स) वन्ध्याकरण कहते हैं। चूंकि पुरपेरल वन्ध्याकरण में महिला राज्य कर्मचारी बच्चा होने की तारीख से ६ तक अथवा जच्चा अवकाश के प्रारम्भ से तीन महिने तक जच्चा अवकाश पाने की पहले से ही हकदार होती है इसलिये यह निर्णय किया गया है कि परपुरल वन्ध्याकरण कराने वाली महिला राज्यकर्मचारी को विशेष आकस्मिक अवकाश प्रदान करने की कोई आवश्यकता नहीं है। अन्य प्रकार के वन्ध्याकरण के विषय में अर्थात नोनपरपुरल में आपरेशन तथा आपरेशन के पश्चात विश्राम के लिये १४ दिन अपेक्षित हैं। अतः उपरोक्त आदेश का आंशिक संशोधन करते हुए यह निर्णय किया गया है कि नोनपरपुरल वन्ध्याकरण कराने वाली महिला कर्मचारी को विशेष आकस्मिक अवकाश दिया जावे जो १४ दिन से अधिक नहीं होगा।

यह तय किया गया है कि उपरोक्त अनुच्छेद १ के अनुसार तथा वित्त विभाग के आदेश दिनांक ६.५.१९६६ के अनुसार पुरुष राज्य कर्मचारियों को जो विशेष आकस्मिक अवकाश देय हो उस आकस्मिक अवकाश अथवा नियमित अवकाश के साथ जोड़ा जा सकता है, बशर्ते कि विशेष आकस्मिक अवकाश के अतिरिक्त अवकाश के लिये सिफारिश डाक्टरी सलाह पर आधारित हो और अवकाश की पुष्टि में सम्बन्धित राज्य कर्मचारी पर लागू होने वाले नियमों के अधीन उचित चिकित्सा प्राधिकारी का चिकित्सा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया गया हो। किन्तु किसी भी दशा में, विशेष आकस्मिक अवकाश को किसी आकस्मिक अवकाश तथा नियमित अवकाश दोनों में एक साथ जोड़ने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिये।

**'परिवार नियोजन योजना' के अधीन आई यू सी डी (लूप) लगवाने के लिये महिला राज्य कर्मचारियों को विशेष आकस्मिक अवकाश।**

[1]राज्यपाल ने प्रसन्न होकर आदेश फरमाया है कि महिला राज्य कर्मचारियों को आई यू सी डी (लूप) लगवाने के प्रयोजनार्थ एक दिन का विशेष आकस्मिक अवकाश प्रदान किया जा सकेगा।

**[2]राजस्थान प्रसनिक सेवायें (विभागीय परीक्षा) नियम के अन्तर्गत विभागीय परीक्षा में बैठने के लिये राज्य कर्मचारियों को विशेष आकस्मिक अवकाश।**

राजस्थान प्रसैनिक सेवायें (विभागीय परीक्षा) नियमों १९५८ के अधीन विभागीय परीक्षा में बैठने वाले राज्य कर्मचारी को ड्यूटी से अनुपस्थिति का समय किस प्रकार शुमार किया जावे यह प्रश्न पर राज्य सरकार के विचाराधीन रहा है।

---

१ वित्त विभाग आदेश सं. एफ १ (२) एफ डी (ई आर)/६५ द्वारा जोड़ा गया।
२ " एफ १ (२३) एफ डी (ई आर) ६४ दिनांक २-६-६४ द्वारा जोड़ा गया।

यह तय किया गया है कि उन राजकीय कमचारी को जो उपरोक्त नियमोनुसार विभागीय परीक्षाओ मे बैठने के पात्र हों अथवा जिनके लिये परीक्षा देना अपेक्षित किया गया हो उनको विशेष आकस्मिक अवकाश दिया जा सकेगा। विभागीय परीक्षाओ के लिये सम्बधित परीक्षा की वास्तविक अवधि और मुख्यालय से बाहर परीक्षा ली जाने की दशा मे मुख्यालय स निकटत्तम परीक्षा केन्द्र पर जाने तथा वापिस आने के लिये कम से कम समय की पूर्ति कर इतने समय के लिये विशेष आकस्मिक अवकाश दिया जायगा किन्तु परीक्षा मे बठने वाले राजकीय कमचारी को कोई यात्रा भत्ता देय नही होगा।

इस प्रयोजन क लिय राजकीय कमचारी विशेष आकस्मिक अवकाश को सामान्य आकस्मिक अवकाश के साथ जोड सकेगा (परन्तु नियमित अवकाश के साथ नहीं)।

इन आदेशो के अन्तगत विशेष अवकाश प्रदान करन की शक्तियो का प्रयोग सम्बधित विभागाध्यक्ष/पदाधिकारी करेगा।

**[१] राजपत्रित अधिकारियो को आकस्मिक अवकाश प्रदान करने के लिये हिदायतें।**

विभागाध्यक्षो का आकस्मिक अवकाश की स्वीकृति सम्बधित प्रशासनिक विभाग का सचिव दे सकेगा एव अन्य राजपत्रित अधिकारियो को उनके निकटत्तम उच्च अधिकारी स्वीकृति प्रदान करेंगे। कलेक्टरो के मामल मे आकस्मिक अवकाश कमीशनर स्वीकार कर सकेगा परन्तु राजस्व विभाग मे सरकार के शासन सचिव को अवश्यमेव सूचना दनी चाहिये।

छुट्टी स्वीकार करने वाले प्राधिकारी को आकस्मिक अवकाश का उचित लेखा रखना चाहिये।

**[२] III क छुट्टी के बदले मे क्षतिपूर्ति (आकस्मिक) अवकाश**

१ रविवारो तथा अन्य राजपत्रित छुट्टिया मे अनिवायत लेखकवर्गीय कमचारी वग के सदस्य को, जितने दिन तक उसे कार्यालय मे उपस्थित होने के लिये बाध्य किया गया हो उतने दिन तक उसे क्षतिपूर्ति (आकस्मिक) अवकाश देना उचित होगा, सिवाय उस दशा मे जब कि उक्त उपस्थिति शास्ति रूप मे उस पर लागू की गई हो।

२ उक्त अतिरिक्त आकस्मिक अवकाश का हकदार किसी राजकीय कमचारी को बनाने हेतु उसकी उपस्थिति प्रभारी राजपत्रित अधिकारी के पूव लिखित आदेशो के अधीन होनी चाहिये जिसे उस आदेश मे यह लिखना चाहिये आया उक्त उपस्थिति अनिवाय है अथवा नही।

२ वास्तव म अर्जित की हुई सीमा तक क्षति पूर्ति (आकस्मिक) अवकाश की अनुमति उसी अधिकारी द्वारा दी जा सकेगी जो सम्बधित राजकीय कमचारी को आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करने म सक्षम है और यह उन्हा शर्तो के अधीन रहेगी जो आकस्मिक अवकाश प्रदान करने के लिये निर्धारित है।

---

२ वित्त विभाग आदेश स एफ ५ (१) एफ (आर)/ ५६ दिनांक ११ जनवरी, १६५६ द्वारा जोडा गया।

१ जी ए डी सख्या एफ २ (२५७) जी ए /ए/५२ दिनांक ११ माच १६५३ द्वारा

## निर्देश

[1] उपरोक्त आदेश चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों पर १ १ १९६४ से लागू होगा।

## टिप्पणी

उपरोक्त हिदायत के कारण, रविवार या अन्य छुट्टी के दिन उपस्थित होने के लिये कोई वाहन खर्च या अतिरिक्त वेतन स्वीकृत नही होगा।

## राजस्थान सरकार का निर्णय

[2] क्षतिपूर्ति आकस्मिक अवकाश सम्बन्धी आदेश अधिकारियों के निजी कर्मचारी वर्ग पर लागू नहीं होगा, नामतः, निजी सहायता वर्ग, आशु लिपिक गण, न्यायालयों के वाचकगण (रिडर्स) आदि क्योंकि उनसे यह आशा की जाती है कि वे अपने कार्यालयाध्यक्षों के साथ ऐसी छुट्टियों में भी काम करेंगे, और इसलिये वे क्षतिपूर्ति (आकस्मिक अवकाश) पाने के हकदार नहीं हैं।

### [3] III ख आर ए सी के जवानो के लिये विशेष क्षतिपूर्ति (आकस्मिक) अवकाश।

वर्ष १९६६ मे आर ए सी के जवानो को, जिनको युद्ध के बंदी रखने के बाद मुक्त किया है, विशेष क्षतिपूर्ति (आकस्मिक) अवकाश, जो ३१ दिन से अधिक नही होगा प्रदान किया जा सकेगा। इन आदेशो का प्रभाव ९ २ १९६६ से प्रारम्भ होगा।

### IV स्पर्शवर्जन अवकाश। (Quarantine Leave)

स्पर्शवर्जन (क्वेरेन्टाइन) अवकाश किसी राजकीय कर्मचारी के परिवार या घर में किसी छूत का रोग आजाने के फल स्वरूप, कार्यालय मे नही आने के आदेश द्वारा अपेक्षित, कार्य से अनुपस्थित रहने की अनुमति होती है। ऐसा अवकाश कार्यालयाध्यक्ष द्वारा चिकित्सा या सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारी के प्रमाण-पत्र पर दिया जा सकेगा जो २१ दिन की अवधि अथवा विशेष परस्थितियो मे ३० दिन से अधिक नही होगा। स्पर्शवर्जन के प्रयोजनार्थ उक्त अवधि से अधिक अवकाश देना आवश्यक हो तो वह सामान्य अवकाश मे शुमार किया जायगा। जब अवकाश हो, तो स्पर्शवर्जन अवकाश अन्य अवकाश से जुडता हुआ भी दिया जासकेगा जो उक्त सीमा के अधीन होगा। नीचे टिप्पणी मे उल्लेखित मामलो के अतिरिक्त स्पर्शवर्जन अवकाश पर अनुपस्थित राजकीय कर्मचारी के स्थान पर कोई स्थानापन्न व्यक्ति नियुक्त नही करना चाहिये। स्पर्शवर्जित अवकाश मे किसी राजकीय कर्मचारी को काम से अनुपस्थित नही मानते और उसका वेतन नही रुकता।

---

१ वित्त विभाग आदेश स एफ १ (२) एफ डी [ ई आर ] ६४ ३ १-६४ द्वारा जोडा गया।
२ ,, ,, स एफ ७ [१८] एफ II/५५, दिनांक २२ अक्टूबर, १९५६ ,,
३ ,, ,, स एफ, १ [७९] एफ डी [ई आर]६६ दिनांक ८ ११ ६६ ,,

## स्पष्टीकरण

१ स्पर्शवर्जन अवकाश उस राजकीय कर्मचारी को नहीं दिया जा सकता जो स्वयं छूत के रोग से पीड़ित हो जाय। उसे अवकाश के नियमों के अनुसार अवकाश दिया जायगा।

२ इस नियम में निर्धारित २१ या ३० दिन की अधिकाधिक सीमा ऐसे प्रत्येक अवसर के लिये होगी जिसमें अवकाश मांगा गया हो और प्रदान किया गया हो।

## टिप्पणी

इस नियम के प्रयोजनार्थ हैजा, चेचक, प्लेग, डिपथीरिया, टाइफस बुखार [२] [ ] तथा सरीब्रोसपाइनल मेनिनजाइटिस, इस नियम के प्रयोजनार्थ, छूत के रोग समझे जा सकते हैं। चेचक की दशा में स्पर्शवर्जन अवकाश तब तक नहीं दिया जाना चाहिये जब तक कि उत्तरदायी स्वास्थ्य अधिकारी का यह मत न हो कि चूंकि रोग के ठीक किस्म के विषय के संदेह है उदाहरणार्थ, चेचक इसलिये ऐसे अवकाश प्रदान करने का कारण मौजूद है।

२ स्पर्शवर्जन अवकाश पर अनुपस्थित व्यक्ति के स्थान पर अन्य व्यक्ति अधिकृत अवधि तक रखने की स्वीकृति सरकार या सक्षम प्राधिकृत उस दशा में दे सकेगा जब कि उसका वेतन प्रभावित किये बिना, उसके कार्य की व्यवस्था नहीं की जा सकती हो बशर्ते कि अनुपस्थिति ३० दिन से अधिक की नहीं हो और अनुपस्थित व्यक्ति का वेतन १००) मासिक से अधिक नहीं हो।

### V वैदेशिक सेवा

### १ अंशदान भुगतान करने की प्रक्रिया

(क) किसी राज्य कर्मचारी का स्थानान्तर वैदेशिक सेवा में करने के आदेश की प्रतिलिपि स्थानान्तर स्वीकृत करने वाले प्राधिकारी द्वारा लेखाधिकारी को अवश्य भेजी जानी चाहिये राज्य कर्मचारी स्वयं को उसके वेतन की लेखा परीक्षा करने वाले अधिकारी के पास एक प्रति अविलम्ब भेजनी चाहिये और अंशदान के लिये किस अधिकारी को लेखा प्रस्तुत करे इस विषय में उससे निर्देश प्राप्त कर लेने चाहियें, तथा उस (बाद में उल्लेखित) अधिकारी के समक्ष समस्त प्रभार स्थानान्तर करें जिसमें उसने भाग लिया हो, समय और दिनांक, वैदेशिक सेवामें रहते हुए तथा वापस लौटते समय की रिपोर्ट प्रेषित करते रहना चाहिये, और समय समय पर उसे वैदेशिक सेवामें प्राप्त वेतन लिया गया अवकाश अपने डाक का पता और अन्य सूचना जो वह अधिकारी मांगे उसका विवरण, अधिकारी को सूचित करता रहना चाहिये।

(ख) वैदेशिक सेवा के विषय में जिस लेखाधिकारी को सूचनाएं भेजनी हैं वह महालेखाकार है।

---

१ वित्त विभाग आज्ञा सं एफ ७ (१८) एफ II/५५ दिनांक ३ दिसम्बर १९५५ द्वारा जोड़ा गया।

२ शब्द 'मोहराम' तथा 'मम्स' वित्त विभाग आदेश स १००९/आर/५७/एफ १ (१२१) एफ आर/५६ दिनांक २२ फरवरी १९५७ द्वारा लोपित किये गये।

## २ अवकाश तथा अवकाश प्रदान करने के विषय में नियम ।

वैदेशिक सेवा मे रहने वाला राज्य कमचारी सेवा नियमो के अध्याय १३ मे दिये गय नियमो के पालन के लिये स्वय व्यक्तिगत जिम्मेदार है तथा ऐसे अवकाश का उपयाग करने से जिसका कि वह अधिकारी नही हो, अनियमितता से उठाया गया अवकाश वेतन वापस जमा कराने का देनदार होगा, और वापस जमा कराने मे इन्कार करने की दशा मे, सरकार के अधीन भूत पूव सेवा की जन्ती हो सकेगी ग्रार तत्पश्चात पेन्शन या अवकाश वेतन के विषय मे सरकार पर उसका कोई हक नही रहगा ।

## VI यात्रा भत्ता

१ जब किसी राज्य कमचारी का स्थानान्तर सावजनिक सुविधा के अतिरिक्त किसी अन्य कारण से हुआ हो तो स्थानान्तर आदेश की एक प्रति महालेखाकार के पास स्थानान्तर का कारण व्यक्त करते हुए पृष्ठाकन करना चाहिये । ऐसे पृष्ठाकन के अभाव मे महालेखाकार यह समझ लगा कि स्थानान्तर सावजनिक सुविधा हेतु किया गया है ।

२ अराजपत्रित राज्य कमचारी होने की दशा मे नियम १ मे निर्दिष्ट आदेश की प्रति के स्थान पर कार्यालयाध्यक्ष का प्रमाण पत्र मान्य हो सकेगा ।

३ नियमो के अधीन यात्रा भत्ते कि स्वीकृति यथा सभव उन सारे मामलो मे वाछनीय है जिसमे जाच कमीशनर आदि के समक्ष उपस्थित होने वाले व्यक्तियो के यात्रा भत्ते पर शासित होने वाले यात्रा भत्ता नियम लागू होत हैं, क्यो कि इससे पत्राचार मे बचत तथा लेखा परीक्षा मे सुविधा होती है ।

———

# परिशिष्ट II

## संविदा पर नियुक्त अधिकारियों के अवकाश की शर्तें

### टिप्पणी

यह उन अधिकारियों के अवकाश की शर्तों के विषय में है जो राज्य सरकार द्वारा अथवा सम्भावित राज्य में संविदा के आधार पर नियुक्त किये गये है/थे और जिन पर राजस्थान सेवा नियम खण्ड १ में दिये गये सामान्य अवकाश नियम लागू नहीं होते हैं।

राज्य के कृत्यों के सम्बन्ध में संविदा पर रखे गये राज्य कर्मचारी तत्समय प्रभावशील सेवा नियमों से शासित होंगे, परन्तु वे निम्नलिखित प्रावधानों तथा संविदा में उल्लिखित विशेष प्रावधानों के, यदि कोई हों, अधीन होंगे।

(१) जबकि संविदा की अवधि पांच वर्ष से अधिक न हो, कथित नियम उक्त अधिकारी पर उसही प्रकार लागू होंगे जैसा कि वे अस्थाई या अर्ध स्थाई कर्मचारियों पर लागू होते हैं,

परन्तु शर्त यह है कि सिवाय चिकित्सा प्रमाण पत्र पर उक्त अधिकारी को कोई अर्ध वेतन पर अवकाश देय नहीं होगा,

परन्तु आगे शर्त यह भी है कि यदि संविदा एक वर्ष या उससे कम समय के लिए हो तो ऐसे अधिकारी को कोई असाधारण अवकाश नहीं दिया जावेगा, और यदि संविदा एक वर्ष से अधिक समय के लिए हो किन्तु पांच वर्ष से अधिक न हो, तो संविदा के समस्त कार्यकाल की अवधि में असाधारण देय अवकाश तीन मास तक सीमित होगा,

किन्तु शर्त यह है कि यदि संविदा एक वर्ष या उससे कम समय के लिये हो, तो लोक सेवा की आवश्यकताओं को देखते हुए संविदा की अवधि में जो अवकाश समस्त आंशिक उस अधिकारी को दिया जा सकता था वह अस्वीकृत हो जाने के बावजूद भी संविदा की अवधि के बाहर उसे कोई अवकाश नहीं दिया जायेगा।

(२) जबकि संविदा पांच वर्ष की अवधि से अधिक की हो और जबकि पांच वर्ष या उससे कम की संविदा की मियाद इस प्रकार बढ़ादी गई हो, जिससे कि संविदा की कुल अवधि पांच वर्ष से अधिक हो गई हो तो उक्त अधिकारी पर कथित नियम उसी प्रकार से लागू होंगे जैसे कि किसी स्थाई सेवा में रहने वाले अधिकारी पर लागू होते हैं।

परन्तु शर्त यह है कि सिवाय चिकित्सा प्रमाण पत्र पर ऐसे अधिकारी को कोई अर्ध-वेतन पर अवकाश नहीं दिया जायगा।

परन्तु शर्त यह भी है कि असाधारण अवकाश के विषय में उक्त अधिकारी पर कथित नियम उसी प्रकार लागू होंगे जैसे कि किसी अस्थायी या अर्ध स्थायी अधिकारी पर लागू होते हैं।

## टिप्पणी

किसी सविदा की अवधि बढाकर पाच वप से अधिक कर दने की अवस्था म अधिकारी क खात मे उतनी रियायती अवकाश जमा कर दिया जायगा जितना उसको उस दशा म दय होता जब कि उसकी सविदा की अवधि प्रारम्भ से हो पाच वप से अधिक की होती किन्तु उसमे से पहले से ही उपयोग किया गया अवकाश कम कर दिया जायेगा ।

(३)जब कि संविदा अनिश्चित काल के लिये हो अथवा जब कि कोई निश्चित काल तक की मौलिक सविदा की अवधि बढाकर अनिश्चित काल के लिये करदी गई हो तो, उस अधिकारी पर कथित नियम उसी प्रकार लागू होगे जसे कि स्थायी कमचारी पर लागू होते हैं ।

## टिप्पणी

किसी सविदा की अवधि बढाकर अनिश्चित काल के लिय कर दी जाने की अवस्था मे अधिकारी के खाते म उतना रियायती अवकाश जमा कर दिया जावेगा जितना उसको उस दशा मे देय होता जब कि उसकी सविदा की अवधि पहले स हो अनिश्चित समय के लिये होती किन्तु उसमे से पहले से ही उपयोग किया गया अवकाश कम कर दिया जायेगा ।

(४) (i) जो अधिकारी रियायती अवकाश या परिवर्तित (कम्यूटेड) अवकाश पर हो उसे उसके औसत वेतन के बराबर अवकाश का वेतन पाने का हक होगा, जो परिवर्तित (कम्यूटेड) अवकाश होने की स्थिति मे रु० १५०० मासिक की अधिकतम सीमा के अधीन होगा।

(ii) जो अधिकारी अध वेतन पर या "ऐसे अवकाश पर हो जो शेप न हो, तो उसे अपना आधा औसत वेतन पाने का हक होगा, जो प्रत्यक दशा मे रु० ७५० मासिक की अधिकतम सीमा क अधीन होगा ।

## टिप्पणी

"औसत वेतन" से तात्पय ऐसे औसत मासिक वतन से है जो उस घटना के मास मे पिछले पूरे १२ मास म अर्जित की हुई थी जिसम कि औसत वतन की गणना की आवश्यकता उत्पन्न हुई ।

(५) जिस अधिकारी का प्रारम्भ मे सविदा के आधार पर नियुक्त किया था, उसको जब स्थायी रूप मे कमचारी रख लिया जावे तो उसके खाते मे उतना रियायती अवकाश जमा कर दिया जायगा जितना उसको उस दशा मे देय होता जो कि प्रारम्भ से ही स्थायी सेवा मे नियुक्ति होने की दशा मे उसको देय होता किन्तु उसमे से पहले से ही उपयोग किया गया अवकाश कम कर दिया जायगा ।

(६) जब कि सविदा मे इसका उल्लेख न हो कि अधिकारी कौन से वग का अधिकारी है, तो राज्य सरकार अथवा इस प्रयोजन के लिये प्राधिकृत व्यक्ति इस बात की घोषणा करेगा कि अवकाश नियमो के प्रयोजनाथ वह अधिकारी सेवा के कौन से वग मे रहेगा ।

२ यह आदेश दिनाक १ ४ १९८१ से प्रभावशील होगा पर तु किसी सविदा पर नियुक्त अधिकारी इन सेवा नियमो के जारी होने की तारीख को यह विकल्प लेने का हकदार होगा कि वह चालू सविदा के सम्ब ध मे अवकाश की मौजूदा शर्तों को कायम रखेगा । जो अधिकारी चालू सविदा के सम्ब ध मे मौजूदा अवकाश की शर्तें कायम रखने का निर्णय लेवे, उसे इन आदेशो के जारी होने से तीन मास के भीतर अथवा सेवा नियमो के जारी होने के बाद पहली बार अवकाश आवेदन करने से पूव जो भी पहले हो जाय लिखित रूप मे अपने लेखाधिकारी के या कार्यालयाध्यक्ष को यथा स्थिति, अपने निर्णय की सूचना देनी चाहिये । एक बार प्रयोग मे लिया गया विकल्प अतिम होगा ।

३ जो अधिकारी अपना चालू सविदा के सम्ब ध म मौजूदा अवकाश की शर्त कायम रखे उक्त सविदा की अवधि बढाई जाने की दशा मे उपरोक्त अनुच्छेद १ के प्रावधानो के रहते, उसपर राजस्थान सेवा नियमो के अ तगत अवकाश के नियम स्वत लागू होगे । ऐसे मामलो मे बढाई गई अवधि मे आगे जमा किये जाने वाले अवकाश की मात्रा बढोतरी प्रभावशील होने की तारीख को देय रियायती अवकाश होगा और उसके साथ ऐसा अध वेतन अवकाश जुडेगा जो उस अवस्था मे देय होता जब कि वह अपनी चालू सविदा के विषय मे मौजूदा अवकाश की शर्तों को ग्रहण करने का विकल्प नही लेता ।

---

## परिशिष्ट II—क
### अवकाश—लेखा प्रपत्र

राज्य कर्मचारी का नाम
निरन्तर सेवा प्रारम्भ होने का दिनांक
अनिवार्यत सेवा निवृत्ति का दिनांक

जन्म दिनांक
पद

| ...ाय पर | | | रियायती अवकाश | | अवकाश लिया | | | | अर्ध—वेतन अवकाश: सेवा काल | | | अवकाश जो जमा हुआ | | निजी कार्यों के लिए तथा चिकित्सा प्रमाण पत्र के आधार पर अवकाश जो लिया गया: निजी कार्यों के लिये अवकाश या चिकित्सा प्रमाण-पत्र पर | | | पूर्ण वेतन पर परिवर्तित अवकाश पूरे सेवा काल में १८० दिनों की सीमित | | | | अवकाश जो चिकित्सा प्रमाण पत्र पर दिया गया, पूरे सेवा काल में १८० दिनों तक सीमित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कब तक | दिनों की संख्या | अवकाश जो अर्जित किया | अवकाश जो जमा हुआ (दिनों) कोष्ठक ३+४ यथोचित सीमा के अधीन | कब से | कब तक | दिनों की संख्या | अवकाश से लौटने पर शेष (कोष्ठक ५-८) | कब से | कब तक | पूरे वर्षों की संख्या जो सेवा में व्यतीत हुए | अर्जित अवकाश (दिनों में) | जमा हुआ अवकाश (कोष्ठक २६—१३) | कब से | कब तक | दिनों की संख्या | कब से | कब तक | दिनों की संख्या | परिवर्तित (कम्यूटेड) अवकाश जो अर्ध वेतन अवकाश में बदला गया (कोष्ठक २० का दुगुना) | कब से | कब तक | दिनों की संख्या | लिये गये अर्ध वेतन अवकाश का जोड (१७+२१+२४) | अवकाश से वापस लौटने पर शेष (कोष्ठक १४-२५) | विशेष विवरण |
| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | १३ | १४ | १५ | १६ | १७ | १८ | १९ | २० | २१ | २२ | २३ | २४ | २५ | २६ | २७ |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

नोट

१ असाधारण अवकाश काल विशेष विवरण के लिए निर्धारित कोष्ठक सं २७ में लाल स्याही से अंकित किये जावें।

२ कोष्टक १० तथा ११ की प्रविष्टियां केवल अर्धवेतन अवकाश प्रारम्भ होने के समय सेवा के पूरे वर्ष का प्रारम्भ तथा अन्त अंकित करें। अर्ध-वेतन अवकाश पर रहते हुए जब कि कोई राज्य कर्मचारी सेवा का अन्य वर्ष पूरा करदे तो अतिरिक्त जमा, उचित अतिरिक्त प्रविष्टियों द्वारा कोष्टक ११ से १४ में दर्शानी चाहिये और कोष्टक २६ पूरा करते समय लेखे में सम्मिलित कर लेनी चाहिये।

३ जब कभी एक भिन्न से दूसरे में परिवर्तन होवे उस समय जमा निकटतम पूरे दिन के रूप में करली जावे अर्थात जब कि भिन्न आधे से कम हो तो उपेक्षित कर दी जावे और आधे अथवा उससे अधिक की हो तो पूरा दिन गिना जावे।

४ जब कभी अवकाश अर्जन की दर बदल जावे, तो पहले की दर से एकत्रित रियायती अवकाश निकटतम पूरे दिन के रूप में बना लिया जावे, अर्थात आधे से कम की भिन्न उपेक्षित करदी जावे तथा आधे और उससे अधिक को पूरा एक दिन गिना जावे।

## परिशिष्ट III

आदश इकरारनामे का प्रपत्र स १

भारत मे सेवा म भारती के लिये प्रारम्भिक इकरारनामा निश्चित अवधि क लिये आगे पुन नियुक्ति के ज्ञापन समित।

### सूचना

यह समझना आवश्यक है कि यद्यपि कानून द्वारा अपेक्षित इकरारनामा, रूप मे राजस्थान के राज्यपाल के साथ एक इकरारनामा है, फिर भी यह नियुक्ति राजस्थान सरकार द्वारा की जाती है। जो व्यक्ति इसे भरने के लिये चुना जायगा, वह हर तरह स अपने सम्पूर्ण सेवा काल मे उक्त सरकार के आदेशो के अधीन रहेगा।

सविदा पत्र जो दिनाक मास सन् एक हजार नौ सो और को द्वारा प्रथम पक्ष की और से तथा द्वितीय पक्षमे राजस्थान के राज्यपाल जिनको आगे 'सरकार' कहेगे हुआ।

चू कि सरकार न प्रथम पक्ष के व्यक्ति को सेवा मे नियुक्त किया है और प्रथम पक्ष के व्यक्ति ने आगे दी हुई शर्तो पर सरकार की सेवा करने का इकरार किया है—

अब अभिलेख साक्ष्य करता है और दोनो पक्ष क्रमश निम्नलिखित इकरार करता हैं—

१ प्रथम पक्ष का व्यक्ति अपने आपको सरकार के अथवा सरकार द्वारा जिन जिन अधिकारियो तथा प्राधिकारियो के अधीन उसे समय समय पर रखा जाव उनके अधीन रहेगा और निम्नलिखित प्रावधानो के अधीनस्थ वर्ष तक, दिनाक मास १९ से सेवामे रहेगा।

२ प्रथम पक्ष का व्यक्ति अपना सारा समय कर्त्तव्य पालन मे अर्पित करगा और सावजनिक सेवा का जिस शाखा मे वह रहे उसके नियमो, जिनमे समय समय पर निर्धारित राज्यकर्मचारियो के आचरण नियमा सम्मिलित है उनका सदैव पालन करेगा और जब कभी अपेक्षित हो, राजस्थान अथवा भारत के किसी भाग मे जायेगा और जो कर्त्तव्य उसको सौंपे जावें उनका पालन करेगा।

३ प्रथम पक्ष के व्यक्ति की सेवा निम्न प्रकार से समाप्त की जा सकेगी —

(i) किसी भी पक्ष द्वारा प्रथम पक्ष की समाप्ति पर बिना नोटिस दिये।

(ii) किसी भी समय यदि सरकार की राय में प्रथम पक्ष का व्यक्ति इस इकरारनामे के अधीन सेवा के समय दक्षता पूर्ण कर्त्तव्य का पालन करने के लिए अनुपयुक्त साबित हो तो राज्यसरकार द्वारा तीन केलण्डर महीना का नोटिस देकर।

१ वित्त विभाग आदेश स एफ ७ (१५) एफ ११/५५ दिनाक ५ सितम्बर १९५५ द्वारा सशोधित आदर्श इकरारनामे के प्रथम द्वारा स्थानापन्न किया गया।

(iii) सरकार द्वारा, बिना पूर्व नोटिस दिये, यदि सरकार को चिकित्सा साक्ष्य के आधार पर संतोष हो जाय कि प्रथम पक्ष का व्यक्ति खराब स्वास्थ्य के कारण राजस्थान या भारत में अपने कर्त्तव्य पालन करने मे काफी समय तक असमर्थ रहेगा। परन्तु यह शर्त सदैव रहेगी कि सरकार का यह निर्णय कि प्रथम पक्ष के व्यक्ति का काफी समय तक असमर्थ रहने की सभावना है, प्रथम पक्ष के व्यक्ति पर अन्ततः बाध्य होगा।

(iv) सरकार अथवा, उससे प्राप्त उचित अधिकार रखने वाले अधिकारी द्वारा बिना पूर्व नोटिस के, यदि प्रथम पक्ष का व्यक्ति अविनय, असयम या अन्य दुराचरण अथवा इस इकरारनामें, या सार्वजनिक सेवा से सम्बन्धित, जिस सेवा की शाखा मे वह हो उसके नियमो के प्रावधानो का उल्लघन या कर्त्तव्य हीनता का दोषी हो।

(v) छ मास के लिखित नोटिस द्वारा, जो किसी भी समय इस इकरारनामे के अधीन सेवा के दौरान (सिवाय इकरारनामे के प्रथम वर्ष मे) जो उसके द्वारा सरकार को दिया जावे या जो सरकार या उसके अधिकृत अधिकारी द्वारा बिना कारण बताये उसको दिया जावे।

परन्तु शर्त यह सदैव रहेगी कि इस इकरारनामें में प्रावधानित किसी नोटिस के बजाय राज्य सरकार प्रथम पक्ष के व्यक्ति को छ महीने के वेतन के बराबर राशि अथवा कम नोटिस होने की दशा में छ महीने से नोटिस की अवधि जितनी कम पडती है उस समय के वेतन के बराबर राशि नोटिस के बजाय दे सकेगी। परन्तु शर्त यह भी होगी को इस क्लाज के उप खण्ड (२) के अधीन नोटिस दिये जाने की अवस्था मे, उपरोक्त परन्तुक में शब्द 'छ" के स्थान पर शब्द 'तीन" पढा जायगा। इस क्लाज (उप खड) के प्रयोजनार्थ शब्द 'वेतन से तात्पर्य उस वेतन (जिसमें विशेष वेतन तथा व्यक्तिगत वेतन, यदि कोई हो सम्मिलित है) से होगा, जो इस इकरारनामे के अन्तर्गत तत्समय प्रथम पक्ष का व्यक्ति प्राप्त करता है, सिवाय उस दशा मे जब कि वह स्थानापन्न वेतन प्राप्त कर रहा हो और उस दशा मे वेतन से तात्पर्य उस वेतन (विशेष वेतन तथा व्यक्तिगत वेतन सहित यदि कोई हो) से होगा जो उसके मालिक नियुक्ति का वेतन है।

४ उपरोक्त उपखण्ड २ (४) मे उल्लिखित किसी दुराचरण के आरोप की अवधी मे यदि प्रथम पक्ष का व्यक्ति सेवा से निलम्बित कर दिया गया हो, तो वह निलम्बन की अवधि मे कोई वेतन पाने का हकदार नही होगा, परन्तु वह, निर्वाह राशि पाने का हकदार होगा जिसकी दर वह होगी जो सरकार स्वीकृत करना निर्णय करे।

५ ........................ के पद की जिस पर प्रथम पक्ष व्यक्ति की नियुक्ति हुई है वेतन शृंखला प्रत्येक १२ मास की सेवा समाप्त करने पर निम्नलिखित मासिक दर की होगी —

| स्टेज | वेतन रुपये |
|---|---|
| १ | |
| २ | |
| ३ | |
| आदि | |

से उसको रुपये — मासिक की दर से वेतन उपरोक्त श्रृंखला मे प्रदान किया जायगा और जो उस श्रृंखला मे बताये गये स्टेजो के अनुसार तथा समय समय पर प्रभावशील उस पर लागू होने वाले नियमो के अनुसार होगा, और उसकी सेवा के स्टेजो की तारीख की गणना उपरोक्त तारीख से की जायगी। इस इकरारनामें के अधीन जो वेतन उसको समय समय पर उस काल के लिये दिया जायेगा जिसमे वह इस इकरारनामे के अधीन सेवा करे और उपरोक्त तारीख को प्रारम्भ होने वाले कर्त्तव्यो का वास्तविक पालन करे और उसकी समाप्ति राजस्थान मे सेवा छोडने की तारीख से होगी अथवा उस दिन से होगी जिस दिन वह सेवा से प्रथक कर दिया जावे अथवा उस दिन से जिस दिन सेवा मे रहते हुए उसकी मृत्यु हो जाय। यदि किसी समय प्रथम पक्ष का व्यक्ति राजस्थान से बाहर प्रतिनियुक्ति पर चला जावे तो प्रतिनियुक्ति की अवधि मे उसका वेतन प्रतिनियुक्ति सम्बंधित सामान्य नियमो द्वारा नियमित होगा।

६ प्रथम पक्ष का व्यक्ति सावजनिक सेवा की आवश्यकता के अधीन रहते, राजस्थान सेवा नियमो, के अधीन जसे कि वह समय समय पर सशोधित हो, अवकाश तथा अवकाश का वेतन प्राप्त करने का पात्र होगा।

*प्रथम पक्ष के व्यक्ति, जिसको राजस्थान सेवा नियमो के नियम ६४ के अधीन सरकार अथवा किसी निजि नियोजक के अधीन अंतिम अवकाश के दौरान अथवा ऐसे अवकाश के समय जिसकी समाप्ति के पश्चात उसके वापस लौटने की आशा न हो, नौकरी प्राप्त करने की अनुमति दी गई हो उसका अवकाश वेतन अर्ध वेतन अवकास की मात्रा तक सीमित रहेगा।

७ यदि प्रथम पक्ष के व्यक्ति के लिये सावजनिक सेवा के हितो मे यात्रा करना अपेक्षित हो तो वह उस श्रृंखला का का यात्रा भत्ता पाने का अधिकारी होगा जिसका उसके मामल मे लागू होने वाले समय समय पर सरकार द्वारा बनाये गये यात्रा भत्ता नियमो मे प्रावधान हो।

८ प्रथम पक्ष का व्यक्ति चिकित्सक बुलाने तथा चिकित्सा कराने के विषय मे ऐसी रियायतें पाने का पात्र होगा जो सरकार उस स्थान पर काय करने वाले ऐसे अधिकारियो के वग के लिये निर्धारित करे जिसके अनुरूप पद वाला हो या सेवा की शर्तो के मामले मे समान होना सरकार घोषित करे।

९ ऊपर कुछ भी लिखे होने के अतिरिक्त इस इकरारनामे के अंतर्गत मान्य वेतन तथा अवकाश वेतन जो चाहे राजस्थान मे अथवा किसी अन्य स्थान पर देय हो ऐसी आपतकालीन कटौती के अधीन रहगे जिसका सरकार उसी अवधि के लिये तथा उन्ही शर्तो पर सरकार के प्राशासनिक नियन्त्रण मे अन्य अधिकारियो के लिये आदेश देवें।

* वित्त विभाग आज्ञा सख्या एफ १ (८६) आर/५६ दिनांक १२ ८ ५८ द्वारा जोडा

१० किसी ऐसे मामने के विषय मे, जिसके सम्बध मे इस इकरारनामे मे कोई प्रावधान न हो, असैनिक सेवायें (वर्गीकरण, नियन्त्रण तथा अपील) नियम उसके अ तगत बनाये गये कोई नियम तथा सविधान के अनुच्छेद ३०६ या अनुच्छेद ३१० के के अ तगत बनाए गये या बनाये गये समझ जाने वाले नियम उस सीमा तक लागू होंगे जिस सीमा तक एतद् द्वारा जिस सेवा के लिये प्रावधान किया गया है उन पर वे लागू हैं, तथा उनके लागू होने के सम्बन्ध मे सरकार का निर्णय अंतिम होगा ।

इसको साक्ष्य हेतु, प्रथम पक्ष का व्यक्ति तथा राजस्थान सरकार का विभाग मे, राजस्थान के राज्यपाल की ओर से, स्थान मे तथा उसका काय करते हुए, उपरोक्त दिनाक तथा वर्ष मे अपने हस्ताक्षर करते हैं ।

हस्ताक्षर　　प्रथम पक्ष के व्यक्ति द्वारा,

मे,

हस्ताक्षर　　द्वारा कथित सरकार का विभाग मे, राजस्थान के राज्यपाल की ओर से, की उपस्थिति में ।

**ज्ञापन**

इसमे लिखे गये नाम वाला पुन नियुक्त किया गया है एव उसको सेवाकाल वर्ष के लिये और बढाया जाता है और इस इकरारनामे को शर्तो के अधीन रहेगा और दिनाक से अब उसकी वेतन शृंखला प्रत्येक बारह महीने की एक के बाद दूसरी स्टेज पर निम्नलिखित मासिक दर के वेतन से होगी —

| स्टेज | वेतन—रूपये |
|---|---|
| १ | |
| २ | |
| ३ | |

इसके साक्ष्य में प्रथम पक्ष का व्यक्ति तथा राजस्थान के राज्यपाल की ओर से दिनाक को हस्ताक्षर किये गये हैं ।

## परिशिष्ट IV

### *आदर्श इकरारनामें का प्रपत्र स II

### [अनिश्चित काल के लिये सेवा की अवधि बढाने का इकरारनामा]

सूचना

यह समझ लेना आवश्यक है कि यद्यपि कानून द्वारा अपेक्षित इकरारनामा, रूप में राजस्थान के राज्यपाल के साथ एक इकरारनामा है फिर भी, यह नियुक्ति राजस्थान सरकार द्वारा की जाती है। जो व्यक्ति इसे भरने के लिये चुना जायगा, वह हर तरह में अपने सम्पूर्ण सेवा काल मे उक्त सरकार के आदेशों के अधीन रहेगा।

संविदा–पत्र जो दिनांक मास सन एक हजार नौ सौ और को द्वारा प्रथम पक्ष की ओर से द्वितीय पक्ष मे राजस्थान के राज्यपाल के मध्य जिनको आगे सरकार कहेगे हुआ। चू कि प्रथम पक्ष का व्यक्ति सरकार द्वारा दिनांक मास एक हजार नौ सौ और के अन्तर्गत सेवा में नियुक्त किया गया था और चू कि कथित इकरारनामा समाप्त हो गया है चू कि अब सरकार ने प्रथम पक्ष के व्यक्ति को पुन नियुक्त किया है और प्रथम पक्ष का व्यक्ति निम्नलिखित शर्तों पर सरकार की सेवा करने के लिये सहमत हुआ है।

अब यह अभिलेख साक्ष्य करता है और दोनो पक्ष क्रमश निम्न प्रकार से इकरार करते हैं —

१ प्रथम पक्ष का व्यक्ति अपने आपको सरकार के अथवा सरकार द्वारा जिन जिन अधिकारियो तथा अधिकारियो के अधीन उसे रखा जावे, उनके अधीन रहेगा। वह अपना सारा समय कर्त्तव्य पालन मे अर्पित करेगा और सावजनिक सेवा की जिस शाखा मे वह रहे, उसके नियमो का जिसमे समय समय पर निर्धारित राज्य कर्मचारियो के आचरण नियम सम्मिलित हैं, सदव पालन करेगा और जब कभी अपेक्षित हो राजस्थान अथवा भारत के किसी भाग में जायेगा और जो कर्त्तव्य इसको सौपे जावें उनका पालन करेगा।

२ जब तक कि प्रथम पक्ष के व्यक्ति की सेवा आगे लिखें प्रावधानो अनुसार समाप्त न करदी जावें तब तक वह राज्य की सेवा मे ५५ वर्ष की आयु तक रहेगा जब कि वह सेवा निवृत्त हो जायगा। परन्तु उक्त आयु प्राप्त करने के बाद भी उसे सरकार सेवा मे उसअवधि तक रख सकेगी जिसके लिये सहमति हो जाय और वह समय समय पर उस पर लागू नियमो के प्रावधानो के तथा इसमे लिखे प्रावधानो के अधीनस्थ रहेगा।

*वित्त विभाग आदेश स एफ (१५) दिनांक ५ दिसम्बर १९५५ द्वारा संशोधित आदेश इकरारनामें के प्रपत्र II द्वारा स्थानापन्न किया गया।

३ प्रथम पक्ष के व्यक्ति की सेवा निम्नलिखित तरीके से समाप्त की जा सकेगी –

१ किसी भी समय, यदि सरकार की राय मे प्रथम पक्ष का व्यक्ति इस इकरार नामे के अधीन सेवा की अवधी दक्षतापूर्ण कत्तव्य का पालन करने के लिये अनुपयुक्त साबित हो तो राज्य सरकार द्वारा तीन केलेण्डर महीनो का नोटिस देकर।

२ सरकार द्वारा बिना पूव नोटिस दिये, यदि सरकार को चिकित्सा साक्ष्य के आधार पर सतोष हो जाय कि प्रथम पक्ष का व्यक्ति खराब स्वास्थ्य के कारण राज स्थान या भारत मे अपना कत्तव्य पालन करने मे काफी समय तक असमथ रहेगा। परन्तु यह शत सदैव रहेगी कि सरकार का यह निणय कि प्रथम पक्ष के व्यक्ति की काफी समय तक असमथ रहने की सभावना है, प्रथम पक्ष के व्यक्ति पर अन्तत वाध्य होगा।

३ सरकार अथवा उससे प्राप्त उचित प्राधिकार रखने वाले अधिकारियो द्वारा, बिना पूव नोटिस के यदि प्रथम पक्ष का व्यक्ति अविनय, असयम या अय दुराचारण अथवा इस इकरारनामे या सावजनिक सेवा से सम्बधित जिस सेवा की शाखा मे वह हो उसके नियमो के प्रावधानो का उलधन या कत्तव्य हीनता का दापी हो।

४ छ मास के लिखित नोटिस द्वारा, जो किसी भी समय इस इकरारनामे के अधीन सेवा की अवधी (सिवाय इकरारनामे के प्रथम वप मे) जो उसके द्वारा सरकार को दिया जावे या जो सरकार या उसके अधिकृत अधिकारी द्वारा बिना कारण बताये उसको दिया जाव।

परन्तु शत यह सदैव रहेगी कि इस इकरारनामे मे प्रावधानित किसी नोटिस के एवज राज्य सरकार प्रथम पक्ष के व्यक्ति का छ महीने के वेतन के बराबर राशि अथवा कम नोटिस होने की दशा मे छ महीने से नोटिस की अवधि जितनी कम पडती हो उस समय के वेतन के बरावर राशि, नोटिस के बजाय दे सकेगी। परतु शत यह भी होगी कि क्लाज के उप–खड (१) के अधीन नोटिस दिये जाने की अवस्था मे, उपरोक्त परतुक मे शब्द 'छ" के स्थान पर शब्द "तीन" पढा जायगा।

इस उप–खड के प्रयोजनार्थ शब्द 'वेतन' से तात्पर्य उस वेतन (जिसमे विशेष वेतन तथा व्यक्तिगत वेतन, यदि कोई हो सम्मिलित हैं) से होगा जो इकरारनामे के अतर्गत तत्समय प्रथम पक्ष का व्यक्ति प्राप्त करता है, सिवाय उस दशा मे जब कि वह स्थानापन्न वेतन प्राप्त कर रहा हो और उस दशा मे वेतन से तात्पय उस वेतन (विशेष वेतन तथा व्यक्तिगत वेतन सहित, यदि कोई हो) से होगा जो उसके मौलिक पद का वेतन है।

४ यदि उप खड ३ (३) मे उल्लिखित दुराचरण के आरोप की जाच के दौरान प्रथम पक्ष के व्यक्ति को काय से निलम्बित कर दिया जावे तो वह ऐसे निलम्बित काल में कोई वेतन पाने का अधिकारी नही होगा परतु वह उस दर पर निर्वाह अनुदान पाने का अधिकारी होगा जो सरकार स्वीकृत करे।

५ इस अभिलख के अधीन सेवा मे रहते हुए, प्रथम पक्ष का व्यक्ति उस दर तथा श्रृंखला से मौलिक वेतन प्राप्त करेगा, जो समय समय पर प्रभावशील तथा लागू नियम के प्रावधानो के अधीनस्थ समय समय पर उसके द्वारा धारण किये गये पद के लिये सरकार के आदशो के अधीन सलग्न किया जावे। इस अभिलख के अधीन समय समय पर देय वेतन उसका उस काल के लिये दिया जायगा जिसमे उसने इस इकरारनामे के अन्तगत सेवा की हो और वास्तव में अपने कत्तव्या का पालन किया हो और उस दिन से बद हो जावेगा जिस दिन से उसन राजस्थान में नौकरी त्याग दी हो अथवा जिस दिन मे उसे सेवा से हटा दिया गया हो अथवा उसकी मृत्यु की तारीख से यदि सेवा मे रहते हुए उसकी मृत्यु हो जाय। यदि किसी समय प्रथम पक्ष का व्यक्ति राजस्थान से बाहर प्रतिनियुक्ति पर जावे ता प्रतिनियुक्ति क काल मे उसका वेतन प्रतिनियुक्ति सम्बन्धी, सामान्य नियमा से शासित होगा।

[1] ६ इस अभिलेख के अन्तगत सेवाके दौरान सावजनिक सेवा की आवश्यकताओ के अधीनस्थ रहते प्रथम पक्ष का व्यक्ति दिनांक एक हजार नौ सौ और के इकरारनामे मे निर्दिष्ट अवकाश तथा अवकाश वेतन पाने का पात्र होगा।

१ प्रथम पक्ष के व्यक्ति जिसकी अतिम अवकाश या ऐसे अवकाश के दौरान जिसकी समाप्ति पर उसके लौटने की आशा न हो राजस्थान सेवा नियमो क नियम ६४ क अधीन सरकार या किसी निजी (प्राइवेट) नियोजक के अधीन नौकरी प्राप्त करने की अनुमति दी गई हो उसका अवकाश वेतन आधे औसत वेतन या अर्धवेतन अवकाश यथास्थिति तक सीमित रहेगा।

७ यदि प्रथम पक्ष क व्यक्ति को अपने सेवा काल में, सार्वजनिक सेवा के हित मे यात्रा करनी अपेक्षित हो तो वह उस दर स यात्रा भत्ता प्राप्त करने का हकदार हागा जो सरकार द्वारा समय समय पर बनाये गये यात्रा भत्ते नियम मे प्रावधानित हो और जो उस पर लागू होती हो।

७ प्रथम पक्ष का व्यक्ति चिकित्सक बुलाने तथा इलाज कराने के सम्बन्ध में वही रियायतें पाने का पात्र होगा जो सरकार द्वारा उसी स्थान पर काय करने वाले ऐसे अधिकारियो के लिये निर्धारित हो जिनके पद या सेवा की शर्तों को सरकार प्रथम पक्ष के व्यक्ति के समकक्ष होना घोषित करे।

६ आगे कुछ भी लिखा होने के बावजूद जब तक कि सरकार अन्यथा तय नही करदे, प्रथम पक्ष के व्यक्ति को ऐसी उन्नति का लाभ पूर्णतया या आंशिक रुप से उठाने का हक होगा जसा भी सरकार स्वीकार करे जो इस अभिलेख की तारख के बाद, सरकार तत्समय उसी शाखा क पद धारियो की सेवा की शर्तो के लिये मजूर करे, और ऐसी उन्नति के विषय मे सरकार का निर्णय, उस हद तक इस अभिलेख के प्रावधानो को सशोधित करने का प्रभाव रखेगा।

---

वित्त विभाग आदेश स एफ १ (८६) आर/५६ दिनांक १२ ८ ५८ द्वारा जोड़ा गया।

१० ऊपर कुछ भी लिखा होने के बावजूद, इस अभिलेख के अन्तर्गत मान्य वेतन तथा अवकाश-वेतन, जो चाहे राजस्थान में या किसी अन्य स्थान पर देय हो किसी आपतकालीन कटौती के अधीन रहेगा जो उन्हीं शर्तों पर उसी काल के लिये सरकार के प्राशासनिक नियन्त्रण के अधीन अन्य अधिकारियों पर सरकार किसी आदेश द्वारा लागू करे।

११ किसी मामले के सम्बन्ध में जिसके बारे में इस इकरारनामे में कोई प्राव-धान किया हुआ नहीं है, असैनिक सेवायें (वर्गीकरण, नियन्त्रण तथा अपील) नियम तथा उनके अधीन बनाये गये नियम तथा संविधान के अनुच्छेद ३०९ के अधीन बनाए गये या समझे जाने वाले नियम या जो अनुच्छेद ३१३ के अधीन जारी हो उस हद तक लागू होंगे जिस हद तक वे एतदद्वारा सेवा के लिये प्रावधानित हैं और उनके लागू होने के सम्बन्ध में सरकार का निर्णय अंतिम होगा।

इसकी साक्ष्य के लिये प्रथम पक्ष का व्यक्ति और
विभाग में राजस्थान सरकार का शासन सचिव के आदेश तथा निर्देशन द्वारा इस स्थान पर राजस्थान के राज्यपाल की ओर से काय करते हुए अपने हस्ताक्षर ऊपर लिखी तारीख और वर्ष में करते हैं।

हस्ताक्षर प्रथम पक्ष के व्यक्ति का
की उपस्थिति में।

हस्ताक्षर

शासन सचिव, राजस्थान सरकार, विभाग

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से

की उपस्थिति में।

## परिशिष्ट V (पांचवा)

वैदेशिक सेवा मे रहने के दौरान पेन्शन के लिये चन्दे (अशदान) की दर तथा अवकाश-वेतन

यह उन नियमो के विषय मे हैं जो विदेशी नियोजक द्वारा पेन्शन के खाते मे अशदान को शासित करते है और जो वदेशिक सेवा में रहते राज्य के कन्सोलिडेटेड निधि के अतिरिक्त किसी अन्य निधि से राज्य कमचारी द्वारा अवकाश वेतन प्राप्त किये जाने के सम्बन्ध में है।

पेन्शन के लिये अशदान के प्रयोजनाथ राज्य कमचारियो का वर्गीकरण निम्न लिखित श्रेडो मे किया गया है —

(क) सब भारतीय तथा केन्द्रीय सेवाओ के प्रथम श्रेणी के सदस्य।

(ख) राज्य सेवाओ के सदस्य।

(ग) अधीनस्थ सेवाओ के सदस्य।

### टिप्पणी

१ [1] इस परिशिष्ट के प्रयोजनाथ अधीनस्थ सेवा से तात्पय राजस्थान असनिक सवाए (वर्गीकरण नियन्त्रण तथा अपील) नियम, १९५८ म परिभाषित अधीनस्थ लेखक वर्गीय तथा चतुथ श्रेणी राज्य कमचारियो से है।

स्थानापन्न नियुक्तिय करने की शक्ति का उपयोग विभागाध्यक्ष उन मामलों में भी कर सकेंगे जब कि दो पदों का प्रभाव एक व्यक्ति को धारण करना हो जिससे वह भत्ता, या स्थानापन्न

१ (रु ७५०) की जगह रु ८००) स्थानापन्न किये गये-वित्त विभाग आदेश स एफ १ [८५] एफ डी-ए रूल्स/६२ दिनांक-३१-१२-६२ द्वारा।

२ वित्त विभाग आदेश स एफ ७ (ए) (४३) एफ डी (A) रूल्स/५९ दिनांक ३१-७ ६२ द्वारा जोड़ा गया।

३ रु ७५०) की जगह रु ८००) स्थानापन्न किये गये-वित्त विभाग आदेश स एफ १ (८५) एफ डी ए (रूल्स) ६२ दिनांक ३१-१२-६२ द्वारा।

या विशेष वेतन पाने का हकदार हो जावे ।[1] जब कि अस्थायी या स्थानापन्न नियुक्तियां करने के विषय में, संविधान के अनुच्छेद ३०९ के परन्तुक के अधीन किसी पद-स्तर के लिये सेवा नियमों में प्रावधान किये हुए हो तो ऐसे प्रावधान ही लागू होंगे और इसके अधीन समर्पण किये गये अधिकारों का प्रयोग नहीं किया जायगा ।

| १ | २ | ३ | ४ | ५ |
|---|---|---|---|---|
| ७ | ३६ | किसी स्थानापन्न सरकारी कर्मचारी का वेतन कम करने की शक्ति । | कोई भी प्राधिकारी जिसे संबंधित पद पर मौलिक रूप से नियुक्ति करने का अधिकार हो | संपूर्ण शक्तियां |
| [2]७क | ३७ | कतिपय सीमाओं के भीतर किसी ऐसे सरकारी कर्मचारी का वेतन निर्धारित करने की शक्ति जिसका वेतन व्यक्तिगत हो और जो किसी पद पर स्थानापन्न रूप से कार्य कर रहा हो | कोई भी प्राधिकारी जिसे उस पद पर मौलिक रूप से नियुक्ति करने का अधिकार हो जिस पर सरकारी कर्मचारी नियुक्त किया गया है | संपूर्ण शक्तियां |
| ७ख | ३८ | सरकारी कर्मचारी को ड्यूटि पर समझे जाने के बजाय स्थानापन्न [कर्मचारी] पदोन्नतियां करने के सामान्य या विशेष आदेश जारी करने की शक्ति | सरकार का प्रशासन विभाग | संपूर्ण शक्तियां |
| ८ | ४१ | किसी अस्थायी पद का वेतन निश्चित करने की शक्ति जो संभवतया किसी सरकारी कर्मचारी द्वारा भरा जायगा । | कोई भी प्राधिकारी जिसे निश्चित किये गये वेतन पर अस्थायी पद निर्मित करने का अधिकार हो | संपूर्ण शक्तियां |

१ वित्त विभाग आदेश सं एफ १ (८५) एफ डी (ए)/६२ दिनांक ५–३–६३ द्वारा जोड़ा गया ।

२ वित्त विभाग के आदेश सं एफ डी १७३१/६०/एफ १६ (४) एफ डी ए (रूल्स) ६० दिनांक २१–४–६० द्वारा जोड़ा गया तथा स्थानापन्न किया गया ।

| १ | २ | ३ | ४ | ५ |
|---|---|---|---|---|
| ९ | ६.४३ (क) | किसी काय को हाथ मे लेने की स्वीकृति प्रदान करने की शक्ति जिसके लिये शुल्क देने का प्रस्ताव और शुल्क मंजूर किया गया हो | समस्त विभागाध्यक्ष | पूरी शक्तिया जो प्रत्येक मामले मे अधिकाधिक रु० ५००) हो। आवर्ती (रेकरिंग) शुल्क होने की दशा मे यह सीमा किसी व्यक्ति को वर्ष भर मे कुल दिये गये आवर्ती व्यय (recurring payments) की जोड पर लागू होगी। |
| १० | ६.४३ (ग) | [1]किसी ऐसे काय को हाथ मे लेने की स्वीकृति प्रदान करने की शक्ति-जो कभी कभी होता हो या जो विशेष दक्षता का हो | समस्त विभागाध्यक्ष | [1]अराजपत्रित सरकारी कर्मचारियो के सम्बन्ध मे पूरी शक्तिया परन्तु इस बात के अधीन कि मानदेय की स्वीकृति प्रत्येक मामले मे निम्न लिखित सीमाओं से अधिक नही होगी। |
| | | जिसमे किसी विशेष अ-राजपत्रित सरकारी कर्मचारियो को अत्याधिक लम्बे समय (घंटो) तक काय करना हो तथा मानदेय (ऑनोरेरियम) प्रदान करने की शक्ति हो | १ ६० घंटा से कम अति रिक्त काय करने के लिये | कुछ नहीं |
| | | | २ अतिरिक्त काय के लिये जो ६० घंटा या उस से अधिक हो पर किन्तु १२० घंटो से कम हो | एक मास के वेतन से चौथाई [जिसमे विशेष वेतन तथा महगाई वेतन यदि कोई हो तो सम्मिलित है।] |
| | | | (३) अतिरिक्त काय के लिये जो १२० घंटो का हो परन्तु १८० घंटो से कम हो। | आधे मास का वेतन (जिसमे विशेष वेतन, तथा महगाई वेतन, यदि कोई हो तो सम्मिलित है।] |
| | | | (४) अतिरिक्त काय के लिये जो १८० घंटो का हो परन्तु २४० घंटो से कम हो | मास का पौन वेतन (जिसमे विशेष वेतन तथा महगाई वेतन सम्मिलित है, यदि कोई हो।) |
| | | | (५) अतिरिक्त कार्य जो २४० घंटे या इससे अधिक का हो। | एक मास का वेतन (जिसमे विशेष वेतन तथा महगाई वेतन सम्मिलित है यदि कोई हो।) |

१ वित्त विभाग (ई एक्स पी रूल्स) आदेश स एफ १ (३७) एफ डी (ई आर)/६७ दिनांक १६-५-६७ द्वारा स्थानापन्न किया गया।

[1]१ राजस्थान सेवा नियम भाग द्वितीय के परिशिष्ट नवम (IX) के क्रमाक १० (जैसा कि वित्त विभाग आदेश स एफ १ (३७) एफ डी (ई एक्स पी रूल्स)/६३ दिनाक १६ ५-१६६७ द्वारा सशोधित है) की ओर आकर्षित किया जाता है जिसके अधीन अ-राजपत्रित सरकारी कर्मचारियो को मानदेय (ओनोरेरियम) प्रदान करने की शक्ति उपरोक्त आदेश की शर्तों के अधीन रहते विभागाध्यक्षो को सौंपी गई हैं।

२ मानदेय के स्वीकृति पत्र मे निर्दिष्ट विशेषताओ की यर्थाता की जाच करते समद ऑडिट (लेखा परीक्षा) करने वालो को सुगमता दिलाने की दृष्टि से, यह निर्णय किया गया है कि स्थायी रूप से उपयुक्त अभिलेखा (रेकड) जिसमे निम्नलिखित विवरण हो समस्त रुपया निकालने वाले/वितरण करने वाले अधिकारी रखे।

३ अत समस्त रुपया निकालने वाले/वितरण करने वाले अधिकारियो को आदेश दिया जाता है कि वे एक रजिस्टर **'राजस्थान सेवा नियम भाग द्वितीय के नवम परिशिष्ट की प्रविष्टी १० के अधीन मानदेय की स्वीकृति/भुगतान का रजिस्टर'** नामक निम्नलिखित प्रपत्र में अपने अपने कार्यालयो मे तत्कालिक प्रभाव से रखे जिसे मागने पर लेखा परीक्षा दलो के समक्ष प्रस्तुत किया जावे —

| क्रमाक | वृति भोगी का नाम | आकस्मिक काय/विशेष योग्यता वाले काय का विवरण | अतिरिक्त कार्य का समय (घन्टे) |
|---|---|---|---|
| १ | २ | ३ | ४ |

| अवधि जिस समय अतिरिक्त काय किया गया दिनाक | कब से | कब तक | सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति का हवाला स तथा दिनाक | देय राशि |
|---|---|---|---|---|
| ५ | ६ | ७ | ८ | ६ |

| कार्यालयाध्यक्ष के हस्ताक्षर | बिल की स तथा दिनाक का हवाला और वाउचरकी सख्या तथा दिनाक | कार्यालाध्यक्ष के हस्ताक्षर | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|
| १० | १० | १२ | १३ |

१ वित्त विभाग आज्ञा स० एफ १ (३७) एफ डी (एक्स नियम) ६७, दिनाक २ मार्च ६८ को निविष्ट।

| १ | २ | ३ | ४ | ५ |
|---|---|---|---|---|
| ११ | ५० | किसी सरकारी कर्मचारी का किसी पद का अस्थायी रूप से धारण करने अथवा एक से अधिक पदों पर कार्यकारी रूप से कार्य करने के लिये नियुक्त करने की शक्ति तथा सहायक पदों का वेतन तथा मुख्य वर्जा भत्ता निर्धारित करना | समस्त विभागाध्यक्ष | समस्त शक्तियां बशर्ते कि उनको सम्बन्धित प्रत्येक पद के लिये किसी सरकारी कर्मचारी को मौलिक रूप से नियुक्त करने के अधिकार हो, और बशर्ते यह भी कि पद का स्पष्ट तथा पूरी तरह परिभाषित प्रभार हो अथवा उत्तरदायित्व का क्षेत्र हो। |
| [1]११क | ५० | ऐसे राजपत्रित पद को भरने की शक्ति जो वृत्तिभोगी के अवकाश पर जाने से रिक्त हुआ हो और जिसके लिये किसी अधिकारी को उसके कार्य के अतिरिक्त कार्यभार सौंपना और उसे वित्त विभाग आदेश स. एफ ८ (२८) एफ II/५५ दिनांक ६ ८ १९६३ के अनुच्छेद ५ (३) के अनुसार विशेष वेतन स्वीकार करना। | समस्त विभागाध्यक्ष तथा जिला स्तर के अधिकारीगण | शक्तियों का प्रयोग निम्न लिखित शर्तों के अधीन रहते किया जा सकेगा —<br>(१) अवकाश रिक्ति ६० दिन से अधिक समय के लिये न हो।<br>(२) रिक्त स्थान को भरने के लिये नियुक्त व्यक्ति का मुख्यावास परिवर्तित न हो<br>(३) रिक्त पद की पूर्ति उसी पद स्तर के अधिकारी द्वारा की जाव। |
| १२ | ७१ | अवकाश से लौटने से पूर्व स्वास्थ्य का चिकित्सक प्रमाण पत्र मांगने की शक्ति | सम्बन्धित कर्मचारी को अवकाश प्रदान करने के लिये सक्षम प्राधिकारी | समस्त शक्तियां |
| १३ | ८४ | किसी अराजपत्रित सरकारी कर्मचारी को वापस ड्यूटी पर लेने के लिये, स्वास्थ्य के | अवकाश प्रदान करने के लिये सक्षम प्राधिकारी | समस्त शक्तियां |

१ वित्त विभाग आदेश स. एफ ८ (२८) एफ II/५५/II दिनांक ११-१ ६३ तथा २८-१ ६३ द्वारा जोड़ा गया।

| १ | २ | ३ | ४ | ५ |
|---|---|---|---|---|
| | | सबूत में किसी पजीकृत व्यवसायिक चिकित्सक द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र को स्वीकार करने की शक्ति | | |
| ¹१४ | | सब प्रकार का अवकाश प्रदान करने की शक्ति सिवाय ²(अध्ययन अवकाश) तथा विशेष असमथता अवकाश के | ¹ मौलिक नियुक्ति करने केलिये सक्षम प्राधिकारी | ¹ समस्त शक्तिया। उनकी यह शक्तिया अधीनस्थ प्राधिकारियो को सौपने का भी प्राधिकार दिया जाता है (राजपत्रित अधिकारीगण उस सीमा तक जो आवश्यक समझी जावे) ³ [ ] |

## टिप्पणी

१ निम्नलिखितो को सामान्यतया (अधिकार) पुन समर्पित किया जाना समझा जावे —

⁴ (1) इस बात के अधीन रहते कि किसी स्थानापन्न व्यक्ति (सब्स्टीट्यूट) की आवश्यकता न हो, निम्नलिखित प्राधिकारियो द्वारा कोष्टक २ मे बताये गये अधिकारियो के विषय मे दो मास तक का अवकाश (अध्ययन) तथा असमथता अवकाश के अतिरिक्त) प्रदान किया जा सकेगा —

| प्राधिकारी | अधिकारीगण जिनके विषय मे अवकाश प्रदान कर सकेंगे |
|---|---|
| विभागाध्यक्ष तथा अतिरिक्त विभागाध्यक्ष जो विभागाध्यक्ष की शक्तियो का प्रयोग करते हो | (i) समस्त राजपत्रित अधिकारीगण जो विभागाध्यक्ष के मुख्यालय पर तनात हो अथवा अतिरिक्त विभागाध्यक्ष के पृथक मुख्यालय पर तैनात हो ।<br>(ii) समस्त सयुक्त तथा उप (डिप्टी) विभागाध्यक्ष जो क्षेत्रीय स्तर पर तैनात हो । |
| सयुक्त/उप (डिप्टी) विभागाध्यक्ष जो विभागाध्यक्ष के कार्यालय से सलग्न न हो । | (i) समस्त राजपत्रित अधिकारीगण जो सयुक्त/उप विभागाध्यक्ष के मुख्यालय पर तनात हो और जो सीधे उसके अधीनस्थ हो । |

(१) वित विभाग आदेश स I डी ३१५६/५९/एफ ६ (१६) एफ डी ए रूल्स ५९ दिनाक २० ६ ५८ तथा वित विभाग ज्ञापन स १५७५/६० एफ ६ (१६) एफ डी ए (रूल्स)/५६ दिनाक २० ४ ६० तथा वित विभाग आदेश स एफ ६ (१६) एफ डी ए (रूल्स)/५६ दिनाक १७ १० ६० तथा एफ १ (४१) एफ डी (ई एक्स पी रूल्स)/६३/दिनाक ५ १२ ६३ द्वारा स्थानापन्न किया गया ।

२ वित विभाग आदेश स एफ १ (४१) एफ डी (ई एक्स पी रूल्स)/६३ दिनाक ५ १२ ६३ द्वारा जोडा गया ।

३ शब्द 'सिवाय अध्ययन अवकाश स्वीकृत करने की शक्ति' वित विभाग आदेश स एफ १ (४१) एफ डी (ई एक्स पी रूल्स)/६३ दिनाक ५ १२ ६३ द्वारा लोपित किये गये ।

४ वित विभाग आदेश स एफ डी १ (६८) एफ डी (ई आर)/६५ दिनाक १४ १२ ६५ द्वारा स्थानापन्न किया गया ।

| | |
|---|---|
| | (ii) उसके अधीनस्थ समस्त जिला स्तर के अधिकारीगण। |
| जिला स्तर अधिकारी | समस्त राज पत्रित अधिकारीगण जो उनके अधीनस्थ हो। |
| | जब कि स्थानापन्न व्यक्ति (सब्स्टीट्यूट) की आवश्यकता हो, अवकाश नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा दिया जा सकेगा या ऐसे नीचे के प्राधिकारी द्वारा जिसको पदाधिकारियो को स्थानान्तर करने की शक्ति सुपुर्द की हुई हो। |

(ii) समस्त विभागाध्यक्ष अधीनस्थ लेखकवर्गीय तथा चतुर्थ श्रेणी सेवाओ के सदस्यों को २ मास तक का अवकाश प्रदान कर सकेंगे।

२ उपरोक्त नोट १ मे बताये गये सामान्य पुन समर्पण के परे भी सम्बन्धित प्राधिकारियो द्वारा जसे आवश्यक समझी जावे सिवाय अध्ययन अवकाश के विषय मे, अधीनस्थ राजपत्रित प्राधिकारियो को अधिकार पुन समर्पण किये जा सकेंगे।

[1]स्पष्टीकरण १ राजस्थान सेवा नियम, भाग II के परिशिष्ट IX (नवम) म क्रमाक १४ क नोट १ के उप खड (i) की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है–(जसा कि वह वित्त विभाग आदेश स एफ १ (६८) एफ डी (ई आर)/६५ दिनाक १४ १२-१९६५ द्वारा सशोधित है)।

यह स्पष्ट किया जाता है कि शब्द अतिरिक्त/सयुक्त उप (डिप्टी) विभागाध्यक्ष जो उपरोक्त उप खड म प्रयोग किये गये हैं उनका अर्थ लगाते समय उनसे तात्पर्य उन अधिकारियो से समझा जावे जिनका पद इस नाम का है।

[2]२ राजस्थान सेवा नियम, भाग II के परिशिष्ट IX (नवम) म क्रमाक १४ के नोट १ के उप खड (i) की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है (जसा कि वह वित विभाग आदेश स एफ १ (६८) एफ डी (ई आर)/६५ दिनाक १४ १२ १९६५ तथा १३ ७-१९६६ द्वारा सशोधित है)।

यह स्पष्ट किया जाता है कि अधीक्षक अभियता उप मुख्य अभियता सार्वजनिक निर्माण विभाग की सभी शाखाओ के अवकाश प्रदान करने की उन्ही शक्तियो का प्रयोग करेंगे जो उपरोक्त आदेशों के अधीन उप विभागाध्यक्षो को समर्पण किये गये हैं।

अपवाद १–जिला स्तर [2]अधिकारीगण (१ जिलाधीश २ जिला कृषि अधिकारी, ३ प्रधानाचार्य आयुर्वेदी ४ अधिशासी अभियता, ५ जिला वन अधिकारी, ६ जिला चिकित्सा तथा

---

१ वित्त विभाग आदेश स एफ (६८) एफ डी (ई आर)६६ दिनाक १३ ७ ६६ द्वारा जोडा गया।

२ वित विभाग आदेश स एफ १(६८) एफ डी [ई एण्ड पी रूल्स]/६५ दिनाक ७-१० ६६ द्वारा जोडा गया।

स्वास्थ्य अधिकारी ७ खनिज अभियन्ता, ८ जिला तथा सत्र न्यायाधीश, ९ जिला पशु तथा पशु-पालन अधिकारी, १० समस्त महाविद्यालयो के मुख्य प्राध्यापक, तथा[1] ११ भू-बन्दोबस्त अधिकारी को उनके अधीनस्थ अधिकारियों उप क्षत्रीय अधिकारी [एस डी ग्रो], उप अधीक्षक आरक्षी सहायक अभियन्ता आदि] को २ मास तक के लिये सिवाय असमथता अवकाश के, सब प्रकार के अवकाश प्रदान करने के अधिकार है बशर्ते कि यदि उसके स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति की आवश्यकता हो तो सक्षम प्राधिकारी की सहमति पत्र या तार द्वारा या टलीफोन पर प्राप्त करलनी चाहिये ।

२ कार्यालयाध्यक्ष उनके अधीनस्थ समस्त अ राज पत्रित कमचारियो को सिवाय अध्ययन और असमथता अवकाश के, सब प्रकार का अवकाश दो मास तक प्रदान करने के लिये अधिकृत है।

| १ | २ | ३ | ४ | ५ |
|---|---|---|---|---|
| [2]१४ब | ९९ से १०२ | विशेष असमथता अवकाश देने की शक्ति | सरकार प्रशासनिक विभाग म । | पूरी शक्तिया |
| | | | [3] राजस्थान सशस्त्र पुलिस के उपमहा निरीक्षक आरक्षी | [3]अ राज पत्रित आर ए सी के कमचारियो के सम्बन्ध म अवकाश प्रदान करने की पूरी शक्तियां जो दो मास से अधिक नहीं होगी । |
| [4]१४स | | किसी ऐसे राज पत्रित सरकारी कमचारी को अवकाश प्रदान करने की शक्तियां जो भारत म विदेशी सेवा म हो । | १ विदेशी नियोजक | रियायती अवकाश प्रदान करने की पूरी शक्तिया जो १२० दिनोंस अधिक न हो और जो सेवानिवृति से पूर्व दिया जाने वाले अवकाश न हो । |
| | | | २ वह प्राधिकारी जिसने विदेशी सेवा म स्थाना | पूरी शक्तियां |

१ वित विभाग आज्ञा सं एफ ६ [१९] एफ डी ए [आर]/५९ दिनांक २७ ४ ६१ द्वारा जोड़ा गया । इसका प्रभाव २० ८ ६० स होगा ।

२ प्रविष्टी स १४ तथा १८ वित्त विभाग आज्ञा क्रमांक I डी १७३१/६०/एफ (१९) ४, एफ डी ए/रूल्स/६० दिनांक २१ अप्रेल ६० द्वारा जोड़ा गया तथा स्थानापन्न किया गया ।

३ वित्त विभाग आज्ञा स एफ १ (५७) एफ डी [ई एक्स पी रूल्स] ६५ III/III दिनांक २ नवम्बर १९६६ द्वारा जोड़ा गया । इसका प्रभाव ५ ६ ६५ स होगा ।

४ वित विभाग आज्ञा सं एफ १ (७) एफ डी (1) रूल्स/६१ III दिनांक ११ ५ ६२ द्वारा जोड़ा गया ।

| १ | २ | ३ | ४ | ५ |
|---|---|---|---|---|
| | | | न्तर करने की स्वीकृति विदेशो दी नियोजक | |
| [1]१४ग | | किसी ऐसे अ राजपत्रित सरकारी कमचारी को अवकाश प्रदान करने की शक्तिया जो भारत म विदेशी सेवा म हो। | | रियायती अवकाश प्रदान करने की पूरी शक्तिया जो १२० दिनो से अधिक न हो, और जो सेवा निवृति से पूर्व दिया जाने वाला अवकाश न हो। |

## टिप्पणी

विदेशी सेवा मे अ राजपत्रित सरकारी कर्मचारियो को रियायती अवकाश के अतिरिक्त अवकाश उस प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जायगा जो उस स्थिति मे स्वीकृति प्रदान करता यदि सरकारी कमचारी राज्य मे ड्यूटी पर होता।

| १ | २ | ३ | ४ | ५ |
|---|---|---|---|---|
| [2]१४घ | | अध्ययन अवकाश प्रदान करने की शक्ति | विभागाध्यक्ष | अ राजपत्रित कमचारियो के विषय मे पूरी शक्तियां |
| | | | प्रशासन विभाग | राजपत्रित अधिकारियो के विषय मे पूरी शक्तिया |
| [3]१४ङ | नियम ४९ | सावजनिक सेवा की अत्यावश्यकता के कारण सेवा निवृति से पूर्व देय तथा आवेदित अवकाश पूर्णतया या आंशिक रूप से अस्वीकार करना | नियुक्ति विभाग | पूरी शक्तिया |
| १५ से १७ | | | लोपित किया गया। | |
| [4]१८ | | (i) किसी राज्य कर्मचारी को विदेशी सेवा (जिसमें अन्य राज्य भी | सरकार के प्रशासकीय विभाग निम्न लिखित शर्तों के अधीन रहते - | पूरी शक्तिया |

१ वित विभाग आदेश स एफ १ (१७) एफ डी (ए) रूल्स ६१ III दिनाक ११ ५ ६१ द्वारा जोडा गया।

२ वित विभाग आदेश स एफ १ [११] एफ डी [ई एक्स पी रूल्स] ६२ दिनांक ५-१२ ६३ द्वारा जोडा गया।

३ वित्त विभाग आदेश स, एफ १ [११] एफ डी (ई एक्स पी रूल्स) ६७/II दिनांक २१ माच ६७ द्वारा जोडा गया।

४ वित्त विभाग आदेश स एफ १६ (४) एफ डी ए (रूल्स) ६० दिनाक १ ४ ६० द्वारा स्थानापन्न।

| १ | २ | ३ | ४ | ५ |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| | | सम्मिलित है) मे स्थानान्तर करने की शक्ति तथा उसके वेतन तथा भत्ते निश्चित करना। | [1](1) प्रतिनियुक्ति (डेप्यूटेशन) पर रखे गये कर्मचारी को निम्नलिखित मे से कोई विकल्प द्वारा द्रव्य उठाने की अनुमति दी जा सकेगी — | |

(क) उस पद श्रृंखला मे वेतन जिस पद पर उसे प्रतिनियुक्ति किया गया है, [2]जैसा कि राजस्थान सेवा नियम के प्रावधानो के अधीन निश्चित किया जावे अथवा

(ख) मूल विभाग मे मौलिक वेतन, उसका व्यक्तिगत और उसके मौलिक वेतन का २०%प्रतिनियुक्ति भत्ते की दर से। प्रतिनियुक्ति भत्ता इस प्रकार से प्रतिबंधित रखा जायगा कि कर्मचारी का समय समय पर मूल वेतन प्रतिनियुक्ति भत्ते को मिलाकर उस पद के उच्चतम श्रृंखला से अधिक न हो जो पद प्रतिनियुक्ति पर धारण किया हुआ हो अथवा जब कि प्रतिनियुक्ति वाले पद का एक निश्चित वेतन हो तो वह निश्चित वेतन, (बशर्ते कि हर हालत मे प्रतिनियुक्ति भत्ता रुपये ३००) मासिक से अधिक न होगा)।

## टिप्पणी

१ उक्त प्रयोजन के लिये मौलिक वेतन से तात्पर्य उस वेतन से होगा जो धारण की गई मौलिक नियुक्ति की श्रृंखला मे उठाया जाता हो अथवा स्थानापन्न नियुक्ति की श्रृंखला मे कर्मचारी को मौलिक पद स्तर पर वेतन बशर्ते कि नियुक्ति प्राधिकारी यह प्रमाणित करदे कि यदि प्रतिनियुक्ति नही होती तो वह कर्मचारी अनिश्चित समय के लिये स्थानापन्न नियुक्ति पर जारी रहता। किसी विशेष नियुक्ति पर उठाया गया विशेष वेतन निम्नलिखित परस्थितियो मे मौलिक पद का भाग होना समझा जावेगा बशर्ते कि वह दो वर्ष तक निरंतर उठाया गया हो।

(क) विशेष वेतन राजस्थान असैनिक सेवा (संशोधित वेतन) नियम १९६१ की अनुसूची स २ के भाग ४ मे निर्दिष्ट हो या

ख) विशेष वेतन विशिष्ट पद के लिये हो जो पद के वेतन श्रृंखला मे अतिरिक्त हो।

(ग) विशेष वेतन निर्धारित योग्यताए प्राप्त करने के लिये स्वीकृत किया गया हो।

२ महगाई भत्ता मौलिक राज्य के या अन्य सरकार/विदेशी सेवा के नियमानुसार होगा

१ आखिरी बार वित्त विभाग आदेश स एफ १ (२२) एफ डी ए (रूल्स) ६१ दिनांक ४ ३ ६७ द्वारा स्थानापन्न किया।

२ वित्त विभाग आज्ञा स एफ १ (२२) एफ डी (ए) ६१ दिनांक ७-८-६३ द्वारा जोड़ा गया।

भर्यात वैतन मौलिक वेतन श्रृंखला मे उठाया गया है या प्रतिनियुक्ति पर धारण किये हुए पद के वेतन श्रृंखला में उठाया गया है, उसके अनुसार नियमित होगा। प्रोजेक्ट (योजना) भत्ता जो योजना क्षेत्र में मान्य हो, प्रतिनियुक्ति भत्ते के अतिरिक्त उठाया जा सकेगा यदि वह अन्य सरकारी/विदेशी सेवा के कर्मचारियों को स्वीकृत हो।

३ उपरोक्त उप खंड मे उल्लेखित व्यक्तिगत वेतन प्रतिनियुक्ति भत्ते मे सविलीन नही किया जायेगा परन्तु अन्य वेतन वृद्धियो में सविलीन किया जायगा उदाहरणार्थ वेतन वृद्धिया या पदोन्नति या किसी अन्य कारण से वेतन मे वृद्धि होना।

४ यदि प्रतिनियुक्ति के पश्चात कर्मचारी का मौलिक वेतन प्रतिनियुक्ति पर धारण किये गये पद के अधिकतम वेतन से अथवा पद के निश्चित वेतन से बढ जावे, तो जिस तारीख का उसका वेतन ऐसी अधिकतम सीमा से बढ जावे उस दिन से छ महिने की अवधि के लिये परिसीमित हो जायेगा और कर्मचारी को उसके मौलिक विभाग मे वापस भेज देना चाहिये।

५ जब किसी राज्य कर्मचारी का मौलिक वेतन उस पद के अधिकतम वेतन से अधिक हो जहा पर कि उसे प्रतिनियुक्त किया जाना हो तो उसे प्रतिनियुक्ति पर नहीं भेजना चाहिये।

६ उप खण्ड (१) (ख) उन अधिकारियो पर लागू नही होता जिनको प्रतिनियुक्ति पर पचायत समितियों/जिला परिषदो, (राजस्थान राज्यविद्युत मण्डल तथा राजस्थान राज्य सडक परिवहन नियम) या किसी ऐसे अन्य सस्था मे भेजा जावे जो सरकार विशेष आदेश द्वारा निर्दिष्ट कर दे।

७ किसी राज्य कर्मचारी को जिसे प्रतिनियुक्ति पर राजस्थान राज्य विद्युत मण्डल मे, राजस्थान राज्य सडक परिवहन निगम मे अथवा किसी ऐसी सरकारी कम्पनी मे भेजा गया हो जिसकी परिभाषा कम्पनी अधिनियम की धारा ६१७ में दी गई है तो प्रतिनियुक्ति भत्ते के अतिरिक्त बोनस भी दिया जायगा, यदि कोई हो, जब कि ऐसा बोनस राजस्थान राज्य विद्युत मण्डल, राजस्थान राज्य सडक परिवहन अथवा सम्बन्धित सरकारी कम्पनी के कर्मचारियों को पेमेन्ट आफ बोनस अधिनियम (केन्द्रिय अधिनियम २१,१९६५) या द्वारा अथवा राजस्थान राज्य विद्युत मण्डल तथा राजस्थान राज्य सडक परिवहन निगम के किसी निर्णय द्वारा बोनस अधिनियम की परिधी के बाहर देय हो बशर्ते कि उक्त बोनस ऐसी प्रतिनियुक्ति पर की गई सेवा से सम्बन्धित हो जो किसी ऐसे लेखा वर्ष मे हुई हो जो १९६४ मे या उसके बाद मे किसी दिन प्रारम्भ हुआ हो।

यह आज्ञाऐं उन कर्मचारियो पर लागू नहीं होगी जो पहले से ही प्रतिनियुक्ति पर है उनके मामले उन आज्ञाओ से नियमित होंगे जो इन आज्ञाओं के जारी होने से पहले से लागू हैं। जब उनकी वर्तमान प्रतिनियुक्ति अवधि और आगे बढाई जावे तो प्रतिनियुक्ति पर उनका वेतन प्रशासकीय विभागो द्वारा सशोधित प्रतिनियुक्ति के अनुसार पुन निश्चित किया जायेगा।

राजस्थान सेवा नियम, भाग २ के परिशिष्ट नवम मे क्रमाक १८ के सामने कोष्टक सख्या चार में बताये गये उप खण्ड [1] के नोट ९ (वित्त विभाग का इसी सख्या का आदेश दिनाक १३ १० ६१) के अनुसरण मे राज्यपाल ने प्रसन्न होकर आदेश फरमाया है कि उपरोक्त उप खण्ड ( ) उन राज्य कर्मचारियो पर लागू नही होगा जो राजस्थान होटल निगम मे प्रतिनियुक्ति पर भेजे जावें।

इन आदेशो का प्रभाव होटल निगम के निर्माण की तारीख से होगा।

### टिप्पणी

(i) यह उप खण्ड उन अधिकारियों पर लागू नहीं होगा जो प्रतिनियुक्ति पर सरकारी अथवा सरकार द्वारा नियंत्रित निगम निकाय और पचायतें समितियो/जिला परिषदा ऐसी अन्य संस्थाओं मे भेजे जावें जो सरकार विशेष आदेश द्वारा निर्दिष्ट करे।

(ii) **यात्रा भत्ता**– उधार लेने वाली सरकार तथा विदेशी नियोजक, यथा स्थिति, के नियमों के अनुसार।

(iii) **अवकाश तथा पेंशन चन्दे का भुगतान**—विदेशी नियोजक या उधार लेने वाली सरकार द्वारा, राजस्थान सेवा नियम के परिशिष्ट पत्रम के अनुसार।

[1](iv) **मुआवजा भत्ता**—उधार लेने वाली सरकार अथवा विदेशी नियोजक के नियमो के अनुसार बशर्ते कि यदि कथित भत्ते राज्य के नियमों के अधीन देय मुआवजा (नगर) भत्ता, मकान किराया भत्ता तथा यात्रा भत्तो से कम हो तो प्रतिनियुक्ति पर गये हुए व्यक्ति राजकीय नियमो के अनुसार ऐसा मुआवजा भत्ता उठाने का विकल्प चुन सकेंगे।

(v) **चिकित्सा व रियायतें**–राजकीय नियमा के अधीन जो देय हो उससे कम नही होगें।

(vi) **अवधि**—एक समय मे एक वष से अधिक नहीं।

| १ | २ | ३ | ४ | ५ |
|---|---|---|---|---|
| | (ii) | अन्य सरकारो से प्रतिनियुक्ति पर व्यक्ति प्राप्त करने की शक्ति | सरकार का प्रशासन विभाग | उन शर्तो के अनुसार जो उपरोक्त (i) मे व्यक्त शर्तो से अधिक उदार न हो। |

[2]**राजस्थान सरकार का निर्णय स १–(लोपित किया गया)।**

[3]**राजस्थान सरकार का निर्णय स २**

उपरोक्त उप खण्ड (i) उन सरकारी कर्मचारियो पर लागू नही होगा जो प्रतिनियुक्ति पर राजस्थान मे नगर विकास न्यासो पर भेजे जावें। यह आदेश इसके बाद प्रारम्भ होने वाले प्रतिनियुक्ति के मामले पर लागू होगें और ऐसे राज्य कर्मचारी पर लागू होगें जिसके मामले म प्रतिनियुक्ति भत्ता प्रदान करने के आदेश जारी नही हुए है।

ये आदेश उन कर्मचारियों पर लागू नहीं होगें जो पहले से ही प्रतिनियुक्ति पर है और जिनको प्रतिनियुक्ति भत्ता मिल रहा है। वे प्रतिनियुक्ति भत्ता उनके वर्तमान प्रतिनियुक्ति अवधि समाप्त होने तक उठाना जारी रखेंगें। उनकी वर्तमान अवधि समाप्त होने पर यह आदेश लागू हो जायेगें।

१ वित्त विभाग आदेश स एफ १ (१६) एफ डी (ई एक्स पी रूल्स)/६७ दिनांक ३१ ३ १९६७ द्वारा स्थानापन्न।

२ वित्त विभाग आदेश स एफ १ (३०) एफ डी (ए) रूल्स/६२ दिनाक ११ ५ १९६२ द्वारा जोड़ा गया, १३ १० ६४ से लागू तथा वित्त विभाग आदेश स एफ १ (२२) एफ डी ए/आर ६१ दिनाक २१ दिसम्बर १९६६ द्वारा निरस्त किया गया लागू दिनाक १ ३ ६६ से।

३ वित्त विभाग आदेश स एफ १ (२२) एफ डी ए (आर)/६१ दिनाक १९ ४ १९६० द्वारा जोड़ा गया।

[1]अपवाद—राज्यपाल ने प्रसन्न होकर आदेश फरमाया है कि अब से आगे लेखापालो को विदशी सेवा मे स्थानान्तर करने की तथा वेतन तथा भत्ते निश्चित करने की शक्तिया मुख्य लेखाधिकारी राजस्थान द्वारा, कथित परिशिष्ट के क्रमाक १८ मे निर्धारित शर्तों के अधीन रहते प्रयोग मे लाई जायेगी।

| १ | २ | ३ | ४ | ५ |
|---|---|---|---|---|
| [2]१८क | अस्थाई पद निर्माण करने की शक्ति | सरकार के प्रशासन विभाग | | ४ मास तक —<br>(क) बजट मे विशिष्ट प्रावधान के अन्तगत योजना के लिये आवश्यक प्रशासनिक स्वीकृति के अधीन रहते, जो जारी हो चुकी हो।<br>(ख) 'कर्मचारी वग' शिषक के अधीन बचत म से बशर्ते है कि पद का अधिकतम वेतन रुपया दो सौ से अधिक न हो।<br>परन्तु शर्त यह है कि<br>(i) यह शक्ति मौजूदा वर्तमान अस्थाई पद की अवधि बढाने के लिए अथवा इस शक्ति का प्रयोग करते हुए अस्थाई पद का निर्माण करने के लिए न हो।<br>(ii) पदो के निर्माण करने मे जो व्यय हो उसकी पूर्ति किसी अन्य शिषक से निधि हटाकर नहीं की जावें।<br>(iii) उक्त पद किसी ऐसी बडी योजना का भार न हो जिसमे अनेक पद निर्माण करने हो, जिसमे से किसी एक का भी वेतन रुपये २००) से अधिक हो। |

१ वित्त विभाग आदेश स एफ १(२०) एफ डी ए(ई आर)/६७ दिनाक ३१-३ १९६७ द्वारा जोड़ा गया।

२ वित्त विभाग आदेश स एफ ६(६) एफ डी/ए/आर/५८ दिनाक १९ ६ ५८ द्वारा जोड़ा गया।

| १ | २ | ३ | ४ | ५ |
|---|---|---|---|---|
| | | | | [1](iv) अस्थाई पद के वेतन की दर उसी प्रकार के अन्य पदों के लिए निर्धारित वेतन शृंखला में हो। |
| [2]१८म | १३६ | कार्य ग्रहण अवधि ( जोईनिंग टाइम ) बढ़ाने की शक्ति | (१) सरकार का प्रशासन विभाग | पूरी शक्तियां ३० दिन की अधिकतम सीमा के भीतर, राजस्थान सेवा नियमों के नियम १३६ में वर्णित परिस्थितियों में। |
| | | | (२) विभागाध्यक्ष श्रेणी प्रथम | सामान्य कार्य ग्रहण अवधि के अतिरिक्त सात दिन तक, राजस्थान सेवा नियमों के नियम १३६ में वर्णित परिस्थितियों में। यह शक्तियां केवल अराजपत्रित सरकारी कर्मचारियों के सम्बन्ध में प्रयोग में लाई जायेंगी और कार्य ग्रहण अवधि बढ़ाने का कारण आदेश में अभिलिखित किया जायगा। |
| [3]१८ग | १७५ | असैनिक या युद्ध सेवा को, नियमों में निर्धारित शर्तों की पूर्ति के अधीन रहते असैनिक सेवा को पेंशन के लिये गणना करने की अनुमति देने की शक्ति | सरकार का प्रशासनिक विभाग | पूरी शक्तियां |

१ वित्त विभाग आदेश सं ५५२/५९ एफ ६ (६) एफ डी ए (रूल्स) ५७ दिनांक २६ ११ ५९ द्वारा जोड़ा गया।

२ वित्त विभाग आदेश सं एफ ६ (२२) एफ डी ए रूल्स/५९ दिनांक १८-७-५९ द्वारा जोड़ा गया तथा वित्त विभाग आदेश स १ (३२) एफ डी (ई पस पी रूल्स)/६३ दिनांक १-१०-६१

—¹निरास्त किये जा चुके आदेशों के अधीन की गई कार्यवाही यथोचित आदेश के अन्तगत की गई समझी जायगी।

| १ | २ | ३ | ४ | ५ |
|---|---|---|---|---|
| १८घ | २४४ | राज्य कमचारी को ५५ वष की नौकरी के पश्चात सेवा निवत करने की शक्ति— | | पूरी शक्तिया बशर्ते कि नियुक्ति (ए-II) विभाग आदेश स एफ १ (३६) नियुक्ति [ए-II]/ ६३ दिनाक २५-६-६३ में निर्धारित प्रक्रम पालन किया गया हो। |
| | | (१) राज्य सेवा | राज्य सरकार का प्रशासन विभाग | |
| | | (२) अधीन सेवा (राजपत्रित तथा अराजपत्रित पद) | विभागाध्यक्ष | |
| | | (३) लेखा वर्गीय सेवा (राजपत्रित तथा अराजपत्रित पद) | नियुक्ति प्राधिकारीगण | |
| | | २५ वष की अहकारी सेवा के पश्चात राज्य कमचारी की सेवा निवृत करने की शक्तियाँ— | | |
| | | (१) राज्य सेवा | सरकार का प्रशासन विभाग | पूरी शक्तिया बशर्ते कि— (1) किसी सेवा के राजपत्रित अधिकारिया के सम्बघ में उस प्रक्रम का पालन कर लिया गया है जो नियुक्ति 'ए' विभाग के परिपत्र सं एफ २४ [५५] नियुक्ति [ए]/५७ दिनाक १८-८-५० का पठन बाद के परिपत्र दिनाक १७-११-१९५८ तथा ४-१० १९६३ के साथ करने |

१ वित विभाग आदेश सं एफ ७ ए (४३) एफ डी ए रूल्स/५७, दिनाक ३-५-६० तथा आई डी २८८०/६० एफ ६ ए एफ डी ए/रूल्स/५७ दिनांक १-७-६० द्वारा जोडा गया तथा एफ डी आदेश स एफ डी ७ ए (४३) एफ डी ए आर ५७, दिनाक १३-३-१९६६ द्वारा स्थानापन्न किया गया तथा वित विभाग आदेश स एफ १ (२४) एफ डी ए (रल्स) ६२ दिनाक १३-१२-६३ द्वारा प्रतिक्रमण किया गया।

| १ | २ | ३ | ४ | ५ |
|---|---|---|---|---|
| | | | | से निर्धारित है और जैसा बाद में समय समय पर सशोधित किया जावे। |
| | | (२) अधीनस्थ सेवा [राजपत्रित तथा अ-राजपत्रित] | नियुक्त प्राधिकारीगण | (ii) अधीनस्थ [अ राजपत्रित कर्मचारी वग के सम्बन्ध मे उस प्रक्रम का पालन कर लिया गया है जो नियुक्ति ए II सी और विभाग के परिपत्र स एफ २४ (५५) नियुक्ति (ए) ५७ पी एस आई/ग्रुप II/ सी आर दि० १६ ५ १९६३ द्वारा निर्धारित है और जसा समय समय पर सशोधित किया जावे। |
| | | (३) लेखक वर्गीय सेवा (राज पत्रित तथा अ राजपत्रित पद] | नियुक्ति प्राधिकारीगण | (iii) नियुक्ति (ए II) विभाग द्वारा निर्धारि प्रक्रम (अ राजपत्रित) कर्मचारीवग के विषय म पालन कर लिया जावे। |

**राजस्थान सरकार का आदेश**

[1][ लोपित ]

ख—पेन्शन

| क्रमांक | सेवा नियमों का क्रमांक | शक्ति की किस्म | अधिकारी जिसको शक्ति सुपुर्द की हुई | सुपदगी की सीमा |
|---|---|---|---|---|
| १९ | २७० | असाधारण पेन्शन स्वीकार करने की शक्ति | [2](i) सरकार के प्रशासन विभाग | [2]उन मामलो मे पूरी शक्तियाँ *जिनमें नियमो के अधीन निर्णय* की मान्यता या मान्यराशि के सम्बन्ध मे महालेखापाल, |

१ वित्त विभाग आदेश स एफ १ [४२] एफ डी [ई एक्स पी रूल्स] दिनाक १३ ६ ६७ द्वारा लोपित किया गया।

२ वित्त विभाग आदेश स एफ १ [७२] एफ डी [ई आर ]/ ६५—II दिनाक २९ १२ ६५ द्वारा स्थानापन्न किया गया।

| १ | २ | ३ | ४ | ५ |
|---|---|---|---|---|
| | | | | प्रशासन विभाग तथा लोक सेवा आयोग के मध्य कोई मतभद न हो। |
| | | | (ii) (क) अध्यक्ष राजस्व मडले। (ख) महानिरीक्षक आरक्षी। (ग) महानिरीक्षक, कारागार (घ) निदेशक, चिकित्सा तथा स्वास्थ्य सेवायें। | उन राज्य कमचारी के विषय म पूरी शक्तियां जिनके पद की वेतन शृखला मे अधिकतम वेतन रू ३ ५) से अधिक नहो बशर्ते कि स्वीकृति पूर्णतया नियमो के तथा महालेखापाल के प्रतिवेदन के अनुसार हो और शत यह भी होगी कि उसके, महालेखापाल के तथा राजस्थान लोक सेवा आयोग के मध्य निणय की मान्यता तथा मान्य राशि के सम्बन्ध में कोई मतभेद न हो। |
| [1]१९क ५६ (i) | २३९ | जिन व्यक्तियो ने अधिवार्षिकी आयु प्राप्त करली हो उनके सेवा काल मे वृद्धि करना। | नियुक्ति विभाग की सहमति से प्रशासनिक विभाग | निम्नलिखितो के सम्बन्ध मे २८ फरवरी १९७१ तक अथवा उस तारीख तक जिस दिन वह ५८ वष की आयु प्राप्त करे इनमे से जो कोई पहले घटित हो जाय —<br>(१) चिकित्सा अधिकारी जिसमे मेडीकल कालेजो का शिक्षक वग मेडीकल कालज का अ चिकित्सा शिक्षक वग चीफ पब्लिक एनेलिस्ट और चिकित्सा विभाग का महिला नर्सिंग कमचारी वग। |

[1] जी ए डी आदेश स० एफ २(१९)/५५/ जी ए /ए/५२ दिनाक २८ १२ ५४ १३ ७ ५७ के स्थान पर आदेश स० एफ/१८/ (७) एफ II (आर) ५५ दिनाक १ १ ५६ द्वारा स्थानापन्न किया गया।

| १ | २ | ३ | ४ | ५ |
|---|---|---|---|---|
| | | | | [1](२) निम्नलिखित श्रेणियो मे स्थित व्यक्ति जो भौतिकशास्त्र रसायन शास्त्र, जीव शास्त्र (वनस्पति तथा जन्तु) पढाते हैं—<br>(क) शिक्षा विभाग, कालेजिएट शिक्षा शाखा —<br>(i) विज्ञान मे स्नातकोत्तर योग्यता रखने वाला स्नातक या स्नातकोत्तर कालेजों के प्रधानाचार्य जो उस विषय मे विभाग के अध्यक्ष (हैड) का कार्य कर रहे हो।<br>(ii) विभागो के अध्यक्ष (हैड)<br>(iii) वरिष्ठ व्याख्याता (लेक्चरार)<br>(iv) डॅमोन्सट्रेटस।<br>(ख) शिक्षा विभाग प्राथमिक तथा माध्यमिक शाखा —<br>(i) निर्धारित योग्यता रखने वाले वरिष्ठ अध्यापकगण।<br>(ii) वेतन शृंखला स० २१ या १७ म बी एस टी सी में विज्ञान के प्रशिक्षक जो विज्ञान म स्नातक हो।<br>(iii) द्वितीय श्रेणी के शिक्षकगण जो विज्ञान मे स्नातक हो।<br>(iv) तृतीय श्रेणी के शिक्षकगण जिनके मैट्रिक म वैकल्पिक विषय विज्ञान हो।<br>(v) स्टेट इन्स्टीट्यूट ग्राफ साइन्स ऐजुकेशन म निदेशक |

१ वित्त विभाग आदेश स० एफ १ (१२) एफ डी (ई एक्स पी रूल्स)/६७/I क्रमश दिनाक १३ ७ ६७ तथा ३० ६ ६७ द्वारा स्थानापन्न किया गया। सशोधन दिनाक ३० ६ ६७ दिनाक १ जुलाई १९६७ से प्रभावशील होगा।

| १ | २ | ३ | ४ | ५ |
|---|---|---|---|---|
| | | | | वरिष्ठ व्याख्याता, व्याख्याता, [1](सहायक निदेशक तथा रिसर्च ऐसिसटन्टस् । |
| | | | | ३ सिर्धारित योग्यता रखने वाले व्यक्ति जो पोलीटेकनिक्स तथा इन्डस्ट्रियल ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट मे विद्युत यान्त्रिक तथा सिविल इन्जीनियरिंग के विषय पढाते हो । |
| | | | | ४ पोलीटेकनिक तथा इन्डस्ट्रीयल ट्रेनिंग इन्स्टीटयूट म शिक्षण गए जो विद्युत, यन्त्रीकरणो तथा सिविल इन्जीनियरिंग के विषय पढाते हैं । |
| [1]९९क (ii) | | उन व्यक्तियो के सेवा काल में वृद्धि करना जिन्होने अधिवार्षिकी आयु प्राप्त करली हो । | नियुक्ति विभाग | १२ मास से अधिक अवधि के लिये नही । |
| [2]९९ख (i) | ३४६ | (१) जिन व्यक्तियों का ५८ वर्ष की आयु प्राप्त करने के दिनों तक सेवा काल मे वृद्धि मिल गई हो उन्हे ६० वर्ष तक की आयु तक पुन राज्य सेवा मे नियुक्त करने की स्वीकृति प्रदान | प्रशासन विभाग नियुक्ति विभाग की सहमति से | दिनांक २८ फरवरी १९७१ तक पूरी शक्तियां इस शर्त के अधीन कि वेतन का निर्णय बिना किसी रियायत के निम्नलिखित के विषय मे राजस्थान वित्त विभाग आदेश स० एफ १७६०/५९/एफ १ (१६)/एफ डी /ए/५७ दिनांक ३० १० ५२ तथा डी ६५१०/५९/एफ १ (एफ) (१६) एफ डी /ए/५९ दिनांक |

१ शब्द 'सहायक निदेशक', वित्त विभाग स० एफ० १ (४२) एफ० डी० (ईएक्सपी रूल्स) ६७ दिनांक १६ मई १९६८ द्वारा जोडा गया ।

२ वित्त विभाग आदेश सं० एफ० ६ (२२) एफ० डी० ए रूल्स ५९ दिनांक १८-७ ५९ तथा (एफ० डी० (ईक्सपी० रूल्स) आदेश स० एफ० १ (४२) एफ० डी० (ईएक्सपी रूल्स)/६७ I दिनांक १३ ६ १९६७ द्वारा स्थानापन्न किया गया ।

| १ | २ | ३ | ४ | ५ |
|---|---|---|---|---|
| | | करने की शक्ति। | | २०-११ ५९ द्वारा निर्धारित सिद्धान्त के अनुसार तय किया जावे —<br>(i) चिकित्सक अधिकारीगण जिसमे मेडीकल कालेज के शिक्षक वर्ग मेडीकल कालेज के अ-चिकित्सक शिक्षक वर्ग, चीफ पबलिक ऐनेलिस्ट तथा पबलिक ऐनेलिस्ट और चिकित्सा विभाग का महिला नर्सिंग कर्मचारी वर्ग। |
| | | [1](२) पाकिस्तान से आए हुए विस्थापित व्यक्तियो को ६० वर्ष तक की आयु तक पुन नियुक्ति करने की शक्ति जिन्होंने १९५२ से पूर्व राजस्थान या अजमेर मे शिक्षक के रूप मे सेवा का पद ग्रहण किया हो और जो अधिवार्षिकी आयु प्राप्त करने पर सेवा निवृत्त हो गये हो। | राजस्थान का प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षा का अतिरिक्त निदेशक | पूरी शक्तियां निम्नलिखित शर्तों के अधीन रहते—<br>(i) यह कि प्रत्येक मामले म पुन नियुक्ति करने की अनुमति एक एक वर्ष के लिये दी जावे और जबकि उक्त शिक्षक शारीरिक तथा मानसिक रूप मे सक्षम (स्वस्थ्य) हो।<br>(ii) जबकि पद राजस्थान लोक सेवा आयोग के कार्य क्षेत्र मे हो तो दो वर्ष की पुन नियुक्ति के पश्चात राजस्थान पबलिक सर्विस कमीशन (लिमिटेशन आफ फंक्शन्स रेग्यूलेशन के अनुसार लोक सेवा आयोग का अनुमोदन प्राप्त कर लिया हो।<br>(iii) वेतन का निश्चय राजस्थान सेवा नियमो के नियम ३३७ मे लिखे प्रावधानो के अनुसार किया जावे। |

१. वित्त विभाग आज्ञा स एफ. १ (४२) एफ डी (ऐक्स पी रूल्स)/६७ दिनांक

| १ | २ | ३ | ४ | ५ |
|---|---|---|---|---|
| १६ख (ii) | | उन पेन्शनधारियों का पुन नियुक्त करने की शक्ति जो अधिवार्षिकी आयु प्राप्त हो जाने पर सेवा निवृत हो गये हों। | नियुक्ति विभाग | पूरी शक्तियां, इस शर्त के अधीन रहते कि वेतन का निश्चय राजस्थान सरकार के निर्णय, जो वित्त विभाग आदेश स० १७६०/५६ /एफ० १ (एफ) १६ एफ० डी०/ए/ ५७ दिनांक ३० १०-५६ तथा डी० ६५१०/५६ एफ० १ एफ १६ एफ० डी०/ए/ ५६ दिनांक २०-११ ५६ द्वारा जोड़े गये हैं उनमे निर्दिष्ट सूत्रों के अनुसार बिना किसी रियायत के किया जावे। |
| [1]१६ख ३४६ iii | | सरकारी स्कूलो म उन शिक्षकों को पुन नियुक्त करने की शक्ति जिन्हे राष्ट्रीय राज्य एवार्ड जो शिक्षकों के लिये हैं प्राप्त हुआ हो। | प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षा के अतिरिक्त निदेशक | पूरी शक्तियां जब तक उक्त प्राप्तकर्ता ५८ वर्ष की आयु का न हो जावे इस शर्त के अधीन कि पुन नियुक्ति पर वेतन का निश्चय राजस्थान सेवा नियमों के नियम ३३७ मे लिखे प्रावधानों के अनुसार किया जायगा। यदि उक्त प्राप्तकर्ता यह आयु ३१ अगस्त के पश्चात प्राप्त करें तो पुन नियुक्ति की अवधि शिक्षा सत्र की समाप्ति तक बढ़ाई जा सकेगी। |

इन संशोधनों का प्रभाव १ ७ १९६७ से होगा।

[2] स्पष्टीकरण —राजस्थान सेवा नियम खण्ड २ के परिशिष्ट IX (नवम) म क्रमांक ११ क(i) तथा १६ ख (i) के सामने कोष्ठक ५ मे लिखित शब्दावली 'महिला नर्सिंग कर्मचारी वर्ग (वित्त विभाग अधिसूचना स एफ १ (४२) एफ० डा० (ई एक्स पी रूल्स)/६७ दिनांक १३ ६-१९६७ द्वारा जोड़ा गया। के अन्तर्गत समाविष्ट सरकारी कर्मचारियों की पद श्रेणियों के विषय म यहां कही संशय व्यक्त किया गया है। एतद् द्वारा स्पष्ट किया जाता है कि निम्नलिखित सरकारी कर्मचारियों की श्रेणियां को महिला नर्सिंग कर्मचारी वर्ग के रूप में माना जावे —

१ वित्त विभाग आज्ञा स एफ. १ (४२) एफ डा (ई एक्स पी रूल्स/६७ दिनांक ३० ६ ६७ तथा १० ६ ६७ द्वारा जोड़ा गया।

२ वित्त विभाग आदेश स० एफ १ (४२) एफ डा (ई एक्स पी रूल्स)/६७ दिनांक २४ ८ ६७ द्वारा जोड़ा गया

| | |
|---|---|
| १ नर्सिंग सुपरडेन्ट । | २ सिस्टर्स । |
| सिस्टर ट्यूटर्स । | ४ स्टाफ नर्स । |
| ५ लेडी हैल्थ विजिटर । | ६ आर्मि नेरी नर्सिंग मिडव इफ । |

## टिप्पणी

द इ मे प्राशक्षित नही है इसलिये उनका मिडवाइफ नर्सिंग कर्मचारियों म होना नहीं माना जाय ।

| १ | २ | ३ | ४ | ५ |
|---|---|---|---|---|
| १६ग | | उन म मचा को पुन नियुक्त प्रदान करके नियमित करने को चाहित जिनम अनियमित रूप से अधि वार्षिकी आयु के बाद भी व्यक्तियो को सेवा मे रख लिया गया हो । | विभागाध्यक्ष | उन म राजपत्रित सरकारी कर्मचारियो के विषय म पूरी शक्तिया जो १ १२ १९६२ से पूर्व सेवा निवृत हो गये हो । बशर्ते कि पुन नियुक्ति पर वतन पेंशन को जोड कर जिसमे मृत्यु तथा रिटायरमेंट ग्रेचुटी के बराबर की राशि सम्मिलित है, पिछली बार उठ ये गये वेतन स अधिक न हो और अन्य शर्ते वही होगी जो सरकार द्वारा समय समय पर निर्धारित की जावें । |

## [2] ज्ञापन

राजस्थान सेवा नियम धारा २ के परिशिष्ट IX (नवम) में क्रमांक १६क (1) तथा १६ख (1) के सामने कोष्टक ५ म लिखित शब्दावली 'मेडीकल कालेजो का शिक्षक वर्ग' (वित्त विभाग अधिसूचना स० एफ १ (४२) एफ डा० (ईएक्सपी रूल्स)/६७ I दिनाक १३ ६ १९६७ द्वारा जोडा गया) के अन्तर्गत समाविष्ट सरकारी कर्मचारियो की पद श्रेणी के विषय म कहीं कहीं संशय प्रकट किया गया है । एतद् द्वारा स्पष्ट किया जाता है कि शब्दावली "मेडीकल कालेजो का शिक्षक वर्ग स तात्पर्य उन अधिकारियों से है जिनकी गणना राजस्थान मेडीकल सर्विस (कालेजियट ब्राच) नियम, १९६२ से सलग्न अनुसूची म की हुई है ।

१ वित्त विभाग सं एफ १ (४) एफ डी (ई एक्स पी रूल्स )/६४ दिनांक १८ १२ ६४ द्वारा जोडा गया । इसका प्रभाव केवल २८ २ ६६ तक ही होगा ।

२ वित्त विभाग आदेश स एफ १ (३५) एफ डी- (ई एक्स पी रूल्स)/६७ दिनांक २७ मई, १९६८ द्वारा जोडा गया ।

| १ | २ | ३ | ४ | ५ |
|---|---|---|---|---|
| २० | २६२ | सरकारी कमचारियो की पेन्शन (परिवार पेंशन सहित स्वीकृत करना। | [1] ( ) नियम २६३ (1) (ख) के प्रावधानानुसार | |
| [1]२०क | २१३ | सेवा की कमी क्षमा (कंडोन) करना | (1) विभागाध्यक्ष ३ मास तक<br>(ii) प्रशासन विभाग १२ मास तक वित्त विभाग के परामर्श से | निम्नलिखित शर्तों के अधीन<br>(1) यह शक्तिया केवल उन निम्न वेतन कमचारियो के विषय मे प्रयोग मे ली जायेंगी जो असमर्थता तथा मुआवजा पेंशनो (ईनवेलिड एण्ड कम्पेन्सेशन पेन्शन) पर अग्रसर हो रहे हो।<br>(ii) जबकि (सेवा काल) क्षमा करने (क-डोनेशन) का प्रभाव सरकारी सेवा ५ वर्ष या २० वर्ष बनने का हो, जिसके कारण सरकारी कमचारी या उसका परिवार मृत्यु तथा रिटायरमेंट ग्रेचुटी या परिवार पेंशन राजस्थान सेवा नियमो के नियम २५७ तथा २६१ के अधीन प्राप्त करने का पात्र बन जाता हो,तब इस शक्ति का प्रयोग नही किया जायेगा। |

टिप्पणी

शब्दावली ' निम्न वेतन कमचारियो से तात्पर्य उन कमचारियो से समझना चाहिये जिनका वेतन (जिसमे वेतन के किस्म की सब उपलब्धियां सम्मिलित है) सेवा निवृत होते समय (रु० २००) से अधिक नहीं था।

| २० ख | २१२ | सेवा की रुकावट के लिये क्षमा करना (जो चाहे | सरकार के प्रशासन विभाग | पूरी शक्तियां, जो निम्न लिखित शर्तों के अधीन होगी — |
|---|---|---|---|---|

१ ( ) जी ए डा आदेश स एफ २ (३६) जी ए/ए/५२ दिनांक १३ ५ ५५ द्वारा लोपित किया गया।

२ वित्त विभाग आदेश स० आई डी /५२३३/५६ एफ I (एफ) ६३ एफ डी ए/ ५७ II दिनांक १५ १ ६० द्वारा स्थानापन्न किया गया

१ वित्त विभाग आदेश स एफ १ (७५) एफ डी ए रूल्स/६२/II दिनांक २६ ११ ६२ द्वारा स्थानापन्न किया गया।

| १ | २ | ३ | ४ | ५ |
|---|---|---|---|---|
| | | | | पत्र सम्मिलित हो और बाद में किसी विभिन्न राज्य ईकाई, राजा के राज्य या ठिकाने में नियुक्ति हो गई हो। |
| [1]२१ | ३२ | अराजपत्रित कर्मचारियों की पेन्शन को सम्पूर्णतः परिवर्तन करने की स्वीकृति देना। | | नियमों की पालना के अधीन रहते, अधीनस्थ लेखक वर्गीय तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के सम्बन्ध में विभागाध्यक्षों को पूर्ण शक्तियां हैं। |
| [2]२२ | | लोपित किया गया। | | |
| २३ | [3]२४ | किसी सरकारी कर्मचारी को उसका भविष्य निधि (Provident Fund) में जमा राशि में से अस्थायी रूप से राशि स्वीकृत करना— | | नियमों की पालना के अधीन रहते अधीनस्थ लेखक-वर्गीय तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के सम्बन्ध में विभागाध्यक्षों को पूर्ण शक्तियां हैं। |

## राजस्थान सरकार के आदेश

[3]सं १—पेन्शन के मामले शीघ्रता से निपटाना सुनिश्चित करने हेतु हिजहाईनेस राज प्रमुख ने, राजस्थान सेवा नियमों के नियम २८३ की टिप्पणी का आंशिक संशोधन करते हुए, प्रसन्न होकर निम्नलिखित अधिकारियों को उनके क्षेत्र के उन समस्त श्रेणियों के अराजपत्रित कर्मचारियों से सम्बन्धित पेन्शन स्वीकृत करने की शक्ति प्रदान की है जो १-४-५० से पूर्व सेवा निवृत हो गये थे परन्तु इस शर्त के अधीन रहते कि यह शक्ति केवल उन मामलों में प्रयोग में ली जावेगी जिसमें पेन्शन तथा/अथवा ग्रेच्युटी की देयता के सम्बन्ध में महालेखापाल का बिना जांच का प्रमाणपत्र अभिलिखित कर दिया गया हो, और इस प्रकार से प्रमाणित राशि की सीमा तक —

| | | |
|---|---|---|
| १ | आरक्षी (पुलिस) विभाग | अधीक्षक आरक्षी। |
| २ | राजस्व विभाग | जिलाधीश |

1. वित्त विभाग आदेश सं एफ ६ (११) एफ डी ए (रूल्स)/५८, दिनांक २८-८-५८ द्वारा स्थानापन्न किया गया।

2. वित्त विभाग का आदेश सं एफ १६६१/५८ एफ १८ (७)एफ II/५५ दिनांक २८-४-५८ द्वारा लोपित किया गया।

3. वित्त विभाग आदेश सं एफ २१ २ एफ II/५३ दिनांक २१ फरवरी १९५०।

| | | |
|---|---|---|
| ३ | शिक्षा विभाग | पाठशालाओं के निरीक्षक। |
| ४ | चिकित्सा तथा स्वास्थ्य विभाग | चिकित्सा तथा स्वास्थ्य सेवाओं के सहायक निदेशक। |
| ५ | सार्वजनिक निर्माण विभाग ( पी डब्ल्यू डी ) | अधीक्षक अभियन्ता। |
| ६ | वन विभाग | वनों के संरक्षक (कन्जरवेटर) |
| ७ | सायर तथा आबकारी विभाग | उप आयुक्त, चुंगी तथा आबकारी |

[1]स२—वित्त विभाग आदेश स एफ २१ (२) एफII/५३, दिनाक २१ फरवरी १९५३ जो राजस्थान सरकार के आदेश स १ के रूप मे है, के आगे हिज हाईनेज राज प्रमुख ने प्रसन्न होकर जिला तथा सत्र न्यायाधीशो को उन समस्त श्रेणियो के अ राज पत्रित कर्मचारियो से सम्बधित पेन्शन स्वीकृत करने का शक्ति प्रदान की है जो उनके अधीन काय कर रहे थ और जो १ ४ ५२ से पूव सेवा निवृत हो गये थ यह शक्तिया उपरोक्त प्रसग के आदेश मे निर्धारित शर्तों के अनुसार होगा।

[2]स ३—वित्त विभाग आदेश स एफ २१ (२) एफII/५३, दिनाक २१ २ ५३ तथा ६ ५ ५३ के आगे हिज हाईनेस राज प्रमुख ने प्रसन्न होकर की उक्त आदेश में उल्लेखित जिन विभिन्न अधिकारियो को जो मौजूदा पेन्शन शीघ्रता से निपटाने हेतु शक्तिया दी गई है वे अधिकारी वर्त्त मान कन्ट्रीब्यूटरी प्राविडेन्ट फंड के जेर तजवीज मामलों को निपटाने के सम्बध मे भी इस शक्ति का प्रयोग करेंगे।

[3]स ४—हिज हाईनेस राज प्रमुख ने प्रसन्न होकर आदेश प्रदान किया है कि श्री बी सी दत्त को, जिन्हे १ ४ ५५ से पूव सेवा निवृत होने वाले तथा जो रु २५ से अधिक पेन्शन सभवतया प्राप्त करेंगे उनके पेन्शन के दावे निपटाने हेतु नियुक्त किया गया है ऐसे समस्त मामले निपटाने को पूर्ण शक्तिया प्रदान की जावे। वह उक्त मामलो को अ तिम रूप से निपटाने के लिये सरकार को तथा समस्त अधीनस्थ प्राधिकारियो की शक्तिया प्रयोग करेंगे।

[4]स ५—अ-राजपत्रित सेवा निवृत सरकारी कर्मचारियो के पेन्शन के मामले शीघ्र गति से निपटाने की दृष्टि से, राज्यपाल ने प्रसन्न होकर निम्नलिखित शक्तिया विशेषाधिकारी (पेन्शन्स) को प्रदान की है। यह शक्तिया उसी मामले मे प्रयोग मे लायी जावेगी जबकि पेन्शन की सभावित राशि रुपया १०० मासिक से अधिक न हो।

१ वित विभाग आदेश स एफ २१ [२] एफ II/५३ दिनाक ६ मई १९५३।
२ वित विभाग आदेश स एफ २१ (२) एफ II/५३, दिनाक १० जुलाई १९५३।
३ एफ ४ (६३) पी एल ओ /एफ (आर)/५५, दिनाक ११ मई १९५५।
४ वित्त विभाग सख्या एफ ६ (२५) एफ डी ए (रूल्स) ५९ दिनाक २२ ९ ५९, ५ ११ ५९ तथा ६-४-६० द्वारा जोडा गया।

| क्रमांक | शक्ति की किस्म | शक्ति की सीमा |
|---|---|---|
| १ | सेवा के क्रम भंग को कण्डोन (क्षमा) करने की शक्ति | निम्नलिखित शर्तों के अधीन रहते, प्रत्येक अवसर पर एक वर्ष तक के लिए—<br>[१] क्रमभंग, सेवा से त्याग पत्र देने, बर्खास्तगी या पृथकीकरण, दुराचरण या दिवालीया होने या अदक्ष होने के कारण नहीं हुआ हो<br>[२] सेवा का क्रमभंग एक सम्रा, वित्त राज्य से अन्य में सेवा परिवर्तन के फलस्वरूप नहीं हुआ हो। |
| २ | व्यक्तिगत मामलों में राजस्थान सेवा नियमों के नियम २८९ के अधीन कार्यालयाध्यक्ष द्वारा दी गई समानान्तर गवाही ग्रहण करने का अधिकार | पूरी शक्तियां। |
| ३ | असमर्थता [अशक्तता] की तारीख के पश्चात सहकारी कर्मचारी द्वारा की गई सेवा को ग्रह कारी सेवा के रूप में ग्रहण करने की शक्ति जिसकी अवधि एक वर्ष से अधिक नहीं होगी। | पूरी शक्तियां। |
| ४ | अक्षतता प्रमाण पत्र उचित प्रपत्र में नहीं होने पर भी ग्रहण करने की शक्ति | पूरी शक्तियां। |
| ५ | उन मामलों का पुन नियोजन प्रदान करके नियमित बनाने की शक्ति जिनमें सेवा निवृत्ति की आयु से परे किन्हीं व्यक्तियों को अनियमितता से सेवा में रख लिया हो। | पूरी शक्तियां। पुन नियोजन समय समय पर सरकार द्वारा निर्धारित शर्तों पर स्वीकृत किया जावेगा। |

| १ | २ | ३ |
|---|---|---|
| ६ | सर्विस बुक में अभिलिखित जन्म तिथी में काट कूट तथा उपरिलेखन ( over wri ting ) क्षमा करने की शक्ति तथा अन्तत जन्म तिथी ग्रहण करना | पूरी शक्तिया |
| ७ | राजस्थान सेवा नियमो के नियम २६३ के अधिन पेंशन स्वीकृत करने की शक्ति। | उन मामलो मे पूरी शक्तियाँ जिनमे सम्बंधित व्यक्ति १ ३ ५६ से पूर्व सेवा निवृति हो गये थे और जबकि पेंशन की राशि रु २५ प्रति मास से अधिक होने की सम्भावना न हो। |

टिप्पणी

शक्ति का प्रयोग महालेखापाल द्वारा पेंशन के हक का प्रतिवेदन दिये जाने के पश्चात किया जावेगा।

| | | |
|---|---|---|
| [1]२४ | राजस्थान सेवा नियमो के नियम ३०८ के अधिन किसी पेंशन धारी को व्यक्तिगत उपस्थिति से मुक्ति प्रदान करना। | जिस जिले से पेंशन उठाई जाती है उसके जिलाधीश को पूरी शक्तिया |
| [2]२५ | राजस्थान सेवा नियमो के नियम ३१२ (ख) के प्रयोजनार्थ किसी ऐजेन्ट का अनमोदन करना | व्यक्तिगत पेंशनधारी होने के मामले में ऐजेन्टो के सम्बन्ध मे पूरी शक्तिया जिलाधीश को है बशर्त्त कि पेंशन की राशि अस्थाई वद्धि के अतिरिक्त रु १००/ प्रति मास से अधिक न हो जो निम्नलिखित शर्तों के अधिन होगी —<br>[१] एजेन्ट ने पेंशन उठाने के लिए पेंशनधारी का प्रतिनिधित्व करने के लिए मुख्तार नामा प्राप्त कर लिया हो। |

१ जी ए डी आदेश संख्या एफ २(१६) ४ ए/ए/५१ दिनांक १८ ५ १९५४ द्वारा प्रन्त।

२ जी ए डी आदेश स एफ २ (३९) जीए/ए/५४ दिनांक २६ १२ ५४ द्वारा प्रन्त।

| १ | २ | ३ |
|---|---|---|
| | | (२) अधिक भुगतान वापस जमा कराने के लिये तथा नियम ३१२ की अन्य अपेक्षाओंकी पूर्तिके लिये एजेन्ट ने उचित इकरारानामा निष्पादित कर दिया हो। (३) अपना कर्त्तव्य पालन करने तथा अधिक भुगतान की गई राशि वापिस जमा करने के योजनार्थ जिलाधीश को एजेन्ट की आर्थिक स्थिति पर संतोष हो जावे। (४) इस मद्द के अधीन दिये गये अनुमोदन का पुनरावलोकन उपरोक्त शर्तों के निरन्तर पालन के विषय में प्रति वर्ष किया जायगा। |

| १ | २ | ३ | ४ | ५ |
|---|---|---|---|---|
| [1]२६ | ३५६ | किसी पेंशनधारी को किसी वाणिज्य सम्बन्धी नियक्त ग्रहण करने की अनुमति देने की शक्ति | नियुक्त (ए) विभाग | पूरी शक्तियां |

१ वित्त विभाग आदेश सं एफ १ (३६) एफ डी (ई आर)/६५ दिनांक १६ जुलाई १९६५ द्वारा जोड़ा गया।

## परिशिष्ट X (दसवां)

राजस्थान सरकार ने, चिकित्सा विभाग के कर्मचारियो द्वारा अपने निजी पेशे (प्राइवेट) प्रेक्टिस मे ली जाने वाली निम्नलिखित फीसो (शुल्क) की सशोधित अनुसूची निर्धारित की है —

### अनुसूची क'

राजस्थान सरकार ने चिकित्सा अधिकारियो द्वारा उनकी प्राइवेट प्रेक्टिस मै ली जाने वाली फीसो की अनुसूची।

| | दिन (प्रात ६ से साय ८ बजे तक) | रात (साय ८ से प्रात ६ बजे तक) |
|---|---|---|
| १ (१) विशेषज्ञ जो रु० ५०० से १००० के वेतन श्रृखला मे हो | रु० १५/— | रु० २०/— |
| (२) जिला चिकित्सा तथा स्वास्थ्य अधिकारी जो रु० ४०० से ८०० की वेतन श्रृखला मे हो | रु० १०/— | रु० १५/— |
| (३) सिविल एसिसटेंट—सजन श्रेणी प्रथम | रु० ५/— | रु० ७/— |
| (४) सिविल एसिसटेंट सजन श्रेणी द्वितीय | रु० ३/— | रु० ५/— |
| २ (क) जबकि डाक्टर द्वारा जाच करने में समय ३ घटे तक लगे | नगर पालिका की सीमाओ के भीतर उपरोक्त फीसें लागू होगी अथवा जहा नगर पालिका की सीमाये न हों वहा ५ मील के अध व्यास [घेरे] के भीतर यही फीसें लागू रहगी। ५ से १० मील के अध व्यास मे फासें उपरोक्त से १½ गुणा होगी। | |
| [ख] जबकि समय ३ से ६ घटो के बीच में हो | उपरोक्त दरो से तीन गुणा। | |
| [ग] जबकि समय ६ से १२ घंटो के बीच मे हो, | उपरोक्त दरो से पाच गुणा। | |

[घ] जबकि समय १२ घन्टो से अधिक लगे । पारस्परिक इकरार के अनुसार

३ वाहन व्यय निर्धारित फीस के अतिरिक्त होगा और यदि वाहन रोजी द्वारा दिया हुआ न हो तो निम्नलिखित दर से लिया जायगा —

[क] ५ मील तक के अर्ध व्यास [घेरे] मे रु १) दोनो ओर का ।
[ख] ५ से २० मील तक के अध व्यास मे रु० २) दोनो ओर का ।
[ग] २० मील से अधिक टेक्सी की दर से ।

४ राजस्थान सरकार के कमचारियो तथा उनके परिवारो को ५० प्रतिशत रियायत मिलेगी, उनके वाहन को व्यवस्था अथवा वाहन व्यय उपरोक्त नोट में निर्धारित दरो के अनुसार पूरा लिया जायगा ।

'परिवार मे सरकारी कमचारी की पत्नी [महिला राज्य कर्मचारी होने की दशा, मे पति) पुन, माता, पिता, अवयस्क भ्राता अविवाहित बहनें या पुत्रिया, विधवा बहनें या पुत्र वधुए सम्मिलित हैं, यदि वे उक्त सरकारी कर्मचारी पर पूर्णतया निभर हो ।"

५ केन्द्रीय सरकार के कमचारी भारत सरकार द्वारा निर्धारित नियमो से शासित होगे ।

अनुसूची 'ख'

राजस्थान सरकार के नर्सिग कमचारी वग द्वारा ली जाने वाली फीस की अनुसूचो —

| | दिन [प्रात ६ बजे से साय ८ बजे तक | रात [साय ८ बजे से प्रात ६ बजे तक |
|---|---|---|
| १ स्टाफ नर्स तथा कम्पाउन्डर प्रथम श्रेणी के | रु० २/— | रु० ३/— सारे दिन के लिये रु० ८ सारी रात्रि के लिये रु० १५/— |
| २ मिडवाइज तथा कम्पाउन्डर द्वितीय श्रेणी के— | रु० १/५० | रु० २) (सारे दिन के लिये रु० २/— (सारी रात्रि के लिये रु० ८/— |
| ५ कम्पाउन्डर श्रेणी तृतीय तथा चतुथ के नस दाइया तथा दाइया | रु० १/— | रु० १/५०/— |

टिप्पणियाँ

१ राजस्थान सरकार के कमचारियो तथा उनके परिवार वालो को ५० प्रतिशत रियायत मिलेगी ।

२ 'परिवार" मे सरकारी कमचारी की पत्नी [महिला राज्य कमचारी होने की दशा में, पति) पुत्र माता पिता, अवयस्क भ्राता, अविवाहित बहनें या पुत्रिया विधवा बहनें, या पुत्र वधुए सम्मिलित हैं यदि वे उक्त सरकारी पर पूर्णतया निर्भर हैं ।

३ उनके वाहन की व्यवस्था या वाहन व्यय नही होगा जो अनुसूची 'क' मे निर्धारित है।

## अनुसूची 'ग'

प्रसव के सचालन करने के लिये फीस की अनुसूची —

| | प्रसव के मामले | |
|---|---|---|
| | सामान्य | असामान्य |
| | रु० | रु० |
| १ विशेषज्ञ जो ५०० १००० की वेतन श्र खला मे हो । | १००/— | १५०/— |
| २ जिला चिकित्सा तथा स्वास्थ्य अधिकारी या कनिष्ठ विशेषज्ञ जो ४०० ८०० की वेतन श्र खला मे हो । | ५०/— | ७५/— |
| ३ डाक्टर जो सी ए एस प्रथम श्रेणी के पद स्तर पर हो । | ३०।— | ४५।— |
| ४ डाक्टर जो सी ए एफ द्वितीय श्रेणी के पद-स्तर पर हो । | २५।— | ३७।५० |
| ५ स्टाफ नर्स तथा कम्पाउन्डर प्रथम श्रेणी । | १०।— | १५।— |
| ६ मिडवाइज तथा कम्पाउन्डर, द्वितीय श्रेणी । | ५।— | ६।५० |
| ७ कम्पाउन्डर श्रेणी ततीय तथा चतुथ, और नस दाइया तथा दाईया । | ४।— | ६।— |

### टिप्पणियाँ

१ राजस्थान सरकार के कमचारियो तथा उनके परिवार वालो को ५० प्रतिशत रियायत मिलेगी ।

२ उनके वाहन की व्यवस्था या वाहन व्यय नहीं होगा जो अनुसूची ख' में निर्धारित है ।

३ "परिवार में सरकारी कर्मचारी की पत्नी (महिला राज्य कमचारी होने की दशा मे पति) पुत्र, माता पिता, अवयस्क भ्राता, [　　　　][1] पुत्रियां या बहनें, विधवा बहनें या पुत्र वधुए सम्मिलित हैं यदि वे उक्त सरकारी कर्मचारी पर पूर्णतया निभर हो ।

१ शब्द 'अविवाहित' लोपित किया गया; वित्त विभाग आदेश स० एफ १ (४४) एफ डी (ई एक्स पी रूल्स) ६६ दिनांक ३ ३ १९६७

## अनुसूची 'घ'

आयुर्वेदिक विभाग के कर्मचारियों द्वारा उनकी प्राइवेट प्रेक्टिस में ली जाने वाली फीसो की अनुसूची।

| | दिन (प्रात ६ बजे से साय ८ वजे तक | रात्रि के पश्चात (साय ८ बजे से प्रात ६ वजे तक) |
|---|---|---|
| (क) आयुर्वेदिक महाविद्यालयो के प्रधानाचाय | ५/– | ७/ |
| (ख) प्रोफेसस तथा औषधि विशेषज्ञ | ४/– | ६/ |
| (ग) लेक्चरास (व्याख्याता), वैद्य श्रेणी 'क निरीक्षक तथा सहायक औपधि (अनुसधान) | ३/ | ५/ |
| (घ) वद्य श्रेणी 'ख' तथा 'ग' | २/ | ४/ |
| (ङ) नर्से तथा कम्पाउन्डर्स | १/ | २/ |

२ वाहन,व्यय निर्धारित फीस से अतिरिक्त होगा और अनुसूची 'क' के मद सं ३ में उल्लेखित दर से यदि रोगी वाहन उपलब्ध नही करे, तो लिया जायगा।

II अनुसूची 'ग' के नीचे वतमान टिप्पणी३ मे लिखित शब्द 'पुत्रिया' से पूव शब्द 'अविवाहित' लोपित किया जायगा।

(१) भारतीय सविधान के अनुच्छेद ३०९ के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुए राजस्थान के राज्यपाल प्रसन्न होकर निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात

[१](१) ये नियम राजस्थान चिकित्साधिकारी फीस नियम १९६४ कहलाएंगे।

(२) ये राज्य सरकार के काम काज से सम्बन्धित सेवा करने वाले समस्त चिकित्साधिकारियों (Medical officers) पर लागू होंगे।

### टिप्पणी

शब्द चिकित्साधिकारी मे इन नियमो के प्रयोजनाथ चीफ पब्लिक ऐनेलिस्ट' सम्मिलित है।

(३) (1) उप खण्ड (11) के प्रावधान के सिवाय, ये नियम [२]२१ नवम्बर १९२६ से लागू होने समझे जावेंगे।

(11) अनुसूची मे निर्दिष्ट दरें इन नियमों के सरकारी राज पत्र में प्रकाशित होने की तारीख से प्रभावशील होगी।

---

१ निदेश, चिकित्सा तथा स्वास्थ्य की पर्ची स ३७ एफ डी ऐरेटिन स एफ १ (४६) एफ डी/ए/आर/६१ दिनाक ३१ १० ६१, स एफ १ (१) (ए) जेन/५५ दिनाक ५ माच १९५५ दारा जोडा गया तथा राजस्थान राज्य पत्र भाग २ क दिनाक २३ अप्रेल १९५५ म प्रकाशित हुआ।

२ वित्त विभाग आदेश स एफ १ (७७) एफ डी (ई आर) ६५/४ दिनाक ६ १ ६६ द्वारा जोडा गया। इसका प्रभाव २१ ११ ६२ से होगा।

[1](i) 'पशेवर उपस्थिति' से तात्पय किसी सरकारी असपताल मे चिकित्सा के दौरान चिकित्सा के करने या शल्य चीर फाड (आपरेशन) करने से है।

(ii) पेशेवर उपस्थिति से अतिरिक्त' सेवा में विभिन्न प्रयोजनो के लिये डाक्टरी जाच तथा सरकारी प्रयोगशालाओ और सरकारी असपतालों मे किया हुआ कीटाणु सम्बन्धी, (Bacteriological) रोग निदान (Pathologicrl) तथा विश्लेषण (analytical) काय सम्मिलित है।

३ चिकित्साधिकारियो द्वारा प्राइवेट व्यक्तियो से, जो असपताल के किराये के वार्डो मे भर्ती किये गये हो, पेशेवर उपस्थिति के लिये कोई फीस नही ली जायगी।

४ (१) निदेशक चिकित्सा तथा स्वास्थ्य सेवाएं, राजस्थान की सामान्य या विशेष पूव स्वीकृति से, चिकित्साधिकारीगण जनता केन्द्रीय तथा अन्य राज्य सरकारो तथा राज्य सरकार के किसी व्यापारिक विभाग या सरकारी उद्योगो की सेवा, पेशेवर उपस्थिति से अतिरिक्त दे सकेंगे जो इन नियमो की अनुसूची मे बताई गई है और उसी मे निर्दिष्ट दरो से फीस वसूल कर सकेंगे।

परन्तु शत यह है कि कोई चिकित्साधिकारी, किसी ऐसे सामान्य या विशेष आदेशो के अधीन रहते जो इस विषय में राज्य सरकार जारी करे, उस विशेष स्थिति मे दर कम कर सकेगा जिस को वह सवित व्यक्ति की आर्थिक परस्थितियो के कारण, या सावजनिक हित के किसी अन्य कारण से, वह ऐसा करना आवश्यक समझे।

[1](२) इस प्रकार से प्राप्त की गई फीस राज्य सरकार तथा सेवा देने वाले चिकित्साधिकारी के बीच ३ तथा २ के अनुपात मे विभाजित करली जायगी अथवा जब कि सेवा प्रयोगशाला मे दी गई हो तो सरकार और प्रयोगशाला (लेबारेटरी) के अध्यक्ष के बीच ऐसा विभाजन होगा जो अपने भाग का बटवारा अपने सहायको के साथ इस प्रकार से करेगा जो वह न्यायोचित समझे।

परन्तु शत्त यह है कि किसी विश्व विद्यालय या अन्य परीक्षक सस्था को परीक्षक या व्याख्याता के रूप में दी गई सेवा के लिये प्राप्त पूरी फीस सेवा देने वाला चिकित्साधिकारी अपने पास रख सकेगा।

(३) इस नियम मे व्यक्त कोई बात चिकित्साधिकारियो को सरकारी असपतालो के बाहर जनता को ऐसी सेवा देने से वर्जित करती हुइ नही मानी जायगी जो पेशवर उपस्थिति न हो और जो इन नियमो की अनुसूची मे निर्दिष्ट सेवायें न हो, और राज सरकार द्वारा निर्धारित फीस प्राप्त करने से वर्जित करती हुई नही मानी जायगी।

परन्तु शत यह है कि राज्य सरकार किसी भी समय किसी निर्दिष्ट चिकित्साधिकारी या चिकित्साधिकारियों को जनता को पशेवर उपस्थिति के अतिरिक्त कोई अन्य विशिष्ट सेवा या सेवायें देने से वर्जित कर सकेगी।

---

१ वित्त विभाग अधिसूचना स एफ १ (१४) एफ डी (ए) रूल्स/६१ II दिनाक २३ १० ६४ द्वारा जोड़ा गया।

५ (१) सरकार के पक्ष में गवाही देने के लिये न्यायालय द्वारा बुलाया गया (सम्मन से बुलाया गया) कोई चिकित्साधिकारी ड्यूटी पर होना समझा जावेगा और कोई फीस पाने का हकदार नहीं होगा।

(२) सरकार के अतिरिक्त किसी अन्य पक्ष मे न्यायालय द्वारा सम्मन से बुलाया गया चिक्त्साधिकारी वह फीस प्राप्त करेगा जो उक्त न्यायालय निश्चित करे परन्तु उसका केवल उतना अश स्वय रख सकेगा जितना उसके आवेदन करने पर निदेशक चिकित्सा तथा स्वास्थ्य सेवामे स्वीकृत करे और शेष राशि राज्य सरकार के खाते मे जमा करायेगा ।

## अनुसूची

### टिप्पणी

जो सरकारी कर्मचारी सामान्य भविष्य निधि के सदस्य नही हैं, उनकी उक्त बकाया राशि उक्त निधि के लेखे मे तब जमा कराई जायेगी जब और जैसे ही ऐसी निधि का खाता खोला जायेगा। इस प्रकार जमा राशि पर दिनाक १ १० ६७ से सामान्य भविष्य निधि पर लागू दर पर ब्याज भी दिया जायेगा।

इस प्रकार जमा कराई गई राशि मे से आधी राशि सरकारी कर्मचारी द्वारा दिनाक १ १० ६९ को या इसके बाद वापस ली जा सकती है और शेष आधी राशि दिनाक १-१० ७१ को या इसके बाद उनकी इच्छानुसार। परन्तु यदि सरकारी कर्मचारी नौकरी छोड देता है या नौकरी में रहते समय मर जाता है तो उक्त सारी राशि उसे पूरी तरह नौकरी छोडने समय या मृत्यु के समय जैसी भी स्थिति हो वापस दी जा सकती है।

४ उक्त अनुच्छेद १ व २ के प्रावधान उन सरकारी कर्मचारियो पर भी लागू होते हैं जो इन आदेशो के जारी होने से पूर्व सेवा निवृत्त हो जाते हैं नौकरी छोड देते हैं या जो मर जाते हैं। महगाई भत्ते में वृद्धि के कारण उन्हे इन आदेशो के अधीन हो जाने वाली राशि एक साथ ही दी जाती है।

२८ [1]वित्त विभाग के आदेश सख्या एफ १ (९४) एफ डी (व्यय-नियम)/६७ दिनाक १६ १०-६७ का अधिक्रमण करते हुए एव वित्त विभाग के आदेश सख्या एफ १

[1] वित्त विभाग के आदेश सख्या एफ १ (६८) एफ डी (व्यय नियम)/६७ दिनाक २६ १० ६७ द्वारा सन्निविष्ट।

(४) (व्यय नियम)/६७ I, दिनांक ४ ३-६७ द्वारा संशोधित वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ १ (४) एफ डी (व्यय नियम)/६७-I, दिनांक ३ २ ६० मे आंशिक परिवर्तन करते हुए राज्यपाल सहर्ष यह निर्णय करते हैं कि उन सरकारी कर्मचारियों के सम्बन्ध मे, जो राजस्थान सिविल सेवा (संशोधित वेतन) नियम १९६१ के अधीन संशोधित वेतनमानों में (जो समय समय पर संशोधित होती रही है) वेतन प्राप्त करते हैं महंगाई भत्ते की दरें दिनांक १-२-६७ और दिनांक १ ६-१९६७ मे निम्न प्रकार संशोधित की जाती है —

| वेतन प्रतिमास | दिनांक १-२-६७ से प्रतिमास महंगाई भत्ता | दिनांक १-६-६७ से प्रति मास महंगाई भत्ता |
|---|---|---|
| ११० ० से नीचे | ५३ रु० | ५६ रु० |
| ११० रु० और इससे अधिक किन्तु १५० रु० से कम | ७३ रु० | ८४ रु० |
| १५० रु० और इससे अधिक किन्तु २१० रु० से कम | ९८ रु० | १०६ रु० |
| २१० रु० और इससे अधिक किन्तु ४०० रु० से कम | ११६ रु० | १२८ रु० |
| ४०० रु० और इससे अधिक किन्तु ४४६ रु० तक | १३० रु० | १४० रु० |
| ४५० रु० से ४५८ रु० तक | ऐसी राशि जिससे वेतन ५७६ रु० से कम ही रहे | × |
| ४५० रु० से ४६८ रु० तक | × | ऐसी राशि जिससे वेतन ५८६ रु० से कम ही रहे |

इससे अधिक उच्चतर वेतन-परिसरों मे वेतन पाने वाले सरकारी कर्मचारियों को देय महंगाई भत्ते की दरों में कोई परिवर्तन नही होगा।

२ (i) राज्यपाल सहर्ष यह भी आदेश प्रदान करते हैं कि राजस्थान सिविल सेवा (संशोधित वेतन) नियम १९६१ मे परिभाषित वर्तमान वेतनमानों मे वेतन प्राप्त करने वाले जिन सरकारी कर्मचारियों के परिलाभ दिनांक १-२-६७ को ४७८ रु० और दिनांक २-६-६७ को ५८८ रु० से ज्यादा नही होते हैं उन्हें उपयुक्त दिनांक को देय महंगाई भत्ते मे निम्नानुसार दी जा सकती है —

| (अ) परिलाभ प्रतिमास | दिनांक १-२-१९६७ से महंगाई भत्ते में वृद्धि |
|---|---|
| १५७ रु० से कम | ६ रु० |
| १५७ रु० और इससे अधिक किन्तु २२० रु० से कम | ७ रु० |
| २२० रु० और इससे अधिक किन्तु ३०० रु० से कम | ८ रु० |
| ३०० रु० और इससे अधिक किन्तु ५१० रु० से कम | ९ रु० |
| ५१० रु० और इससे अधिक किन्तु ५६९ रु० तक | १० रु० |
| ५७० रु० से ५७८ रु० तक | इतनी राशि जिससे परिलाभ ५७९ रु० से कम ही रहे। |

| (ख) परिलाभ प्रतिमास | दिनाक १-६-१९६७ से महगाई भत्ते में वृद्धि |
|---|---|
| १६३ रु० से कम | ६ रु० |
| १६३ रु० और इससे अधिक किन्तु २२७ रु० से कम | ७ रु० |
| २२७ रु० और इससे अधिक किन्तु ३०८ रु० से कम | ८ रु० |
| ३०८ रु० और इससे अधिक किन्तु ५१६ रु० से कम | ९ रु० |
| ५१६ रु० और इससे अधिक किन्तु ५७९ रु० तक | १० रु० |
| ५८० रु० से ५८८ रु० तक | इतनी राशि जिससे परिलाभ ५८० रु० से कम नही रहे। |

(ii) इस अनुच्छेद के प्रयोजनार्थ परिलाभो का तात्पर्य राजस्थान सेवा नियमों के नियम ७ (१४) में परिभाषित वेतन और महगाई भत्ते (महगाई वेतन सहित) को मिलाकर ही माना जायेगा।

३ राज्यपाल यह भी सहर्ष आदेश प्रदान करते हैं कि महगाई भत्ते मे वृद्धि के कारण जो रकम सरकारी कर्मचारियो को दिनाक १-१२-१९६७ से ३०-९-१९६७ की अवधि के लिए देय होगी उसकी बकाया राशि उन्हे नकद न दी जाकर प्रत्येक कर्मचारी के भविष्य निधि लेखे मे जमा करा दी जायेगी। यह भविष्य निधि सामान्य भविष्य निधि (राजस्थान सेवायें) नियम दिनाक १-१०-१९६७ के लागू होने वाले नियमो के अधीन होगी।

जो सरकारी कर्मचारी सामान्य भविष्य निधि के सदस्य नही हैं उनकी उक्त बकाया राशि उक्त निधि के लेखे मे तब जमा कराई जायेगी जब और जैसे ही ऐसी निधि का खाता खोला जायेगा। इस प्रकार जमा राशि पर दिनाक १-१० ६७ से सामान्य भविष्य निधि पर लागू दरो पर ब्याज भी दिया जायेगा।

इस प्रकार जमा कराई गई रकम में से आधी राशि सरकारी कर्मचारियों द्वारा दिनाक १-१०-६९ को या इसके बाद वापस ली जा सकती है और शेष आधी राशि दिनाक १-१०-७१ को या इसके बाद उनकी इच्छानुसार वापस ली जा सकती है परन्तु यदि सरकारी कर्मचारी नौकरी छोड देता है या नौकरी मे रहते समय ही मर जाता है तो उक्त सारी राशि उसे पूरी तरह नौकरी छोडते समय या मृत्यु के समय जैसी भी स्थिति हो वापस दी जा सकेगी।

४ उक्त अनुच्छेद १ एव २ के प्रावधान उन सरकारी कर्मचारियो पर भी लागू होते हैं जो इन आदेशो के जारी होने से पूर्व सेवा निवृत्त हो चुके हैं नौकरी छोड चुके हैं या जो मर चुके हैं। उन्हें इन आदेशो के अधीन महगाई भत्ते मे वृद्धि के कारण दी जाने वाली राशि सारी एक साथ दी जा सकेगी।

२६ [१]वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ १(४) एफ डी (व्यय नियम)/६७-II दिनाक ४ ३ ६७ को आशिक परिवर्तन करते हुए राज्यपाल सहर्ष यह आदेश प्रदान

[१] वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ १ (६४) एफ डी (व्यय-नियम)/६७, दिनाक ११ १०-६७ द्वारा सन्निविष्ट।

२ न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के अधीन निर्धारित न्यूनतम मजदूरी के अनुसरण के प्रयोजनार्थ उक्त श्रेणी (i) एवं (ii) के व्यक्तियों को देय समस्त परिलाभ का संचित मजदूरी माना जायेगा।

३ राज्यपाल यह आदेश भी सहर्ष प्रदान करते हैं कि महगाई भत्ते मे वृद्धि के कारण जो रकम सरकारी कर्मचारियो को दिनांक १-२ १९६७ से ३० ९ ६७ तक की अवधि के लिए देय होगी उसका बकाया राशि उन्हे नकद न दी जाकर दैनिक मजदूरी पर कार्य करने वाले प्रत्येक कर्मचारी के भविष्य निधि लेखे में जमा करा दी जायगी। यह भविष्य निधि सामान्य भविष्य निधि (राजस्थान सेवायें) नियम दिनांक १ १०-६७ के लागू होने वाले नियमो के अधीन होगी। इनकी उक्त बकाया राशि उक्त निधि के लेखे में तब जमा कराई जायगी जब और जसे ही ऐसी निधि का खाता खोला जायेगा। इस प्रकार जमा राशि पर दिनांक १ १० ६७ से सामान्य भविष्य निधि पर लागू दरो पर ब्याज भी जोड़ा जायेगा।

इस प्रकार जमा कराई गई रकम में से आधी राशि सरकारी कर्मचारी द्वारा दिनांक १-१० ६९ को या इसके बाद और शेष आधी राशि दिनांक १-१०-७१ को या इसके बाद उनकी इच्छानुसार वापस निकाला जा सकेगा, परन्तु यदि सरकारी कर्मचारी नौकरी छोड देता है या सेवा मे रहते ही मर जाता है तो उक्त सारी राशि उसे पूरी तरह नौकरी छोडते समय या मृत्यु के समय, जैसी भी स्थिति हो वापस दी जा सकेगी।

४ उक्त अनुच्छेद १ एव २ के प्रावधान उन सरकारी कर्मचारियो पर भी लागू होते हैं जो इन आदेशो के जारी होने से पूर्व सेवा निवृत्त हो चुके हैं नौकरी छोड चुके हैं या जो मर चुके हैं। उन्हे इन आदेशो के अधीन महगाई भत्ते में वृद्धि के कारण दी जाने वाली बकाया सारी राशि एक साथ ही दी जायेगी।

## ज्ञापन

३० [1]एक प्रश्न यह उठाया गया है कि किसी सरकारी कर्मचारी को देय विशेष वेतन की राशि जो उसी मद में नहीं उठाई गई है जिस बजट-मद मे उसका वेतन उठाया जाता है तो क्या उसके विशेष वेतन की राशि को वेतन और क्षतिपूरक भत्तो जसे महगाई भत्ता मकान किराया भत्ता आदि के साथ वेतन मे ही माना जाये या नही जिससे वेतन मे ही विशेष वेतन भी सम्मिलित हो सके।

इस मामले की जाच की गई और यह स्पष्ट किया गया है कि यदि विशेष वेतन किसी अन्य बजट मद में उठाया जाता है जिसमे कि सरकारी कर्मचारी का वेतन नहीं उठाया जाता है तो ऐसी स्थिति मे उसके विशेष वेतन और क्षतिपूरक भत्तो यथा महगाई भत्ता मकान किराया भत्ता आदि मे मिला दिया जा सकता है और इन्हे उसी बजट-मद में से उठाया जा सकता है जिसमे कि उसका मूल वेतन उठाया जाता है।

---

१ वित्त विभाग के ज्ञापन सख्या एफ १ (३५) एफ डी (व्यय नियम)/६७, दिनांक २ १ ६७ द्वारा सन्निविष्ट।

| परिलाभ प्रतिमास | दिनाक १ ११ ६७ स महगाई भत्ते मे वृद्धि |
|---|---|
| १६६ रु से कम | ६ रु |
| १६६ र और इससे अधिक किंतु २३४ रु से कम | ७ रु |
| २३४ रु और इससे अधिक किंतु ३१६ रु से कम | ८ रु |
| ३१६ रु और इससे अधिक किंतु ५२८ रु से कम | ६ रु |
| ५२८ रु और इससे अधिक किंतु ५६० रु से कम | १० रु |
| ५६० रु और इससे अधिक किंतु ६१६ रु स कम | ३३ रु |
| ६१६ रु से अधिक किंतु ६५१ रु तक | इतनी राशि जिससे परिलाभ ६५२ रु से कम ही रहे। |

३ उक्त अनुच्छेद २ के प्रयोजनार्थ परिलाभो का तात्पय राजस्थान सेवा नियमो के नियम ७ (२४) में परिभाषित वेतन और महगाई भत्ता (महगाई वेतन सहित) को मिलाकर माना जायेगा।

३३ [1]वित्त विभाग के आदेश सख्या एफ १ (६४) एफ डी (व्यय नियम)/६७, दिना ३ १० ६७ के सिलसिले मे राज्यपाल सहष आदेश प्रदान करते हैं कि सावजनिक निर्माण विभाग की समस्त शाखाओ और अन्य विभागो के दिनाक १ ११ ६७ को छ माह से कम की सेवा वाले आकस्मिक कर्मचारियो के अतिरिक्त दैनिक मजदूरी पर काय करने वाले सभी कमचारियो को चाहे वे कही भी नियोजित हो अतिरिक्त महगाई भत्ता दिनाक १ ११ ६७ से निम्नलिखित शर्तों और दरो पर दिया जा सकेगा —

(i) जो कमचारी नियमित स्वीकृत पद तो धारण नहीं कर रहे है और इसी कारण जो राजस्थान सवा नियमो के अधीन नही आते है किंतु उसी प्रकार का काम करने वाले नियमित कमचारियो पर लागू वेतनमान मे वेतन (महगाई भत्ते के अलग या सचित अ श सहित) प्राप्त कर रहे है और जिनमे राजस्थान सावजनिक निर्माण विभाग (भवन एव पथ) सहित बागान सिंचाई जल ल और आयुर्वेदिक विभाग के दैनिक मजदूरी पर काय करने वाले कमचारियो के सेवा नियम १६६४ के नियम १२ की सीमा में आने वाले कमचारी भी सम्मिलित है उन्हे वित्त विभाग के आदेश सख्या एक १ (६४) एफ डी (व्यय नियम)/६७, दिनाक १ १ १६६८ के अनुसार महगाई भत्ता दिया जा सकेगा।

(ii) छ माह से अधिक की निर तर सेवा वाले दनिक मजदूरी पर काय करने वाले आकस्मिक कमचारियो को दिनाक १-११-६७ से अतिरिक्त महगाई भत्ता निम्न लिखित दरो पर दिया जा सकेगा —

---

१ वित्त विभाग के आदेश सख्या एक १ (६४) एफ डी (व्यय नियम)/६७ दिनाक २२ १ ६८ द्वारा सन्निविष्ट।

| समय समय पर स्वीकृत महगाई भत्ते सहित मासिक मजदूरी (सचित) की राशि | दिनाक १-११ ६७ से अनिरिक्त महगाई भत्ता |
|---|---|
| १७८ रु से कम | ६ रु |
| १७८ रु और इससे अधिक किंतु २३४ रु से कम | ७ रु |
| २३४ रु और इसमे अधिक किंतु ३१६ रु से कम | ८ रु |
| ३१६ रु और इसमे अधिक किंतु ५२८ रु से कम | ९ रु |
| ५२८ रु और इससे अधिक किंतु ५६० रु मे कम | १० रु |
| ५६० रु और इससे अधिक किंतु ६१८ रु से कम | ३३ रु |
| ६१८ रु से अधिक किंतु ६५१ रु से कम | ऐसी राशि जिससे परिलाभ ६२५ रु से कम ही रहे। |

२ उक्त श्रेणी (i) और (ii) मे अकित व्यक्तियो को देय समस्त परिलाभो को न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के अधीन निर्धारित न्यूनतम मजदूरी के अनुसरण क प्रयोजनार्थ सचित मजदूरी ही माना जायेगा।

३४ [2]वित्त विभाग के आदेश सख्या एफ १ (१५) एफ डी व्यय-नियम)/६७, दिनाक २६ ४ ६७ और सख्या एफ १ (१५) एफ डी (व्यय नियम)/६७ दिनाक २४-११-६७ में स्वीकृत महगाई भत्तो की दरों की बजाय सरकारी चिकित्सालयों के ऐसे नर्सिंग स्टाफ को जिन्हें नियुक्ति की शर्त के रूप में नि शुल्क भोजन (या इसकी बजाय मैसिंग भत्ता और नि शुल्क आवास की सुविधा प्राप्त है और जो (समय समय पर सशोधित किए) नये सशोधित वेतन भत्तों में वेतन प्राप्त कर रहे हैं, राज्यपाल द्वारा सहर्ष आदेश प्रदान करने के कारण दिनाक १ ११ ६७ से नीचे लिखी दरो पर दिनाक १ ११ ६७ से महगाई भत्ता दिया जा सकेगा —

| वेतन प्रतिमास | दिनाक १ ११ ६७ से महगाई भत्ते की प्रतिमान |
|---|---|
| ११० रु से कम | ४० रु |
| ११० रु और इससे अधिक किंतु १५० रु से कम | ६६ रु |
| १५० रु और इससे अधिक किंतु २१० रु से कम | ७९ रु |
| २१० रु और इससे अधिक किंतु ४०० रु से कम | १०२ रु |
| ४०० रु और इससे अधिक किंतु ४५० रु से कम | ११५ रु |
| ४५० रु और इससे अधिक किंतु ४९९ रु से कम | ११८ रु |
| ४९९ रु से ऊपर किंतु ५३२ रु से नीचे | इतनी राशि जिससे वेतन ६१७ से कम ही रहे। |
| ५३२ रु और इससे अधिक किंतु ५४० रु तक | ८५ रु |

२ वित्त विभाग के आदेश सख्या एफ १ (१५) एफ डी (व्यय-नियम)/६७ दिनाक १३ ३-६८ द्वारा सन्निविष्ट।

१३५ वित्त विभाग आदेश संख्या एफ १(६४) एफ० डी० (एवमप रूल्स ६७) दिनांक २६ अक्टूबर १९६७ के अनुच्छेद ३ मे यह उल्लेख है कि फरवरी, ६७ से सितम्बर, ६७ तक की अवधि मे महगाई भत्त मे वृद्धि की गई राशि का भुगतान नकद में न किया जाकर कर्मचारियों के सबंधित सामान्य प्रावधिक निधि लेखा मे जमा किया जावे। इसी प्रकार जो कर्मचारी सामान्य प्रावधिक निधि के सदस्य नहीं हैं। उनके लेखा खाले जाकर उपयुक्त राशि सामान्य प्रावधिक निधि मे जमा की जायेगी। इस मामले मे पुन विचार किया जाकर राज्यपाल महोदय उपरोक्त आदेश के अनुच्छेद ३ मे वर्णित प्रावधानों मे आंशिक परिवर्तन करते हुए आदेश प्रदान करते हैं कि महगाई भत्ते की बढी हुई राशि सामान्य प्रावधिक निधि मे जमा नही की जाकर निम्नलिखित मद में जमा की जावे —

घा—अनिधि बद्ध ऋण

अन्य लेखे—

क—राज्य सरकार की बीमा निधि
महगाई भत्ते की बकाया निक्षेप आय

२ उपरोक्त आदेश को क्रियान्वित करने हेतु सबंधित आहरण व राशि वितरण अधिकारी (ड्राईंग व डिसबरसिंग आफिसर) महगाई भत्ते के बिल तयार करके सबंधित कोषागारो के इसी वित्तीय वर्ष में भेजेंगे। यह रकम वास्तव में प्राप्त न की जाकर उपरोक्त अनुच्छेद १ मे वर्णित पद मे जमा ( By book adjustmdnt ) की जायेगी।

३ (अ) सबंधित आहरण व राशि वितरण अधिकारी महगाई भत्ते के बिल को कोषागारो मे भेजने के पूर्व सलग्न फार्म की पूर्ति करेंगे व इसकी दो प्रतियां तैयार करेंगे । एक प्रति बिल के साथ कोषागारो को भेजेंगे व दूसरी प्रति कार्यालय मे रखेंगे।

(ब) उपरोक्त (अ) के आधार पर सबंधित आहरण एवं राशि वितरण अधिकारी सलग्न फार्म संख्या २ की पंजिका तयार करेंगे और उसमे प्रत्येक कर्मचारी का लेखा रखा जावेगा।

४ राजपत्रित अधिकारी जो स्वय अपने वेतन इत्यादि के बिल तैयार कर रकम प्राप्त करते हैं उनके बारे में महालेखाकार सबंधित अधिकारियो को पे स्लिप जारी करेंगे व इसके आधार पर सबंधित अधिकारी अपना बिल तैयार करेंगे और सलग्न फार्म न० १ की पूर्ति करेंगे व इसकी ३ प्रतियां तयार करेंगे । कोषाधिकारी इन प्रतियों में से एक सबंधित अधिकारी को ट्रेजरी वाउचर अकीत कर वापस करेंगे व दूसरी महालेखाकार को भेज देंगे। तीसरी प्रति कोषागार मे रहेगी । राजपत्रित अधिकारी को नकद राशि न दी जा कर इसका जमा खर्च कोषाधिकारी उपरोक्त बजट मद में

---

१ वित्त विभाग के आदेश स० एफ १ (६४) वित्त नियम/६७ दि० १३ मार्च, ६८ द्वारा जोड़ा गया।

स्वय करेंगे व फार्म २ की पंजिका में लेखा रखेंगे महगाई भत्ते की राशि का जमा खर्च चालू वित्तीय वर्ष में किया जावेगा।

५ उपरोक्त महगाई भत्ते की राशि का चुकारा किये जाने के बारे में अलग से आदेश प्रसारित किये जावेंगे।

[1]३६ इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक १३ ३-६८ के अंतिम अनुच्छेद में निर्णय दिया गया था कि महगाई भत्ते की बकाया राशि का समायोजन चालू वित्तीय वर्ष में ही किया जावे। परन्तु इस विभाग के ऐसे मामले ध्यान में लाए गए हैं जिसके अनुसार कई विभागों ने उक्त राशि के बिल को समायोजन हेतु प्रस्तुत किया है।

इस संबंध में निर्णय लिया गया है कि ऐसे बिलों का जमा खर्च चालू वर्ष के बजट प्राविजन में से किया जावे। इस खर्च की राशि के लिये सम्बन्धित विभाग अतिरिक्त फंड की राशि निश्चित करवाने हेतु नियमित विधि से वित्त विभाग (बजट) से सम्पर्क स्थापित करें।

[2]३७ वित्त विभाग के आदेश सं० एफ० १(६४) वित्त (नियम) ६७, दिनांक १३ ३ ६८ द्वारा यह आदेश प्रसारित किये गये हैं कि फरवरी ६७ से सितम्बर ६७ तक की अवधि में महगाई भत्ते में वृद्धि की गई धनराशि नगद में भुगतान न की जाकर 'धा—अनिधि बद्ध ऋण आय लेखे राज्य सरकार की बीमा निधि महगाई भत्ते की बकाया निक्षेप आय" के मद में जमा (by book adjustment) की जायगी।

२ कोषाधिकारी उपरोक्त मद के शिड्यूल की एक प्रति अधिक तैयार करेंगे जो निदेशक राज्य बीमा विभाग को भेजी जायगी।

३ जिला के साथ सलग्न फार्म १ (जिसमें कि कर्मचारी वाइज महगाई भत्ते की धनराशि का विवरण अंकित होगा) अलग किये जाकर धा अनिधि बद्ध ऋण आय लेखे राज्य सरकार की बीमा निधि-महगाई भत्तों की बकाया आय" के शिड्यूल के साथ सलग्न किये जाकर महालेखाकार, राजस्थान जयपुर को प्रेषित किये जायेंगे।

४ निदेशक, राज्य बीमा विभाग के कार्यालय में कोषाधिकारीयों से प्राप्त शड्यूलों की सहायता से, इस मद का मिलान ( reconciliation ) किया जायगा तथा मिलान करते समय यदी कोई त्रुटि का निवारण नियमानुसार कोषाधिकारी के द्वारा महालेखाकार, राजस्थान जयपुर को लिखकर करेंगे।

## फार्म १

माह फरवरी ६७ से सितम्बर ६७ तक के बकाया महगाई भत्ते की राशि के जमा/चुकारे का विवरण वित्त विभाग आदेश संख्या एफ १ (६८) एफ० डी० (एक्सपेन्डीचर रूल्स)/६७ दिनांक २६ अक्टूबर १९६७

---

[1] वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ १ (६४) वित्त (व्यय नियम)/६८ दिनांक २५ ५ ६८ द्वारा जोड़ा गया।

[2] आदेश संख्या एफ १ (६८) वित्त (नियम)/६७, दिनांक ३० ५ ६८ द्वारा निविष्ट।

किसी खास अवधि के लिए वस्तुत प्राप्त वेतन पर अत किसी महीने की टूटो अवधि के लिए या महीने की उस अवधि क लिए जिसमे कि वेतन की भिन्न भिन्न दरें प्राप्त हुई हो दोनो के लिए महगाई भत्ते की राशि महीने के दौरान स्वीकार्य विभिन्न मासिक दर के वेतन पर ड्यूटी पर विताये दिना को सख्या के लिए गणना की राशि के बराबर होगी।

**(vii) पुन नियोजित पेन्शनस को महगाई भत्ता** —जो सेवा निवृत्त सरकारी कमचारी फिर से काम पर लगाए गए है लगाए जाने वाले ह और जि ह अपनो पे शन के अतिरिक्त वेतन प्राप्त करने को स्वीकृती है तो उन्ह महगाई भत्ता प्राप्त करने का स्वीकृति तभी होगी जब उनका वेतन और पे शन दोनो मिलाकर निर्धारित आर्थिक सीमा से अधिक न हो ऐसे मामलो मे भत्ते की गणना निम्नानुसार की जाएगी —

(अ) उन अधिकारियो के मामला मे जिनका वतन और पेन्शन मिलाकर पद के स्वीकृत अधिकतम वेतन से ज्यादा हो ता भत्ता उस अधिकतम वतन पर फैलाया जाएगा।

(ब) अन्य मामलो मे भत्ता वेतन और पेशन की मिली हुई राशि पर फलाया जायेगा।

(स) जा अधिकारी अवकाश पर है उनके लिए भत्ता केवल अवकाश सवेतन पर ही लगाया जाएगा (पेन्शन को छोडकर)। पर इसमे शर्त यह है कि ऊपर के अनुच्छेद (अ) और (ब) की सीमा मे आने वाले मामलो मे महगाई भत्ता उस राशि तक सीमित होगा जो कि सगणित की हुई महगाई भत्ते की राशि मे स सरकार द्वारा अपन प शनस को समय समय पर स्वीकृति राहत की राशि को कम करने पर ठहरती हो।

**(viii) वेतन के अतिरिक्त किसी अन्य सरकार से किसी अन्य प्रकार के परिलाभ प्राप्त करने वाले लोगो को महगाई भत्ता** —इस सरकार से वेतन के अतिरिक्त किसी अन्य सरकार से वेतन अवकाश वेतन या पेन्शन जसे विभिन्न प्रकार के परिलाभ प्राप्त करने वाले सरकारी कमचारियो का महगाई भत्ता प्राप्त करने की पात्रता के लिये समस्त परिलाभो की निर्धारित सीमा से अधिक न होने की अवस्था मे उन्ह इस सरकार से प्राप्त वतन के आधार पर ही महगाई भत्ता प्राप्त हा सकेगा।

सरकार यह आदश भी सहष प्रदान करती है कि इस सशोधन के जारी होन से आवश्यक हाने पर किसी सरकारी कमचारी को स्वीकाय महगाई भत्ते की दरा में काइ परिवतन पूव व्याप्ति सहित लागू न होकर केवल दिनाक १ जनवरी १९५३ से प्रभाव शील होगा।

## राजस्थान सरकार का निणय

[1] १ सरकारी अभिवक्ता और शासकीय अभियो... होता है कि सरकारी अधिवक्ता और शासका

---

१ वित्त विभाग क आदेश सख्या

प्रश्न पर कुछ संदेह है। इस सम्बन्ध मे स्थिति बिल्कुल स्पष्ट है। सरकारी कर्मचारियो को महगाई भत्ता दिये जाने के सम्बन्ध मे दिनाक १-४ १६५० से लागू आदेशो के नीचे टिप्पणी संख्या २ (स) के अनुसार (जो कि इस विषय पर पिछले सभी आदेशो के अधिक्रमण में जारी किये गये थे) अशकालिक (पार्ट टाइम) कर्मचारियो को महगाई भत्ता स्वीकार्य नही है। चू कि सरकारी अधिवक्ता, उप एव सहायक सरकारी अधिवक्ता, शासकीय अभियोक्ता, सहायक शासकीय अभियोक्ता आदि अशकालिक कर्मचारी है अत उन्हे कोई महगाई भत्ता नही दिया जायेगा।

[1]२ सरकारी मुद्रणालयो के औद्योगिक कर्मचारियो को महगाई भत्ता —असनिक विभागो के सरकारी कर्मचारियो को स्वीकृत महगाई भत्ते की एकीकृत दरें सरकारी मुद्रणालयो के पूर्णकालिक औद्योगिक कर्मचारियो (फुटकर मद से वेतन पाने वालो को छोडकर) पर भी लागू हैं और इनके लिये राजस्थान सिविल सेवा (वेतन मानो का एकीकरण) नियम के अधीन वेतन के एकीकृत वेतन मान घोषित किये गये हैं।

[2]३ सरकार क ध्यान मे यह लाया गया है कि महगाई भत्ते की दिनाक १-४-१६५० से पूर्व प्रभावशील दरो पर ही कुछ सरकारी कर्मचारियों को वित्त विभाग के आदेश स २ मे स्वीकार्य दरो की तुलना मे अधिक लाभकारी मानकर महगाई भत्ता दिया जा रहा है।

यह तुरन्त रोका जाना चाहिए और विभागाध्यक्ष एव कार्यालयाध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि सरकारी कर्मचारियो द्वारा महगाई भत्ता दिनाक ११-१-१६५१ के आदेश के अनुसरण के अतिरिक्त अन्य किसी और आदेश के अनुसरण मे तो प्राप्त नही किया जा रहा है। यह याद रखा जाना चाहिये कि सभी आहरित-अधिकारी इस प्रकार की ज्यादा वसूलियो के लिए व्यक्तिश उत्तरदायी हैं।

[3]४ दैनिक मजदूरी पर कार्य करने वाले कर्मचारी संस्थापनाओ में महगाई भत्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग के दैनिक मजदूरी पर कार्य करने वाले कर्मचारियो को महगाई भत्ता दिये जाने सम्बन्धी प्रश्न सरकार के काफी समय से विचाराधीन था। मामले की जाच की गई है और यह निर्णय किया गया है कि जिन पदो के लिए वेतनो के वेतनमान एकीकरण नियम की अनुसूचि मे समय वेतनमान निर्धारित किया गया हैं उनके तदनुरूपी पदो पर नियुक्तियो के मामलो मे इन वेतनमानो में उक्त नियुक्तियो समुचित स्टेज पर ही माना जाना चाहिए जब यह कर लिया जाय तो सरकार के आदेश संख्या २ के अधीन तदनुरूपी सिविल सेवाओ के लिए निर्धारित दरो के अनुसार ही महगाई भत्ता भी दिया जाना चाहिए।

---

१ वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ ७ (२)- आर /५२, दिनाक ३-३-५२ द्वारा सन्निविष्ट।

२ वित्त विभाग के ज्ञापन संख्या डी २५६५ एफ II/५३, दिनाक २-५-५३ द्वारा सन्निविष्ट।

३ वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ ११ (१६) एफ II/५३, दिनाक ६-२-५४ द्वारा सन्निविष्ट।

| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ |
|---|---|---|---|---|---|
| २२११ | ३९ | १०० | १०० | १०० | १०० |
| २२१२ | ३८ | " | " | " | " |
| २२१३ | ३७ | " | " | " | " |
| २२१४ | ३६ | " | " | " | " |
| २२१५ | ३५ | " | " | " | " |
| २२१६ | ३४ | " | " | " | " |
| २२१७ | ३३ | " | " | " | " |
| २२१८ | ३२ | " | " | " | " |
| २२१९ | ३१ | " | " | " | " |
| २२२० | ३० | " | " | " | " |
| २२२१ | २९ | " | " | " | " |
| २२२२ | २८ | " | " | " | " |
| २२२३ | २७ | " | " | " | " |
| २२२४ | २६ | " | " | " | " |
| २२२५ | २५ | " | " | " | " |
| २२२६ | २४ | " | " | " | " |
| २२२७ | २३ | " | " | " | " |
| २२२८ | २२ | " | " | " | " |
| २२२९ | २१ | " | " | " | " |
| २२३० | २० | " | " | " | " |
| २२३१ | १९ | " | " | " | " |
| २२३२ | १८ | " | " | " | " |
| २२३३ | १७ | " | " | " | " |
| २२३४ | १६ | " | " | " | " |
| २२३५ | १५ | " | " | " | " |
| २२३६ | १४ | " | " | " | " |
| २२३७ | १३ | " | " | " | " |
| २२३८ | १२ | " | " | " | " |
| २२३९ | ११ | " | " | " | " |
| २२४० | १० | " | " | " | " |
| २२४१ | ९ | " | " | " | " |
| २२४२ | ८ | " | " | " | " |
| २२४३ | ७ | " | " | " | " |
| २२४४ | ६ | " | " | " | " |
| २२४५ | ५ | " | " | " | |
| २२४६ | ४ | " | " | | |

| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ |
|---|---|---|---|---|---|
| २२४७ | ३ | १०० | १०० | १०० | १०० |
| २२४८ | २ | ,, | | , | |
| २२४९ | १ | , | ,, | | , |
| २२५० | — | , | ,, | | |
| २२५१ | — | ९९ | ९९ | ९९ | ९९ |
| २२५२ | — | ९८ | ९८ | ९८ | ९८ |
| २२५३ | — | ९७ | ९७ | ९७ | ९७ |
| २२५४ | — | ९६ | ९६ | ९६ | ९६ |
| २२५५ | — | ९५ | ९५ | ९५ | ९५ |
| २२५६ | — | ९४ | ९४ | ९४ | ९४ |
| २२५७ | — | ९३ | ९३ | ९३ | ९३ |
| २२५८ | — | ९२ | ९२ | ९२ | ९२ |
| २२५९ | — | ९१ | ९१ | ९१ | ९१ |
| २२६० | — | ९० | ९० | ९० | ९० |
| २२६१ | — | ८९ | ८९ | ८९ | ८९ |
| २२६२ | — | ८८ | ८८ | ८८ | ८८ |
| २२६३ | — | ८७ | ८७ | ८७ | ८७ |
| २२६४ | — | ८६ | ८६ | ८६ | ८६ |
| २२६५ | — | ८५ | ८५ | ८५ | ८५ |
| २२६६ | — | ८४ | ८४ | ८४ | ८४ |
| २२६७ | — | ८३ | ८३ | ८३ | ८३ |
| २२६८ | — | ८२ | ८२ | ८२ | ८२ |
| २२६९ | — | ८१ | ८१ | ८१ | ८१ |
| २२७० | — | ८० | ८० | ८० | ८० |
| २२७१ | — | ७९ | ७९ | ७९ | ७९ |
| २२७२ | — | ७८ | ७८ | ७८ | ७८ |
| २१७३ | — | ७७ | ७७ | ७७ | ७७ |
| २२७४ | — | ७६ | ७६ | ७६ | ७६ |
| २२७५ | — | ७५ | ७५ | ७५ | ७५ |
| २२७६ | — | ७४ | ७४ | ७४ | ७४ |
| २२७७ | — | ७३ | ७३ | ७३ | ७३ |
| २२७८ | — | ७२ | ७२ | ७२ | ७२ |
| २२७९ | — | ७१ | ७१ | ७१ | ७१ |
| २२८० | — | ७० | ७० | ७० | ७० |
| २२८१ | — | ६९ | ६९ | ६९ | ६९ |
| २२८२ | — | ६८ | ६८ | ६८ | ६८ |
| २२८३ | — | ६७ | ६७ | ६७ | ६७ |
| २२८४ | — | ६६ | ६६ | ६६ | ६६ |
| २२८५ | — | ६५ | ६५ | ६५ | ६५ |
| २२८६ | — | ६४ | ६४ | ६४ | ६४ |
| २२८७ | — | ६३ | ६३ | ६३ | ६३ |

## महगाई भत्ते की सशोधित दरें

वित्त विभाग के आदेश स० एफ १ (६४) वित्त वि (व्यय-नियम) ६८ दि १ जनवरी १९६८ की ओर ध्यान आकर्षित कर कहा जाता है कि राजस्थान सिविल सवा (परिशोधित वेतन) नियम, १९६१ (समय समय पर यथा सशोधितानुसार के अधीन वेतन पाने वाले सरकारी कर्मचारियों पर लागू महगाई भत्ते की दरें दि १ ९ ६८ से निम्न प्रकार सशोधित की जाएगी।

| वेतन प्रति माह | दि० १ ९ ६८ से महगाई भत्ते की सशोधित दरें |
|---|---|
| ११० रु स नीचे | ७१ रु० |
| ११० रु एव इससे अधिक पर १५० रु स कम | ९८ रु० |
| १५० रु एव इससे ऊपर लेकिन २१० रु से कम | १२२ रु० |
| २१० रु एव इससे अधिक पर ४०० रु से कम | १४६ रु० |
| ४०० रु एव इसस अधिक पर ४५० रु स कम | १६० रु० |
| ४५० रु एव इसस अधिक लकिन ४९९ रु तक | १६४ रु० |
| ४९९ रु से ऊपर लेकिन ५४३ से कम | वह राशि जो ६६३ रु के वेतन से कम हो। |

उच्च वेतन श्रृखला में वेतन पाने वाले कर्मचारियों को भुगतान योग्य दैनिक भत्ते की वतमान दरों म कोई परिवतन नही होगा।

१ यह भी आज्ञा और दी गया है कि राजस्थान सिविल सेवा (सशोधित वेतन) नियम, १९६१ म यथा परिभाषित 'वतम न वेतन म न' मे वेतन पाने वाले सरकारी कर्मचारी जिनकी कि परिलब्धिया दि० १ ९-६८ को ६६३ रु से कम है उन्हे दि १ ९ ६८ से उक्त तारीख का उस पर लागू नियमों के अनुसार महगाई भत्ते म निम्न वृद्धि स्वीकृत की जाएगी —

| परिलब्धिया प्रति माह | दि० १ ९ ६८ से महगाई भत्ते मे वृद्धि |
|---|---|
| १७५ रु से नीचे | ६ रु० |
| १७५ रु एव इसस अधिक किन्तु २४१ रु से कम | ७ रु० |
| २४१ रु एव इससे अधिक किन्तु ३२४ से कम | ८ रु० |
| ३२४ रु एव इससे अधिक किन्तु ५३७ से कम | ९ रु० |
| ५३७ रु एव इससे अधिक किन्तु ६०० रु से कम | १० रु० |
| ६०० रु एव इसस अधिक कि तु ६५२ रु तक | ११ रु० |
| ६५२ रु से ऊपर लकिन ६६३ रु से कम | वह र शि जो ६६३ रु की परिलब्धि से कम पडे। |

२ उपर्युक्त पैरा के प्रयोजनार्थ परिलब्धि स तात्पर्य राजस्थान सेवा नियमो क नियम ७(२४) में यथा परिभाषित वेतन एव महगाई भत्ते (महगाई वेतन सहित) से है।

[वित्त विभाग क आदेश स० एफ १ [५६] वित्त वि [नियम] ६८ दि० ६-१२-६८]

**विषय—** लोक निर्माण विभाग एवं अन्य विभागों के कार्य प्रभृत [वर्क चार्ज्ड] कर्मचारियों को दैनिक भत्ता।

वित्त विभाग के आदेश स० एफ १ [६४] वित्त वि [व्यय-नियम]/ ६७ दि० २२-१-६८ के क्रम मे यह आदेश दिया गया है कि लोक निर्माण विभाग की सभी शाखाओं में एवं अन्य विभागो मे जब उनकी नियुक्ति की जाए, अतिरिक्त महंगाई भत्ता दि० १-६-६८ से उन आकस्मिक कर्मचारियों को जिनकी दि० १-६-६८ को छह माह से कम की सेवा है, अन्य कार्यप्रभृत कर्मचारियो को निम्न लिखित दर पर तथा निम्न शर्तों के अधीन दिया जाए —

[१] कर्मचारी जो नियमित स्वीकृत पद को धारण नही करता है एवं उसके कारण वह राजस्थान सेवा नियमो के अन्तर्गत नही आता है लेकिन अपना वेतन नियमित सरकारी कर्मचारियो पर लागू वेतन मान मे [महंगाई भत्ते के अलग हाल के साथ या समेकित (Consolidated) रूप मे] प्राप्त करता है तथा राजस्थान लोक निर्माण विभाग भवन एवं सडक व उद्यान, सिंचाई वाटर वर्क्स एवं आयुर्वेदिक विभाग के कार्य प्रभृत कर्मचारी सेवा नियम, १९६४ के नियम १२ द्वारा शासित व्यक्तियों के समान कर्तव्यो को कर रहा है तो उसे वित्त विभाग के आदेश स० एफ १ [५६] वित्त [नियम] ६८ दि० ६-१२-६८ के अनुसार महंगाई भत्ता स्वीकृत किया जा सकेगा।

[२] ६ माह से अधिक समय की निरंतर सेवा करने वाले दैनिक दरों पर नियुक्त कर्मचारीयों को दि० १-६-६८ से निम्नलिखित दरो पर अतिरिक्त महगाई भत्ता स्वीकृत किया जा सकेगा —

| समय समय पर स्वीकृत महंगाई भत्ते सहित मजदूरियो [समेकित] मासिक राशि | दि० १-६-६८ से अतिरिक्त महंगाई भत्ता |
|---|---|
| १७५ रु० से नीचे | ६ रु० |
| १७५ रु० एवं इससे अधिक परन्तु २४१ रु० से नीचे | ७ रु० |
| २४१ रु० एवं इससे अधिक परन्तु ३२४ रु० से नीचे | ८ रु० |
| ३२४ रु० एवं इससे अधिक किन्तु ५३७ रु० से नीचे | ९ रु० |
| ५३७ रु० एवं इससे अधिक किन्तु ६०० रु० से कम | १० रु० |
| ६०० रु० एवं इससे अधिक किन्तु ६५२ रु० तक | ११ रु० |
| ६५२ रु० से अधिक किन्तु ६६३ रु० से कम | वह राशि जो ६६३ रु० की परिलब्धि से कम पडे। |

२ श्रेणी [१] एवं श्रेणी [२] मे व्यक्तियों को भुगतान कराने योग्य कुल परिलब्धि को न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के अधीन निर्धारित न्यूनतम मजदूरी के अनुपालन के प्रयोजनार्थ समेकित मजदूरी के रूप मे समझा जायगा।

[वित्त विभाग के आदेश स० एफ १ [५६] वित्त वि नियम] ६८ दि० १८-१२-६८]

**विषय—** निःशुल्क भोजन एवं आवास की रियायत के लिए अधिकृत सरकारी कर्मचारियो को महगाई भत्ते की स्वीकृति।

वित्त विभाग के आदेश स० एफ १ [१५] वित्त वि [व्यय-नियम]/ ६७ दि० १३-३-६८ में स्वीकृत महगाई भत्ते की दरो के बजाए, यह आदेश दिया गया है कि सरकारी अस्पतालो के नर्सिंग स्टाफ के कर्मचारी जो कि निःशुल्क भोजन [या उसके बदले भोजन भत्ता] एवं निःशुल्क

आवास की सुविधा अपनी नियुक्ति की शर्त के रूप में पाने के लिए अधिकृत हैं, एवं जो अपना वेतन [समय समय पर यथा संशोधित] संशोधित वेतन मान में पा रहे हैं, उन्हें दि० १-९-६८ से निम्न दर पर महगाई भत्ता स्वीकृत किया जाएगा —

| वेतन प्रति माह | दि० १-९-६८ से प्रति माह महगाई भत्ते की दरें |
|---|---|
| ११० रु० से नीचे | ४६ रु० |
| ११० रु० एवं इससे अधिक पर १५० रु० से कम | ७१ रु० |
| १५० रु० एवं इससे अधिक पर २१० रु० से कम | ८७ रु० |
| २१० रु० एवं इससे अधिक पर ४०० रु० से कम | १११ रु० |
| ४०० रु० एवं इससे अधिक पर ४५० रु० से कम | १२५ रु० |
| ४५० रु० एवं इससे अधिक पर ४९९ रु० तक | १२९ रु० |
| ४९९ रु० से अधिक किन्तु | वह राशि जो ६२८ से कम पड़े। |

[वित्त विभाग के आदेश स० एफ १ [१५] वित्त वि [नियम] ६७ दि० १८-१२-६८]

**विषय** — महगाई भत्ता- १०००रु से १०१९ रु आदि के बीच की वेतन श्रृंखला में वेतन पाने वालों के लिए फर्क का समायोजन।

वित्त विभाग के आदेश स० एफ १[४] वित्त वि [व्यय-नियम] ६७-I दिनांक ३-२-६७ के परा १ में आंशिक रूपान्तर करते हुए यह आदेश दिया गया है कि संशोधित वेतन मान में १००० रु० एवं इससे अधिक परन्तु १०१९ रु० से नीचे तक वेतन पाने वाले सरकारी कर्मचारियों का फर्क का समायोजन स्वीकृत किया जा सकेगा ताकि वेतन एवं महगाई भत्ता दोनों मिलकर १११९ रु० से अधिक न हो।

२ उपरोक्त आदेश के परा २ में रूपान्तरण करते हुए यह आदेश दिया गया है कि [समय समय पर संशोधित अनुसार] राजस्थान सिविल सेवा [संशोधित वेतन] नियम १९६१ में यथा परिभाषित वर्तमान वेतन' में वेतन प्राप्त करने वाले सरकारी कर्मचारियों को जिनकी कि परिलब्धियां १००० रु० एवं इससे अधिक या १११९ रु० से कम हैं, महगाई भत्ते में वृद्धि उस दर पर स्वीकृत की जाएगी जो का १११९ रु० से कम पड़ती हो।

३ ये आदेश १-१२-६७ से प्रभावी होंगे।

[वित्त विभाग के आदेश स० एफ १ (४) वित्त वि० [नियम / ६७ दि० ८-१-६९

**विषय** — महगाई भत्ते के अंश को वेतन के रूप में गिना जाना।

राज्यपाल ने निदेश दिया है कि वर्तमान नियमों एवं आदेशों में रूपान्तरण करते हुए नीचे परे २ में निर्दिष्ट महगाई भत्ते की राशी को उन सरकारी कर्मचारियों के मामले में जो कि राजस्थान सिविल सेवा [संशोधित वेतन] नियम १९६१ के अधीन परिशोधित वेतन मान/संशोधित वेतनमान में या राजस्थान सिविल सेवा [नवीन वर्तमान] नियम, १९६९ के अधीन नवीन वेतन मान में वेतन प्राप्त करते हैं, एतद् पश्चात् विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए एवं सीमा तक 'वेतन' के रूप में मानी जाएगी।

२ चूंकि विभिन्न पदों से संलग्न वेतन मान में तथा उस आधार में जिस पर कि महगाई भत्ता सर्वाधित किया जाता है कोई परिवर्तन नहीं होगा अतः स्वीकार्य महगाई भत्ते में से निम्न लिखित राशी को नीचे विनिर्दिष्ट श्रेणियों में वेतन के लिए महगाई वेतन के रूप में गिना जाएगा।

| वेतन श्रेणी | महगाई वेतन की राशी |
|---|---|
| १० रु० से नीचे | ४७ रु० |
| ११० रु० एव इससे प्रधिक लेकिन १५० रु० से कम | ७० रु० |
| १५० रु० एव इससे प्रधिक पर २१० रु० से कम | ६० रु० |
| २१० रु० एव इससे प्रधिक पर ४०० रु० से कम | ११० रु० |
| ४०० रु० एव इससे प्रधिक पर ४६६ रु० तक | १२० रु० |
| ४६६ रु० एव इससे प्रधिक | वह राशि जो ६१६ रु० के वेतन स कम हो। |

पेंशन एव उपदान (ग्रेच्युटी)

३ महगाई वेतन पेंशन एव उपदान के लिए' परिलब्धि ' मे गिनी जाएगी। इस प्रयोजनार्थ राजस्थान सेवा नियमो के नियम २५० एव २५० क के अधीन गिनी गई परिलब्धियो को उक्त परिलब्धियो के समकक्ष वेतन के अनुकूल महगाई वेतन को जोडकर बढाया जाएगा तथा उपरोक्त नियमो के नियम २५१ के अधीन अन्तिम औसत परिलब्धि उक्त आधार पर निश्चित की जाएगी।

जो व्यक्ति पैरा ३ के अधीन लाभ प्राप्त करने के पात्र हैं, उन्हे पेंशन म किसी भी प्रकार की अस्थायी वृद्धि नही दी जाएगी।

**जोधपुर अ शदायी भविष्य निधी**—निधी म सरकारी कर्मचारियो द्वारा दिए गए अभिदान का राशि एव सरकारी बोनस की राशि से गणित करन के प्रयोजनार्थ जिस वेतन पर ये अ शदान आधारित है उनके अनुकूल मह ग ई वतन को उस वेतन के अ श के रूप म समजा जाएगा । इस प्रयोजनार्थ, ये आदेश १ माच, १६६६ से प्रभावी होगे। फिर भी शर्त यह है कि जहा सरकारी कर्मचारी १ दिसम्बर १६६८ से अभिदान को बकाया राशि का भुगतान करना च हता हो तो यह रियायत उस तारीख स प्रभावशाली होगी। निधि नियमो के अन्तगत स्वीकृ में विशिष्ट अ शदान की राशि सगणित करने के प्रयोजनार्थ जिस वेतन पर ये अ शदान आधारित हैं उसके अनुकूल महग ई वतन को उन व्यक्तियो के सम्बन्ध म जो १-१२-६८ को या उसके पश्चात सेवा निवृत्त हो रहे है उस वेतन के भाग के रूप में समझा जाएगा।

क्षतिपूरक भत्ता [मकान किराया भत्ता सहित] आदि

७ महगाई वतन को निम्न लिखित प्रयाजना के लिए वतन समझा जाएगा।

[क] वित विभाग के आदेश स० एफ १ [६] वित्त वि [व्यय नियम] ४ II दि० २३-६-६४ के अधीन स्वीकाय क्षतिपूरक [नगर] भत्ता।

**विषय**—जयपुर म पद स्थापित सरकारी कर्मचारियो को क्षतिपूरक (नगर) भत्ते की स्वीकृति।

वित्त विभाग के आदेश स एफ १ (६) वित्त वि० (व्यय नियम) ६४ II दि २३ ६ ६४ के रूपान्तरण म राज्यपाल महोदय न आदेश दिया है कि सरकारी कर्मचारी जो जयपुर म पदस्थापित किए गए हैं एव जो (समय समय पर संशोधित अनुसार) राजस्थान सिविल सेवा संशोधित वेतन) नियम १६६१ म या राजस्थान सिविल सेवा (नवीन वेतन मान) नियम १६६६ में वेतन प्राप्त कर रहे हैं उन्हे क्षतिपूरक (नगर) भत्ता निम्न दरों पर स्वीकृत किया जा सकेगा—

| | |
|---|---|
| ५०० रु स नीचे | वेतन का ५ प्रतिशत किन्तु न्यूनतम ५ रु एव अधिकतम १० रु |
| ५०० रु एव इसस अधिक | वह राशि जो ५०१ रु से वेतन से कम पड़े। |

ये आदेश १-१२ ६८ से प्रभावी होंगे।

(वित्त विभाग के आदेश स० एफ १(२७) वि वि (नियम) ६६ दि० ६ ६-६६)

(ख) राजस्थान सेवा नियम भाग २ के परिशिष्ट १७ में अन्तर्विष्ट मकान किराया भत्ता।
नियमों के अधीन स्वीकार्य मकान किराया भत्ता ।'

किराए की वसूली

(महगाई वेतन) को सरकारी आवास सुविधा के लिए अधिकृत करने, एवं उसके लिए किराए की वसूली के प्रयोजनार्थ राजस्थान सिविल सेवा (आवासीय सुविधा के किराए का निश्चयन, एवं वसूली) नियम, १९५८ के नियम ३५ में यथा पारिभाषित 'परिलब्धियां' के भाग के रूप में गिना जाएगा। इस प्रयोजनार्थ म आदेश ि १-३ ६९ से प्रभावशील होंगे ।

अवकाश वेतन

अवकाश वेतन वर्तमान की भांति ही (महगाई वेतन को हटाकर) गिना जाएगा एवं तब महगाई भत्ते की दर साधारण तरीके से निकाली जानी चाहिए एवं इस प्रकार जो राशि आए उसे एक भाग को उपयुक्त पैरा २ के अनुसार महगाई वेतन के रूप में गिना जाना चाहिए ।

परन्तु शर्त यह है कि (भारत में अथवा बाहर) सेवा निवृत्ति पूर्व प्रथम चार माह से अधिक के अवकाश काल म, यदि अवकाश पूर्ण- वेतन पर हो तो अवकाश वेतन के या अन्यथा प्रकार से हो तो उक्त राशि के आधे वेतन के अनुकूल महगाई वेतन के समकक्ष राशि का महगाई भत्ता स्वीकृत किया जा सकेगा ।

भारत के बाहर प्रतिनियुक्ति एवं भारत के बाहर प्रशिक्षण काल मे महगाई भत्ते की स्वीकार्यता—

९ किसी भी एक देश म प्रतिनियुक्ति पर अपने रहने के प्रथम छह माह में भारत के बाहर प्रतिनियुक्ति/प्रशिक्षण पर गया सरकारी कर्मचारी को महगाई भत्ता उसी दर पर जिस पर कि यदि व प्रतिनियुक्ति पर रवाना न होने पर प्राप्त करते होते तथा उसके बाद प्रतिनियुक्ति काल में वेतन के अनुकूल महगाई वेतन के समकक्ष दरों पर स्वीकृत किया जाएगा ।

यात्रा भत्ता

१० महगाई वेतन को यात्रा भत्ता (मील भत्ते एवं दनिक भत्ते सहित) वेतन के रूप मे गिना जाएगा । फिर भी रेल की सुविधा प्राप्त करने हेतु इसे वेतन' के रूप में नही गिना जाएगा। यह १ मार्च, १९६९ से या उसके बाद प्रारम्भ की जाने वाली यात्राओं के लिए लागू होगा ।

बच्चों की नि शुल्क शिक्षा एवं ट्यूशन फीस की प्रति पूर्ति—

११ महगाई वेतन को बालकों की निःशुल्क शिक्षा एवं ट्यूशन फीस की प्रतिपूर्ति की स्वीकार्यता के लिए वेतन की सीमा निश्चित करने म वेतन के रूप म गिना जाएगा। इस प्रयोजनार्थ, ये आदेश १ ३ ६९ से प्रभावशील होंगे ।

अग्रिम

१२ 'महगाई वेतन' को अग्रिमों जसे सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के अधीन भवन निर्माण अग्रिम, वाहन अग्रिम की स्वीकार्यता की मात्रा एवं सीमा को निश्चित करने के प्रयोजनार्थ 'वेतन' के रूप म गिना जाएगा । इस प्रयोजनार्थ ये आदेश १-३ ६९ से प्रभावशील होंगे ।

लागू होने की तारीख

जब विशिष्ट रूप से अन्यथा प्रकार से प्रावहित न किया गया हो, ये आदेश १ १२ ६८ से प्रभावशील होंगे ।

परिसीमाएं

१४ इन नियमों में निर्दिष्ट किए गए के अतिरिक्त महगाई वेतन को किसी अन्य प्रयोजन के लिए 'वेतन नहीं समझा जाएगा । उदाहरण के लिए तो महगाई वेतन को वेतन निर्धारण के

लिए या वतन वृद्धि ग्राहरित करने या प्रतिनियुक्ति भत्ता स्थिर करने के लिए नही गिना जाएगा और न ही इसे महगाई भत्ते के ग्राहरित करने के लिए गिना जाएगा। इसे न तो वेतन बिलो में और न सेवा अभिलेख म अलग तत्व के रूप म दिखाया जाएगा।

ये आदेश निम्न पर लागू नही होंगे—

(१) आर ए एस एव आई पी एस सेवा के सदस्या के लिए

(२) ठेके पर नियुक्त व्यक्ति

(३) व्यक्ति जिन्हे वेतन की समेकित दर स्वीकृत की जाती है तथा जो महगाई भत्ता प्राप्त नही करते है।

(४) व्यक्ति जो अशकालिक कमचारी हैं एव जिन्हे आकस्मिक निधियो (Contingencies) से भुगतान किया जाता है।

(५) अन्य सरकार से प्रतिनियुक्ति पर आए हुए व्यक्ति।

१६ वित्त विभाग के आदेश स० एफ १ (७३) वित्त वि/नियम/६२ दि० २८-३-६३ एव स० एफ ४(४) वित्त वि (व्यय-नियम) ६३ दिनाङ्क १-८-६३ वापिस लिए जाते हैं।

१७ निम्न के सम्बन्ध मे अलग आदेश जारी किए जाएगें —

(१) सरकारी कमचारी जो राजस्थान सिविल सेवा (सशोधित वेतन नियम १९६१ (समय समय पर सशोधित अनुसार) मे यथा परिभाषित वतमान वेतनमान मे वेतन पा रहे हैं।

(२) भूतपूव अजमेर राज्य के कमचारी जिन्होने पुरान वतन मान के लिए विकल्प दिया है एव जो राजस्थान सवा (सेवा शर्तो का सरक्षण) नियम, १९५७ के नियम १४ के अर्थानुसार महगाई वेतन प्राप्त करते हैं।

(३) सरकारी कामचारी जो सेवा की शर्तो के रूप म नि शुल्क भवन एव भोजन की सुविधा प्राप्त करने के पात्र हैं।

वित्त विभाग के आदेश स० एफ १ (७) वित्त वि (नियम) १९६९ दिनाङ्क ७-४-६९)

## परिशिष्ठ १७

### मकान किराया भत्ता स्वीकृति के नियम

(देखिये नियम ४२)

[१] राजस्थान सेवा नियमा के नियम ४२ मे निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए जयपुर जोधपुर, अजमेर, माउन्टआबू कोटा, बीकानेर गगानगरटाउन और उदयपुर मे पदस्थापित सरकारी कमचारियो को मकान किराया भत्ता स्वीकार करने के नियम —

[२] नियम १ लागू होने की सीमा और आरभ —

ये नियम उन सरकारी कमचारियो पर लागू होगे जो जयपुर जोधपुर, अजमेर, माउन्ट आबू, कोटा, बीकानेर [३] (गगा नगर टाउन) और उदयपुर मे पदस्थापित हो या सेवा कर रहे हो।

[४] राजस्थान सरकार का आदेश —[विलुप्त किया गया]

राजस्थान सरकार का णय सख्या [५] [विलुप्त]

[६] स्पष्टीकरण —नियम १ को सही सीमा के सम्बन्ध में स देह व्यक्त किये गये हैं। यह स्पष्ट किया जाता है कि मकान किराया भत्ता केवल जयपुर जोधपुर, आदि नगरो की नगर पालिका सीमाओ के भीतर ही स्वीकार्य है पूरे जिलो में नही।

[१] २ कब स्वीकाय नहीं है —निम्न को मकान किराया भत्ता स्वीकार्य नही होगा —

(i) सरकार द्वारा जिस सरकारी कमचारी को वास-स्थान प्रदत्त किया गया हो।

या

---

१ वित्त विभाग के आदेश सख्या एफ ३५ (२) आर/५१ दिनाक २३-१-५१ द्वारा सन्निविष्ट तथा आदेश सख्या एफ १ (४५) एफ डी (व्यय-नियम) /६५, दिनाक २५-८-६५ द्वारा प्रतिस्थापित।

२ वित्त विभाग के आदेश सख्या एफ १(२४) एफ डी (व्यय नियम)/६४, दिनाक २३-६-६४ द्वारा प्रतिस्थापित।

३ वित्त विभाग के आदेश सख्या एफ १(४५) एफ डी (व्यय नियम) ६५, दिनाक २८ ८ ६५ द्वारा सन्निविष्ट एव दिनाक १-८-६५ से प्रभावशील।

४ राजस्थान सरकार का निर्णय सख्या १ वित्त विभाग के आदेश सख्या एफ १(३) एफ डी (व्यय नियम)/६५ दिनाक १८ २ ६५ द्वारा विलुप्त तथा दिनाक १-८-६४ से प्रभावशील।

५ राजस्थान सरकार का निर्णय सख्या २ वित्त विभाग के आदेश सख्या एफ १(३) एफ डी (व्यय-नियम) /६५ दिनाक १८ २ ६५ द्वारा विलुप्त तथा दिनाक १-८ ६५ से प्रभावशील।

६ वित्त विभाग के आदेश सख्या एफ १(४५) एफ डी (व्यय नियम) /६५ दिनाक ६-१-६६ द्वारा सन्निविष्ट।

[1] राजस्थान सेवा नियमो के नियम ४२ के उप नियम २ (i) की सीमा के विषय मे सन्देह व्यक्त किये गए है। मामले पर विचार किया गया है और यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि किसी सरकारी कर्मचारी को उसे मिलने वाले क्वाटर से भिन्न श्रेणी के क्वाटर मिले और वह उस लेने से मना करदे तो इन नियमो के प्रयोजनार्थ उसका मना करना।

(ii) किसी सरकारी कर्मचारी को सरकार की विशेष स्वीकृति से सरकारी वास-स्थान दिया गया हो और उसने उसे लेने से मना कर दिया हो तो ऐसी स्थिति को छोडकर मनाही' नही माना जायेगा।

[2] (iii) अथवा जहा सरकार की विशेष स्वीकृति से किसी सरकारी कर्मचारी ने सरकार से मकान बनवाने के लिए अग्रिम लेकर या अल्प आय-वर्ग के लिए आवास-योजना या किसी अन्य योजना तथा किसी अन्य सरकारी सूत्र से रुपया प्राप्त करके मकान बनवाया हो और उसे बेच दिया हो अथवा किसी अन्य प्रकार से उसका निवर्तन कर दिया हो तो ऐसी स्थिति को छोडकर उसका मना करना मनाही नही माना जायेगा।

## टिप्पणी

मकान किराया भत्ता उस समय स्वीकार किया जाता है जब कि मूलत किसी मकान के लिए अग्रिम स्वीकार किया गया हो और वह मकान बाढ, आग अथवा अन्य किसी आकस्मिक कारण से नष्ट हो गया हो अथवा किसी पारिवारिक सम्पत्ति मे बटवारा होने से वह मकान सरकारी कर्मचारी की सम्पत्ति ही न रहा हो।

## राजस्थान सरकार का निर्णय

[3] २ नियम २ के अनुसार यदि कोई सरकारी कर्मचारी सरकारी वास स्थान मे रह रहा है या जिसे सरकारी वास दिया गया है/दिया गया था। किन्तु उसने उसे लेने से मना कर दिया है। कर दिया था तो ऐसी स्थिति मे उसे मकान किराया भत्ता नही दिया जायेगा। सरकारी वास स्थानो की कमी को ध्यान मे रखते हुए यह निश्चय किया गया है कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी सरकारी वास मे रहने के बाद उसे छोड देता है या उसे सरकारी वास दिये जाने पर उसे स्वीकार करने से मना कर देता है तो उसे ३१-१२-७० तक मकान किराया भत्ता दिया जा सकता है बशर्ते कि —

(i) वह अन्य सब प्रकार से नियमो के अधीन मकान किराया भत्ता पाने का पात्र है और

---

१ वित्त विभाग के ज्ञापन सख्या ३५८६ /एफ ३५ (२) आर/५१, दिनाक २०-७-५६ द्वारा सन्निविष्ट।

२ वित्त विभाग के आदेश सख्या एफ ७(ए) (८) एफ डी ए (रूल्स) /५९, दिनाक १५ ४ ५६ द्वारा सन्निविष्ट।

३ वित्त विभाग के ज्ञापन सख्या एफ ११ (६) एफ II/५४, दिनाक ५-१-६५ द्वारा सन्निविष्ट एव वित्त विभाग के आदेश सख्या एफ १(३) एफ डी (व्यय नियम) /६५ दिनांक १-६-६५ और १६-५-६७ द्वारा प्रति स्थापित।

(ii) दिनांक ३१-१२-७० तक उसी स्थान पर पद स्थापित होने पर लिखित मे सरकारी वास न मागने की अपनी सहमति अंकित कर देता हैं।

२ यह भी निर्णय किया गया है कि जिस सरकारी कर्मचारी ने पहले ही सरकारी वास छोड़ दिया है अथवा इन आदेशों के जारी होने से पूर्व ही सरकारी वास में रहने से मना कर दिया था और अब मकान किराया भत्ता प्राप्त नही कर रहा है तो ऐसे कर्मचारी को दिनांक १-६-६५ मे उक्त अनुच्छेद १ मे अंकित शर्तों के अधीन मकान किराया भत्ता दिया जा सकता है।

यह आदेश दिनांक १-६-६५ से प्रभावशील होगा।

[1]स्पष्टीकरण —राज्य सरकार के समक्ष एक मामला प्रस्तुत हुआ जिससे यह जानकारी चाही गई कि क्या मकान भत्ता नियमों (परिशिष्ठ १७ राजस्थान सेवा नियम खण्ड २) के अन्तर्गत मकान किराया भत्ता व कर्मचारी जो देवस्थान विभागीय ईमारतो म रहते हैं पाने के अधिकारी है।

इस प्रसग मे यह स्पष्ट किया जाता है कि एस कर्मचारी जो किसी भी सरकारी इमारत/मकान/भवन (चाहे देवस्थान/सार्वजनिक निर्माण विभाग आदि के हो ) में रहते हैं मकान किराया भत्ता उपरोक्त नियमो म पाने के अधिकारी नही हैं अत उन्हे मकान किराया भत्ता नही मिलेगा

३ मकान मालिक पात्र नहीं —इस योजना के अधीन वह सरकारी कर्मचारी जिसका जयपुर या जोधपुर मे मकान है, मकान किराया भत्ता पाने का पात्र नही होगा।

[1] इस नियम के प्रयोजनार्थ उक्त नगरो की नगरपालिका सीमाओ में स्थित मकान को मकान मालिक का मकान माना जायगा।

[2] २ विभागाध्यक्ष मकान का अनुमोदन तथा दिये गये किराये का औचित्य प्रमाणित करते समय उसमे यह भी अंकित करेगा कि मकान नगरपालिका सीमाओ मे ही स्थित है।

[3] ३ यदि किसी सरकारी कर्मचारी के पास कोई पैतिक मकान है या उसका हिस्सा किसी पैतक मकान में हैं तो इन नियमो के प्रयोजनार्थ उसे मकान का मालिक माना जायगा और उसे मकान किराया भत्ता प्राप्त नही हो सकेगा।

## सरकार का निर्णय

[4] १ यह निर्णय किया गया है कि यदि सरकारी कर्मचारी मकान बनाने के लिए अग्रिम सामान्य वित्तिय एवं लेखा नियमो के अध्याय १७ के अधीन प्राप्त करता है या अल्प आय वर्ग के लिए आवास योजना/मध्य आयवर्ग के लिए आवास योजना या

---

१ वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ १(१५) एफ डी (व्यय नियम) ६५, दिनांक ६ १०-६५ द्वारा सन्निविष्ट।

२ वित्त विभाग का आदेश संख्या एफ १(४५)एफ डी (ई आर) /६५ दिनांक १३-७-६६

३ वित्त विभाग का व्यय नियम आदेश संख्या एफ १(३६) एफ.डी (ई आर) / ६५ दिनांक १४-१२-६५

४ वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ १(३४) एफ डी ए /रूल्स/ ६१, दिनांक २३ ८-६१ और ११-५-६२ द्वारा प्रतिस्थापित।

अपने भविष्य निधि ग्रीमे मे से प्लाट खरीदने या मकान बनाने ,के लिए कर्जा प्राप्त करता है ता उसे मकान किराया भत्ता मिलना निम्न प्रकार बन्द हो जायेगा —

[1] (1) यदि अग्रिम या कर्ज की राशि किसी श्रोत से एक साथ एक मुश्त मे प्राप्त हो तो प्राप्ति के १२ माह बाद। यदि कर्जे या अग्रिम की राशि किश्तो मे प्राप्त हो तो

*(अ) एक या अधिक श्रोता से कर्जे या अग्रिम की किश्त प्राप्त होने के १८ महीने बाद या*

(ब) किसी एक श्रोत से एक मुश्त और अन्य श्रोत से किश्तो मे प्राप्त होने के १८ महीने बाद या

(स) एक से अधिक श्रोतो से एक मुश्त प्राप्त होने के १८ महीने बाद।

यह आदेश दिनाक १६-३-६४ से लागू होगा।

मकान बनाने के लिए अग्रिम। कर्जे को प्राप्त करने वाला अधिकारी ही मकन के रहने के लिये तैयार होने का तिथि की सूचना स्वय के अराज पत्रित कमचारी होन की स्थिति मे विभागाध्यक्ष को और स्वय के राजपत्रित सरकारी कमचारी होने की स्थिति मे नियुक्ति कर्त्ता प्राधिकारी को देने के लिये उत्तरदायी होगा। विभागाध्यक्ष। नियुक्ति कर्त्ता प्राधिकारी मकान किराया भत्ता रोकने का सुनिश्चयन करेंगे एव राजपत्रित सरकारी कमचारी मकान के रहने के लिये तयार हाने की तिथि स मकान किराया भत्ता वसूल करना बन्द कर देंगे और महालेखाकार को अपनी वेतन पर्ची (पेस्लिप) सशोधित करने के लिय लिखेंगे।

यदि सरकारी कमचारी को मकान खरीदने के लिये अग्रिम ऐसे स्थान पर स्वीकृत हुआ है जहा पर कि उसको इन नियमा के अधीन मकान किराया भत्त भी स्वीकाय है तो ऐसी स्थिति में इन नियमो के अधीन मकान किराया भत्ता निम्न प्रकार स्वीकाय नही होगा —

(i) खरीदे हुए मकान म वास करने की तारीख से, या

(ii) अग्रिम की राशि के प्राप्त हाने की तिथि के बाद चार माह समाप्त होने की तिथि स, जो भी पहले हो।

तथापि अपवादात्मक परिस्थितियो म सरकार इस चार माह की अवधि म आवश्यकतानुसार छूट भा तब दे सकता है जबकि सरकार के सन्तोष मे यह साबित हो जाय कि सरकारी कमचारी अपने नियत्रण से परे कारणा से उस मकान म अग्रिम प्राप्ति के चार माह के भीतर ही रहन के लिये न पहुँच सका हो।

जो मामले इससे पूव तय किये जा चुके हा उन्हे फिर स उठाये जान की जरूरत नहीं।

[2] मकान किराया भत्ता प्राप्त करन के प्रयोजनाथ।

अपने स्वय के मकान म रहता हुआ माना जायेगा और तदनुसार ही ऐसे कमचारी को कोई मकान किराया भत्ता नहीं मिल सकेगा।

---

१ वित्त विभाग के आदेश सख्या एफ १(७०) एफ डी (व्यय नियम)/६५ दिनाक १५ १२ ६५ द्वारा प्रतिस्थापित।

२ वित्त विभाग आदश सख्या एफ १(८) एफ डी (७। रूल्स/६१ दिनाक २८-३-६१ और

४ [1] कब स्वीकार्य है —किसी सरकारी कर्मचारी को यह भत्ता तभी स्वीकार्य होगा जबकि उसने किसी निर्धारित प्रक्रिया मे, यदि ऐसी कोई हो, आवास के लिए प्रार्थना पत्र दिया हो किन्तु जिसे ऐसा कोई वास स्थान प्रदान नही किया गया हो।

[2] सरकारी निर्णय

१ ठेके पर रहने वाले अधिकारीयो को स्वीकार्य —एक प्रश्न यह उठाया गया है कि मकान किराया भत्ता नियमो के अनुसार किसी ऐसे अधिकारी को भी मकान किराया भत्ता क्या मिल सकता है कि जिसकी सेवाएँ ठेके पर हो।

इस मामले पर विचार किया गया है और यह तय किया गया है कि वैसे तो ठेके के आधार पर नियोजित सरकारी कर्मचारी को मकान किराया भत्ता मजूर करने में कोई एतराज नही होना चाहिये किन्तु ठेके की शर्तों के अनुसार इस विषय मे विशेष प्रावधान होने चाहिये कि ऐसे मामलो मे मकान किराया भत्ता स्वीकार्य होगा या नही होगा।

जहा वर्तमान ठेका के सम्बध मे विशेष प्रावधान किये गये हो वहा ठेके की ऐसी सेवाओ के सम्बध मे स्थिति की अच्छी तरह से सबधित विभागो द्वारा वित्त विभाग के परामर्शानुसार जाच की जानी चाहिये और उचित निर्णय किया जाना चाहिये।

ऐसे मामलो मे सभावित सन्देह उत्पन्न ही न हो सके, इसके लिए ठेके की शर्तों मे ही ऐसी किसी स्थिति पर विशेष रूप से निर्णय कर लिया जाना चाहिये।

५ आवास स्थान का माप —उस आवास स्थान का माप जिसमे कि सरकारी कर्मचारी को रहना है यही है कि वह स्थान सरकारी कर्मचारी के स्तर के अनुकूल हो एव कर्मचारी के अराजपत्रित होने पर कार्यालयाध्यक्ष द्वारा अनुमोदित हो किन्तु कर्मचारी के राजपत्रित होने की स्थिति में विभागाध्यक्ष द्वारा अनुमोदित हो। यदि सरकारी कर्मचारी स्वय ही विभागाध्यक्ष हो तो इसका अनुमोदन सम्बन्ध प्रशासनिक विभाग द्वारा किया जाना चाहिये।

[3] अपवाद —इस नियम के प्रयोजन हेतु पुलिस इन्सपेक्टर्स के मामले मे रेंज के उप महानिरीक्षक पुलिस सक्षम प्राधिकारी माने जायेंगे।

टिप्पणी

१ आवास का माप शब्दावली म केवल आवास म सम्मिलित करने को नही समझे जायेंगे। अपितु इनमे अन्य चार्जे जैसे कमरे का साइज, लोकेलिटी एव अन्य सुविधायें और किराया आदि भी मिलेगा।

२ [4]आवास का माप बनाने मे किराया एक माप है। अत आवास का माप स्वीकार करने म सक्षम प्राधिकारी को स्वीकार्य किराये की उपयुक्तता पर भी ध्यान देना चाहिये और जितना

---

१ वित्त विभाग के आदेश सख्या एफ १(२४)/६२, दिनाक ६-११-६२ द्वारा प्रतिस्थापित।

२ वित्त विभाग के ज्ञापन सख्या एफ II (३१) दिनाक ६-४-६४ द्वारा सन्निविष्ट।

३ अपवाद वित्त विभाग के आदेश सख्या एफ ७ए (४२) एफ डी (ए) आर/६० दिनाक २०-११-६० द्वारा सन्निविष्ट किया गया।

४ टिप्पणी स० २ वित्त विभाग के आदेश स० एफ ३५ (२) आर/५१ दि० १६-८-५१ द्वारा सन्निविष्ट।

किराया दिया जाना वह उचित समझे-उतने की सीमा तक को उसे अनुमोदन करना चाहिये। यह कम किया हुआ या सीमित किराया ही तब मकान किराया भत्ते की गणनावट के लिये आधार माना जावेगा।

[1]३ इस नियम के प्रावधान उस सरकारी कर्मचारी पर लागू नहीं होंगे जो ५३३ रु० प्रतिमास तक वेतन प्राप्त करता है। तथापि मकान किराया भत्ता प्राप्त करने का दावा करने वाले सरकारी कर्मचारी द्वारा नियम ६ के उपनियम (१) के अधीन इस विषय का एक प्रमाण पत्र देना होगा कि वह किराए पर लिए हुए आवास स्थान में रह रहा है, और वर्तमान नियमों के अधीन आवास स्थान का माप अनुमोदन करने वाले सक्षम प्राधिकारी द्वारा, इस प्रमाण पत्र को प्रति हस्ताक्षरित किया जायगा। ऐसे सरकारी कर्मचारी को सरकारी आवास स्थान प्राप्त न होने का कोई प्रमाण पत्र भी नहीं देना पडेगा। इस टिप्पणी के प्रयोजनार्थ वेतन शब्द का नियम ६ के नीचे दी हुई टिप्पणी में परिभाषित किया जावेगा। (दिनांक १-८-६४ से प्रभावशील)

[2]अनुदेश —नियम ६ (१) के अधीन मकान किराया भत्ता वसूल करने वाले राजपत्रित अधिकारी के सम्बन्ध में उसके स्वयं द्वारा दिया हुआ यह प्रमाणपत्र कि वह किराये के मकान में रह रहा है आवास स्थान का माप अनुमोदन करने वाले सक्षम प्राधिकारी द्वारा पूर्णतया प्रति हस्ताक्षरित कराकर महालेखाकार को भेजा जाना चाहिए ताकि किराये का भुगतान प्राधिकृत करके उसका आडिट किया जा सके।

इस अनुदेश के प्रयोजन हेतु उप आयुक्त (प्रशासन) वाणिज्यिक कर को उनके मण्डल में पद स्थापित अधिकारियों के सम्बन्ध में उक्त प्रमाण पत्रों को प्रति हस्ताक्षर करने के लिए सक्षम प्राधिकारी माना जावेगा।

### [3]सरकारी निर्णय

यह निर्णय किया गया है कि जब राजपत्रित अधिकारियों का आवास स्थान माप एक बार सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित हो जाय तो उन राजपत्रित अधिकारियों के मकान किराया भत्ते का हर छठें महीने किराए की रसीदों के आधार पर निम्न प्राधिकारी द्वारा सत्यापन किया जाना चाहिए बशर्ते कि सम्बद्ध राजपत्रित अधिकारी उस निम्न प्राधिकारी के अधीनस्थ हो।

### [4]सरकारी निर्णय

यह भी निर्णय किया गया है कि कोई सरकारी कर्मचारी मकान किराया भत्ता पाते हुए किराए के प्राईवेट मकान को बदल कर सामान्य प्रशासन विभाग की पूर्व स्वीकृति बिना उच्चतर

---

१　टिप्पणी संख्या ३ वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ १ (३) एफ डी (व्यय नियम)/६५ दिनांक १८-२-६५ द्वारा सन्निविष्ट।

२　वित्त विभाग के आदेश स एफ १ (३) एफ डी (व्यय नियम)/६५ दिनांक १३-७-६६ और दिनांक १४ ४ ६७ द्वारा सन्निविष्ट।

३　वित्त विभाग के आदेश स डी ६०४४/एफ १ (सी) (४) एफ डी ए (नियम) ६० दिनांक ३०-१-६० द्वारा सन्निविष्ट।

४　वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ १ (१५) एफ डी (व्यय नियम)/६६ दिनांक १-६-६६ द्वारा सन्निविष्ट।

किराए के मकान में चला जाता है तो उसे मकान किराया भत्ता पुराने मकान के दिए हुए किराए के आधार पर उस तिथि तक दिया जाना चाहिए जिससे कि सामान्य प्रशासन विभाग में सरकार द्वारा उसके बदले हुए आवास का माप अनुमोदित किया जाए।

पहले निर्णय किए हुए विगत मामलों को फिर से छेड़ने की आवश्यकता नहीं है, किन्तु विचाराधीन मामलों को इन आदेशों के अधीन विनियमित किया जा सकता है।

१३ यदि कोई सरकारी कर्मचारी एक ही भवन में दो मालिकों के दो संलग्न भवनों में रहता हो तो उसके द्वारा घेरे हुए किराए के समस्त स्थान का मकान किराया भत्ता स्वीकार करने के लिए विचाराथ से लिया जा सकेगा परन्तु शर्त यह है कि वह स्थान सम्बन्धित सरकारी कर्मचारी के स्तर के अनुकूल हो।

६ भत्ते की दरें —किराये के मकान में रहने वाले सरकारी कर्मचारी को इतना भत्ता दिया जा सकेगा जो दिए हुए किराये और दिनांक १-३-५४ से ३०० रु० प्रति मास से कम वेतन पाने पर उसके वेतन के १०% के अन्तर के बराबर हो अथवा दिए हुए किराए और दिनांक १-८ ६४ से ४०० रु० से कम वेतन पाने पर इस वेतन पाने पर इस वेतन के ७½% के अन्तर के बराबर हो। दिए हुए किराये में फर्नीचर का किराया या उसका कोई अंश सम्मिलित नहीं है। यह किराया भत्ता निम्नलिखित सीमाओं के अधीन दिया जावेगा —

(अ) सरकारी कर्मचारी का वेतन रु० ३००/- रु ४००/- रु प्रतिमास से कम होने पर १०%

(ब) सरकारी कर्मचारी का वेतन ३०० रु/४००/- रु प्रतिमास होने या अधिक हो किन्तु १००० रु प्रतिमास से कम होने पर उपान्त-समजन के अधीन ७½%

(स) सरकारी कर्मचारी का वेतन १००० रु प्रतिमास या इससे अधिक होने पर सरकारी कर्मचारी के वेतन के १०% और १७५ रु में जो अन्तर हो उसके बराबर।

[२]६(अ) दिनांक १ ८ ६४ से प्रभावशील मकान किराये भत्ते की संशोधित दरें —

(१) जिस सरकारी कर्मचारी को ५३३ रु प्रतिमास तक वेतन प्राप्त होता है और जो किराये के आवास स्थान में रहता है तो उसे निम्नांकित दरों के अनुसार मकान किराया भत्ता दिया जा सकेगा जो उसको वेतन वर्ग के अनुसार इस प्रकार होगा —

---

१ वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ १ (१५) एफ डी (व्यय-नियम)/६६ दिनांक १-६ ६६ द्वारा सन्निविष्ट।

२ मकान किराये भत्ते की संशोधित दरें दिनांक १-८-६४ से वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ १ (३) एफ डी /ई आर /६५ दिनांक १८ २ ६५ द्वारा प्रभावशील।

| वेतन वर्ग | | | | | स्वीकार्य मकान किराया भत्ते की दरें |
|---|---|---|---|---|---|
| (i) ६० रु से कम | | | | | ६ रु प्रतिमाह |
| (ii) ६० रु और इससे अधिक किन्तु | | | | ७५ रु से कम | ७.५० रु प्रति माह |
| (iii) ७५ रु | ,, | ,, | ,, | १०० रु ,, | १० रु ,, ,, |
| (iv) १०० रु | ,, | ,, | ,, | १२५ रु ,, | १२.५० रु ,, ,, |
| (v) १२५ रु | ,, | ,, | ,, | १५० रु ,, | १५ रु ,, ,, |
| (vi) १५० रु | ,, | ,, | ,, | १७५ रु ,, | १७.५० रु ,, ,, |
| (vii) १७५ रु | ,, | ,, | ,, | २०० रु ,, | २० रु ,, ,, |
| (viii) २०० रु | ,, | ,, | ,, | २५० रु ,, | २५ रु ,, ,, |
| (xi) २५० रु | ,, | ,, | ,, | ३०० रु ,, | ३० रु ,, ,, |
| (x) ३०० रु | ,, | ,, | ,, | ३५० रु ,, | ३५ रु ,, ,, |
| (xi) ३५० रु से ५३३ रु तक | | | | | ४० रु ,, ,, |

(२) जिस सरकारी कमचारी को ५३३ रु प्रतिमाह से अधिक वेतन मिलता है और जो किराये के मकान मे रहता है तो उसे किराया-भत्ता उस राशि के बराबर होगा जो उसके दिये हुए किराये और वेतन के १०% के अन्तर को निकालकर बचेगी। दिये हुए किराये मे फर्नीचर का किराया या उसका अ श सम्मिलित नही है। उक्त अन्तर के बराबर को राशि का किराया भी निम्न सीमाओ के अधीन हो उसे दिया जायेगा —

| | |
|---|---|
| (अ) उस सरकारी कमचारी को ५३३ रु प्रतिमाह से अधिक किन्तु १००० रु प्र माह से कम वेतन प्राप्त होता है। | ७½% उपात्त समजन के अधीन |
| [1]उस सरकारी कमचारी को जिसे १००० रु *प्रति माह या इससे अधिक वेतन मिलता हो* | ७½% अथवा २२५ रु और *सरकारी कमचारी के वेतन* के १०% मे अन्तर, जो भी कम हो। |

[1]ये आदेश दिनाक १-७-१९६६ से प्रभावशील होंगे।

[2]राजकीय निर्णय

१ सशोधित नियम ६ तारीख १-३-१९५४ से प्रभावशील था, परन्तु वास्तव म कतिपय राजपत्रित अधिकारियो के मकान किराया भत्ते की मागों के सम्बन्ध म लेखापाल कार्यालय द्वारा

---

१ वित्त विभाग के आदेश सख्या एफ १ (३) एफ डी (व्यय नियम)/६५ दिनाक १८-२-६२ द्वारा सन्निविष्ट एव आदेश सख्या एफ १ (४४) एफ डी (व्यय नियम)/६६ दि १८ ८ ६६ द्वारा प्रतिस्थापित।

२ वित्त विभाग ज्ञापन स एफ १ (४१) एफ/डी-ए/रूल्स/६२ दिनांक १६-११-६३ द्वारा अन्तर्गापित किया गया।

१ १० १९५३ से प्रभावित कर दिया गया। उसके फल स्वरूप कतिपय मामलों में १ १० १९५३ से २८ २ १९५४ की अवधि का भत्ता वापस वसूल कर लिया गया।

यह निर्णय हुआ है कि उपरोक्त उल्लिखित वित्त विभागीय आदेश के अधीन देय राशि से अधिक किराया भत्ता राशियां जो वसूल की गई, वह सम्बन्धित राज्य कर्मचारियों को लौटा दी जावें।

तदनुसार ऐसा राज पत्रित राजकीय कर्मचारी जो १ १० १९५३ से २८ २-१९५४ की अवधि के सम्बन्ध में मकान किराया भत्ते की वसूल शुदा राशि वापस पाने का हकदार है, वह ऐसी वापसी के लिये इस ज्ञापन के जारी होने की तारीख से ६ मास के भीतर महालेखापाल राजस्थान को सीधा आवेदन कर सकेगा। ऐसा करते समय जहां तक संभव हो, वह विवरण प्रस्तुत करे, जैसा कि वसूल की गई राशि खजाने का नाम वसूली की तारीख, वाउचर का क्रमांक जहां कि वसूली बिला में से हुई हो, तथा, यदि नकद जमा कराई हो, तो चालान का क्रमांक।

यदि कोई अधिकारी उपरोक्त मियाद के भीतर आवेदन नहीं करेगा, तो वापसी की कोई अनुमति नहीं दी जायगी।

१२ आज्ञा प्रदान की गई है कि ऐसा राजकीय कर्मचारी जो राजस्थान सिविल सर्विसेज (रिवाइज्ड पे) रूल्स के १९६१ अधीन १ — ९ — १९६१ से संशोधित वेतन श्रृंखला के लिये निर्वाचित करता है और उपरोक्त नियमों के अधीन रु १५०। प्रति मास से कम वेतन उठाता हो तो यदि भत्ता राशि १-९-१९६१ को संशोधित वेतन पर अनुज्ञ मकान किराया भत्ते से अधिक थी तो उसे जो मकान किराया भत्ता ३१-८-१९६१ को देय था वही १-९-१९६१ से उस समय तक अनुज्ञ होगा जब तक कि वह १-९-१९६१ के पश्चात् अगली वेतन वृद्धि उपार्जित न करे, या वह ऐसे पद पर नियुक्त न हो जावे जिसकी वेतन श्रृंखला उससे अधिक हो जो उसे १-९-१९६१ को अनुज्ञ थी-इनमें से जो भी पहले घटित हो जाय।

ऊपर निर्दिष्ट मकान किराया भत्ता नियम ऊपर बताई गई सीमा तक संशोधित समझे जावेंगे।

यह आदेश १ सितम्बर १९६१ से प्रभावशील होना समझा जायगा।

टिप्पणी

१ [वित्त विभाग आदेश स एफ ३५ (२०) एफ डी (ई-आर) ५७ दिनाङ्क ३१-३-५४ द्वारा संशोधित।]

२ [१] इस नियम के प्रयोजनार्थ वेतन में पेन्शन सम्मिलित है। जो राजकीय कर्मचारी निम्नलिखित है वह मकान किराया भत्ते के रूप में वही राशि उठाने का हकदार होगा जो वह निवर्तन से तुरन्त पूर्व उठा रहा था बशर्ते कि वह यह प्रमाणित करदे कि वह किराये के मकान में अब तक रहता है और जिस प्रयोजन के लिये वह स्वीकृत है उसी के लिये व्यय करता है।

यह आदेश ७-६-१९६५ से प्रभावशील है।

---

१ एफ १ (२०) एफ डी/ई-आर/६५, दिनाङ्क ११-८-६५ द्वारा स्थानापन्न किया गया।

२ वित्त विभाग आदेश स एफ १ (८२) एफ डी/ए/रूल्स/६२, दिनाङ्क १७-१२-६२ तथा इसी सख्या का दिनांक ३१-१२-६२ द्वारा प्रत्यावर्तित किया गया।

३ इन नियमो के प्रयोजनार्थ शब्द 'किराया' से तात्पर्य किसी राजकीय कमचारी द्वारा भुगतान किये गए ऐसे व्यय से है जो उसके द्वारा काबिज असुसज्जित [Unfurnished] मकान के लिये समझा गया हो और इसम नगर पालिका का गृह-कर और मकान मालिक द्वारा देय नगर विकास न्यास का नागरीक कर [Urban assesment] सम्मिलित है लेकिन उसमे मलवाहन कर [Conservancy tax] जल-कर विद्युत शुल्क जसे सेवा कर सम्मिलित नहीं हैं जो वैध रूप से किरायादार द्वारा देय होते है।

[१] स्पष्टीकरण —मकान किराया भत्ता नियमा के नियम ६ के नीचे टिप्पणी सख्या २ (वित्त विभाग के आदेश सख्या एफ १ (३०) एफ डी (व्यय-नियम) । ६६ दि० ११ ८ ६५ द्वारा सन्निविष्ट) की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता हैं जिसमे कि मकान किराया भत्ता नियमो के प्रयोजन हेतु 'वेतन' शब्द को परिभाषा दी हुई है।

यह सदेह व्यक्त किए गए है कि नियुक्ति विभाग की विज्ञप्ति सरया एफ १ (६) नियुक्ति (ए० II)/६१ दि० १६-३ ६१ के अनुसार सरकारी कमचारी को स्वीकृत "योग्यता वेतन" को इन नियमा की खातिर वेतन माना जाए अथवा नही।

मामले पर विचार किया गया है और यह स्पष्ट किया जाता है सरकारी कम चारी को स्वीकृत योग्यता वेतन" को इन नियमा के प्रयोजनाथ वेतन ही माना जावेगा।

[२] ६(अ) [ विलोपित ]

[२] ७ किस प्रकार विनियमित होगा —(i) यदि एक या अधिक वयस्क लोग जो कि सरकारी कमचारी के परिवार से सम्बधित नही है, किसी मकान के हिस्से मे रहते हो अथवा उसी मकान का कोई हिस्सा किसी अशासकीय व्यक्ति को उप-किराए पर दे दिया जाए तो मकान किराए भत्ते की फलावट के लिए वस्तुत दिये गये किराये की राशी का $\frac{2}{5}$ भाग कम भरा जायेगा।

(ii) यदि किसी मकान का कोई हिस्सा उप-किराए पर दिया जाए या कोई दूसरा सरकारी कमचारी उसमे हिस्सेदार हो तो किराया भत्ते उसी सरकारी कमचारी को प्राप्त होगा जिसने कि पूरा मकान किराए पर लिया है और इन नियमो के अधीन दूसरा सरकारी कमचारी कोई मकाना किराया भत्ता प्राप्त करने का अधिकारी नही होगा। ऐसे मामला मे मकान किराए भत्ते की राशि की फलावट के लिए दूसरे सर कारी कमचारी के वेतन के १०% मे से वास्तव मे दिए गए किराए को घटा दिया जायगा।

---

१ वित्त विभाग के आदेश सख्या डी ६०४४/एफ I (सी) (४) एफ डी ए (नियम)/६० दिनाक ३० १ ६० द्वारा विलोपित।

२ वित्त विभाग के आदेश सख्या एफ १ (५६) एफ डी (व्यय नियम)/६२ दिनाक ७-२ ६३ द्वारा प्रतिस्थापित।

## टिप्पणियां

(i) यदि पति और पत्नी दोनों ही सरकारी सेवा मे हों और दोनों ही ऐसे स्थान पर पद स्थापित हो जहां कि मकान किराया भत्ता स्वीकाय है तो ऐसी स्थिति मे दोनों म से जिस को उच्चतर वेतन मिलता है वही मकान किराया भत्ता पाने का हकदार होगा और उसे उप-नियम (ii) के अनुसार मकान किराया भत्ता गणना करके दिया जावगा तथा दूसरे को इन नियमो के अधीन कोई मकान किराया भत्ता नही दिया जावेगा।

(ii) इस नियम के अधीन मकान किराया भत्ता प्राप्त करने का दावा नियम ८ (अ) और ८ (ब) म प्रावहित प्रमाण-पत्र सख्या (२) द्वारा समर्थित होना चाहिए।

आगे यह भी आदेश दिया जाता है कि यह सशोधन आदेश जारी होने की तारीख से प्रभावशील होगे जो मामल इन सशोधना मे लिए गए तरीका के अतिरिक्त ढग से पहले ही तय कर लिए हैं उन्हे फिर स छडने की जरूरत नहीं है।

[1] अपवाद —इस नियम के प्रावधान नियम ६ (१) के अधीन मकान किराया भत्ता दावा का करने वाले सरकारी कमचारी पर लागू नही होगे। तथापि यदि पति और पत्नी दोनो ही सरकारी सेवा में हो और दोनो ही ऐसे स्थान पर पद स्थापित हो कि जहा मकान किराया भत्ता स्वीकाय है तो उनमे से उच्चतर वेतन प्राप्त करने वाला ही मकान किराया भत्ता पाने का अधिकारी होगा और इन नियमो के अधीन दूसरा कोई मकान किराया भत्ता नही पा सकेगा।

## टिप्पणी

[2] जो व्यक्ति कुल पेंशन की राशि इतनी पाता है जो १०० रु० महीने से अधिक नहीं है (इसमें पेंशन की अस्थाई वृद्धि और मृत्यु सह सेवा निवृत्ति-ग्रेचुइटी के बराबर पेंशन भी सम्मिलित है) किंतु जो किसी सरकारी कमचारी पर किसी प्रकार निर्भर है और उसी के साथ रहता भी हैं तो उसे उस सरकारी कमचारी के परिवार का सदस्य ही माना जावेगा।

## ३ स्पष्टीकरण

वित्त विभाग के आदेश सम सख्या दिनाक १३-७-६६ के अनुच्छेद II के द्वारा मकान किराया भत्ता नियमो के नियम ७ के नीचे एक अपवाद सन्निविष्ट किया गया है। एक प्रश्न यह उठाया गया है कि कौन सी तिथि से यह उपयुक्त अपवाद प्रभावशील माना जाना चाहिये।

मामले पर विचार किया गया है, चूंकि नियम ६ (१) के अधीन वेतन वर्गों के आधार पर मकान किराया भत्ता दिनाक १-८-६४ से दिया जाता है अत मकान

---

१ वित्त विभाग के आदेश सख्या एफ १ (३) एफ डी (व्यय-नियम)/६५ दिनाक १३-७ ६६ द्वारा सन्निविष्ट।

२ वित्त विभाग के आदेश सख्या एफ ७०३ (१)/५६-एफ ७ ए (४३) एफ डी ए (रूल्स)/ ५६ दिनाक ७ १२ ५४ द्वारा सन्निविष्ट।

३ वित्त विभाग के ज्ञापन स० एफ १(३) एफ डी (व्यय नियम) ६५ दिनाक २१-१२-६६।

किराया भत्ता नियमो के नियम ७ के प्रावधान ऐसे मामलो पर प्रभावहीन हो गये हैं। तदनुसार यह स्पष्ट किया जाता है कि उपयु क्त कथित अपवाद दिनाक १-८-१९६४ से प्रभावशील माना जाना चाहिये।

### [1]सरकार का निर्णय

एक प्रकरण सरकार की जानकारी मे आया है जिसमे कि उपयु क्त प्रसगित उपनियम (७) के अधीन दो सरकारी कर्मचारी (पति और पत्नी) मकान किराया भत्ता प्राप्त कर रहे थे। पत्नी रियायती छुट्टी के अतिरिक्त अन्य किसी अवकाश पर चली गई और इस अवकाश की अवधि मे वह किसी भी मकान किराये भत्ते की हक्दार नही थी। अत एक प्रश्न यह उठा कि पति का मकान किराया भत्ता दिये गये कुल किराये के आधार पर क्या फिर से फ्लावट करके तय किया जाय। मामले पर विचार करके यह तय किया गया है कि चू कि वतमान नियमो के अधीन स्वीकाय किराया भत्ता दो सरकारी कमचारियो (पति और पत्नी) मे जो कि एक ही मकान मे हिस्सेदार मे उनके वेतन के अनुपात म वट जायेगा अत यदि पत्नी छुट्टी पर चली जाय और इस छुट्टी के दौरान वह किसी किराया भत्ते की हक्दार नही हो तो किराये भत्ते की पुन फ्लावट करने का दिये हुए कुल किराये के आधार पर प्रश्न उठता ही नही है। दूसरे शब्दो म पति को स्वीकाय मकान किराया भत्ता पत्नी के अवकाश की अवधि म जिसमे कि वह किसी प्रकार का किराया भत्ता पाने की हकदार ही नही थी, बढ नही जायेगा।

जो मामले पहले किसी अन्य प्रकार से तय कर दिये गये हो उन्हे फिर से छडने की कदापी आवश्यक्ता नहीं है।

८ *प्रमाण-पत्र —मकान किराया भत्ता प्राप्त करने के लिये इन नियमो के* अधीन उन वेतन विलो के साथ निम्न प्रमाण-पत्र सलग्न किये जाने चाहिये जिन मे मकान किराया भत्ता उठाया जा रहा हो ताकि भत्ते का दावा समर्थित हो सके —

(अ) कार्यालयाध्यक्ष द्वारा *अराजपत्रित अधिकारियों के मामले मे हस्ताक्षर* किये जाने योग्य —

१ प्रमाणित किया जाता है कि सरकारी कमचारी जिसका कि इस बिल मे मकान किराया भत्ता उठाया जा रहा है न सरकारी मकान के लिये अर्जी दी थी किन्तु उसे ऐसी अभियाचित जगह रहने के लिये नही दी गई है।

[2]**अनुदेश** —नियम ६ (१) के अधीन मकान किराया भत्ता उठाने वाले कमचारी के विषय में यह प्रमाण-पत्र देने की कोई जरुरत नही है।

२ सरकार द्वारा निर्धारित प्रमाण-पत्र सरकारी कमचारी से जिसका कि इस बिल मे मकान किराया भत्ता उठाया जा रहा है, प्राप्त कर लिये गये है तथा मैं इस बात से सन्तुष्ट हूँ कि यह मकान किराये भत्ते का दावा नियमानुसार है।

---

१ वित्त विभाग के आदेस सख्या एफ ५ (२) आर/५१ दिनाक ६-७-५८ द्वारा सन्निविष्ट आदेश कि तिथि से प्रभावशील।

२ वित्त विभाग के आदेश सख्या एफ १ (३) एफ डी (व्यय-नियम)/६५ दिनाक ३१ ७ ६५ द्वारा सन्निविष्ट।

[1]३ मैं यह भी प्रमाणित करता हूँ कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मैंने सरकारी मकान के लिये प्रार्थना-पत्र दिया था किन्तु जिस अवधि का मकान किराया भत्ता उठाया जा रहा है उसमें ऐसी कोई जगह मेरे रहने के लिये सरकार से प्राप्त नहीं हुई है।

हस्ताक्षर
पद "

[2]अनुदेश —यह प्रमाण-पत्र उस सरकारी कर्मचारी के विषय में दिये जाने की जरूरत नहीं है जो नियम ६ (१) के अधीन मकान किराया भत्ता प्राप्त कर रहा है।

(ब) मकान किराया भत्ता प्राप्त करने वाले सरकारी कर्मचारी द्वारा हस्ताक्षरित होने योग्य —

(१) मैं प्रमाणित करता हूँ कि —

(अ) मेरा " मे मकान नहीं है। मेरा स्वय का मकान है किंतु मुझे सरकार के आदेश संख्या " दिनांक " द्वारा किराये के मकान मे रहने की इजाजत दे दी गई है।

[3](ब) मैं " मे दिनांक " से दिनांक तक किराये के मकान मे रह रहा हूँ ( जिसके मालिक मेरे माता या और पिता आदि नहीं है )

(स) मेरे द्वारा दावा की गई मकान किराये भत्ते की " रु की राशि वस्तुत मेरे द्वारा मकान किराये के लिये दी गई मासिक राशि से फर्नीचर रहित मकान के लिये मेरे वेतन रु० मासिक की ७½% राशि से और फर्नीचर सहित मकान के लिये मेरे वेतन की १०% राशि से अधिक है।

[4]अनुदेश —नियम ६ ( १ ) के अधीन मकान किराया भत्ता उठाने वाले सरकारी कर्मचारी के सम्बन्ध मे यह प्रमाण-पत्र देने की कोई आवश्यकता नहीं है।

(२) मैं यह भी प्रमाणित करता हूँ कि जिस किराये के मकान के लिये मैंने मकान किराया भत्ता प्राप्त करने का दावा किया है उसके किसी हिस्से को मैंने किसी को उप-किराये पर नहीं दिया है और न उसके किसी हिस्से में मेरे परिवार के और मुझ पर ही पूर्णतया निर्भर वयस्क व्यक्तियों के अतिरिक्त कोई अन्य वयस्क व्यक्ति रहता है।

---

१ वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ १ (२४) एफ डी (ए) नियम/६२ दिनांक ९-११ ६६ द्वारा संनिविष्ट।

२ वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ १ (२४) एफ डी (व्यय-नियम)/६२ दिनांक १३ ७ ६६ द्वारा सन्निविष्ट।

३ वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ १ (२२) एफ डी (ई आर)/६१ दिनांक २ ६-६४ द्वारा प्रति स्थापित।

४ वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ १ (१३) एफ डी (व्यय नियम) ६५ दिनांक १३ ७ ६६ द्वारा सन्निविष्ट।

[1]अनुदेश—नियम ६ (१) के अधीन मकान किराया भत्ता उठाने वाले सरकारी कमचारी के सम्बन्ध मे उक्त प्रमाण-पत्र देने को आवश्यकता नही है।

[2](३) मैं यह भी प्रमाणित करता हूँ कि मने निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सरकारी आवास स्थान के लिये प्राथना-पत्र दिया था किन्तु मुझे ऐसी कोई जगह रहने के लिये उस अवधि के दौरान प्रदान नही की गई है जिसके लिये मैंने किराया भत्ता पाने का दावा किया है।

[1]अनुदेश—नियम ६ (१) के अधीन मकान किराया भत्ता उठाने वाले सरकारी कमचारी के सम्बन्ध मे यह प्रमाण पत्र देने की कोई आवश्यकता नही है।

हस्ताक्षर

पद

## राजस्थान सरकार का निर्णय

मकान किराया भत्ता नियमा के नियम ८ मे कुछ ऐसे प्रमाण पत्र है जो कि उस बिल के साथ लगाये जाते हैं जिससे सरकारी कमचारी का मकान किराया भत्ता उठाया जा रहा है। चूकि इस भत्ते का दिया जाना उस मकान किराये पर निभर है जो कि वस्तुत सरकारी कमचारी द्वारा दिया जाता है अत यह वाछनीय है कि किराया की रसीदा के सन्दर्भ से विभागाध्यक्ष या कार्यालय ध्यक्ष द्वारा यह जाच की जाती रहनी चाहिये ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि भत्ता सरकार द्वारा इस सम्बन्ध म जारी किये गये नियमा के अनुसार ही दिया जा रहा है। यह जांच अक्सर जितनी हो सके यथा सभव की जाती रहनी चाहिये। कुछ कार्यालयो मे ता यह रिवाज हो गया है कि किराया की रसीदें हर माह कार्यालय म प्रस्तुत की जाती हैं यह तरीका यथा समव अपनाया जाना ही चाहिये।

यह सुनिश्चित करने के लिये कि यह कम से कम छ माह मे एक बार किया जाता है। सरकार सहष आदेश प्रदान करती है अराजपत्रित अधिकारियो के सम्बन्ध मे बिल उठाने वाले कार्यालयाध्यक्ष फरवरी और अगस्त के बिलो म एक अतिरिक्त प्रमाण-पत्र ऐसा दें कि उन्होन पिछले जनवरी और जुलाई की किराये की रसीदा की जाच कर ली है तथा इन रसीदो से उन्होन यह भी चक कर लिया है किराया भत्ता जाच करने पर उन रसीदों के अनुसार सही पाया गया है। राजपत्रित अधिकारियो के सम्बन्ध म सक्षम प्राधिकारी प्रति वष २० फरवरी और २० अगस्त को ऐसा प्रमाण-पत्र अलग से भेजेंगे कि उन्होन पिछली जनवरी और जुलाई की किराये की रसीदें चक कर ली हैं और यह पाया है कि दिया गया मकान किराया उस राशि से कम नही है जिसके आधार पर कि मकान किराया भत्ता स्वीकार हुआ था।

२ महालखाकार राजस्थान ने सरकार की जानकारी मे यह बात लाई है कि वित्त विभाग के आदेश सख्या डी ३१६०/एफ II १५३ दिनाक ८-८-५३ के उन अनुदेशा का विभागाध्यक्षों

---

१ वित्त विभाग के आदेश सख्या एफ (१२) एफ डी (व्यय नियम)/६५ दिनाक १२ ७ ६६ द्वारा सन्निविष्ट।

२ वित्त विभाग के आदेश सख्या एफ १ (२४) एफ डी (ए) नियम/६२ दिनाक ६ ११ ६२ द्वारा प्रतिस्थापित।

कार्यालयाध्यक्ष द्वारा अनुपालन नहीं किया जा रहा है जिनके अनुसार कि उन्हें राजपत्रित अधिकारीयो क सम्बध मे प्रतिवष २० फरवरी और २० अगस्त को सक्षम प्राधिकारी का इस विषय का एक प्रमाण-पत्र देना होगा है कि उन्होने पिछली जनवरी और जुलाई की किराये की रसीदो की जाच कर ली है और लिया हुआ किराया सरकार द्वारा जारी किये गये नियमों के अनुसार ही हैं।

उक्त प्रयाजनाथ बनायी गई प्रक्रिया का कडाई के साथ अनुपालन किया जाना चाहिये तथा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये कि इस सम्बन्ध में अपेक्षित प्रमाण पत्र महालेखाकार राजस्थान को अविलम्ब भेजे जाते हैं इस काय के लिये सक्षम प्राधिकारी विभागों के अध्यक्ष है और यदि सरकारी कमचारी स्वय ही विभाग का अध्यक्ष हो तो सरकार का प्रशासन विभाग इस विषय मे सक्षम होगा।

३ एक प्रश्न यह उठाया गया था कि समय समय पर यथोचित एव वित्त विभाग के जारी किये हुए आदेश सख्या एफ ३५ (२) आर/५१ दिनाक २३-६-५१ के अधीन जारी जयपुर और जोधपुर में पद स्थापित या सेवा कर रहे सरकारी कमचारियो को मकान किराया भत्ता स्वीकार करने के लिये नियम ६ के अधीन अपेक्षित प्रमाण-पत्र देना क्या छुट्टिया स्वीकृत होने या अस्थायी स्थानान्तरण की स्थिति म भी आवश्यक होगा जब कि ऐसे कमचारी अस्थानान्तरणीय हैं।

इस मामले की जाच की गई है और यह निर्णय किया गया है कि चू कि ऐसे कर्मचारियो का छुट्टी की अवधि समाप्त होने पर किसी अन्य स्थान पर स्थानान्तरण नहीं हो सकता है अत उनके मामला में उक्त प्रकार के प्रमाण-पत्र दिये जाने की कोई आवश्यकता नही है।

ऐसे कमचारी, जिनका अन्य स्थान पर स्थानान्तरण नही हो सकता है और जिनके सम्बन्ध में उपयु क्त प्रमाण-पत्र दिये जाने की भी आवश्यकता नही है अनुलग्नक में अकित हैं

### अनुलग्नक

१ मुख्य अभियन्ता सिचाई विभाग।
२ मुख्य अभियन्ता सावजनिक निर्माण विभाग (भवन एव पथ)।
३ निदेशक स्वास्थ्य एव चिकित्सा सेवायें और उनके डिप्टीज।
४ महानिरीक्षक पुलिस।
५ मुख्य वन सरक्षक।
६ राजस्थान सचिवालय सेवा के सहायक सचिव और उप-सचिव पद धारक।
७ सचिवालय के अनुभाग अधिकारीगण।
८ बीमा विभाग के राजपत्रित अधिकारीगण

### स्पष्टीकरण

एक प्रश्न यह उठाया गया है कि सरकारी कमचारियो को मकान किराया भत्ता मजूर करने के लिये नियम १ के अधीन जो प्रमाण-पत्र अपेक्षित हैं तो क्या वे उस सरकारी कर्मचारी के मामले म भी आवश्यक हैं जो एक पृथक्कृत स्थायी-पद सस्थायी स्थिति म धारण किये हुए है और

१ वित्त विभाग के ज्ञापन सख्या एफ १ (३७) आर/५६ दिनांक २ १ ६१ द्वारा सन्निविष्ट।
२ वित्त विभाग के ज्ञापन सख्या एफ १ (८) एफ डी (व्यय नियम) ६४ दिनांक २० २ ६४ द्वारा सन्निविष्ट।

जिसको अवकाश स्वीकृत किया जाता है अथवा जिसका अस्थायी रुप से स्थानान्तरण कर दिया जाता है ।

मामले की जाच कर ली गई है और यह निर्णय किया गया है कि चू कि ऐसे अधिकारी का कही स्थाना तरण नही किया जा सकता है अत उसके सम्बन्ध म ऐसे उक्त प्रमाण पत्र अभि लेखित किये जाने की आवश्यकता भी नही है ।

[1]४ वित्त विभाग के आदेश दिनाक ७ १ ५६ ( जो कि नियम सख्या ८ के नीचे र जस्थान सरकार का निर्णय सख्या २ के रुप मे स मावि्ष्ट हैं) के अनुसार राजपत्रित अधिकारियो के सम्बन्ध मे प्रति वष २० फरवरी और २० अगस्त को सक्षम प्राधिकारी का ऐसा प्रमाण-पत्र अलग से भजा जाना वाछनीय है कि उसन पिछली जनवरी और जुलाई की किराये की रसीदा को चक करके देख लिया है कि उसे किराया भत्ता नियमानुसार दिया जा रहा है ।

महालेखाकार राजस्थान ने यह बताया है कि उक्त प्रक्रिया से काम सन्तोष जनक ढग से नही हो रहा है क्योकि किराये की रसीदो की जाच के प्रम एा-पत्र उनके यहा अति विलम्ब स भजे जाते हैं । इस मामले पर फिर स विचार किया गया है और यह निर्णय किया गया है कि अब आगे स उक्त अनुच्छेद मे अकित प्रक्रिया (यानो प्रति वष २० फरवरी और २० जुलाई को अलग अलग प्रमाण-पत्र भेजना) समाप्त कर दी जाय और इसके स्थान पर सम्बद्ध राजपत्रित अधिकारियों के सम्बन्ध मे उनसे ऊ चा प्रशासनिक प्राधिकारी किराये की रसीदो के सत्यापन स्वरूप प्रति वष उनके दिसम्बर और जून के वेतन बिलों पर प्रतिहस्ताक्षर करेगा । तथापि सम्बद्ध राजपत्रित अधिकारी अपने वेतन बिलो पर इस प्रकार का एक प्रमाण-पत्र दज करेगा कि उसन वस्तुत
*माह का रु० मकान किराया चुका दिया है ।*

[2] यह निर्णय किया गया है कि नियम ६ के उप नियम (1) के अधीन मकान किराया भत्ता वसूल करने वाले सरकारी कमचारियो को समय समय पर सशोधित वित्त विभाग के आदेश सख्या डी० ३१६० एफ 11/५३ दिनाक ८ ८-५३ (जो नियम ८ के नीचे सरकारी निर्णय १ एव २ के रुप मे प्रकाशित हुआ है) के प्रयोजनाथ मकान किरायें की रसीदें प्राप्त करने की जरुरत नही है । तथापि सम्बद्ध सरकारी कमचारी से इस आशय का एक प्रमाण पत्र तो लिया ही जायेगा कि वह किराये के मकान मे ही रह रहा है ।

यह आदेश दिनाक १-८ १९५४ से प्रभावशील होगा ।

**१ अवकाश इत्यादि के दौरान स्वीकार्यता**—मकान किराया भत्ता अवकाश या अस्थायी स्थानान्तरण के दौरान भी दिया जा सकता है जसे

[3]सरकारी कमचारी को अवकाश । अस्थायी स्थाना तरण के दौरान उसी दर पर मकान किराया भत्ता दिया जा सकेगा जिस पर कि व उसे अवकाश पर रवाना होने से पूव मिल रहा था कि तु उसे यह प्रमाणित करना पडेगा कि—

---

२ वित्त विभाग के ज्ञापन सख्या एफ १ (१४) एफ डी (व्यय नियम)/६३ दिनाक १३-३-६३ द्वारा सन्निविष्ट ।

२ वित्त विभाग के आदेश सख्या एफ १ (३१) एफ डी (व्यय नियम)/६५ दिनाक १८-२ ६५ द्वारा सन्निविष्ट ।

४ वित्त विभाग के आ देश न० एफ १ (२६) एफ डी (व्यय नियम)/६४ दिनाक २ ३ ६७ से प्रति स्थापित ।

(i) वह या उसका परिवार या दोनों उस अवधि में, जिसका कि मकान किराया भत्ता वसूल किया गया है, उसी स्थान पर ही रह रहे थे जिससे कि वह छुट्टी पर रवाना हुआ था अथवा जहा से कि उसका स्थानान्तरण हुआ था। अथवा

(ii) जिस अवधि का किराया भत्ता उठाया गया है उसमे प्राप्त भत्ते को किराये के व्यय के पूर्ण या अधिकाश अश के रूप मे देता रहा है।

## टिप्पणीयां

(i) जब उपर्युक्त उप अनुच्छेद (ii) के अधीन प्रमाण पत्र दिया जाय तो अवकाश स्वीकृत करने वाला प्राधीकारी या स्थानान्तरण करने वाला प्रधिकारी सेवा निदेश कर सकता है कि किराये भत्ते का अश ही आहरित किया जायेगा। जब उक्त उप अनुच्छेद (i) या (ii) के अधीन कोई प्रमाण पत्र दिया जाय तो ऐसा प्राधिकारी सरकारी कर्मचारी को यह सन्तोष जनक उत्तर देने को कह सकता है कि वह यह बताये कि किराये के किये गये खर्चे को वह रोक नहीं सकता था उसके लिये यह खर्चा रोकने म या टालने में उसकी असमर्थता थी। यदि प्राधिकारी सरकारी कर्मचारी के इस उत्तर स सन्तुष्ट न हो सके तो वह ऐसा भी निदेश कर सकता है कि किराये भत्ते का कोई अश आहरित नहीं किया जायगा।

[1](ii) अवकाश का अर्थ सब प्रकार के १२० दिन के अवकाश से है और यदि वास्तविक अवकाश की अवधि इससे अधिक हो तो प्रथम १२० दिन का अवकाश किन्तु इसम असाधारण अवकाश, अध्ययन अवकाश सेवा निवृत से पूर्व का अवकाश, मना किया गया अवकाश। या सेवान्त-अवकाश जो चाहे नोटिस की अवधि के साथ चल रहा हो अथवा नहीं, आदि सम्मिलित नहीं है। जब विश्रामकाल या छुट्टियों को अवकाश के साथ मिला दिया जाय तो विश्रामकाल, छुट्टियों और अवकाश की समस्त अवधि को एक ही दौर म लिया हुआ अवकाश माना जायेगा।

यह आदेश दिनांक १-३ ६७ से प्रभावशील होगा

२ अवकाश का तात्पर्य सेवा निवृत्ति पूर्व अवकाश को छोड कर लिया हुआ रियायती अवकाश स है। निम्न स्थितियों मे मकान किराये भत्ते का हक बदस्तूर बना रहेगा —

(अ) जब मूल अवकाश ४ माह की अवधि से आये बाद मे बढाया नही जाय, और यदि बढाया ही जाय तो सारी अवकाश की अवधि ४ माह से अधिक नही हो एव

(ब) जब मूल अवकाश या बढाया हुआ अवकाश जो कि अनुच्छेद (अ) मे सकलित है चार माह से अधिक न होने पर फिर बादमे और बढ या जाय और इस प्रकार कुल अवकाश ४ माह से अधिक हो जाय तो मूल अवकाश या चार माह के अवकाश से अधिक बढे हुए अवकाश की समाप्ति तिथि तक या बाद मे बढाये गये प्रथम अवकाश की स्वीकृति तिथि तक जिसस

---

१ वित्त विभाग के आदेश स० एफ १(३) एफ डी (व्यय-नियम)/६५ दिनांक १३-७ ६६ द्वारा प्रतिस्थापित।

कि सम्पूर्ण अवकाश की अवधि ४ माह से अधिक हो गई हो, दोनों में से जो भी पहले हो।

३ अस्थायी स्थानान्तरण का तात्पर्य दूसरे स्टेशन पर ड्यूटी का बदल जाना है। जिसकी अवधि सामान्यतः ४ माह से अधिक न होने पर ही मानी जाती है। इस नियम के प्रयोजनार्थ इसमें प्रति नियुक्ति भी सम्मिलित है। चार माह की सीमा के अधीन यदि अस्थायी ड्यूटी बाद में चार माह से आगे बढ़ाई जाय तो सम्पूर्ण मकान किराया भत्ता ड्यूटी के बढ़ाये जाने के आदेश की तिथि तक बदस्तूर ज्यों का त्यों रहेगा।

४ जब तक कि किसी मामले में स्पष्टतया अन्यथा प्रकार से प्रावधान न किया जाय, उपर्युक्त संकेतित टिप्पणी संख्या २ एवं ३ की अवधि में कार्य ग्रहण अवधि भी शामिल की जा सकती है।

### आडिट सम्बन्धी अनुदेश

[1] ( विलोपित )

### राजस्थान सरकार का निर्णय

[2] ( विलोपित )

[3]५ उपर्युक्त नियम का निहित उद्देश्य सेवा निवृत्ति पूर्व अवकाश को छोड़कर इन नियमों की टिप्पणी २ में निर्धारित अवकाश की अवधि के दौरान सरकारी कर्मचारी के मकान किराये भत्ते के हक को प्रतिबन्धित करना है। अतः अवकाश की स्वीकृति प्रदान करने वाले प्राधिकारियों को शीघ्र ही सेवा निवृत्त होने वाले सरकारी कर्मचारियों के अवकाश के आवेदनों की विशेष सावधानी के साथ जाँच करनी चाहिये और जहां कहीं किसी प्रकरण में नियमों की अवहेलना करके ४ माह या इससे कम का अवकाश लेने का स्पष्ट उद्देश्य नजर आये और ऐसा दिखे कि केवल कुछ दिन ही ड्यूटी पर कर्मचारी वापस आकर सेवा निवृत्त होगा तो उन्हें सेवा निवृत्ति पूर्व अवकाश के अतिरिक्त अन्य अवकाश देने से मना कर देना चाहिये।

### आडिट अनुदेश

[4]समस्त भ्रान्तियां का निराकरण करने हेतु अवकाश या स्थानान्तरण स्वीकृत करने वाले प्राधिकारियों को स्वीकृति आदेशों में इन नियमों के हक में एक प्रमाण पत्र सरकारी कर्मचारी के पद पर या स्थान पर वापस आने की सम्भावना के सम्बन्ध में जैसी भी स्थिति हो लगा देना चाहिये।

---

१ वित्त विभाग की पर्ची १२५ में आदेश सं० एफ १ (२६) एफ डी (व्यय नियम/६४ दिनांक १६ ७ ६४ द्वारा विलोपित।

२ वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ १(२६) एफ डी (व्यय नियम)/६४ दिनांक २१-३ ६४ द्वारा विलुप्त

३ वित्त विभाग के आदेश सं० एफ ५ (१) एफ डी (ई आर)/५६ दिनांक ११-१-५६ द्वारा सन्निविष्ट।

४ वित्त विभाग के आदेश सं० डी १६०६ एफ II/५३ दिनांक १७-६-५३ द्वारा सन्निविष्ट।

## महालेखा निरीक्षक का निर्णय

¹ ( विलोपित )

## राजस्थान सरकार का निर्णय

²१ जयपुर और जोधपुर में पद स्थापित सरकारी कर्मचारियों के लिये मकान किराया भत्ता स्वीकृति का विनियमित करने वाले नियम उन कर्मचारियों पर लागू नहीं होते हैं जो दैनिक मजदूरी पर नियोजित किये गये हैं।

³२ मासिक आधार पर भुगतान प्राप्त करने वाले निर्माण प्रभारित कर्मचारियों पर भी मकान किराये भत्ते के नियम लागू नहीं होते हैं।

⁴३ एक प्रश्न यह उठा है कि निलम्बित किये गये सरकारी कर्मचारी को मकान किराया भत्ता वसूल करने के लिए कौन कौन से प्रमाण-पत्र आवश्यक होंगे तथा जिस कर्मचारी को निलम्बन के पश्चात फिर से सेवा में लगा लिया जाता है और राजस्थान सेवा नियमों के नियम ५४ के अनुसार जिसका निलम्बनावधि को अवकाश पर बिताई गई अवधि मानें जाने का आदेश दे दिया जाता है तो उस कर्मचारी को मकान किराये भत्ते के लिये क्या प्रमाण-पत्र देने होंगे।

⁵यह निर्णय किया गया है कि ऐसे मामलों में सम्बद्ध सरकारी कर्मचारी से नियम ९ के अधीन प्रमाण-पत्र मकान किराये भत्ते के सम्बन्ध में आवश्यक समजन करने से पूर्व प्राप्त किया जाना चाहिये यदि ऐसा प्रमाण-पत्र पहले ही प्राप्त न किया गया हो।

⁶४ अवकाश से पूर्व या पश्चात पड़ने वाली छुट्टियों में मकान किराया भत्ता प्राप्त करने को उसी प्रकार विनियमित किया जाना चाहिए जिस प्रकार कि अवकाश के दौरान किया जाता है। किन्तु अवकाश से तुरन्त पूर्व या पश्चात न पड़ने वाली छुट्टियों के दौरान मकान किराये भत्ते की स्वीकृति उसी प्रकार विनियमित की जायेगी जिस प्रकार की ड्यूटी के समय पर की जाती है।

⁶५ एक प्रश्न यह भी उठा है कि सरकारी कर्मचारी को कार्य ग्रहण अवधि (जोइनिंग टाइम) में भी क्या मकान किराया भत्ता दिया जाना चाहिये। इस विषय में यह निर्णय किया गया है कि राजस्थान सेवा नियमों के नियम १२७ के अनुच्छेद (अ) या (ब) के अधीन निम्नलिखित शर्तों पर सरकारी कर्मचारी को कार्य ग्रहण अवधि के दौरान भी मकान किराया भत्ता दिया जा सकता है परन्तु शर्त यह होगी कि यदि दो पदों पर भत्ते की दरें भिन्न हों तो उसे कम दर पर ही यह भत्ता मिलेगा —

---

१ वित्त विभाग की पर्ची १२५ में आदेश संख्या एफ १ (२९) एफ डी (व्यय नियम)/६४ दिनांक १६-७-६४ द्वारा विलोपित।

२ वित्त विभाग के ज्ञापन संख्या एफ ३५ (२८)-आर/५२ दिनांक २७-६-५२ द्वारा सन्निविष्ट

३ वित्त विभाग के ज्ञापन संख्या एफ ३५ (१) एफ II/५३ दिनांक २४-१-५३ द्वारा सन्निविष्ट।

४ वित्त विभाग के आदेश सं० एफ ७ ए (३२) एफ डी (ए) नियम १४८ दि० २४-१० ५८ द्वारा शामिल किया गया।

५ वित्त विभाग के ज्ञापन संख्या एफ १ (२९) एफ डी (व्यय नियम)/६४ दिनांक १७-६ ६४ द्वारा प्रतिस्थापित।

६ वित्त विभाग के आदेश सं० एफ १ (२८) एफ डी /ए/नियम)/६१ दिनांक २३-८ ६१ द्वारा सन्निविष्ट।

(i) पहली बात यह है कि सरकारी कर्मचारी को अपने पुराने पद पर भी मकान किराया भत्ता प्राप्त हुआ हो।

(ii) स्थानान्तरण ऐसे दूसरे पद पर हुआ हो कि जिस पर यह भत्ता दिया जा सकता हो।

(iii) किराये के लिये वस्तुत उसने काय ग्रहण अवधि मे खर्चा दिया हो जिससे कि यदि वह ड्यूटी पर होता तो भत्ता प्राप्त करने का हकदार होता।

यह भी निणय किया गया है कि यदि उपर्युक्त शर्तें पूरी हो जायें तो यह आवश्यक नहीं है कि सरकारी कमचारी को उस पद पर काय ग्रहण के दिन भी मकान किराया भत्ता प्राप्त हुआ हो जिस पर कि उसका स्थानान्तरण हुआ है ताकि वह कायग्रहण अवधि के लिये किराये भत्ते प्राप्त करने का हकदार हो सके।

## प्रशासनिक अनुदेश

[1] *एक प्रश्न यह उठाया गया है कि कोई सरकारी कमचारी यदि अपनी पत्नी या बच्चो के* मकान मे रहता हो तो क्या उसे भी मकान किराया भत्ता पाने का हकदार माना जा सकेगा। ऐसे मामले मे यह निर्णय किया गया है कि इनमे मकान किराए भत्ते की स्वीकृति इसको विनियमित करने वाले नियमो के अनुच्छेद ३ के अनुसार नियन्त्रित की जानी चाहिए अर्थात् पत्नी या बच्चो का मकान किराया भत्ता स्वीकार करने के प्रयोजन हेतु सरकारी कमचारी का ही मकान माना जाना चाहिए।

## स्पष्टीकरण

[2]एक प्रश्न यह उठाया गया है कि कोई सरकारी कमचारी यदि किसी स्थान विशेष पर पद स्थापन के आदेशो की प्रतिक्षा कर रहा हो तो क्या उसे ऐसी पद स्थापन आदेश की प्रतिक्षा अवधि मे मकान किराया भत्ता दिया जा सकेगा।

मामले पर विचार कर लिया गया है और यह स्पष्ट किया जाता है कि चू कि पद स्थापन के आदेशो की प्रतीक्षा अवधि को ड्यूटी ही माना जाता है अत इस अवधि मे किराया भत्ता स्वीकाय होगा परन्तु शर्त यह है कि सम्बद्ध सरकारी कर्मचारी नियमो के अधीन अन्यथा प्रकार से भी किराया भत्ता पाने का हकदार हो।

## आदेश

[3]ये आदेश दि० १ अक्टूबर १९६४ से प्रभावशील होगें और दि० १ १० १९६४ को किराया भत्ता सम्बन्धी दावो के विचाराधीन मामले इन आदेशो के अधीन ही विनियमित किए जावेंगे। सुरक्षा संगठनो में सरकारी कमचारियो की भर्ती होने हेतु प्रोत्साहन देने के लिए ऐसे व्यक्तियों को निम्नलिखित सुविधायें देने के आदेश दिए जाते है —

१ यदि कोई व्यक्ति सरकारी मकान म रह रहा हो तो उसके परिवार को भी वाजिब किराए पर उसी मकान में रहने की इजाजत दी जा सकेगी।

२ यदि किसी व्यक्ति को मकान किराया भत्ता मिल रहा है तो ऐसा भत्ता उसे दिया जाता रहेगा।

---

१ वित्त विभाग के आदेश स० एफ ३५(३१) आर/५२ दिनाक २१ ७ ५२ द्वारा सन्निविष्ट।

२ वित्त विभाग के ज्ञापन स० एफ (३८) एफ डी (व्यय नियम)/६४ दिनाक १६ १० ६४ द्वारा सन्निविष्ट।

३ *सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश स० एफ ४ (७६) जी ए/ए/६२ जी आर I* दिनाक १२ ४ ६२ द्वारा सन्निविष्ट।

## परिशिष्ट १८

'प्रपत्र "अ"

### अध्ययन-अवकाश पर रवाना होने वाले स्थायी सरकारी कर्मचारियों के लिये बंध-पत्र (बांड)

इन लेखों द्वारा सभी को विदित हो कि मैं ...... निवासी ... जिला वर्तमान में के कार्यालय में के रूप में नियोजित राजस्थान सरकार को (जो एतद पश्चात आगे 'सरकार' कहलायेगी) मांगे जाने पर ... ... रु० की राशि (अंकों ... ...... रु०) सरकारी ऋण पर तत्समय लागू एवं मांगे जाने की तिथि से सरकारी दरों पर देय ब्याज सहित अदा करने के लिये और यदि यह अदायगी भारत के अलावा किसी और देश में होती है तो भारत और उस देश के बीच तय की गई मुद्रा परिवर्तन की सरकारी दरों पर परिवर्तित उस देश की मुद्रा में उक्त राशि के बराबर राशि लौटाने तथा सरकार द्वारा किये गये/किये जाने सभी खर्चे एवं वकील और मुवक्किल के बीच तय किये गये महेनताने आदि सहित लौटाने के लिये एतद द्वारा स्वयं को, अपने उत्तराधिकारियों को तथा निष्पादकों और प्रशासनों को आबद्ध करता हूँ।

यह आज दिनांक ...... ... माह सन् एक हजार नौसौ को लिखा गया।

और चूंकि उक्त आबद्धकर्ता श्री ... को सरकार द्वारा अध्ययन-अवकाश स्वीकृत किया गया है,

और चूंकि सरकार की उचित सुरक्षा हेतु आबद्धकर्ता इसमें आगे लिखी हुई शर्तों पर इस बंध पत्र को निष्पादित करने के लिये सहमत होगया है

और उपर्युक्त लिखित दायित्व की शर्त यह है कि उक्त आबद्ध कर्ता को के अध्ययन अवकाश की समाप्ति या उसकी अवधी के खत्म होने के बाद ड्यूटी पर वापस उपस्थित हुए बिना सेवा से त्याग पत्र देने या सेवा निवृत होने या ड्यूटी पर उपस्थित होने के वर्ष बाद किसी भी समय ऐसा करने की स्थिति में वह सरकार को या सरकार द्वारा निर्देश पाकर मांगे जाने पर यथा निर्देश कथित राशि रु० (अंकों में रु०) मांगे जाने की तारीख से इस पर तत्समय सरकारी ऋण पर लागू सरकारी दर पर देय ब्याज सहित शीघ्र लौटायेगा।

और उपर्युक्त आबद्धकर्ता श्री के इस प्रकार रुपया अदा करने पर यह लिखित दायित्व शून्य और निष्प्रभ हो जायेगा अन्यथा यह प्रभावकारी होगा और पूरीतरह इस मामले में लागू माना जायेगा।

---

१ वित्त विभाग के ज्ञापन सं० एफ १० (१०) एफ II/५३ दि० २८-४-६१ द्वारा प्रतिस्थापित

राजस्थान सरकार इस बंध-पत्र पर देय स्टाम्प शुल्क वहन करने को सहमत हो गई है।

निम्न की उपस्थिति मे यह

उपर्युक्त आबद्धकर्ता श्री　　　द्वारा सोपा गया और हस्ताक्षर किया गया

१ श्री

२ श्री"

राजस्थान के राज्यपाल के लिए/और की ओर से द्वारा प्राप्त किया गया।

प्रपत्र "व"

अध्ययन-अवकाश पर रवाना होने वाले अस्थायी सरकारी कर्मचारियों के लिये बंध-पत्र (बांड)

इन लेखो द्वारा सभी को विदित हो कि हम श्री　　　निवासी　　　जिला"　　　वतमान मे　　　के रूप मे　　　के कार्यालय मे नियोजित (जो इसमे एतद् पश्चात् आगे 'आभारी" कहलायेगा) की ओर से जामिन श्री　　　"पुत्र श्री　　　निवासी　　　एव श्री　　　पुत्र श्री·　　　" निवासी　　　— एतद् द्वारा सामूहिक रूप से और प्रथक् रूप स स्वय को, अपने पारस्परिक उत्तराधिकारियो, निष्पादको और प्रशासको को राजस्थान के राज्यपाल को जो (एतद् पश्चात् इसमे आगे 'सरकार' कहलायेगा) मागे जाने पर　　　रु० की राशि (अकेन　　　रु०) उस पर मागे जाने की तिथि से सरकारी ऋण पर तत्समय लागू सरकारी दर पर देय व्याज सहित अदा करने और यदि यह अदायगी भारत के अलावा किसी अन्य देश मे हो तो उस देश और भारत के बीच तय की मुद्रा-परिवतन की सरकारी दर पर परिवर्तित उस देश की मुद्रा मे उक्त कथित राशि के बराबर राशि लौटाने तथा सरकार द्वारा किये गये/किये जाने वाल सभी खर्चे एव वकील और मुवक्किल के बीच तय किये गये मेहनताने सहित लौटाने के लिये आबद्ध करते हैं।

यह आज दिनाक　　　माह"　　　सन एक हजार नौसौ　　　को लिखा गया।

और चूंकि उक्त आबद्धकर्ता श्री　　　को सरकार द्वारा अध्ययन अवकाश स्वीकृत किया गया है

और चूंकि सरकार की उचित सुरक्षा हेतु आबद्ध कर्त्ता इसमे आगे लिखी हुई शर्तों पर इस बंध-पत्र को निष्पादित करने के लिये सहमत हो गया है,

और चूंकि कथित श्री　　　और श्री —　　　जामिन के रूप में उक्त आवद्धकर्ता श्री　　　और श्री　　　जामिन के रूप में उक्त आबद्धकर्ता श्री　　　की ओर से यह बंध-पत्र निष्पादित करने के लिये सहमत हो गये हैं,

और उपर्युक्त लिखित दायित्व की शर्त यह है कि उक्त आबद्धकर्ता आभारी श्री　　　" के अध्ययन अवकाश की समाप्ति या उसकी अवधि खत्म होने

बाद ड्यूटी पर वापस उपस्थित हुए बिना सेवा से त्यागपत्र देने या ड्यूटी पर वापस उपस्थित होने क वर्ष बाद किसी भी समय ऐसा करने की स्थिति मे ग्राभारी ग्रौर जामिन सरकार को या सरकार द्वारा निर्देश पाकर मागे जाने पर यथानिर्देश कथित राशि रु० (ग्ररेन रु०) इस पर तत्समय सरकारी ऋण पर लागू सरकारी दर पर देय ब्याज सहित शीघ्र लौटायेंगे।

ग्रौर उपयु क्त कथित ग्राबद्धकर्त्ता ग्राभारी श्री तथा जामिन श्री एव श्री के इस प्रकार रुपया ग्रदा करने पर उक्त लिखित दायित्व शू य ग्रौर निष्प्रभ हो जायेगा, ग्रन्यथा यह प्रभावकारी होगा ग्रौर पूरी तरह से इस मामले में लागू माना जायेगा।

बशर्ते कि इसके ग्रधीन जामिनो की जिम्मेदारी सरकार या उसके द्वारा प्राधिकृत किसी व्यक्ति के समय की ग्रवधि बढा देने या किसी विरति जैसे कार्य करने या न करने से (चाहे यह जामिनो की राय या ज नकारी से हो या बिना इसके हो) कभी भी न तो पालन ही हो ज येगी ग्रोर न इससे उनके इस काय मे कोई बाधा ही पडेगी ग्रौर न सरकार को उक्त ग्राबद्धकर्त्ता जामिनो श्री पर इसक ग्रधीन देय राशि क लिये मुकदमा चलाने से पूव कथित ग्राभारी श्री के विरुद्ध मुकदमा चलाना ही जरूरी होगा।

राजस्थान सरकार इस ब ध पत्र पर देय स्टाम्प शुल्क वहन करने के लिये सह मत हो गई है।

निम्न की उपस्थिति मे उपयु क्त नामांकित जामिन श्री द्वारा सौंपा गया ग्रौर हस्ताक्षर किया गया —

१
२

निम्न की उपस्थिति में उपयु क्त नामांकित जामिन श्री द्वारा सौंपा गया ग्रौर हस्ताक्षर किया गया।

१
२

निम्न की उपस्थिति से उपयु क्त नामांकित जामिन श्री द्वारा सौंपा गया ग्रौर हस्ताक्षर किया गया।

१
२

राजस्थान के राज्यपाल के लिये ग्रौर/की ग्रोर से द्वारा प्राप्त किया गया।

---

१ वित्त विभाग के ज्ञापन सख्या एफ १० (१०) एफ-II/५३ दिनांक २८-४-६१ द्वारा प्रतिस्थापित।

## [1]प्रपत्र 'म'

### राजस्थान सेवा नियमो के नियम ९६ (ब) मे शिथिलता देकर असाधारण अवकाश स्वीकृत किये गये अस्थायी सरकारी कमचारी के लिये बन्ध-पत्र (बाण्ड)

इन लेखो द्वारा सभी को विदित हो कि हम श्री निवासी जिला वतमान मे के रूप मे के कार्यालय/विभाग मे नियोजित (जो इसमे एतद्पश्चात आगे 'आभारी' कहलायेगा) और श्री पुत्र श्री निवासी एव श्री पुत्र श्री निवासी (जो इसमें एतद्पश्चात् आगे 'जामिन' कहलायेंगे) एतद्द्वारा सामूहिक रूप से और पथक रूप से स्वय को अपने पारस्परिक उत्तराधिकारियो निष्पादको और प्रशासको को राजस्थान के राज्यपाल को (जो इसमे एतद्पश्चात आगे "सरकार" कहलायेगा) उसके पद के उत्तराधिकारियो और प्रतिनिधियो को मागे जाने पर रु० की राशि (अकेन रुपये) उस पर मागे जाने की तिथि से सरकारी ऋण पर तत्समय लागू सरकारी दर पर देय ब्याज सहित अदा करने और यदि यह अदायगी भारत के अलावा किसी अन्य देश मे हो तो उस देश और भारत के बीच तय की गई मुद्रा परिवतन की सरकारी दर पर परिवर्तित उस देश की मुद्रा मे उक्त कथित राशि के बराबर राशि लौटाने तथा तथा सरकार द्वारा किये गये/किये जाने वाले सभी खर्चे एव वकील तथा मुवक्किल के बीच तय किये गये मेहनताने सहित लौटाने के लिये आबद्ध करते हैं।

चू कि सरकार ने के रूप मे नियोजित उक्त आभारी श्री/श्रीमती/कुमारी को नियमित अवकाश के पश्चात माह दिन की अवधि का अवैतनिक एव भत्ते रहित असाधारण अवकाश दिनांक से आभारी के निवेदन पर स्वीकार किया है ताकि वह मे अध्ययन कर सके

और चू कि सरकार को/ने श्री/श्रीमती/कुमारी के असाधारण अवकाश की अवधि मे के पद की ड्यूटी पूरी करने के लिये एक स्थानापन्न नियुक्त करना पडेगा/कर दिया है,

और चू कि सरकार के उचित सरक्षण के लिये उक्त आभारी दो जामिनो सहित इसमें आगे लिखी हुई शर्तों सहित यह बन्ध पत्र निष्पादित करने के लिये सहमत हो गया है,

और चू कि कथित जामिन आभारी की ओर से जामिनो के रूप में यह बन्ध पत्र निष्पादित करने के लिये सहमत हो गये हैं,

अत अब इस उक्त लिखित दायित्व की शर्ते यह हैं कि उक्त आभारी श्री/श्रीमति/कुमारी के असाधारण अवकाश की अवधि समाप्त होने पर उसके द्वारा

---

१ वित्त विभाग के आदेश सख्या एफ १ (३८) एफ डी (व्यय नियम)/६४ दिनांक २२ ६ ६४ द्वारा प्रति-स्थापित ।

मूलत धारित पद पर पुन उपस्थित होने और पुन उपस्थित होकर सरकार की ऐसी अवधि तक जा वर्ष से अधिक नहीं होगी सरकार की इच्छानुसार सेवा करने में असफल होने की स्थिति मे या सरकार द्वारा चाहे जाने पर किसी अन्य हैसियत से ऐसे वेतन पर जिसे पाने का कि वह नियमानुसार हकदार हो सरकार की सेवा करने से मना करने पर कथित आभारी श्री/श्रीमती/कुमारी या उनके उत्तराधिकारी निष्पादक और प्रशासक मागे जाने पर सरकार को रुपये की कथित राशि उस पर सरकारी ऋण पर समय समय पर लागू सरकारी दर पर देय ब्याज सहित तुरन्त अदा करेंगे।

तथा उक्त कथित आभारी श्री या जमिन श्री एव श्री के इस प्रकार अदायगी करने पर उक्त लिखित दायित्व शून्य और निष्प्रभव हो जायेगा अन्यथा यह सब प्रकार प्रभावकारी होगा और पूरीतरह से इस मामले मे लागू माना जायेगा।

बशर्ते कि इसके अधीन जामिनो की जिम्मेदारी सरकार या उसके द्वारा प्राधिकृत किसी व्यक्ति के समय की अवधि बढा देने या किसी विरति जैसे कार्य करने या न करने से चाहे यह जामिनो की राय या जानकारी से हो या इसके बिना हो, कभी भी न पालन ही हा जायेगी और न इससे उनके इस काय मे वाधा ही पडेगी और न सरकार का उक्त जामिना श्री और श्री के विरुद्ध मुकदमा चलान से पूव आभारी के विरुद्ध मुकदमा चलाना ही जरूरी होगा।

यह बध पत्र सभी मामलो मे तत्समय प्रभावशील राजस्थान के कानूनो से ही नियन्त्रित होगा और इसके अधीन तमाम अधिकार और जिम्मेदारिया, जहा आवश्यकता पडेगी, राजस्थान की उपयुक्त अदालतो द्वारा तदनुसार ही अवधारित की जायेंगी।

इस दस्तावेज पर देय स्टाम्प शुल्क सरकार द्वारा ही वहन किया जाकर अदा किया जायेगा।

यह आज दिनाक माह सन् एक हजार नौ सौ को हस्ताक्षरित किया गया।

श्री की उपस्थिति मे उपयुक्त नामाकित आभारी
श्री द्वारा हस्ताक्षरित किया गया और सौंपा गया।
श्री की उपस्थिति में उपयुक्त नामाकित जामिन
श्री द्वारा हस्ताक्षरित एव अर्पित किया गया।
श्री की उपस्थिति में उपयुक्त नामाकित जामिन
श्री द्वारा हस्ताक्षरित एव अर्पित किया गया।

राजस्थान सरकार के लिये और उसकी ओर से श्री द्वारा प्राप्त किया गया।

## परिशिष्ट १६

### राजस्थान सेवा नियमो के अधीन अवकाश के लिये प्रार्थना-पत्र

१ प्रार्थी का नाम

२ धारित पद

३ विभाग, कार्यालय तथा अनुभाग

४ वेतन

५ मकान किराया भत्ता, सवारी भत्ता या वतमान पद पर प्राप्त अन्य कोई क्षतिपूर्ति भत्ता—

६ अवकाश की किस्म और अवधि तथा वह तिथि जिससे अवकाश चाहिये

७ रविवार और अन्य छुट्टिया जो अवकाश के पूव या पश्चात् अवकाश मे सम्मिलित की जानी हो—

८ कारण, जिनसे अवकाश लिया जा रहा हैं

९ पिछलीवार अवकाश से लौटने की तिथि तथा उस अवकाश की किस्म और अवधि—

१० (अ) म अपने रियायती अवकाश/रूपान्तरित अवकाश की अवधि के दौरान प्राप्त अवकाशसवेतन और अर्द्ध वेतन अवकाश मे स्वीकार्य राशि के अन्तर को वापस करने का भी वचन देता हूँ यह अर्द्ध वेतन-अवकाश मे स्वीकाय राशि वह है जो राजस्थान सेवा नियमो के नियम ९३ के उप नियम (स) के अनुच्छेद (iii) के नीचे दिये हुए परन्तुक के प्रावधानों के मेरे अवकाश की अवधि के दौरान या समाप्ति पर सेवानिवृत्ति की स्थिति में लागू न किये जाने पर मुझे स्वीकाय न होती।

(ब) मैं अनर्जित अवकाश की अवधि मे प्राप्त अवकाशसवेतन को भी वापस करने का वचन देता हूँ जो मेरे इस अवकाश के दौरान या इसकी समाप्ति पर स्वेच्छया सेवानिवृत्ति की स्थिति मे राजस्थान सेवा नियमो के नियम ९३ (द) के लागू न किये जाने पर मुझे स्वीकाय नही होता।

११ अवकाश मे पता

प्रार्थी के हस्ताक्षर दिनाक सहित

१२ नियन्त्रण-अधिकारी की अभ्युक्तियाँ और/या सिफारिश

हस्ताक्षर (तारीख सहित)

पद

## अवकाश की स्वीकार्यता के लिये प्रमाण-पत्र

(यह राजपत्रित अधिकारियो के मामलों मे महालेखाकार द्वारा दिया जाना है)

१३ प्रमाणित किया जाता है कि के नियम के अधीन दिनाक से दिनाक तक
दिन का अवकाश स्वीकाय है।
(अवकाश की किस्म)

हस्ताक्षर (दिनाक सहित)
पद

*१४ स्वीकृति कर्त्ता प्राधिकारी के आदेश।

हस्ताक्षर (दिनाक सहित)
पद

* यदि प्रार्थी को कोई क्षतिपूर्ति भत्ता मिल रहा हो तो स्वीकृति कर्त्ता प्राधिकारी को यह भी उल्लेख करना चाहिये कि आया अवकाश की समाप्ति पर प्रार्थी उसी पद पर वापस लौटेगा या किसी अन्य ऐसे पद पर जिस पर कि ऐसा भत्ता दिया जा सकता है।

---

## परिशिष्ट २०

### राजस्थान सरकार का निर्णय

महामहिम राजप्रमुख सहर्ष आदेश प्रदान करते हैं कि पुलिस ट्रेनिंग स्कूल किशनगढ़ के सभी प्रशिक्षणार्थियो (राजपत्रित और अराजपत्रित दोनो) को प्रति वर्ष जून के महिने मे एक माह का विश्राम काल दिया जा सकेगा, यदि यह जून का महीना प्रशिक्षण के बीच पडता हो बशर्ते कि यह प्रशिक्षण पाठ्यक्रम एक मई के बाद प्रारम्भ न होता हो या ३१ जुलाई के बाद समाप्त न होता हो। तथापि पुलिस ट्रेनिंग स्कूल किशनगढ़ को विश्रामकालीन विभाग नहीं माना जायेगा और वहाँ का सारा कर्मचारी वर्ग इस विश्रामकाल मे ड्यूटी पर उपस्थित रहेगा।

इस विश्रामकाल की स्वीकृति से प्रशिक्षणार्थीयो के राजस्थान सेवा नियमो के अधीन सामान्यतया स्वीकार्य अवकाशो के अधिकार पर कोई प्रभाव नही पडेगा।

अनुच्छेद २ मे दी गई यह रियायत प्रशिक्षणार्थीयो को उनके प्रशिक्षण के दौरान अति श्रमसाध्य और कठिन ड्यूटी को ध्यान मे रखकर एक विशेष प्रकरण समझकर दी गई है।

## परिशिष्ट २१

**राजस्थान सरकार**

नियुक्ति (ग) विभाग

प्रेषक—शासन उप-सचिव
राजस्थान सरकार

प्रेषिती—महालेखाकार
राजस्थान जयपुर

दिनांक, २४ जून १९५४
जयपुर

विषय—ख तथा ग श्रेणी के राज्यों में प्रतिनियुक्ति पर भेजे गये अधिकारियों की नियुक्ति की शर्तें।

प्रसंग—इस विभाग का ज्ञापन संख्या एफ २ (२१) नियुक्तियां। (ग)/५०, दिनांक २१-१२-१९५०

क्रमांक एफ ६ (१) नियुक्तियां (ग)/५४—भारत सरकार ने 'क' श्रेणी के राज्यों या केन्द्र से 'ख और ग' श्रेणी के राज्यों में प्रति-नियुक्ति पर भेजे हुए अधिकारियों की नियुक्ति के लिए पहली शर्तों में संशोधन कर दिया है। भारत सरकार के इस विषय में जारी किये हुए परिपत्र संख्या एफ ४ (३६)-एस/५२ दिनांक १३ मई १९५४ जिसमें उक्त कथित शर्तें निहित हैं सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु इसके साथ संलग्न है।

मोहन मुखर्जी
शासन उप सचिव
राजस्थान सरकार

**भारत सरकार**

राज्य-मन्त्रालय, नई दिल्ली (२)
दिनांक १३ मई १९५४

प्रेषक—अवर शासन सचिव, भारत सरकार राज्य मन्त्रालय नई-दिल्ली (२)

प्रेषिती—मुख्य सचिव, सौराष्ट्र सरकार/मध्य प्रदेश/राजस्थान/पेप्सू/ट्रावनकोर-कोचीन/हैदराबाद/मैसूर/जम्मू और काश्मीर/हिमाचल-प्रदेश/विन्ध्य प्रदेश/भोपाल।

मुख्य आयुक्त बिलासपुर, शिमला
मुख्य सचिव, कच्छ भुज

विषय—ख तथा ग श्रेणी के राज्यों में प्रतिनियुक्ति पर भेजे गये अधिकारियों की नियुक्ति की शर्तें।

क्रमाक एफ ४ (३६) एस/५२—मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि क और/या ग श्रेणी के राज्यो से 'ख' श्रेणी के राज्यो मे प्रतिनियुक्ति पर भेजे हुए अधिकारियो की नियुक्ति की शर्तों पर इन राज्यो की राजनतिक-सरचना तथा सेवाओ क पुनगठन और ख श्रेणी क राज्यो द्वारा सेवाओ के एकीकरण आदि के मामलो मे की गई प्रगति को ध्यान मे रखते हुए पुर्नविचार किया गया है। अत इस मत्रालय के पत्र सख्या एफ २४ (१७) एस /५० दिनाक ५ दिसम्बर १९५० मे निहित आदेश के अधिक्रमण मे राष्ट्रपति सहर्ष निणय करते हैं कि अब ये उक्त शर्तें निम्न प्रकार होगी -

(i) एक समय पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतया एक वर्ष की स्वीकृत होगी।

(ii) 'ख' श्रेणी के राज्यो मे प्रतिनियुक्त जिन अधिकारियो को ऐसी प्रति नियुक्ति स पूव न तो वरिष्ठ-समय-वेतन मान मे पद स्थापित किया गया था और न जिन्हे अब ऐसे वरिष्ठ समय वेतन मान के पद पर स्थापित ही किया गया है उन्हे अपने ग्रेड वेतन के अतिरिक्त वतमान सेवा मे अपने ग्रेड वेतन क २०% के बराबर प्रतिनियुक्ति-विशेप-वेतन दिया जायेगा (इसमे प्राप्त किया जा रहा विशेष वेतन, यदि कोई हो सम्मिलित नही होगा) किन्तु यह विशेष वेतन अधिकतम ३०० रु० ही होगा।

(iii) यदि प्रतिनियुक्ति के समय किसी अधिकारी को कोई विशेष वेतन मिल रहा था तो प्रतिनियुक्ति की अवधि में भी उसे यह वेतन केवल तभी दिया जाता रहेगा जबकि उस अधिकारी की प्रतिनियुक्ति के समय उसकी मूल सरकार यह प्रमाणित कर कि यदि इस अधिकारी को प्रतिनियुक्ति पर नही भेजा जाता तो उसे यह विशेष वेतन युक्ति सगत अवधि तक दिया जाता रहता। तथापि यह विशेष वेतन उसका व्यक्तिगत वेतन माना जायेगा किन्तु भविष्य मे दी जानेवाली वेतन-वृद्धि मे इसे समाविष्ट नही किया जायेगा।

(iv) इन अधिकारियो को जिस राज्य से प्रतिनियुक्त किया जा रहा है उसी के प्रभावशील नियमो से इन्हे दिये जाने वाले महगाई भत्ते को भी विनियमित किया जायेगा।

(v) इन अधिकारियो को कोई नि शुल्क आवास गृह नही मिलेगा और न नि शुल्क कार ही दी जा सकेगी और न सरकारी खर्चे पर इन्हे कोई सवारी ही तब तक दी जा सकेगी जब तक कि ऐसी सुविधायें सेवा की शर्तों के अनुसार उस पद से सम्बन्द्ध नही होगी। जिस पर कि उन्हे प्रतिनियुक्त किया गया है। जिस राज्य मे अधिकारी का स्थानान्तरण किया गया है उसके नियमो के अनुसार इन अधिकारियो से किराया वसूल किया जायेगा।

२ ये आदेश उन अधिकारियो पर लागू नही होगे जो या तो अपने स्थानान्तरण से पूव वरिष्ट समय-वेतन मान के पद धारण किये हुए थे या जिन्हे अब ऐसे वरिष्ठ

समय वेतन मान के पदा पर स्थानान्तरित किया गया है। ऐसे प्रत्येक मामलो मे उसके महत्व के अनुसार ही प्रतिनियुक्ति की शर्तें तय की जानी चाहिये।

३ इस पत्र मे स्वीकृत सशोधित शर्तें नये प्रतिनियुक्ति के या प्रतिनियुक्ति के नवीकरण के मामलो मे लागू होगी। पहली शर्तो पर प्रतिनियुक्ति पर अभी भी लगे-हुए अधिकारियो के मामलो मे उनकी प्रतिनियुक्ति की चालू अवधि के समाप्त होने तक वतमान शर्तें ही लागू होती रहेगी।

४ मुझे यह और कहना है कि ऐसे अधिकारियो की 'ख' श्रेणी के राज्यो में स्थानान्तरण पर की गई यात्राओ और इन राज्यो से प्रतिनियुक्ति की पदावनति पर की गई यात्राओ के लिये यात्रा भत्ता उनके मूल राज्य के यात्रा भत्ता नियमो से नियंत्रित होना चाहिये या जिस राज्य में उन्हें भेजा गया है उसके यात्रा-भत्ता नियमो से विनियमित होना चाहिये, यह प्रश्न विचाराधीन है और इस पर निर्णय किया जाने वाला है, अत ऐसे प्रत्येक मामले में प्रतिनियुक्ति को अन्तिम रूप दिये जाने से पूर्व इस प्रश्न को विचाराधीन रहने तक मूल सरकार के परामर्श से तय किया जाना चाहिये।

५ ये आदेश केन्द्र और/या क श्रेणी के राज्यो से 'ख' श्रेणी के राज्यो में प्रतिनियुक्ति ऐसे अधिकारियों पर भी लागू होंगे जो अपनी प्रतिनियुक्ति से पूर्व न तो वरिष्ट समय-वेतन मान वाले पद धारण किये हुए थे और न उन्हे ऐसे पदो पर अब प्रतिनियुक्त ही किया गया है।

६ त्रिपुरा और मनीपुर राज्यो मे प्रतिनियुक्ति पर भेजे गये अधिकारियो की प्रतिनियुक्ति की शर्तों के सम्बन्ध मे अलग से आदेश जारी किये जा रहे हैं।

आपका सद्भावी
हस्ताक्षरित—जे सी घोषाल
अवर शासन सचिव
भारत-सरकार

सहित एक ऐसा बन्ध-पत्र निष्पादित करे जिससे कि कथित मृतक श्री की कुल वाजिब देय राशि के होने वाले तमाम दावो की क्षतिपूर्ति दावेदार करे और उसके बाद सरकार से इस राशि को पाने का कोई और हकदार बनकर आये तो सरकार की क्षतिपूर्ति हो सके एव ऐसा बन्ध पत्र निष्पादन करने के बाद ही दावेदार को उक्त कथित राशि दी जाय,

अत अब इस बन्ध-पत्र की शर्तें यह है कि यदि उक्त कथित राशि दावेदार को अदा कर देने के बाद सरकार के विरुद्ध इस राशि का दावा करने के लिये कोई व्यक्ति खडा हो तो दावेदार या उसके जामिन रु० की कथित राशि सरकार को वापस लौटायेंगे या किसी अन्य प्रकार इस कथित राशि के लिये सरकार की क्षतिपूर्ति करेगा/करेंगे ताकि सरकार पर इस सम्बन्ध में कोई उत्तरदायित्व न रहे और ऐसी स्थिति आने पर सरकार को कोई हानी न हो सके और यदि उक्त कथित राशि क सम्बन्ध में सरकार के विरुद्ध कोई दावा किया जाय तो उस दावे के लिये सरकार को मुकदमे का खर्चा न देना पड़े और यह खर्चा ऐसी स्थिति आने पर दावेदार या उसक जामिन स्वय वहन करेंगे। अत यदि इस प्रकार किसी दावे के विरुद्ध सरकार को मुकदमे में अपना बचाव करने की स्थिति आये तो यह बन्ध-पत्र या इसमे अंकित आभार पूरी तरह दावेदार या उसके जामिनो पर लागू होगा अन्यथा ऐसी स्थिति न आने पर यह निष्प्रभावी माना जायेगा।

अत उपर्युक्त लिखित बन्ध पत्र और शर्तों के साक्ष्य स्वरूप हम और और आज दिनाक माह सन् को इस पर अपने स्वय के हस्ताक्षर अंकित करते हैं।

## परिशिष्ट २४

### अस्थायी अन्तिम वेतन-प्रमाण-पत्र

I प्रमाणित किया जाता है कि श्री पद विभाग में दिनांक के पूर्वाह्न/मध्याह्न मे सेवा निवृत्त हुए और उन्हें उनके वेतन इस प्रकार भुगतान कर दिये गये हैं —

| | | | |
|---|---|---|---|
| स्थायी वेतन | रु० मासिक की दर से दि० | से दि० | तक |
| अवकाश वेतन | रु० मासिक की दर से दि० | से दि० | तक |
| विशेष वेतन | रु० मासिक की दर से दि० | से दि० | तक |
| महगाई भत्ता | रु० मासिक की दर से दि० | से दि० | तक |
| नोटिस वेतन | रु० मासिक की दर से दि० | से दि० | तक |

उन्हें दिनाक से दिनाक तक दिन का एक नोटिस दिया गया और उन्होंने इस अवधि में वास्तव में विभाग में कार्य किया। कार्य नहीं किया।

जहा तक ज्ञात है उन पर बकाया राशि (नीचे के अनुच्छेद III) में दर्ज की गई है और यह राशि उनसे वसूल की जानी है।

II यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उन्हें दिनाक से दिनाक तक वेतन " रु० और महगाई भत्ता" रु० की दर से दिया जाना है।

इस प्रकार उन्हें देय राशि को उनको अदा कर दिया जायेगा या उन पर बकाया और अनुच्छेद III में नीचे दर्ज की हुई राशि के प्रति समायोजित कर लिया जायगा या उस राशि के प्रति समायोजित कर दिया जायेगा जो बाद में कभी भी उन पर बकाया पाई जायेगी।

उनका स्थायी अन्तिम वेतन प्रमाण-पत्र यथा समय जारी कर दिया जायेगा। इस अन्तिम वेतन प्रमाण पत्र या स्थायी अन्तिम वेतन प्रमाण-पत्र के संदर्भ में या आगे कोई और बकाया पाई जाने वाली राशि को उनकी पेन्शन ग्रेचुइटी या किसी अन्य देय राशि में से वसूल करने के लिये उनकी लिखित सहमति इसके साथ संलग्न की जा रही है।

III अब तक ज्ञात बकाया राशि का विवरण इस प्रकार है —

.... .. .. .... .... .. ..

.... .. ...

.... .. .. .. ..

कार्यालयाध्यक्ष
(राजपत्रित अधिकारियों के मामले में महालेखाकार)

# परिशिष्ट २५

## अवकाश या अस्थायी स्थानान्तरण के दौरान सवारी-भत्ता वसूली को नियन्त्रित करने हेतु नियम

[1]राजस्थान सेवा नियमो के नियम ४२ के अधीन निहित शक्तियो का प्रयोग करते हुए सरकार सहर्ष निम्नलिखित नियम अवकाश या अस्थायी स्थानान्तरण के दौरान सवारी भत्ता वसूल करने के लिये बनाती है —

[2]**मोटर या साईकल** —मोटर-कार या मोटर साईकल रखे जाने की शर्त पर स्वीकृत किया हुआ सवारी-भत्ता निम्न स्थितियो में स्वीकार्य नही होगा —

(अ) कार्य ग्रहण अवधि, अवकाश अवधि और अस्थायी स्थानान्तरण की अवधि के दौरान तथा अवकाश और कार्य ग्रहण अवधि के पूर्व या पश्चात पडने वाली छुट्टियो के दौरान।

(ब) सरकारी कर्मचारी द्वारा रखी गई मोटर कार या मोटर-साईकल एक समय मे १५ दिन तक प्रयोग मे न आये या इतने दिनो तक खराब पडी रहे या इनका उपयोग इतने दिनो तक सरकारी यात्राओ के लिये न किया जाय या किसी अन्य कारण से इतने दिनो तक इनका उपयोग न हो तो इस अवधि के दौरान,

### [3]राजस्थान सरकार का निर्णय

अवकाश या अस्थायी स्थानान्तरण की अवधि मे सरकारी कर्मचारियो को साईकल भत्ता दिया जाय अथवा नहीं इस विषय का प्रश्न पिछले कुछ समय से सरकार के विचाराधीन रहा है। इस मामले की जाच की गई है और यह तय किया गया है कि सरकारी कर्मचारी को अपनी स्वय की साईकल रखने या सरकार द्वारा दी गई साईकल रखने के लिये स्वीकृत साईकल भत्ता १५ दिन से अधिक अवकाश की अवधि या अस्थायी स्थानान्तरण या कार्यग्रहण अवधि में जैसी भी स्थिति हो स्वीकार्य नही होगा।

किन्तु वे पुराने मामले जिनका निपटारा इस प्रकार न करके किसी अन्य प्रकार किया गया हो दुबारा नहीं छेडे जायेंगे।

[4]२ **घोडा या अन्य जानवर** —घोडा या अन्य जानवर रखे जाने की शर्त पर स्वीकृत भत्ता अवकाश या अस्थायी स्थानान्तरण पर की अवधि के दौरान भी दिया

---

१ वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ ४(३८६)एफ II/५२ दिनांक ३-८-५३ द्वारा सन्निविष्ट।

२ वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ ८ ए(२) एफ डी नियम/५९-II दिनांक ३१-७-६२ द्वारा सन्निविष्ट। यह दिनांक ३१ ७-६२ से प्रभावशील होगा।

३ वित्त विभाग के ज्ञापन स० एफ १ (२०) एफ डी (व्यय नियम /६३ दिनांक १-१० ६३ द्वारा सन्निविष्ट।

४ वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ (२२) एफ-डी (व्यय-नियम)/६४ दिनांक १८ ५ ६५ द्वारा सन्निविष्ट।

जा सकता है बशर्ते कि सरकारी कर्मचारी यह प्रमाणित करे कि उसने जिस अवधि का यह भत्ता प्राप्त किया है उसमें भी उक्त जानवर रखा है और प्राप्त भत्ते की राशि को इस जानवर के समारक्षण पर ही व्यय किया है।

यह आदेश दिनांक १६ ४ ६४ से प्रभावशील होगा।

**(१) सवारी रखा जाना अपरिहार्य होने पर भत्ता किस प्रकार विनियमित होगा** —जब मोटर गाडी या घोडा या अन्य जानवर रखे जाने के दायित्व से सवारी-भत्ता सम्बद्ध नही हो तो यह अवकाश या अस्थायी स्थानान्तरण की अवधि मे स्वीकार्य नही होगा।

## टिप्पणी

१ अवकाश का तात्पर्य यहाँ सेवा निवृत्ति से पूर्व अवकाश के अतिरिक्त चार महिने तक की अवधि के लिये हुए अवकाश से है। क्षतिपूर्ति भत्ते का हक निम्न स्थितियों मे ज्यों का त्यों रहेगा —

(i) जब प्रारम्भिक चार माह तक का अवकाश बाद मे बढ़ाया नहीं जाय या यदि बढ़ाया जाय तो इसकी कुल अवधि ४ माह से अधिक न हो।

(ii) जब उक्त उप अनुच्छेद (i) में निर्दिष्ट चार महिने तक का प्रारम्भिक अवकाश बाद मे बढाया जाय और इस प्रकार कुल अवकाश की अवधि बढ़े हुए या प्रारम्भिक चार महिने तक के अवकाश की समाप्ति तिथि तक चार महीने से ज्यादा हो या पहले बाद मे बढ़ाये हुये उस अवकाश की स्वीकृति तिथि तक जिसके कारण कि कुल अवकाश की अवधि चार माह से अधिक हो जाती है, दोनों मे से जो भी पहले हो।

(जब विश्रामकाल को अवकाश के साथ मिलाया जाय तो विश्रामकाल और अवकाश की कुल अवधि को अवकाश का एक ही दौर समझा जाना चाहिये)।

(२) इस टिप्पणी मे परिभाषित अवकाश में असाधारण अवकाश भी सम्मिलित है।

२ अस्थायी स्थानान्तरण का तात्पर्य किसी अन्य स्थान पर ड्यूटी के लिये ऐसी अवधि के स्थानान्तरण से है जो चार महीने से अधिक न हो। इन नियमो के प्रयोजनार्थ इसमे प्रतिनियुक्ति भी शामिल है। चार महीने की सीमा के अधीन वाले नियम में अगर अस्थायी ड्यूटी को बाद मे चार महीने से अधिक बढाया जाय तो इस अवधि को बढाने के आदेशों की तिथि तक क्षतिपूर्ति भत्ते का हक ज्यों का त्यों बना रहेगा।

(इस टिप्पणी मे दी हुई चार माह की अवधि में कार्य ग्रहण अवधि को भी सम्मिलित किया जा सकता है)

[1] आडिट अनुदेश
और
महालेखा परीक्षक का निर्णय (विलोपित)

---

१ वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ १(२१) (व्यय-नियम)/६४, दिनांक १८ ५-६५ द्वारा विलुप्त। दिनांक १६-४ ६४ से प्रभावशील।

## परिशिष्ट २६

### वित्त-विभाग

### राज-पत्रित अधिकारियो के वेतन, अवकाश सवेतन आदि के सम्बन्ध में मार्ग दर्शन हेतु अनुदेश

### टिप्पणी

ये अनुदेश वर्तमान नियमो और आदेशो पर आधारित हैं और राजपत्रित अधिकारियो की सुविधा हेतु जारी किये जाते हैं। तत्सम्बन्धी सम्बद्ध नियमो और इन अनुदेशो मे यदि कही विरोध जान पडे या दोना मे कही विरोधाभास की स्थिति बन जाय तो वहा तत्सम्बन्धी सम्बद्ध नियम ही लागू होंगे।

### I राज-पत्रित पद पर नयी नियुक्ति होने पर –

(अ) *यदि अधिकारी नया प्रवेशी हो तो* —निम्नलिखित बातो की पूर्ति होने पर ही उसकी वेतन पर्ची (पेस्लिप) जारी की जायेगी —

(1) जिस पद पर नियुक्ति की गई है वह एक स्वीकृत पद हो और वह रिक्त भी होना चाहिये।

(ii) नियुक्ति हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा राज पत्रित पद पर नियुक्त किये जाने वाले व्यक्ति का नियुक्ति-आदेश जारी किया जाना चाहिये और वह आदेश भी वेतन पर्ची के लिये अनिवार्य है।

(iii) सम्बद्ध व्यक्ति द्वारा राजपत्रित पद का कार्यभार सभालने की रिपोर्ट महालेखाकार राजस्थान को भेजी जानी चाहिये (इसका प्रपत्र अनुलग्नक क" पर सलग्न है)। इस रिपोर्ट मे कार्यभार सभालने की तिथि और पूर्वाह्न या मध्याह्न, जो भी हो समय अंकित किया जाना चाहिय। इसमें अधिकारी का नाम भी मोटे अक्षरो मे अंकित किया जाना चाहिये।

### टिप्पणी

कोषागार मे अपना प्रथम वेतन बिल भजते समय अधिकारी को उसम अपना स्वास्थ्य प्रमाण पत्र भी सलग्न करना चाहिये।

(ब) यदि अधिकारी को अराजपत्रित-पद से राज पत्रित(पद पर पदोन्नत किया गया हो तो –

(1) उसका वेतन या भत्ता प्राप्त करने के लिये वेतन पर्ची तभी मिल सकेगी जब कि उपर (अ) (i), (ii) (iii) मे अंकित सभी बातो की पूर्ति कर दी जायेगी।

(ii) अब तक जिस अधिकारी द्वारा उठाया गया था उससे अपना अंतिम वेतन प्रमाण-पत्र प्राप्त करके यथाशीघ्र महालेखाकार, राजस्थान को भेजा जाना चाहिये।

(iii) अपने पिछले कार्यालयाध्यक्ष द्वारा अवकाश का अद्यावधिक हिसाब पूरा भरवाकर लिखित रूप मे महालेखाकार राजस्थान को यथाशीघ्र भिजवाया जाना चाहिये।

(ख) किसी अन्य राज्य या केन्द्रीय सरकार के अधीन राज पत्रित पद धारण किये हुए हों यदि राजस्थान मे प्रतिनियुक्ति पर आना पडा हो तो —राजस्थान के महालेखाकार से अपनी वेतन-पर्ची प्राप्त करने के लिये नियमानुसार करना चाहिये —

(i) आपको यह बात अच्छी तरह निश्चित पता कर लेनी चाहिये कि जिस पद पर आपको पदास्थापित किया गया है वह एक स्वीकृत और रिक्त पद है।

(ii) इस बात का सुनिश्चयन हो जाना चाहिये कि दोनो सरकारो के बीच आपका प्रतिनियुक्ति की शर्तें अच्छी तरह तय करली गई हैं और महालेखाकार राजस्थान को इनसे पूरी तरह अवगत करा दिया गया है।

(iii) ऊपर अ (i) में जसा अंकित है उसके अनुसार ही आपको अपनी कार्य भार सभाल लेने की सूचना और इसकी रिपोट (चाज रिपोट) महालेखाकार राजस्थान को तुरन्त भेज देना चाहिये।

(iv) अपने पिछले आडिट अधिकारी अर्थात् जिस राज्य से आप प्रतिनियुक्ति पर आये हैं उसके महालेखाकार को लिखें कि वे आपकी निम्नलिखित चीजें महालेखाकार राजस्थान को यथाशीघ्र भेजे —

१ वहा के महालेखाकार द्वारा पूरी तरह प्रति हस्ताक्षरित आपका अन्तिम वतन प्रमाण-पत्र।

२ आपका सेवा विवरण।

३ आपका अवकाश का लेखा (हिसाब)।

यदि यहाँ आने से पूर्व आप अपने उस राज्य में अराज पत्रित पद पर थे और वहाँ से राजस्थान में प्रति नियुक्ति पर आप राज पत्रित पद पर आये हैं तो अपने पिछले कार्यालयाध्यक्ष को लिखिये कि व आपका अन्तिम वेतन प्रमाण-पत्र तैयार करके प्रति हस्ताक्षर हेतु वहाँ के महालेखाकार को भेजदें ताकि महालेखाकार उसे प्रतिहस्ताक्षर करके यहा अग्रेषित कर सकें। अपने पिछले कार्यालयाध्यक्ष को यह भी निवेदन करें कि वे आपका अवकाश का लेखा अद्यावधिक तयार करके सीधा इसी कार्यालय मे भेज दें।

II. एक राज-पत्रित पद से दूसरे राज-पत्रित पद पर स्थानान्तरण होने पर —

(अ) यदि दोनों ही पद एक ही जिले में हों और इससे उस कोषागार मे कोई परिवतन नहीं होता हो जहां से कि आपका वेतन उठाया जाना है तो —

(i) अपना काय-भार पिछले पद से सौंपने और नये पद पर काय भार सभालने (दोनो की) रिपोर्ट यथा शीघ्र भिजवाईये।

(ii) यदि आपका स्थानान्तरण उक्त स्थिति के अतिरिक्त किसी अन्य हैसियत मे हुआ हो तो आप अपने नये पद पर पुरानी दरो से प्राप्त वेतन न उठाईये और महालेखाकार राजस्थान से अपनी वेतन पर्ची प्राप्त करने की प्रतीक्षा कीजिये और जब वेतन पर्ची प्राप्त हो जाये तभी अपना वेतन उसके आधार पर उठाईये।

(iii) यदि आपका स्थानान्तरण उसी स्थिति (हैसियत) मे हुआ है जिस स्थिति मे आप पहले थे तो अपनी पुरानी दरो पर ही अपना वेतन उठाईये।

(ब) यदि इस स्थानान्तरण से आपके वेतन भुगताने वाले कोषागार मे भी परिवर्तन होता हो तो —

(i) उक्त (अ) (i) मे लिखे *अनुसार अपनी कायभार सोंपने और नये पद का* कार्य भार सभालने की रिपोर्ट तुरत भेजिये।

(ii) पिछले कोषागार से अपना अन्तिम वेतन प्रमाण पत्र प्राप्त कीजिये और,

१ यदि स्थानान्तरण उसी स्थिति मे हुआ हो तो अपना वेतन इस अन्तिम वेतन प्रमाण पत्र के आधार पर नये कोषागार से अपना वेतन उठ ईय।

२ यदि स्थानान्तरण किसी भिन्न स्थिति मे हुआ हो तो नये पद पर अपना वेतन तब तक न उठाइये जब तक कि आपकी वेतन पर्ची महालेखाकार राजस्थान से प्राप्त न हो जाय।

(स) यदि स्थानान्तरण किसी अन्य राज्य मे हुआ हो तो —

(i) कृपया अपना काय भार सौपने की रिपोट महालेखाकार राजस्थान को भेजिये।

(ii) कृपया अपने अन्तिम वेतन प्रमाण पत्र की एक प्रतिलिपि कोषागार से प्राप्त कीजिये और उस कोषाधिकारी को निवेदन कीजिये कि वे इस प्रमाण पत्र की दो प्रतिलिपिया महालेखाकार राजस्थान को भेजें जो कि उन पर प्रति हस्ताक्षर करके एक प्रतिलिपि उस राज्य के महालेखाकार को भेजेंगे जहा पर आपको स्थानान्तरित किया गया है और आप अपने नये पद के वतन और भत्ते प्राप्त करने के लिये इन्हे सम्पर्क कीजिये ताकि वे आपकी वेतन पर्ची भेजें।

III (अ) जब अवकाश के हक के लिये आवेदन करना हो —

तो ऐसा प्रायना पत्र (अनुलग्नक ख' पर सलग्न) निर्धारित प्रपत्र पर भर कर महालेखाकार राजस्थान का अपने नियन्त्रण अधिकारी की सिफारिश के साथ भेजा जाना चाहिये। यह अच्छीतरह देख लोजिये कि इसका कालम ९ पूरी तरह भरा गया है। इस कालम मे नियमित अवकाश (आकस्मिक अवकाश नही) से पिछली बार लौटने की तिथि अकित की जानी चाहिये।

(ब) जब अवकाश पर रवाना होना हो —

(i) तो महालेखाकार राजस्थान तथा कोषाधिकारी दोनों को अपना कार्य-भार सौंप देने की रिपोर्ट तुरन्त भेज दीजिये।

(ii) महालेखाकार राजस्थान को इस बात की सूचना दीजिये कि क्या आप अब तक जिस कोषागार से वेतन उठा रहे थे उसके अतिरिक्त किसी अन्य कोषागार से अपना अवकाश-सवेतन उठाना चाहते हैं। यदि ऐसा ही हो तो अपने कोषाधिकारी से अन्तिम वेतन प्रमाण पत्र प्राप्त कीजिये।

(iii) महालेखाकार राजस्थान से अवकाश सवेतन-प्रमाण-पत्र प्राप्त किये बिना अवकाश सवेतन मत उठाइये। जब यह प्रमाण-पत्र आपको मिल जाय तो इसी के आधार पर अपना अवकाश सवेतन उठाइये और यदि आप यह किसी नये कोषागार से उठा रहे हो तो अपने प्रथम अवकाश सवेतन बिल के साथ अपना अन्तिम वेतन प्रमाण पत्र अवश्य संलग्न कीजिये।

(iv) यदि आप एक स्थायी राजपत्रित अधिकारी नहीं हैं तो अपना अंतिम वेतन प्रमाण-पत्र प्राप्त करके अपने उस कार्यालयाध्यक्ष को प्रस्तुत कीजिये जिसके यहां आप अराजपत्रित-सेवा में स्थायी हैं। आपका अवकाश सवेतन उसी के द्वारा प्रस्थापना बिल[1] के साथ ही उठाया जायेगा।

(स) जब अवकाश से वापस उपस्थित होना हो —

(i) तो अपना कार्य भार ग्रहण करने की रिपोर्ट उस पद के सम्बन्ध में भेजिये जिस पर आपको अब पद स्थापित किया गया है।

(ii) यदि इस पद स्थापना से आपके उस कोषागार में परिवर्तन होता है जहां से आपने अपना अवकाश सवेतन उठाया था तो इस कोषाधिकारी से अपना अन्तिम वेतन प्रमाण पत्र प्राप्त कीजिये। अब अपना वेतन जब तक कि आपको महालेखाकार राजस्थान से वेतन-पर्ची प्राप्त न हो न उठाइये जाय और जब यह आपको मिलजाय तो इसी के आधार पर अपना वेतन उठाइये। यदि कोषागार नया हो तो अपने प्रथम बिल के साथ अंतिम वेतन प्रमाण पत्र संलग्न कीजिये।

## (IV) जब आप त्याग-पत्र दें या सेवानिवृत्त हों

(i) तो महालेखाकार राजस्थान को अपना कार्य भार सौंप देने की रिपोर्ट भेजिये साथ ही साथ इस रिपोर्ट की एक प्रतिलिपि कोषाधिकारी को भी भेजी जानी चाहिये।

(ii) अपने पिछले दावों का यथाशीघ्र भुगतान प्राप्त करने के लिये राजपत्रित अधिकारी अपने [1]नियन्त्रण अधिकारी महालेखाकार राजस्थान, सार्वज

---

१ वित्त विभाग के मान्य प० एफ डी ८३०/एफ/१२(७) एफ II/५४ दिनांक १० मार्च १९५८ द्वारा वर्तमान नियम के लिए प्रति स्थापित किया गया।

(ड) 'परिवार' में सरकारी कर्मचारी की पत्नी (महिला सरकारी कर्मचारी के मामले में [1]उसका पति) पुत्र, माता पिता अवयस्क भाई, बहिनें या पुत्रियाँ विधवा बहिनें या पुत्र वधुएं सम्मिलित मानी जायेंगी अगर वे सब पूर्णतया सरकारी कर्मचारी पर ही आश्रित हों।

[2]टिप्पणी—(१) इन नियमों के नियम ७ के अनुसार सरकारी कर्मचारी के परिवार के सदस्य राजस्थान में सरकारी कर्मचारी के मुख्यालय के अतिरिक्त किसी भी स्थान पर बीमार पड़ने पर सरकारी खर्चे पर चिकित्सा परिचर्या तथा उपचार प्राप्त करने के हकदार हैं। औषधियों और ईलाज के व्यय की प्रतिपूर्ति के प्रयोजनार्थ यह आवश्यक नहीं है कि बीमारी के समय सरकारी कर्मचारी का परिवार उसके साथ ही रहता हो।

[3](२) ऐसे मामले में जहाँ पति और पत्नी दोनों ही सरकारी सेवा में हों वहाँ वे तथा उनके आश्रित पात्र उनकी पदवी (स्टेटस) के अनुसार चिकित्सा सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने की अनुमति हैं। इस प्रयोजन के लिये उन्हें अपने प्रशासनिक प्राधिकारियों को एक संयुक्त घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना चाहिये कि पति/पत्नी तथा बच्चों की स्वास्थ्योपचार और चिकित्सा पर व्यय किये हुए खर्चे की प्रतिपूर्ति के दावे दोनों में से कौन दायर करेगा। उक्त घोषणा पत्र दो प्रतियों में प्रस्तुत किया जायेगा और दोनों के कार्यालयों में दोनों के व्यक्तिगत रिकार्ड में इसकी एक एक प्रति लगा दी जायेगी। राजपत्रित अधिकारियों/सरकारी कर्मचारियों के सम्बन्ध में इस संयुक्त घोषणा पत्र की एक प्रति महालेखाकार, राजस्थान को भी भेजी जानी चाहिये। यह घोषणा पत्र तब तक प्रभावशील रहेगा जब तक कि दोनों की स्पष्ट प्रार्थना पर दोनों में से किसी के भी पदोन्नति स्थानान्तरण त्याग पत्र आदि की स्थिति में इसे संशोधित न किया जाय। ऐसे संयुक्त घोषणा पत्र के अभाव में पति की पदवी (स्टेटस) के अनुसार ही पत्नी तथा बच्चों को चिकित्सा सुविधायें प्राप्त हो सकेंगी।

## संयुक्त घोषणा पत्र

हम पति और पत्नी श्री एवं श्रीमती दोनों क्रमशः के और के कार्यालय में नियोजित एतद्द्वारा घोषणा करते हैं कि हम अपने स्वयं के तथा अपने परिवार के सदस्यों के चिकित्सा उपचार के व्यय की प्रतिपूर्ति दिनांक से के कार्यालय से प्राप्त करने की इच्छा प्रकट करते हैं। यह प्रमाणित किया जाता है कि ऐसी प्रतिपूर्ति का दावा के कार्यालय से प्राप्त नहीं किया गया है।

कर्मचारियों के हस्ताक्षर

प्रति हस्ताक्षरित

---

१ सा प्र वि के आदेश संख्या (ए) एफ ४ (२२) जी ए/ए/ जी आर/II/६० दिनांक २३ ६-६२ द्वारा सन्निविष्ट।

२ सा प्र वि के आदेश संख्या एफ ४ (२२) जी ए/ए/ जी आर II/५७ दिनांक ६-६ ६१ द्वारा शामिल किया गया।

३ वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ १ (५१) एफ डी (व्यय-नियम)/६६ दिनांक ३० ११ ६६ द्वारा सन्निविष्ट।

विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर

[1]"परामर्श शुल्क" से तात्पर्य सरकारी कर्मचारी से रोगी के निवास स्थान पर परिचर्या के लिये राजस्थान सेवा नियमों की परिशिष्ट १० की अनुसूची क में [2][वर्णित] दर पर प्राधिकृत चिकित्सक द्वारा प्राप्त फीस से है।

(च) सरकारी कर्मचारी के सम्बन्ध मे "स्वास्थ्य-उपचार" से तात्पर्य प्राधिकृत चिकित्सक के निदानगृह या चिकित्सालय में अथवा बीमारी को ऐसा होने पर रोगी को उसके घर पर रुकने के लिये बाध्य करे सरकारी कर्मचारी के निवास स्थान पर, प्राधिकृत चिकित्सक द्वारा की गई परिचर्या से है। इसमे निम्नलिखित भी सम्मिलित है

(i) राज्य मे सरकारी चिकित्सालय या प्रयोगशाला मे उपलब्ध और प्राधिकृत चिकित्सक द्वारा आवश्यक समझकर किये गये रोग निदान के प्रयोजनार्थ व्याधीकिय (पथालोजीकल) जीवाणु विज्ञान सम्बन्धी (बैक्टीरियोलोजीकल), क्षरश्मिकीय (रेडियालोजीकल) जैसे परीक्षण या ऐसे ही अन्य तरीको से किये गये परीक्षण।

(ii) प्राधिकृत चिकित्सक के परामर्श से राज्य सेवा के किसी अन्य चिकित्सक या विशेषज्ञ से इस सीमा तक और ऐसे तरीके से किये गये परामर्श जो वे निर्धारित करें और जिन्हे कि प्राधिकृत चिकित्सक आवश्यक प्रमाणित करें।

(छ) 'रोगी' से तात्पर्य उस सरकारी कर्मचारी से है जिस पर ये नियम लागू होते हो एव जो बीमार पड गया हो।

(ज) इलाज' से तात्पर्य सरकारी चिकित्सालय मे उपलब्ध उन समस्त चिकित्सा और शल्य क्रिया सम्बन्धी सुविधाओ से है जिसमे रोगी का उपचार किया जाय तथा इसमें निम्नलिखित भी सम्मिलित है —

(i) प्राधिकृत चिकित्सक द्वारा आवश्यक समझे गये व्याधिकीय (पथोलोजीकल) जीवाणु विज्ञान सम्बन्धी ( बैक्टीरियोलोजीकल ) एव क्ष रश्मिकीय (रेडियोलोजीकल) तथा अन्य साधनो का प्रयोग।

(ii) जहा शारीरिक निदान (फिजिओलोजीकल) अथवा अन्य अपुष्टता (डिसेबिलिटी) जिससे कि रोगी पीडित है यह प्रकट करे कि दात ही शारिरिक पीडा के मूल कारण हैं वहाँ दतउपचार बशर्ते कि यह उपचार किसी बडे किस्म का हो जैसे कि जबडे की हड्डी का रोग दातो का पूरी तरह निकाला जाना आदि।

व्याख्या —ऐसे सर्जीकल आपरेशन्स भी जिन्हें कि फूले हुए मसूडा (आडोन्टोम्स) या कमजर फसी हुई अक्कल दाढ (विजडमटूथ) आदि के लिये आवश्यक समझा जाय,

१ वि० प्र वि की अधिसूचना सख्या एफ ४ (२२) जी ए/ए/५७ दिनाक ९ ५ १९६० द्वारा सन्निविष्ट।

२ वित्त विभाग की विज्ञप्ति सख्या एफ १ (७८) वि० वि० (नियम) ६५ दि० १६ ११-६८ द्वारा प्रतिस्थापित किया गया।

वडी किस्म के दात-उपचार की श्रेणी मे ग्राते हैं। मसूडो के छोटे फोडो (गमबोइल्स) का उपचार मुख सम्बन्धी शल्य क्रिया (सर्जरी) मे आता है अत वह इन नियमो क अधीन स्वीकाय है। दातो के पायरिया अथवा मसूडे की सूजन का उपचार तथापि, इनके अधीन नही आता।

(iii) ऐसी औषधियो, सेरा, वैक्सीन अथवा रोग हरन वाले अन्य पदार्थों का वितरण जो साधारणत सरकारी चिकित्सालयो मे इस राज्य में उपलब्ध हो।

(iv) ऐसी औषधियों, वैक्सीन, सेरा अथवा रोग हरने वाले अन्य पदार्थों का वितरण जो इस प्रकार साधारणत उपलब्ध न होते हो जसा कि प्राधिकृत चिकित्सक लिखित मे पुन स्वास्थ्य प्राप्ति के लिये अथवा रोगी को दशा मे गभीर गिरावट को रोकने के लिये आवश्यक प्रमाणित करें।

## टिप्पणी

यह सुविधा पत्नी या पति, जसी भी स्थिति मे हो तथा माता पिता, बच्चे एव सौतेले बच्चे सरकारी कमचारी पर पूणत आश्रित हो को प्राप्त हो सकेगी।

## व्याख्या

(i) 'माता पिता' पद के अन्तगत सौतेले माता पिता सम्मिलित नही हैं तथा 'माता पिता के मामल मे "पूणतया-आश्रित' शब्दो स तात्पय है कि माता पिता का कोई भी अन्य बालिग पुत्र नही हो तथा आय का कोई भी अन्य साधन भी नही हो। यदि माता पिता को ५० रु० मासिक से कम पेन्शन मिलती हो तो वे पूणतया-आश्रित माने जायेंगे।

(ii) 'बच्चे शब्द मे कानूनन गोद लिये हुए बच्चे भी सम्मिलित हैं।

(iii) 'पत्नी' शब्द मे एक से अधिक पत्नी सम्मिलित होगी।

## चिकित्सा परिचय

वित्त विभाग आदश सख्या एफ १ (२६) वि० वि० (व्यय नियम) ६७ दिनांक २६ जून १९६७ की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है कि जिसके अनुसार माता पिता की चिकित्सा पर किया गया व्यय उक्त आदश म उल्लेखित शर्तों के पूरा होने पर पुनभरण किया जाता है। उक्त आदेशो मे उल्लेखित शर्तों की पूर्ति जाच हेतु निम्न निर्देश प्रसारित किये जाते हैं —

१ प्रत्येक राज्य कमचारी जो अपने माता पिता की चिकित्सा पर किये गये व्यय का पुनभरण मांगे उसको प्रति वर्ष कलेन्डर वर्ष के प्रारम्भ म निम्न फार्मों म घोषणा पत्र भरकर अपने विभागाध्यक्ष/नियत्रक अधिकारी को देना होगा।

---

१ वित्त विभाग के आदेश सख्या एफ १ (२६) एफ डी (व्यय नियम) १९७ दिनांक २६ ६-१९६७ द्वारा प्रतिस्थापित।

२ वित्त विभाग (नियम) परिपत्र क्रमांक फ (२६) वि० वि० (व्यय नियम) ६७ दिनांक १९ मई १९६८।

## [1]स्पष्टीकरण

महिला सरकारी कर्मचारी के मामले में 'इलाज' शब्द में प्रसव तथा प्रसवपूर्व व प्रसवोत्तर *उपचार भी सम्मिलित है। ऐसे मामले में यदि रोगी को एक चिकित्सालय से दूसरे चिकित्सालय में* चिकित्सा परीक्षणों के उद्देश्य से ले जाया जाय और अगर रोगी वाहन (एम्बुलेंस) सरकारी या उस चिकित्सालय की न हो जिसमें कि रोगी को भर्ती किया गया है या जब इसका उपयोग उस समय किया जाय जब कि रोगी को चिकित्सालय से उसके निवास-स्थान पर पहुँचाया जाय तो ऐसी स्थिति में किया गया खर्चा वापिसी के योग्य है।

[2]राजस्थान सेवा (स्वास्थ्य उपचार) नियम, १९५८ के नियम २ (ज) (IV) के नीचे दी हुई टिप्पणी ४ पर ध्यान आकर्षित किया जाता है जो कि (वित्त विभाग की अधिसूचना संख्या एफ १ (६२) एफ डी (व्यय नियम) ६५ दिनांक २४ ११ ६५ द्वारा सन्निविष्ट की गई है) एवं जिसमें यह प्रावहित है कि सुनने के उपकरणों या शरीर के कृत्रिम अंगों का मूल्य पूर्णत या अंशत एक मुश्त राशि के रूप में स्वीकृत किया जा सकता है। इस विषय में सन्देह व्यक्त किये गये हैं कि क्या उक्त *कथित नियम २ (ज) (IV) के नीचे टिप्पणी ४ के अधीन कृत्रिम अंगों को बदलने की कीमत भी* प्रतिपूर्ति के योग्य है।

मामले की जाँच की गई है और यह तय किया जाता है कि राजस्थान सेवा (स्वास्थ्य-उपचार) नियम, १९५८ के नियम २ (ज) (IV) के नीचे की टिप्पणी ४ के अधीन कृत्रिम अंगों को बदलने की कीमत भी प्रतिपूर्ति के योग्य है।

## [3]स्पष्टीकरण

*एक प्रश्न यह उठाया गया है कि क्या सरकारी कर्मचारी द्वारा रुधिर-आधान (ब्लड* ट्रान्सफ्यूजन) के लिये किया गया व्यय प्रतिपूर्ति योग्य है या नहीं? मामले की जाँच की गई और उचित विचार करने के बाद यह स्पष्ट किया जाता है कि सरकारी कर्मचारी द्वारा रुधिर आधान पर किया गया खर्चा प्रति पूर्ति के योग्य है।

(V) रहने के का प्रावधान स्थान जैसा कि नीचे वर्गीकृत किया हुआ है, बशर्ते कि स्थान उपलब्ध हो—

| | |
|---|---|
| (अ) ७५० रु मासिक तथा इससे अधिक वेतन प्राप्त करने वाले अधिकारी | डीलक्स या कॉटेज वार्ड |
| (ब) ७५० रु मासिक से कम वेतन प्राप्त करने वाले राज पत्रित अधिकारी तथा २५० रु से अधिक वेतन पाने वाले अराजपत्रित अधिकारीगण | कॉटेज वार्ड |

---

१ वि० विभाग के आदेश संख्या एफ १ (६२)एफ-डी (व्यय नियम)/६५ दिनांक २४ ११ ६५ द्वारा सन्निविष्ट किया गया।

२ वित्त विभाग की अधिसूचना संख्या एफ १ (६२) एफ डी (ई आर)/६५ दिनांक २८ १० ६५ द्वारा सन्निविष्ट किया गया।

३ सा प्र वि के आदेश संख्या एफ ४ (२२) जी ए/ए/५७ दिनांक २४ ७ ५९ द्वारा सन्निविष्ट।

(स) २४९ रु मासिक तथा इससे कम परन्तु ९९ रु मासिक से अधिक वेतन प्राप्त करने वाले अराजपत्रित अधिकारी — निम्नतम श्रेणी के किराये के वार्ड

## टिप्पणी

१ सम्बद्ध सरकारी कमचारी के स्तर के अनुकूल रहने का स्थान उपलब्ध न होने की स्थिति मे उसे उससे उच्च श्रेणी का स्थान भी दिया जा सकता है बशर्ते कि चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक द्वारा यह प्रमाणित किया जा सके कि —

(i) रोगी के प्रवेश के समय उसकी उचित श्रेणी का स्थान उपलब्ध नही था तथा

(ii) उसके स्वास्थ्य को खतरे के बिना चिकित्सालय मे रोगी का प्रवेश तब तक के लिये नही रोका जा सकता था जब तक कि उसे उचित श्रेणी का स्थान उपलब्ध न हो जाय।

[1]२ सरकारी कमचारियो को चिकित्सालय इत्यादि म रहने का सरकारी स्थान (वाडस) नियमानुसार नि शुल्क देने के प्रयोजनाथ "महगाई-वेतन" को वेतन का ही अश समझा जाना चाहिये।

## [2]स्पष्टीकरण

एक प्रश्न उठाया गया कि— सरकार द्वारा दि० १-१२-१९६८ या इसके बाद मे महगाई भत्ते के कुछ भाग को महगाई वेतन के रूप मे मानने के कई आदेश जारी हुये हैं उसे उपरोक्त प्रयोजन [Note 2 below Rule 2 (h) (v)] हेतु 'वेतन' माना जावेगा या नही ?

अत यह स्पष्ट किया जाता है कि—वित्तविभाग के आदेश स० एफ १ (७) वि० वि० (नियम) ६९ दि० ७-४-१९६९ के अर्थ में महगाई भत्त का जो भाग महगाई-वेतन माना गया है उसे उपरोक्त पैरा (१) के प्रयोजनाथ "वेतन माना जावेगा।

## स्पष्टीकरण

[3]१ एक प्रश्न यह उठाया गया है कि निलम्बन अवधि के दौरान सरकारी कमचारी को निशुल्क रहने का स्थान देने के लिये वेतन की किस राशि की गणना की जानी चाहिये। मामले की जाच की गई है तथा यह स्पष्ट किया जाता है कि नियम २ (ज) (v) के अधीन जिस श्रेणी के रहने के स्थान का सरकारी कमचारी अधीकारी है उसके निश्चय करने के लिये उस कमचारी को निलम्बन से तुरत पूव दिया गया वेतन इसके लिये गणना मे शुमार किया जाना चाहिये।

[4]२ सरकारी चिकित्सालया मे किराये के स्थानों म निशुल्क प्रवेश की सुविधा के प्रयोजन हेतु सरकारी कमचारी के परिवार के सदस्यों मे वह कमचारी, उसकी पत्नी (महिला सरकारी

१ सा प्र वि के आदेश सख्या ४ (२२) जी ए/ए/२७ दिनाक ५ ५-६१ द्वारा सन्निविष्ट।
२ वित्त विभाग के मीमो स० एफ १ (७) (नियम) ६९ दि० १७-५ ६९ द्वारा सन्निविष्ट।
३ निदेशक चि० एव स्वा० विभाग के नापन सख्या एफ १ (३०) (३) एम-पी एच /५९/ए डी एच दिनाक १२/१७ १ ५९ द्वारा सन्निविष्ट।
४ सा प्र वि के आदेश सख्या एफ ४ (२२) जी ए/ए/५७ दिनाक १० ९ १९६० द्वारा सन्निविष्ट एव दिनाक १०-९ १९६० से प्रभावशील।

कर्मचारी के मामले में उसका पति), पुत्र, माता पिता, अवयस्क भाई अविवाहित पुत्रियां या बहिन अथवा विधवा बहिन या पुत्रवधुएँ सम्मिलित हैं किन्तु शर्त यह है कि वे सब सरकारी कर्मचारी पर ही पूर्णत आश्रित हों। इसके अलावा निम्न सुविधायें भी प्राप्त हो सकती हैं —

(ii) साधारण नर्सिंग सुविधायें जैसी की किसी सरकारी चिकित्सालय में उपलब्ध होती है।

(iii) उस सरकारी कर्मचारी के मामले में खुराक जिसका कि वेतन १५० रु० मासिक से अधिक नहीं है बशर्ते कि चिकित्सालय में रोगियों की भोजन व्यवस्था हो।

### [1]टिप्पणी

महिला सरकारी कर्मचारी के मामले में इलाज में प्रसव भी सम्मिलित है जैसा कि सरकारी कर्मचारी के परिवार के सदस्यों के मामले में होता है।

३ (क) इन नियमों में परिभाषित स्वास्थ्य उपचार और इलाज के लिये सरकारी कर्मचारी नि शुल्क हकदार होगा।

[2]बशर्ते कि प्राधिकृत चिकित्सक की निर्धारित की हुई ऐसी औषधियां जो कि भोज्य प्रसाधन टॉनिक अधिक खाद्य सारता रखनेवाली नि सक्रामक तथा इसी प्रकार की अन्य सामग्री जैसी समझी जाय उनके लिये सरकार द्वारा कोई प्रति पूर्ति नहीं की जायेगी।

### टिप्पणी

[3]इन नियमों के अधीन प्राप्य सुविधायें सरकारी कर्मचारियों को निलम्बन के दौरान भी स्वीकार्य होंगी।

[4]**सरकारी अनुदेश** —यह देखा गया है कि प्राय सरकारी कर्मचारी अपने उपचार व्यय की प्रतिपूर्ति के दावे इलाज पूरे होने के बाद काफी बिलम्ब से, साथ ही साथ अंशों में प्रस्तुत करते हैं। इस प्रश्न की जाच की गई है और यह निश्चय किया गया है कि सरकारी कर्मचारियों को अपने उपचार व्यय की प्रतिपूर्ति के दावे इलाज पूरा होने की तारीख से (एक वर्ष) के अन्दर ही करना है। एक बार में प्रस्तुत कर देने चाहिये किन्तु अंशों में नहीं। किन्तु एक बार के १५० रु० या अधिक राशी के बिल चिकित्सा पूर्ण होने से पहले भी प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

### स्पष्टीकरण

१ एक प्रश्न यह उठाया गया है कि क्या राजस्थान सेवा (स्वास्थ्य-उपचार) नियम १९५८ सेवानिवृत्ति के पश्चात् पुन सरकारी सेवा में नियोजित व्यक्तियों पर भी लागू होंगे क्या कि राजस्थान सेवा (स्वास्थ्य उपचार) नियम १९५८ इस सम्बन्ध में मौन हैं। इस मामले की जाच की गई है और यह स्पष्ट किया जाता है कि राजस्थान सेवा (स्वास्थ्य उपचार) नियम १९५८ स्थायी

---

१ सा प्र वि के आदेश संख्या दिनांक १८-१० ६५ द्वारा सन्निविष्ट।

२ सा प्र वि के आदेश संख्या एफ ८ (२२) जी ए/ए/६७ दिनांक २३ ७ ५९ से शामिल।

३ सा प्र वि० के आदेश संख्या एफ ४ (२२) जी ए/ए/५७ दिनांक २४ १० ५९ द्वारा सन्निविष्ट

४ सा प्र वि के आदेश संख्या एफ ४ (२२)/जी ए/ए१७ दिनांक २३ ७-१९५९ द्वारा सन्निविष्ट।

या अस्थायी सभी सरकारी कर्मचारियों पर लागू होते है। पुन नियोजित व्यक्ति चूकि अस्थायी सरकारी कर्मचारी होते हैं अत ये नियम उन पर भी लागू होते है।

सरकार द्वारा यह स्पष्ट किया गया है असाधारण अवकाश प्राप्त करने वाले अस्थायी सरकारी कर्मचारी भी इन स्वास्थ्य उपचार नियमो से ही नियन्त्रित होते हैं। आगे यह भी स्पष्ट किया गया है कि जो सरकारी कर्मचारी असाधारण अवकाश पर हो और इस अवकाश मे उसे सरकार द्वारा किसी अन्य सरकार या अन्य नियोजक के अधीन सेवा स्वीकार करने की अनुमति ददी जाय तो ऐसा कर्मचारी चाहे स्थायी हो या अस्थायी उसे स्वास्थ्य-उपचार प्राप्त नही हो सकेगा।

(ख) नियम ३ (क) के अधीन जहा किसी सरकारी कर्मचारी को स्वस्थ्य उपचार और इलाज नि शुल्क प्राप्त करने का हक है वहा उसके द्वारा स्वास्थ्य उपचार और और इलाज पर खर्च की गई किसी भी राशि की सरकारी कर्मचारी का लिखित मे प्राधिकृत चिकित्सक का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर सरकार द्वारा प्रतिपूर्ति की जा सकेगी। यह प्रमाण-पत्र निम्नलिखित प्रपत्र पर होना चाहिये —

### [1]परमावश्यक प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी " पुत्र/पत्नी/पुत्री श्री जो विभाग मे नियुक्त है चिकित्सालय/इन्डोर आउटडोर मे मेरे परामर्श कक्ष मे मेरे उपचार मे रहे हैं/रही हैं। इस सम्बन्ध मे मेरे द्वारा निर्धारित निम्नलिखित औषधियो रोगी की दशा में हो रही गम्भीर गिरावट को रोकने/रोगी के पुन स्वस्थ्य होने के लिये परमावश्यक हैं/थी। ये औषधियाँ बाहर के रोगियो को देने के लिये मे सग्रहीत नही की जाती और इनमे ऐसी प्रोप्राइटरी औषधियाँ प्रिप्रेशनम् सम्मिलित नही है जिनके लिये समान गुण वाले थेराप्यूटिक मूल्य के सस्ते पदार्थ प्राप्य हैं अथवा जो मूलत भोज्य प्रसाधन या नि सक्रामक श्रेणी मे आते हैं।

| बीजक सख्या व तारीख | औषधियो का नाम | मूल्य | |
|---|---|---|---|
| | | रुपये | पैसे |

योग
रुपये

चिकित्सालय मे रोगी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के हस्ताक्षर

प्राधिकृत चिकित्सक के हस्ताक्षर एव पद

२ प्रमाणित किया जाता है कि रोगी से पीडित है/था और तारीख से तक मेरे उपचार मे है/था। यह भी

[1] वित्त विभाग के आदेश सख्या एफ १ (४६) एफ डो (व्यय नियम)/६६ दिनाक १८ ८ ६६ द्वारा सन्निविष्ट।

प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त रोग, रतिरोग, वनेरियल, सन्निपात, डिलीरियम उपचार प्रसव पूव/ज मोत्तर सम्ब धी बीमारियो मे नही आता।

३ रोगी के चिकित्शालय मे रहने की आवश्यकता थी/नही थी/यह मामला निश्चित रूप से लम्बे उपचार का है/नही है/था/नही था।

४ प्रमाणीत किया जाता है कि उपचार कार्य पूरा हो चुका है।

चिकित्सालय मे रोगी के प्रभारी चिकित्सा-अधिकारी के हस्ताक्षर — प्राधिकृत चिकित्सक के हस्ताक्षर

## परिशिष्ठ 'क'

### सरकारी कमचारी और उसके परिवार के उपचार तथा/अथवा चिकित्सक (मेडीकल-अटन्डेन्ट) के सम्बन्ध मे किये गये चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिये प्रार्थना पत्र

सूचना —प्रत्येक रोगी के लिये अलग प्रपत्र का प्रयोग किया जाना चाहिय।

१ राज्य कमचारी का नाम व पद (बडे अक्षरो में)

२ कार्यालय जिसमे नियुक्त हैं—

३ राज्य कमचारी का राजस्थान सेवा नियमो में परिभाषित वेतन तथा अ य उपलब्धिया (ऐमोल्यूमे टस्) (इ हे अलग से दिखाया जाना चाहिये)

४ काय स्थान

५ वास्तविक निवास स्थान का पता —

६ रोगी का नाम तथा उसका राज्य कमचारी से सम्ब ध —

सूचना —रोगी यदि बालक हो तो उसकी आयु भी लिखनी चाहिये।

७ रोगी के रोग ग्रस्त होने का स्थान —

८ मागी गई राशि का विवरण —

(1) चिकित्सा परिचर्या

(11) परामश शुल्क —नीचे लिखा विवरण भो दीजीये —

(क) जिस चिकित्सा अधिकारी से परामश किया गया है उसका नाम अस्पताल व डिस्पे सरी का नाम जिससे वह सबंध है।

(ख) परामश की सख्या व तारीखें तथा प्रत्येक इ जेक्शन के लिये दिया गया शुल्क।

(ग) इ जेक्शन की सख्या तारीखें तथा प्रत्येक इ जेक्शन के लिये दिया गया शुल्क।

(घ) परामश और/या इन्जेक्शन किस स्थान पर दिये गये—अस्पताल में, चिकित्सा अधिकारी के परामश कक्ष में या रोगी के निवास स्थान पर—

(iii) पथोलोजिकल, बक्टेरियोलोजीकल, रेडियोलोजीकल या अन्य प्रकार के परीक्षण/जो निदान के लिये किय गये/पर किया गया व्यय—

(क) अस्पताल या प्रयोगशाला का नाम जहा परीक्षण किये गये थे।

(ख) क्या परीक्षण प्राधिकृत-चिकित्सक के परामश से कराये गये थे। यदि हाँ तो इस विषय मे एक प्रमाण पत्र सलग्न किया जाना चाहिय।

४ बाजार से खरीदी गई औषधियो का मूल्य, औषधियो की सूची। कश मोमो और परमावश्यकता प्रमाण पत्र सलग्न किये जाने चाहिये।

अस्पताल का उपचार।

अस्पताल का नाम।

अस्पताल मे उपचार का व्यय। निम्नलिखित के लिये किये गये व्यय का अलग अलग विवरण दीजिये।

(i) रहने का स्थान।

क्या रहने का स्थान राज्य कर्मचारी के स्तर या वेतन के अनुसार था और यदि स्थान राज्य कर्मचारी के स्तर से ऊचा था तो एक प्रमाण-पत्र इस विषय का सलग्न किया जाय कि राज्य कमचारी के स्तर का स्थान उपलब्ध नही था।

(ii) भोजन।

(iii) शल्य चिकित्सा (सर्जीकल आपरेशन) या चिकित्सा उपचार या प्रसूति (कनफाइनमेन्ट)

(iv) पैथोलोजीकल बैक्टोरियो लोजीकल रेडियो लोजीकल या अन्य इसी प्रकार क परीक्षण का विवरण।

(क) अस्पताल या प्रयोग शाला का नाम जहाँ परीक्षण किया गया/किये गये।

(ख) क्या परीक्षण अस्पताल में रोग के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के परामन से कराये गये थे। यदि हा तो इस विषय का एक प्रमाण पत्र सलग्न किया जाना चाहिये।

५ औषधियाँ—

६ विशष औषधियाँ।

(औषधियो की सूची, कैशमीमो और परमावश्यकता प्रमाण-पत्र सलग्न किये जाने चाहिये)

७ सामान्य परिचर्या—

८ मिटाया गया—

९ रोगी वाहन (एम्बूलें स का व्यय)

'कहाँ से कहाँ यात्रा की' इसका विवरण दीजिये।

१० कोई अन्य व्यय जैसे बिजली का प्रकाश, पखा हीटर वातानुकूलित सुविधायें आदि। यह उल्लेख किया जाय कि क्या सामान्यतया ये सुविधायें सभी रोगियो को दी जाती हैं और रोगी के लिये उसकी इच्छा से कोई विशेष व्यवस्था नही की गई थी।

नोट—१ यदि उपचार नियम ३ (घ) के अधीन राज्य कर्मचारी के निवास स्थान पर किया गया हो तो ऐसे उपचार का विवरण दीजिये और नियमानुसार प्राधिकृत चिकित्सा परिचारक का प्रमाण पत्र सलग्न कीजिये।

२ यदि उपचार राजकीय अस्पताल के अतिरिक्त अन्य अस्पताल मे किया गया हो तो प्राधिकृत चिकित्सा परिचारक का इस विषय का प्रमाण पत्र कि आवश्यक उपचार पास के किसी राजकीय अस्पताल मे उपलब्ध नही था। सलग्न किया जाना चाहिये।

३ विशेषज्ञपरामर्श—प्राधिकृत चिकित्सा परिचारक के अतिरिक्त अन्य विशेषज्ञ या चिकित्सा अधिकारी को दिये गये शुल्क का विवरण

(क) जिस विशेषज्ञ/चिकित्सा अधिकारी से परामर्श किया गया उसका नाम पद अस्पताल का नाम जिससे वह सम्बद्ध है।

(ख) परामर्श की सख्या व तारीखें तथा प्रत्येक परामर्श का शुल्क।

(ग) क्या परामर्श अस्पताल विशेषज्ञ या चिकित्सा अधिकारी के परामर्श कक्ष या रोगी के निवास-स्थान पर हुआ था।

(घ) क्या विशेषज्ञ या चिकित्सा अधिकारी से परामर्श प्राधिकृत चिकित्सा परिचारक की सलाह से हुआ था और क्या जिला चिकित्सा अधिकारी की पूर्व अनुमति प्राप्त कर ली गई थी, यदि हाँ तो इस विषय का एक प्रमाण पत्र सलग्न किया जाना चाहिये।

९ मागी गई राशि का योग

१० सलग्न पत्रो की सुची

*घोषणा जिस पर राज्य कर्मचारी द्वारा हस्ताक्षर किये जायेंगे*—मैं घोषित करता हूँ कि कि इस प्रार्थना पत्र के विवरण जहाँ तक मेरी जानकारी व विश्वास है, सही हैं और रोगी जिस पर चिकित्सा व्यय किया गया है पूर्णतया मुझ पर ही आश्रित है।

राज्य कर्मचारी के हस्ताक्षर, पद
दिनाक　　　　　　१९६　　　　　　एव कार्यालय जिससे सम्बद्ध है

[१]१ आयुर्वेदिक तथा यूनानी औषधियों, जो वैद्य/हकीम द्वारा निर्धारित की जायें, कि प्रतिपूर्ति केवल अनुमोदित औषधियों के लिये ही की जायेगी। राज्य सरकार ने अनुमोदन से निदेशक आयुर्वेदिक विभाग राजस्थान द्वारा ऐसी औषधियों की एक अधिसूचित सूची अनुबन्ध 'क' पर दी गई है।

[२]परिपत्र

एक मत है यह व्यक्त किया गया है कि क्या वैद्य द्वारा यूनानी औषधियाँ और हकीम द्वारा आयुर्वेदिक औषधियाँ निर्धारित की जा सकती हैं अथवा नहीं। इस विषय म सरकार की जानकारी

१　सा प्र वि के आदेश सख्या ४ (२२ जी ए/ए/जी आर/II/२७ दिनाक २४ १-६२ द्वारा प्रतिस्थापित।

२　वित्त विभाग के सख्या एफ १ (१८) एफ ए/व्यय नियम/६५ दिनाक १५ ४-६५ द्वारा

म लाया गया है कि विभिन्न स्थानों पर सुविधा के कारण रोगी दोनों ही प्रकार की दवाइयां एमी सप्रहीत और योग्यता प्राप्त एवं अनुभवी वैद्यों व हकीमों द्वारा निर्धारित औषधियाँ ले लेते हैं और जिन वैद्यो या हकीमो को इस प्रकार की दोनों ही औषधियों का ज्ञान है व यह निर्धारित कर देते हैं। तथापि, आयुर्वेदिक और यूनानी पद्धति की औषधियों में कोई भारी अन्तर भी नहीं है। अत इस मामले पर विचार किया गया है और यह स्पष्ट किया जाता है कि आयुर्वेदिक विभाग के निदेशक द्वारा प्राधिकृत ऐसे वैद्य जिन्हें यूनानी दवाओं की जानकारी हो और ऐसे हकीम जिन्हें आयुर्वेदिक औषधियों की जानकारी हो वे सब ऐसी दोनों ही प्रकार की औषधियाँ निर्धारित कर सकते हैं।

[1] जिन ऐलोपैथिक दवाईयों और औषधियों की प्रतिपूर्ति नियम ३ के उपनियम (क) के परन्तुक के अधीन नहीं हो सकती उनकी सूची निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें राजस्थान द्वारा सरकार के अनुमोदन से अधिसूचित की जायेगी और वह इसमें अनुलग्नक "ख" के रूप में सलग्न हैं।

## परिपत्र

[2](ग) परिशिष्ट ख मे उल्लिखित इस प्रयोजन हेतु निर्धारित प्रपत्र पर ही दावा की वापिसी के लिये प्रार्थना पत्र दिया जायेगा।

## टिप्पणी

[3](१) चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिये बिल के साथ हमेशा निर्धारित प्रार्थना पत्र सलग्न किया जाना चाहिये।

२ चिकित्सा बिलो के साथ सलग्न किये हुए दवाईयों के खरीदने के कैशमीमोज पर हमेशा दवाईयाँ निर्धारित करने वाले चिकित्सक के प्रतिहस्ताक्षर किये जाने चाहिये तथा परमावश्यकता प्रमाण पत्रो में सभी निर्धारित औषधियों के नाम मोटे अक्षरो में लिखे जाने चाहिये एवं उनमे औषधियों की खरीद में किया हुआ व्यय भी अलग से अंकित किया जाना चाहिये।

### [4]राजस्थान सरकार का निर्णय

१ यह देखा गया है कि कभी कभी सरकारी कर्मचारी अपने चिकित्सा-व्यय की प्रतिपूर्ति के दावों को काफी विलम्ब से प्रस्तुत करते हैं तथा साथ उन्हें चिकित्सा पूरी होने के बाद कई किश्तों में प्रस्तुत करते हैं। इस प्रश्न की जाँच की गई है और यह निर्णय किया गया है कि सरकारी

---

१ परिपत्र संख्या एफ २ (४६) जी ए/ए ६३/जी आर/II दिनांक ३०-४ ६४ द्वारा समिविष्ट।

२ सा प्र वि के आदेश संख्या एफ ४ (२२) जी ए/ए/५७ दिनांक २५-७-१९५९ द्वारा सन्निविष्ट।

३ सा प्र वि के आदेश संख्या एफ ४ (२२) जी ए/जी आर/II/५७ दिनांक २७ १० ६१ द्वारा शामिल।

४ सा प्र वि के आदेश संख्या एफ ४ (२२) जी ए/ए/५७ दिनांक २३ ७-५९ द्वारा समिविष्ट।

४ (१) जिस स्थान पर कोई रोगी बीमार पडता हो और वह स्थान प्राधिकृत-चिकित्सक का मुख्यालय न हो तो—

(अ) मुख्यालय तक पहुँचने और वहाँ से वापिस आने तक की यात्राओं के लिये रोगी यात्रा-भत्ते का हकदार होगा, या

(ब) यदि रोगी इतना बीमार है कि वह यात्रा नही कर सकता तो जहाँ पर रोगी बीमार है वहाँ पर जाने और वहाँ से वापिस लौटने की यात्राओ के लिये प्राधिकृत चिकित्सक यात्रा-भत्ते का हकदार होगा ।

बशर्ते कि दन्त चिकित्सक या नेत्र रोग विशेषज्ञ से उपचार कराने हेतु की गई यात्राओं के लिये रोगी यात्रा भत्ता पाने का हकदार नही होगा ।

(२) उप नियम (१) के अधीन यात्रा भत्ते के लिये आवेदन-पत्र प्राधिकृत चिकित्सक द्वारा लिखित मे यह व्यक्त करते हुए कि स्वास्थ्य उपचार आवश्यक था तथा यदि आवेदन पत्र उप नियम के खण्ड (ख) के अधीन है, तो यह व्यक्त करते हुए कि रोगी इतना अधिक बीमार था कि यात्रा नही कर सकता था, प्रमाणपत्र सहित भेजा जायेगा ।

५ यदि प्राधिकृत चिकित्सक की राय मे रोगी की हालत ऐसी गभीर हो या ऐसी विशेष किस्म की हो कि उसके स्वय के अतिरिक्त किसी अन्य सरकारी अधिकारी द्वारा चिकित्सा परिचर्या की अपेक्षा हो तो वह रोगी को समीपस्थ विशेषज्ञ अथवा अन्य सम्बद्ध चिकित्सक के पास भेज सकता है । इन नियमो के अधीन किसी दूससरे स्थान पर भेजा गया रोगी प्राधिकृत चिकित्सक के लिखित प्रमाण पत्र देने पर दूसरे चिकित्सा अधिकारी या विशेषज्ञ के स्थान तक जाने और वापिस लौटने की यात्राओं के लिये दौरे पर की गई यात्राओ की भाति बिना विश्राम भत्ता पाये यात्रा भत्ता पाने का हकदार होगा ।

[1] चिकित्सा उपचार प्राप्त करने के प्रयोजनार्थ वायुयान द्वारा अथवा वातानुकूलित श्रेणी मे की गई यात्रायें, बिना इस बात का विचार किये हुए कि सम्बद्ध अधिकारी सरकारी ड्यूटी पालन करने के लिय अपने स्वविवेक से वायुयान द्वारा अथवा वातानुकूलित श्रेणी मे यात्रा करने का अन्य प्रकार से हकदार है अथवा नही स्वीकार्य नहीं होगी ।"

## टिप्पणी

जिला चिकित्सा अधिकारी से नीचा श्रेणी के चिकित्सा अधिकारी को जहाँ रोगी की अवस्था ऐसी जान पडे वहाँ उस अन्य चिकित्सालय या चिकित्सक के पास भेजने से पूर्व अपने से वरिष्ठ श्रेणी के चिकित्सा अधिकारी (जो जिला चिकित्सा अधिकारी या इससे उच्च श्रेणी का हो) की अनुमति प्राप्त कर लेनी चाहिये ।

---

१ सा प्र वि (ए) के आदेश सख्या एफ ४ (२२) जी ए/ए/५७ दिनांक २५-५ ६६ द्वारा सन्निविष्ट ।

६ (अ) स्वास्थ्य-उपचार अथवा चिकित्सा सुविधायें नि शुल्क पाने के हकदार रोगियो को इन नियमो के अधीन प्राप्त होने वाली सेवाओ मे सम्बंधित अन्य खर्चे जो 'स्वास्थ्य-उपचार' अथवा इलाज' मे सम्मिलित न हो, वे सब प्राधिकृत-चिकित्सक द्वारा निर्धारित किये जायेंगे और उनका भुगतान रोगी द्वारा ही किया जायेगा।

(ब) व्याख्या —कोई सेवा चिकित्सा सुविधा अथवा स्वास्थ्य–उपचार मे सम्मिलित है या नही यदि ऐसा कोई प्रश्न उठे तो उसे वित्त-विभाग में सरकार के यहा भेजा जाना चाहिये और उस पर वहा किया गया निर्णय ही अन्तिम माना जायेगा।

७ सरकारी कर्मचारियों के परिवार के लिये स्वास्थ्य उपचार और इलाज —
१ (अ) चूकि सरकारी कर्मचारी के परिवार के सदस्य सरकारी खर्च पर सरकारी चिकित्सालय मे कर्मचारी का नियमो के अधीन स्वीकार्य दरो और शर्तों पर स्वास्थ्य-उपचार और इलाज पाने के अधिकारी हैं किन्तु इस रियायत मे निम्नलिखित स्थानो के अतिरिक्त अन्य स्थानो पर चिकित्सा एव परिचर्या सम्मिलित नही होगी —

१ किसी सरकारी चिकित्सालय मे अथवा
२ प्राधिकृत चिकित्सक द्वारा अपनी व्यवस्था से चलाये जा रहे परामर्श-कक्ष मे

बशर्ते कि गभीर मामलो मे जहा प्राधिकृत चिकित्सक परिवार के सदस्य को चिकित्सालय मे ले जाना उसके जीवन के लिये खतरनाक अथवा घातक समझे वहाँ रोगी के निवास स्थान पर भी स्वास्थ्य उपचार और इलाज किया जा सकेगा।

## टिप्पणी

इस उप नियम के परन्तुक के प्रयोजनार्थ परिवार शब्द म केवल पत्नी (महिला सरकारी कर्मचारी के मामले म उसका पति) बच्चे साथ रह रहे सौतेले बच्चे जो उसी पर पूर्णतया निर्भर हो सम्मिलित होगे और नियम २ (ड) म परिभाषित परिवार के अन्य सदस्य नही।

[1](ब) सरकारी कर्मचारी के परिवार का सदस्य जब उपनियम १ (अ) के परन्तुक क अधीन अपने निवास स्थान पर स्वास्थ्य उपचार और इलाज प्राप्त कर रहा हो तो सरकारी कर्मचारी उपचार और चिकित्सा पर किये गये खर्चे की उसी प्रतिपूर्ति के लिये ही हकदार होगा जो वह नियमो के अधीन नि शुल्क ही प्राप्त करता किन्तु शर्त यह है कि इसके लिये उसे परिशिष्ट "ग" मे निर्धारित प्रमाण पत्र निम्नांकित मे से किसी प्राधिकृत चिकित्सक द्वारा हस्ताक्षरित तथा निम्नाकित चिकित्सकों के अतिरिक्त मामला मे उनके वरिष्ठ चिकित्सक के द्वारा प्रति हस्ताक्षरित करवा कर सलग्न करना होगा —

(1) मेडीकल—

| | |
|---|---|
| जयपुर जोधपुर उदयपुर अजमेर और बीकानेर आदि नगरो मे | १ प्रधानाचार्य आयुर्विज्ञान महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालयो का नियन्त्रक एव |

---

१ वित्त विभाग के आदेश स० १ (८२) एफ डी (व्यय नियम)/६६ दिनांक २२–११–६६ द्वारा सन्निविष्ट।

| | |
|---|---|
| | उप प्रधानाचार्य और अधीक्षक सवाई-मानसिंह चिकित्सालय । |
| | २ आचार्य, अवर आचार्य और आयुर्विज्ञान महाविद्यालय के रीडर । |
| अन्य स्थानो पर | ३ जिला चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी । प्रधानचिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी, जिला चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी अथवा मुख्य चिकित्सा अधिकारी । |
| (ii) आयुर्वेदिक — | १ आयुर्वेदिक कालेज के प्रधानाचार्य । |
| | २ आयुर्वेदिक विभाग के नोरीक्षक । |

## परिशिष्ट—'ग'

### प्रमाण—पत्र

*प्रमाणित किया जाता है कि श्री* पुत्र/पत्नी/पुत्री/पति श्री/ श्रीमती आयु जो विभाग का/की है बीमारी से दिनाक से पीडित था/थी तथा मेरे उपचार मे था/थी । मैंने उसके घर पर दिनाक ‥ को बजे वीक्षण किया/किये क्योकि उसकी अवस्था गभीर थी तथा उसको चिकित्सालय मे ले जाना उसके जीवन के लिये हानीकारक तथा घातक होता । मैंने अपने वीक्षण के लिये रु० प्राप्त किये ।

| | |
|---|---|
| प्रति हस्ताक्षरित<br>वरिष्ठ चिकित्सा-अधिकारी के<br>हस्ताक्षर और पद | प्राधिकृत चिकित्सक के<br>हस्ताक्षर और पद । |

२ परिवार के सदस्यों का नियम ४ एव ५ मे निर्दिष्ट मामलो मे प्राधिकृत चिकित्सक से परामर्श करने हेतु की गई किसी यात्रा के लिये कोई भी यात्रा भत्ता नही दिया जायेगा ।

[1]अपवाद —यदि प्राधीकृत चिकित्सक की सम्मति से दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे को उपचार के लिये किसी स्थान पर ले जाया जायेगा तो बच्चे के साथ जाने वाले परिचारक या मार्गरक्षक को नियम ५ के नीचे दी हुई टिप्पणी (२) मे निर्धारित दर पर यात्रा भत्ता दिया जा सकेगा ।

३ उप नियम (१) मे सन्दर्भित स्वास्थ्य उपचार एव इलाज के अधीन चिकित्सालय मे सरकारी कर्मचारी की पत्नी का प्रसव, प्रसव पूर्व और जन्मोत्तर उपचार भी सम्मिलित समझा जायेगा ।

---

१ वित्त विभाग के आदेश स० एफ१ (८१) एफ डी (व्यय नियम) ६६ दिनांक २२-११ ६६ द्वारा प्रविष्ठ ।

## राजस्थान सरकार का निर्णय

यह निश्चित किया गया है कि राज्य सरकार के कर्मचारियों को रेलवे मन्त्रालय के कार्यालय ज्ञापन संख्या टी सी II/२१८३/५९ दिनांक ६-११-१९५९ (जो यहां नीचे दिया हुआ है) के द्वारा स्वीकृत रियायतों का लाभ अपनी उपयुक्त श्रेणी की सीटों या उससे नीचे की श्रेणी की सीटों पर यात्रा करके उठाना चाहिये। इन सरकारी कर्मचारियों को यात्रा-भत्ता उपयुक्त आदेश में स्वीकार्य सीमा तक नियम ७ के अधीन स्वीकार्य रियायता के बदले में दिया जाना चाहिये।

रेलवे मन्त्रालय (रेलवे बोर्ड) के कार्यालय ज्ञापन संख्या टी सी II/२१८३/५९ दिनांक ६-११-१९५९ की महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवायें नई दिल्ली को प्रेषित प्रतिलिपि —

विषय टी बी और कैंसर के रोगियों को रेल की रियायतें —

निम्न हस्ताक्षरकर्त्ता को स्वास्थ्य सेवाओं के महा निर्देशालय के पत्र संख्या २-१२-५६ सी एच एम II (IV) दिनांक २७-१०-५६ का उल्लेख करते हुए यह कहने का निर्देश हुआ है कि समस्त टी बी और कैंसर के रोगियों को किसी अस्पताल/सनेटोरियम/संस्थान/क्लिनिक में प्रवेश हेतु जाने, वहां से छुट्टी पाकर वापस अपने निवास तक आने ऐसे अस्पताल/सनेटोरियम/संस्थान/क्लिनिक में पुनःपरीक्षण या सामयिक जांच के लिये जाने और वापस लौटने के लिये निम्नलिखित रियायतें स्वीकार की जाती हैं —

| किनको प्राप्य हैं | रियायतों की किस्म |
| --- | --- |
| (i) किसी परिचारक के साथ यात्रा करने वाला रोगी। | जिस श्रेणी में यात्रा की जा रही हो उसका रोगी के लिये एकल (सिंगल) यात्रा भाड़ा देने पर रोगी और उसके परिचारक की यात्रा के लिये एक संयुक्त सादा कागजी टिकट |
| (ii) अकेले यात्रा करने वाला रोगी | सामान्यतः देय किराये का ¾ किराया देकर एकल (सिंगल) यात्रा टिकट। |

इन रियायतों और इन्हें प्राप्त करने के तरीकों की विस्तृत जानकारी कोचिंग टैरिफ नं० १७, आई आर सी ए के नियम ११८ के अनुलग्नक के क्रमांक १० अ और १० ब पर दी हुई है। इसकी एक प्रति सभी रेलवे स्टेशनों पर सुलभ है एवं महासचिव इण्डियन रेलवे कान्फ्रेंस ऐसोसियेशन चेम्स फोर्ड रोड नई दिल्ली से कीमत देकर भी प्राप्त की जा सकती है।

२ टी बी और कैंसर के पीड़ित सरकारी कर्मचारियों को रेल की रियायतें दिये जाने के लिये कोई विशेष अनुदेश रेलवे मंत्रालय ने जारी नहीं किये हैं। तथापि वे निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन करके उक्त रियायता की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

८ (1) सरकारी सेवा में नियुक्ति हेतु अनुमोदित अभ्यर्थियों को स्वास्थ्य परीक्षा के लिये नियुक्ति कर्त्ता प्राधिकारी द्वारा भेजा जाना चाहिये तथा यह स्वास्थ्य परीक्षा निःशुल्क होगी।

## स्पष्टीकरण

एक प्रश्न यह उठाया गया है कि राज्य से बाहर स्थित किसी सरकारी पद पर नियुक्ति हेतु भर्ती किये गये अभ्यार्थी को किसी ऐसे चिकित्सा प्राधिकारी के पास स्वास्थ्य परीक्षा के लिये भेजा जाये जो कि राज्य सरकार की सेवा मे न हो तो ऐसी परीक्षा का शुल्क किसी सीमा तक प्रतिपूर्त किया जाना चाहिये। चूंकि ऐसे अभ्यार्थी की स्वास्थ्य परीक्षा नि शुल्क ही की जानी अपेक्षित है अत यह स्पष्ट किया जाता है यदि बाद में अभ्यार्थी को सेवा मे नियुक्त कर दिया जाय तो चिकित्सा अधिकारी। बोर्ड द्वारा लिया गया शुल्क प्रतिपूत किया जा सकता है। प्रतिपूत की जाने वाली फीस की प्रतिपूर्ति निम्न प्रकार (अथवा वस्तुत दी हुई फीस की दर पर, जो भी कम हो) की जावेगी —

ऐसे चिकित्सा अधिकारी द्वारा निम्नांकित सरकारी कर्मचारियो की स्वास्थ्य परीक्षा के लिये जो प्रधानचिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी जिला चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी,या मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद से नीचे का न हो —

| | | |
|---|---|---|
| १ | अखिल भारतीय सेवा अधिकारियो के अतिरिक्त अन्य राज पत्रित अधिकारी | १० रु० |
| २ | अधीनस्थ अराजपत्रित अधिकारी | ५ रु० |
| ३ | सिविल असिस्टेण्ट सर्जन प्रथम श्रेणी द्वारा उपर्युक्त श्रेणियो के अधिकारियो की स्वास्थ्य परीक्षा के लिये | ४ रु० |
| ४ | सिविल असिस्टेण्ट सर्जन द्वितीय श्रेणी द्वारा उक्त श्रेणियों के अधिकारियों की स्वास्थ्य परीक्षा हेतु | २ रु० |
| ५ | चिकित्सा मडल द्वारा समस्त श्रेणी के अधिकारियो या कर्मचारियों की स्वास्थ्य परीक्षा के लिये | १६ रु० |

(२) कार्यालयाध्यक्ष द्वारा चाहे जाने पर अवकाश की पुष्टि के लिये चिकित्सा-प्रमाणपत्र प्राधिकृत चिकित्सक द्वारा नि शुल्क दिया जायेगा। सक्षम-प्राधिकारी द्वारा चाहे जाने पर चिकित्सा मण्डलो द्वारा की गई परीक्षाओ को भी सभी सरकारी कर्मचारियो के लिये नि शुल्क ही किया जा सकेगा।

## [1]आदेश

राज्यपाल सहर्ष आदेश प्रदान करते हैं कि स्वास्थ्य परीक्षा प्रयोगशाला व्यय एक्सरे परीक्षा आदि के लिये सभी सरकारी चिकित्सालयो मे राजस्थान राज्य विद्युत मण्डल के कर्मचारियो सहित उन सरकारी कर्मचारियो से जो इस मण्डल मे प्रति नियुक्ति पर हो शुल्क लिया जाना चाहिये और इसकी उचित रसीद दी जानी चाहिये।

ये कर्मचारी इन रसीदों को प्रस्तुत करके राजस्थान राज्य विद्युत मण्डल से ऐसी परीक्षाओ पर किये गये व्यय की प्रतिपूर्ति करा सकते है।

उपर्युक्त निर्णय पचायत समितियो। जिला परिषदो के कर्मचारियो सहित इन पचायत समितियो। जिला परिषदो में प्रतिनियुक्ति पर लगे हुए कर्मचारियों पर भी लागू होगे।

---

१ सख्या एफ १६ (३) एम पी एच /६०/जी आर I दिनांक २५ १ ६२ द्वारा सन्निविष्ट।

## स्पष्टीकरण

[1]एक प्रश्न यह उठाया गया है कि जसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा चाहे जाने पर चिकित्सा मण्डल द्वारा चिकित्सा परीक्षा के मामलों में होता है, वैसे ही विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष द्वारा कोई भी मांग न करने पर यदि सरकारी कर्मचारी स्वयं मांग करे तो क्या उस सरकारी कर्मचारी से बीमारी (सिकनस) या सेवा योग्यता (फिटनस) के प्रमाण पत्र के लिए शुल्क लिया जाना चाहिये अथवा नहीं।

चूंकि ऐसे अनुदेश हैं कि जब भी एक दिन से अधिक के आकस्मिक अवकाश का प्रार्थना-पत्र दिया जाय एवं यदि अवकाश का निवेदन चिकित्सा कारणों से किया गया हो तो प्रार्थना पत्र चिकित्सा प्रमाण पत्र के साथ भेजा जाना चाहिये। इसी प्रकार रियायती अवकाश के निर्धारित प्रपत्र में इस प्रकार के अवकाश के निवेदन की पुष्टि में चिकित्सा-प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का प्रावधान है। अतः विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष को यह सदैव आवश्यक नहीं है कि वह प्रत्येक मामले में चिकित्सा प्रमाण पत्र की मांग करे तथा इस प्रकार साधारणतया यह माना जा सकता है कि जब कभी कर्मचारी एक प्राधिकृत चिकित्सक से चिकित्सा प्रमाण पत्र चाहता हो तो यह इस प्रकार के प्रार्थना पत्र के समर्थन में चाहा गया है। तदनुसार ऐसे दिये गये चिकित्सा प्रमाण-पत्र के लिये सरकारी कर्मचारी से प्राधिकृत चिकित्सक को कोई शुल्क नहीं लेना चाहिये।

(३) प्रमाण-पत्रों पर प्रतिहस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत चिकित्सा अधिकारी को प्रतिहस्ताक्षर करते समय कोई शुल्क नहीं लेना चाहिये।

[2]८ (अ) तपेदिक (टी बी) और कैंसर से पीड़ित सरकारी कर्मचारियों को इन नियमों के साथ संलग्न 'अनुलग्नक' में दी हुई विशेष सुविधायें स्वीकार्य होंगी।"

### अनुलग्नक

(१) तपेदिक अथवा कैंसर के संदिग्ध पीड़ित सरकारी कर्मचारियों को प्राधिकृत चिकित्सक द्वारा निकटतम सरकारी चिकित्सालय में परीक्षण तथा परामर्श के लिये भेजे जा सकेंगे। चिकित्सालय में परामर्श का कोई भी शुल्क उनसे नहीं लिया जायेगा।

(२) सावधानीपूर्वक परीक्षा के बाद यदि मामला द्रुतगामी एवं सक्रिय पाया जाये तो सरकारी कर्मचारी को सक्षम प्राधिकारी द्वारा नियमानुसार देय एवं स्वीकार्य अवकाश मंजूर किया जा सकेगा।

(३) सरकारी सैनेटोरियम में प्रवेश हेतु सरकारी कर्मचारी को उपयुक्त सुविधायें और युक्ति-युक्त रियायतें दी जा सकेंगी परन्तु शर्त यह होगी कि रोगी सरकारी सैनेटोरियम में सस्थानीय उपचार के योग्य समझा जाय।

---

१ रा प्र वि के आदेश संख्या एफ २ (८) जी ए/ए/औमार/II/६४ दिनांक २१-७ ६४ द्वारा सम्मिविष्ट,

२ रा प्र वि के आदेश संख्या एफ ४(८) जी ए/ए/औमार II/५८ दिनांक २२ ६-६२ द्वारा सम्मिविष्ट

(४) रोगी के सस्थानीय उपचार की अवधि में सरकारी आरोग्यशाला मे सरकारी कमचारी को निम्नाकित सुविधायें भी स्वीकाय होगी —

(क) सरकारी कमचारी को इन नियमो के नियम ३ के अनुसार प्रतिपूर्ति योग्य औषधियों पर व्यय की गई राशि के अतिरिक्त अधिक खाद्य सारता वाली ऐसी औषधियो पर व्यय की गई राशि भी, जिसकी कि प्रति पूर्ति नही हो सकती है, निम्नाकित शर्तों पर प्रतिपूर्ति की जा सकेगी —

(i) औषधिया ऐसी हो जो सरकारी सनेटोरियम के चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्धारित की गई हो।

(ii) इस अनुच्छेद के अन्तगत प्रतिपूर्ति की जाने वाली राशि २५ रु० प्रतिमाह से अधिक नही होगी।

(iii) निम्नलिखित प्रपत्र मे उस चिकित्सा अधिकारी के प्रमाण पत्र सहित जो कि रोगी की परिचर्या कर रहा है औषधियो के समस्त वाउचर उसी चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित करके सलग्न किये जाने पर राशि की प्रतिपूर्ति की जा सकेगी —

## विशेष औषधियो का प्रमाण-पत्र

यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती                जो राजस्थान सरकार के                विभाग मे नियुक्त हैं तथा श्रीमती/श्रीकुमारी                जो श्री/श्रीमती                की/का पत्नी/पति/पुत्र/पुत्री हैं, तपदिक/कैन्सर के लिये चिकित्सालय/सैनेटोरियम/क्लीनिक                मे दिनाक                से दिनाक                तक उपचार मे थी/था तथा उपयु क्त अवधि के दौरान अधिक खाद्य सारता वाली निम्नलिखित औषधिया मेरे द्वारा उसके उपचार के लिये निधारित की गई थी। ये औषधिया रोगिया को देने के लिये चिकित्सालय/सनेटोरियम/क्लीनिक मे सग्रह त नही की जाती हैं —

| वाउचर स ख्या एव तारीख | औषधियो के नाम मोटे अक्षरो मे | राशि |
|---|---|---|

रोगी की परिचर्या करने वाले चिकित्सा
अधिकारी के हस्ताक्षर एव पद

(ख) सैनेटोरियम के चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्धारित विशेष खुराक, यदि कोई हो, के लिये उस सरकारी कमचारी को (जिसका वेतन महगाई भत्ते सहित ३२०) रु० प्रतिमास से अधिक न हो) ३० रु० प्रतिमाह का अधिकतम भत्ता दिया जा सकेगा किन्तु शत यह होगी कि इसके लिये सरकारी कमचारी को स्वय के निम्नलिखित प्रमाण-पत्र को परिचर्या करने वाले चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित करके प्रस्तुत करना पडेगा —

## विशेष खुराक का प्रमाण पत्र

